चैत्र कृष्ण पक्ष पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 30 मार्च 2024
वर्ष -34, अंक -63, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा 16

सलमान के कहने पर साइन की फिल्म न्यूयार्क 15

# मुख्तार की मौत की होगी न्यायिक जांच

## उमर ने लगाया जेल प्रशासन पर हत्या का आरोप, अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को सौंपी जांच, 1 माह में दें रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/बांदा

**अमृत विचारः** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद उसके बेटे उमर द्वारा जेल प्रशासन पर लगाए जा रहे हत्या के आरोप पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक ने न्यायिक व मजिस्ट्रेट जांच के आदेश दिए है। गुरुवार रात मुख्तार का शव लेने रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचे उमर ने पिता की मौत को संदिग्ध करार दिया था। उसने कहा कि पिता ने मौत से कुछ दिन पूर्व ही जेल प्रशासन पर स्लो प्वाइजन देने का आरोप लगाया था। वहीं मुख्तार की मौत के बाद शासन स्तर के अफसर जिले के अधिकारियों से पल-पल की जानकारी लेते रहे।

मुख्तार की मौत पर आरोप-प्रत्यारोप के बाद वरिष्ठ जेल अधीक्षक वीरेज राज शर्मा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट भगवानदास गुप्ता को पत्र लिख जांच की मांग की। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) गरिमा सिंह को जांच सौंपी, एक माह में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। सीजेएम गुप्ता ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक को संबंधित प्रलेख जांच अधिकारी को देने के निर्देश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट दुर्गाशक्ति नागपाल ने वरिष्ठ जेल अधीक्षक के पत्र का हवाला देते हुए मजिस्ट्रेटीरियल जांच के आदेश जारी करते हुए अपर जिला मजिस्ट्रेट (वि/रा) राजेश कुमार से 15 दिन में जांच कर आख्या देने के निर्देश दिए।

गुरुवार देर शाम मुख्तार की जेल बैरक में हालत बिगड़ गई थी। उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। रात दो बजे मुख्तार का छोटा बेटा उमर मेडिकल कॉलेज पहुंचा। पिता की मौत पर उमर ने सवाल उठाते हुए कहा कि पिता ने पहले ही जेल प्रशासन और प्रदेश सरकार पर अपनी हत्या का अंदेशा जताया था, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। वहीं गुरुवार रात मुख्तार की मौत के बाद अगले दिन जुमे की नमाज के मद्देनजर प्रदेशभर की मस्जिदों में अतिरिक्त पुलिस तैनात रही और नमाज शांतिपूर्वक संपन्न हुई। शहर के प्रमुख चौराहों पर भी पुलिस रही।

पोस्टमार्टम के बाद मुख्तार के शव को लेकर बांदा के अस्पताल से गाजीपुर रवाना हुई एम्बुलेंस। ● एजेंसी

### मुख्यमंत्री के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी ने गुरुवार देर रात आवास पर उच्चस्तरीय बैठक बुलाई। इसमें डीजीपी प्रशांत कुमार और वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। यहां हालात की ब्रीफिंग के साथ मुख्तार की मौत के बाद सुरक्षा पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य के सभी जिलों के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए।

### उमर और मुख्तार में हुई अंतिम बात

जेल में मुख्तार के हालात कितने खराब थे इसका पता तब चला जब मुख्तार और उमर में हुई बातचीत का आडियो वायरल हुआ। बेटे से फोन पर उसने कहा कि बेटा, रूह यहीं रह जाती है। आडियो 28 मार्च का बताया जा रहा है। इसकी पुष्टि 'अमृत विचार' नहीं करता। मौत से साढ़े पांच घंटे पहले हुई बातचीत में मुख्तार ने उमर को जेल में मिलने से मना किया था। मुख्तार ने कहा था कि अब शरीर जवाब दे चुका है। उठना-बैठना मुश्किल है। 10 दिनों से वाशरूम नहीं गया। उमर अब मैं बचूंगा नहीं। उमर ने कहा कि पापा ये जहर का असर दिख रहा है। पापा आपकी आवाज सुनकर अच्छा लगता है। पापा आप जल्दी सेहतमंद होंगे। आप परेशान न हों।

### पांच डॉक्टरों के पैनल ने किया पोस्टमार्टम, गाजीपुर पहुंचा शव

**बांदा।** प्रशासन ने शुक्रवार को पोस्टमार्टम कराकर सुरक्षा के बीच मुख्तार के शव को उनके पैतृक गांव गाजीपुर के युसुफपुर पहुंच गया। शव के साथ प्रशासन का काफिला रहा। सूत्रों की मानें तो मुख्तार का शव देर रात गाजीपुर पहुंचेगा, जहां शनिवार सुबह अंतिम संस्कार किया जाएगा। इससे पूर्व लगभग छह घंटे तक चले पोस्टमार्टम के बाद जब अंसारी के बेटे को रिपोर्ट सौंपी गई तो उसने रिपोर्ट पर सवाल उठाने शुरू कर दिए। कहा कि उसे स्थानीय और जेल प्रशासन पर भरोसा नहीं है। ऐसे में पोस्टमार्टम एम्स में कराया जाना चाहिए। बाद में प्रशासन ने शव को रवाना कर दिया। साथ में मुख्तार का बेटा उमर और उनकी पत्नी सहित कुछ अन्य परिजन शामिल रहे।

### अब्बास को राहत नहीं, पत्नी भी फरार

मुख्तार के जनाजे में शामिल होने के लिए अंसारी परिवार ने कासगंज जेल में बंद विधायक के बेटे अब्बास अंसारी की जमानत के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की पीठ के समक्ष होनी थी, लेकिन उक्त न्यायमूर्ति की कोर्ट न बैठने से न्यायमूर्ति समित गोपाल की पीठ को ट्रांसफर हुआ, लेकिन अपरिहार्य कारणों से सुनवाई नहीं हो सकी। फिलहाल उनके तरफ से सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाने की बात आ रही है। मुख्तार को सुपुर्द खाक किए जाने के समय उनकी पत्नी अफसा बेगम आएगी या नहीं इस पर संशय है। मुख्तार की पत्नी लंबे अरसे से फरार है। उन पर 50 हजार का इनाम है। मुख्तार के शव को उनके पिता सुभानुल्लाह अंसारी के कब्र के पीछे दफनाया जायेगा। उनके आवास और कब्रिस्तान में पुलिस तैनात है।

# राजूपाल हत्याकांड में 7 को आजीवन कारावास

लखनऊ, विधि संवाददाता

- आरोपियों में अतीक अहमद व अशरफ भी थे शामिल

**अमृत विचारः** प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के बसपा विधायक राजू पाल हत्याकांड में सीबीआई की विशेष अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया है। विशेष जज कविता मिश्रा ने आरोपी आबिद, जावेद, रंजीत पाल, अब्दुल कवि, गुलहसन व फरहान को उम्र कैद की सजा सुनाई है।

कोर्ट ने फरहान पर 2.15 लाख जबकि अन्य पर अलग-अलग 1.90 लाख का जुर्माना लगाया है। एक आरोपी इसरार अहमद फरार है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी है जबकि दो आरोपी अतीक अहमद व अशरफ की पुलिस हिरासत में हत्या हो चुकी है। 25 जनवरी, 2005 को इलाहाबाद पश्चिमी से बसपा विधायक राजू पाल की हत्या कर दी गई थी। इस गोलीबारी में देवी पाल व संदीप यादव की भी मौत हुई थी जबकि दो घायल हुए थे। इस कांड से ठीक 16 दिन पहले विधायक राजू पाल की पूजा पाल से शादी हुई थी। पूजा ने अतीक व अशरफ तथा अन्य को नामजद करते हुए थाना धुमनगंज में एफआईआर दर्ज कराई थी।

पूजा के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि 22 जनवरी, 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को सौंपी थी जबकि पहले इस विवेचना पुलिस व बाद में सीबीसीआईडी कर रही थी। सीबीआई ने अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, हत्या का प्रयास, हत्या की साजिश तथा आर्म्स एक्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था।

### चुनावी रंजिश में हत्या

सीबीआई ने अपनी जांच में पाया कि इस हत्याकांड को चुनावी रंजिश में अंजाम दिया गया था। अतीक अहमद इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा से समाजवादी पार्टी का विधायक हुआ करता था। वर्ष 2004 में वह बतौर सपा प्रत्याशी फूलपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद निर्वाचित हो गया। उसके सांसद होने से इलाहाबाद पश्चिमी विधान सभा की सीट रिक्त हो गई। इस विधान सभा की सीट पर हुए उप चुनाव में बसपा से राजू पाल ने अतीक अहमद के भाई अशरफ को हराकर जीत हासिल की। इसी रंजिश में राजू पाल व दो अन्य की भीषण गोलीबारी में हत्या कर दी गई।

## एक नजर

### रामलला के जन्मोत्सव का होगा लाइव प्रसारण

**अयोध्या कार्यालय।** रामनवमी पर रामलला के जन्मोत्सव को घर बैठे भी देख सकते हैं। जन्मोत्सव का सीधा प्रसारण दूरदर्शन पर दिखाया जाएगा। इस तैयारी को लेकर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट मंथन कर रहा है। राम मंदिर के पक्ष में फैसला आने के बाद से राम जन्मभूमि परिसर में मनाए जाने वाला रामनवमी उत्सव का दो वर्षों तक लाइव प्रसारण की व्यवस्था बनाई गई है। इस वर्ष मंदिर में जन्मोत्सव का आयोजन भव्य मंदिर में किया जाएगा।

### आयोग ने एग्जिट पोल दिखाने पर लगाई रोक

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने अधिसूचना जारी कर 19 अप्रैल की सुबह सात बजे से एक जून की शाम साढ़े छह बजे के बीच एग्जिट पोल आयोजित करने, इसके प्रकाशन या प्रचार पर प्रतिबंध लगाया है। इसी अवधि में लोकसभा के अलावा चार राज्यों के विधानसभा चुनाव अलग-अलग चरण में होंगे। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, मतदान के समापन के लिए तय समय के साथ समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में जनमत सर्वेक्षण या किसी अन्य चुनावी सर्वेक्षण के परिणामों सहित ऐसी चुनावी सामग्री को प्रदर्शित करना प्रतिबंधित होगा।

# कोषागार 30 व 31 को खुलेंगे, जमा होंगे बिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अपर मुख्य सचिव वित्त ने जारी किए आदेश

**अमृत विचार :** विभिन्न विभागों द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 के संबन्धित बिल 30 और 31 मार्च को भी ट्रेजरी में जमा हो सकेंगे। इसके लिए 30 मार्च शनिवार को सामान्य दिनों की भांति कार्य होगा, वहीं 31 मार्च रविवार को शाम पांच बजे तक बिल स्वीकार किये जायेंगे। इसके लिए अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने निर्देश जारी किये हैं।

वित्त विभाग के अनुभाग-एक द्वारा जारी निर्देश शासन स्तर पर सभी एसीएस, प्रमुख सचिव, सचिव के साथ ही मंडलायुक्त और जिलाधिकारियों को भेज दिये गये हैं। मालूम हो कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए समस्त विभागों को 25 मार्च तक बिल जमा करने के निर्देश थे, मगर 25 को होली, 26 को कई जिलों में अवकाश की वजह से समय पर बिल नहीं जमा हो सके, इसके बाद 29 मार्च को गुड फ्राइडे के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश होने की वजह से बिल जमा करने की अवधि बढ़ाई गई है, इसके लिए अवकाश के दिनों में कोषागारों को खोलने के निर्देश दिये गये हैं।

## शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल को ईडी का नया समन

**खिचड़ी घोटाला**

**मुंबई।** ईडी ने शुक्रवार को शिवसेना (यूबीटी) नेता अमोल कीर्तिकर को 'खिचड़ी घोटाले' में कथित संलिप्तता की जांच के लिए नया समन जारी किया। कीर्तिकर को मुंबई उत्तर पश्चिम सीट के लिए एसएस (यूबीटी) ने उम्मीदवार बनाया था। ईडी ने खिचड़ी घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता की जांच के लिए आठ अप्रैल को बुलाया है, जिसकी शुरुआत में मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने जांच की थी। कीर्तिकर को ईडी ने जांच के लिए तलब किया था।

# कांग्रेस को 1,823 करोड़ का नया नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

- लोकसभा चुनाव से पहले 'कर आतंकवाद' के जरिए विपक्ष पर किया जा रहा हमला : महासचिव जयराम रमेश

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि लोकसभा चुनाव से ठीक पहले आयकर विभाग ने टैक्स रिटर्न में कथित विसंगतियों के लिए 1823.08 करोड़ रुपये के भुगतान का नया नोटिस जारी किया है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह दावा भी किया कि लोकसभा चुनाव से पहले ''कर आतंकवाद'' (टैक्स टेररिज्म) के जरिये विपक्ष पर हमला किया जा रहा है।

पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने आरोप लगाया जिन मापदंडों के आधार पर कांग्रेस को जुर्माने के नोटिस दिए गए हैं उन्हीं के आधार पर भाजपा से 4600 करोड़ रुपये से आधिक के भुगतान की मांग करनी चाहिए। माकन ने कहा कि कल हमें आयकर विभाग से 1823.08 करोड़ रुपये का भुगतान करने के लिए नया नोटिस मिला। पहले ही आयकर विभाग ने हमारे बैंक खाते से जबरन 135 करोड़ रुपये निकाल लिए हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस को आर्थिक रूप से पंगु किया जा रहा है। माकन ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले समान अवसर की स्थिति को खत्म करने के लिए यह सब किया जा रहा है। आयकर अधिकारियों द्वारा 210 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने और उसके बैंक खातों को 'फ्रीज' करने के कारण कांग्रेस पहले से ही धन की कमी का सामना कर रही है।

### भाजपा पर आयकर विभाग ने आंखें बंद कीं

कांग्रेस ने कहा कि आयकर विभाग ने भाजपा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं जबकि उस पर 4600 करोड़ का जुर्माना बनता है। माकन ने कहा, उनके मुताबिक 1823 करोड़ में से 53.9 करोड़ की मांग वित्त वर्ष 1993-94 के कर आकलन के आधार पर है जब सीताराम केसरी अध्यक्ष थे। माकन के दिए आंकड़ों के अनुसार विभाग ने 2016-17 के लिए 181.99 करोड़, 2017-18 के लिए 178.73 करोड़, 2018-19 के लिए 918.45 करोड़ तथा 2019-20 के लिए 490.01 करोड़ रुपये के नोटिस दिए हैं।

# सत्येंद्र जैन की होगी सीबीआई जांच

**जबरन वसूली मामला**

नई दिल्ली, एजेंसी

- ठग सुकेश को जेल में संरक्षण देने के एवज में 10 करोड़ वसूलने का आरोप

गृह मंत्रालय ने भ्रष्टाचार निवारण कानून के तहत एक मामले में दिल्ली के पूर्व कारागार मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ सीबीआई जांच की मंजूरी दी है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि जैन धन शोधन के मामले में जेल में हैं। उन पर ठग सुकेश चंद्रशेखर को जेल में संरक्षण मुहैया करने के एवज में उससे 10 करोड़ रुपये की जबरन वसूली करने का आरोप है।

जैन के अलावा, तिहाड़ जेल के पूर्व महानिदेशक संदीप गोयल और कुछ अन्य कर्मचारियों पर दिल्ली की जेलों में बंद हाई-प्रोफाइल कैदियों से जबरन वसूली का आरोप है। घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आम आदमी पार्टी (आप) की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया, 'भाजपा की प्रतिशोध की राजनीति अब इस निचले स्तर पर पहुंच गई है कि एक कुख्यात ठग की बात पर विश्वास किया जा रहा और उसके दावों को उस व्यक्ति के खिलाफ सत्य के रूप में स्वीकार किया जा रहा है, जिसने दुनिया भर में मशहूर दिल्ली के 'मोहल्ला क्लिनिक' की अवधारणा दी।' जैन मई 2022 में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा अपनी गिरफ्तारी से पहले, दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार में स्वास्थ्य मंत्री भी रहे थे।

### आप की रैली में 'इंडिया' गठबंधन होगा शामिल

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के प्रमुख शरद पवार, शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव समेत 'इंडिया' गठबंधन के नेता रामलीला मैदान में रविवार को होने वाली आप की महारैली में शामिल होंगे। आप नेता गोपाल राय ने शुक्रवार बताया कि मुख्यमंत्री केजरीवाल की गिरफ्तारी पर रविवार को रामलीला मैदान में 20,000 लोगों की मौजूदगी वाली रैली के लिए प्रशासन की अनुमति मिल गई है।

## भाकपा को आयकर विभाग का नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) को पिछले कुछ वर्षों के दौरान रिटर्न दाखिल करते समय पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल के लिए 11 करोड़ रुपये के बकाए के भुगतान को लेकर आयकर विभाग से एक नोटिस मिला है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि वामदल आयकर अधिकारियों के नोटिस को चुनौती देने के लिए अपने वकीलों से परामर्श कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि आयकर विभाग को भुगतान किए जाने वाले बकाया में पार्टी द्वारा पुराने पैन कार्ड के इस्तेमाल में विसंगतियों के लिए अधिकारियों को देय जुर्माना और ब्याज शामिल है। भाकपा के एक नेता ने कहा, हम कानूनी सहायता ले रहे हैं और अपने वकीलों से परामर्श कर रहे हैं।

# पूर्व आईएएस समेत 5 पर मुकदमा

संवाददाता, रुद्रपुर/नानकमत्ता

**डेरा कार सेवा प्रमुख हत्याकांड**

- श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंस चुघ, बाबा अनूप सिंह, तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह नामजद

**अमृत विचारः** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में दोनों शूटर्स की पहचान हो गई है। डेरा सेवक ने श्री गुरुद्वारा प्रबंध कमेटी के प्रधान पूर्व आईएएस हरबंश सिंह चुघ, बाबा अनूप सिंह और तराई महासभा के उपाध्यक्ष प्रीतम सिंह को नामजद कराते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। उधर, कड़ी सुरक्षा के बीच बाबा का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार सुबह बाइक सवार दो शूटर्स ने हत्या कर दी थी। दोनों बाइक से बाबा के पास पहुंचे और पीछे बैठे शूटर ने दो गोलियां मार दी। आवाज सुनकर कार सेवक आया तो शूटर ने उन पर भी फायर किया। वह बच गए और गोली हॉल की दीवार में जाकर धंस गई। बाबा की हत्या करने वाले दोनों आरोपियों की पहचान हो गई है। कारसेवक जसवीर के दर्ज कराए मुकदमे के मुताबिक ने बाबा की हत्या को ग्राम मियामिंड जिला तरनतारन, पंजाब निवासी सर्वजीत सिंह और अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा के ग्राम सिहोरा बिलासपुर (रामपुर) ने अंजाम दिया।

### आधार कार्ड से हुई हत्यारों की पहचान

**रुद्रपुर।** हत्यारों की पहचान गुरुद्वारे में पनाह के लिए दिए आधार कार्ड से हुई। 19 मार्च से गुरुद्वारा स्थित भाई मरदाना यात्री निवास नानकमत्ता के कमरा नंबर 23 में बाइक सवार हत्यारे रुके थे। एक ने यात्री निवास रजिस्टर में आधार संख्या दर्ज कराया था, जिसमें उसका नाम सर्वजीत सिंह निवासी मिया विंड तरनतारन, पंजाब व मोबाइल नंबर है। दूसरा अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू उर्फ गंडा सिहोरा बिलासपुर था। 26 मार्च को दोनों को डेरे में देखा गया था और 28 मार्च को हत्याकांड की वीडियो में दिखे।

# पुलिसकर्मी की हत्या के मामले में देवेंद्र फौजी को फांसी की सजा

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

- कटरी में कलुआ यादव का दाहिना हाथ रहा है फौजी

**अमृत विचारः** गंगा की कटरी में आतंक का पर्याय रहे कलुआ यादव का दाहिना हाथ कहे जाने वाले देवेंद्र फौजी को कोर्ट ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 7 लाख 5 हजार का अर्थ दंड वसूलने का आदेश दिया है।

थाना कम्पिल क्षेत्र के ग्राम कारव की कटरी में 11 सितंबर 2005 को कलुआ गैंग की पुलिस से मुठभेड़ हुई थी, जिसमें एक पुलिसकर्मी व एक ग्रामीण की मौत हो गई थी। 3 पुलिसकर्मी व ग्रामीण घायल हुए थे। मामले में कोर्ट एंटी डकैती न्यायाधीश कृष्ण कुमार ने आरोपी देवेन्द्र उर्फ फौजी को फांसी की सजा सुनाई है। साथ ही 7 लाख, 5 हजार रुपये अर्थदंड भी वसूलने के आदेश दिए हैं। देवेंद्र उर्फ फौजी इस समय बरेली जेल में है। उस पर पुलिस मुठभेड़ के कई मुकदमे हैं। उसके द्वारा की गई हत्या की घटनाओं पर गौर करें तो उस पर कम्पिल थाना क्षेत्र में हुई मुठभेड़ में कपिल थाना अध्यक्ष राजेश सिंह की हत्या कर दी थी तथा दो अन्य दरोगा भी मारे गए थे। शाहजहांपुर क्षेत्र में देवेंद्र फौजी ने उसैत थाना अध्यक्ष राजेश पाठक की मुठभेड़ के दौरान हत्या कर दी थी। कई पुलिसकर्मियों की हत्या के मुकदमे विभिन्न थानों में देवेंद्र और कलुआ के ऊपर दर्ज हैं। देवेंद्र के ऊपर बरेली में भी कई हत्या के मुकदमे हैं। कलुआ गैंग का देवेंद्र फौजी सर्वेसर्वा था, जिस समय कम्पिल थाना क्षेत्र में मुठभेड़ हुई थी, उस समय कलुआ का भाई चौधरियां मारा गया था। देवेंद्र भी उस मुठभेड़ में शामिल था। अभी फिलहाल देवेंद्र को कम्पिल थाने के कारब की कटरी में हुई मुठभेड़ में सजा मिली है। अभी कई मामलों में सुनवाई चल रही है।

# लोकसभा के 44 प्रतिशत निवर्तमान सदस्यों पर आपराधिक मामले

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव सुधारों के लिए काम करने वाली संस्था 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) की रिपोर्ट के अनुसार निवर्तमान 514 लोकसभा सदस्यों में 225 (44 प्रतशित) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले होने की घोषणा चुनावी हलफनामों में की है। एडीआर के अनुसार, उसने इन निवर्तमान सांसदों के हलफनामों के विश्लेषण में पाया कि इनमें से पांच प्रतिशत अरबपति हैं, जिनकी संपत्ति 100 करोड़ रुपये से अधिक है।

आपराधिक मामलों वाले निवर्तमान सांसदों में 29 प्रतिशत के खिलाफ गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण और महिलाओं के खिलाफ अपराध के आरोप हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि निवर्तमान सांसदों में नौ के खिलाफ हत्या के मामले हैं। इसके अनुसार, इन सांसदों में पांच भारतीय जनता पार्टी से हैं। वहीं 28 निवर्तमान सांसदों ने चुनावी हलफनामों में अपने खिलाफ हत्या के प्रयास से जुड़े मामले दर्ज होने की घोषणा की है। इनमें से 21 सांसद भाजपा से हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 16 निवर्तमान सांसद महिलाओं के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों का सामना कर रहे हैं, जिनमें तीन के खिलाफ बलात्कार के आरोप हैं। एडीआर की रिपोर्ट में इन सांसदों की वित्तीय स्थिति का भी विश्लेषण किया गया है। बड़े राजनीतिक दलों में, भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी इस तरह के सांसदों की अच्छी-खासी संख्या है।रिपोर्ट के अनुसार, राज्यवार आपराधिक मामलों में, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसद आपराधिक आरोपों का सामना कर रहे हैं। साथ ही, एडीआर के विश्लेषण में पाया गया है कि कुछ सांसदों के पास अरबों रुपये की संपत्ति है, जबकि अन्य के पास बहुत कम संपत्ति है।

### रिपोर्ट से खुलासा

- 'एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स' (एडीआर) के अनुसार 514 लोकसभा सदस्यों में 225 ने अपने चुनावी हलफनामों में की है आपराधिक मामले होने की घोषणा
- 29 प्रतिशत पर गंभीर आरोप, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ावा देना, अपहरण व महिलाओं के प्रति अपराध शामिल
- राजनीतिक दलों में भाजपा और कांग्रेस के सर्वाधिक संख्या में अरबपति सांसद हैं, हालांकि अन्य दलों के भी सांसदों की अच्छी-खासी संख्या
- राज्यवार मामलों में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के 50 प्रतिशत से अधिक सांसदों पर आरोप

### सर्वाधिक संपत्ति वाले शीर्ष तीन सांसद

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार, सर्वाधिक संपत्ति की घोषणा करने वाले शीर्ष तीन सांसदों में नकुल नाथ (कांग्रेस), डी के सुरेश (कांग्रेस), और के. रघु राम कृष्ण राजू (निर्दल) हैं जिनके पास अरबों रुपये की संपत्ति है। रिपोर्ट में सांसदों की शैक्षणिक पृष्ठभूमि और उम्र आदि को भी रेखांकित किया गया है। 73 प्रतिशत सांसद स्नातक या उच्चतर शैक्षणिक योग्यता वाले हैं, जबकि सिर्फ 15 प्रतिशत निवर्तमान सांसद महिलाएं हैं।

## एक नजर

### गिलीम के ताबूत का जुलूस आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौलाए कायनात हजरत अली की शहादत की याद में पुराने लखनऊ में मजलिसों का सिलसिला शुक्रवार को शुरू हो गया, जो सोमवार तक जारी रहेगा। शनिवार सुबह की नमाज के बाद रौजा-ए-काजमैन स्थित मस्जिद-ए-कूफा से गिलीम का ताबूत निकाला जायेगा। ताबूत पाटानाला स्थित इमामबाड़ा हकीम सैय्यद तकी जैदी ले जाया जायेगा। शुक्रवार को शुरू हुआ गम का सिलसिला सोमवार तक चलेगा। लोगों ने काले लिबास पहन लिए हैं और काले झंडे अपने घरों पर लगा दिए हैं। मजलिसों का सिलसिला भी तेज हो गया है। कर्बला अजमतुद्दौला बहादर मेहंदीगंज में मजलिस को मौलाना कल्बे जवाद ने खिताब किया। उन्होंने कहा कि इमाम ने जो वसीयत की वह आने वाली पीढ़ियों के लिए सबक है, जिससे फायदा उठाना चाहिये। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी गयी।

### डिजिटल एजूकेटर अवार्ड के लिए शिक्षिकाएं नामित

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल( सीएमएस), अलीगंज द्वितीय कैम्पस की शिक्षिका तनुश्री रस्तोगी एवं व राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की शिक्षिका मुस्कान कौर भाटिया ने इण्टरनेशनल डिजिटल टीचर्स ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी शिक्षण प्रतिभा व प्रोफेशनल कौशल का परचम लहराया है। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस ओलम्पियाड में सीएमएस की इन दोनों शिक्षिकाओं ने 96.7 परसेन्टाइल के साथ अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर टॉप 200 टीचर्स में अपना स्थान सुनिश्चित किया है इस उपलब्धि हेतु शिक्षिकाओं को इनोवेटिव डिजिटल एजूकेटर अवार्ड हेतु नामित किया गया है।

# एडेड और राजकीय कॉलेजों के शिक्षकों का होगा समायोजन

## नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में दूर हो जायेगी शिक्षकों की कमी

रविशंकर गुप्ता अमृत विचार

**लखनऊ:** यूपी के राजकीय और एडेड इंटर कॉलेजों में शिक्षकों और विद्यार्थियों का अनुपात नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में सुधर जायेगा। इसके लिए सभी कॉलेजों का ब्योरा माध्यमिक शिक्षा निदेशक की ओर से जुटाया जा रहा है। कई विद्यालयों का ब्योरा मिल भी गया बाकी जो छूटे हैं उनके संबंध में सूचना एकत्र की जा रही है। लोकसभा चुनाव के बाद शिक्षकों का समायोजन शुरू हो जायेगा।

प्रदेश भर में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से 2,363 राजकीय और 4,512 एडेड कॉलेजों का संचालन हो रहा है। इसमें काफी संख्या में ऐसे कॉलेज हैं जहां शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सही नहीं है। ऐसे में विभाग प्रयास है कि कॉलेजों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षकों और बच्चों का अनुपात सुधारा जाये। अधिकारी बताते हैं कि समायोजन की स्थिति भी शिक्षकों की लापरवाही से आई है शिक्षक कॉलेजों में छात्र संख्या बढ़ाने पर जोर ही नहीं देते हैं। काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां बच्चों की संख्या नाम मात्र है।

**नहीं चलेगा जुगाड़ और न मिलेगा विकल्प:** एडेड और राजकीय कॉलेजों में शिक्षकों के समायोजन को लेकर जो शासनादेश है उसके क्रम में शिक्षकों को मनचाहा स्कूल मिलना आसान नहीं होगा। राजधानी में काफी संख्या में ऐसे एडेड कॉलेज हैं जहां पर बच्चों की संख्या 100 से 300 के बीच भी नहीं है। इसमें दिगंबर जैन और लखनऊ इंटर कॉलेज इसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

**सुधार के लिए नियमावली में भी परिवर्तन जरूरी:** जानकार बताते हैं बेसिक और माध्यमिक दोनों ही विभाग की कई ऐसी नियमावली हैं जिनमें परिवर्तन अब जरूरी है। इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 के तहत एडेड कॉलेजों में समायोजन का प्रावधान नहीं है। एडेड कॉलेजों में संस्था ही चयन की इकाई होती है और प्रबंधक नियोक्ता होता है। चयन तिथि से ही वरिष्ठता निर्धारित की जाती है। वहीं जानकार कहते हैं कि शिक्षकों के तबादले की प्रक्रिया बेसिक व माध्यमिक दोनों स्तर के विद्यालयों में नियमित होनी चाहिए।

▸▸ **विभाग ने माना शिक्षकों की लापरवाही से एडेड कॉलेजों में घट गई छात्र संख्या**

### अलंकार योजना के मानक में फेल हैं कॉलेज

राज्य सरकार ने एडेड कॉलेजों की दशा को सुधारने के लिए अलंकार योजना शुरूआत की है। इस योजना में कॉलेजों की ओर से भाग लेने की जो छात्र संख्या का निर्धारित है उसमें ये पूरी तरह से फेल हैं। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कॉलेजों का विकास के लिए 75 प्रतिशत बजट सरकार देगी जबिक 25 प्रतिशत बजट विद्यालय प्रबंधन खुद अपनी ओर से लगायेंगे लेकिन इसमें छात्र संख्या का मानक आड़े आ रहा है।

सभी कॉलेजों में पढ़ने वाले छात्रों की संख्या और शिक्षकों की संख्या मांगी जा रही है। कई कॉलेजों का ब्योरा आ गया है। नये सत्र में समायोजन की प्रक्रिया पूरी करके शिक्षकों और छात्र संख्या का अनुपात सुधारा जायेगा।
**-डॉ. महेन्द्र देव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग**

पहले स्थानांतरण की जांच होनी चाहिए। एक हजार से अधिक शिक्षकों के गलत तरह से तबादला हुआ है। फिर अमान्य विद्यालय के बच्चे एडेड कॉलेजों में समायोजित किया जाये। शिक्षकों के समायोजन पर विचार होना चाहिए।
**-डॉ. आरपी मिश्रा, प्रदेशीय उपाध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ**

# सपा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता भाजपा में शामिल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के समक्ष शुक्रवार को भाजपा के राज्य मुख्यालय पर सपा, बसपा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पाठक ने कहा कि पिछले चुनाव की अपेक्षा प्रत्येक बूथ पर 370 वोट बढ़ाने है। 80 सीटों पर भाजपा की बड़ी विजय में सभी को सहभागी बनना है।

सदस्यता ग्रहण करने वालो में सपा महिला सभा की पांच बार प्रदेश अध्यक्ष रहीं गीता सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमलपाल कौर (लखीमपुर), पंजाबी अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष हरपाल सिंह जग्गी (लखीमपुर), पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुनीतपाल मोंटी अहलूवालिया (लखीमपुर), सपा के पूर्व प्रदेश सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ हरपाल सिंह राना (लखीमपुर), समाजसेवी राजिंदर सिंह नीटा (कानपुर), जिला पंचायत सदस्य पूजा सिंह (फतेहपुर), कांग्रेस के प्रदेश सचिव व डुमरियागंज विधानसभा से कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी सच्चिदानंद पाण्डेय (सिद्धार्थनगर), सपा प्रवक्ता जेबा याशमीन (लखनऊ), वरिष्ठ सर्जन डॉ. कौशल वर्मा (लखीमपुर), पूर्व चेयरमेन कल्पना बाजपेयी (लखीमपुर) आदि ने अपने समर्थकों के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा पूरे देश में जनता का गठबंधन मोदी और भाजपा के साथ हो चुका है। केन्द्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनेगी और मोदी जी के नेतृत्व में राजग गठबंधन को 400 से अधिक सीटें मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद व प्रदेश उपाध्यक्ष कान्ता कर्दम, अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, क्षेत्रीय महामंत्री नीरज वर्मा उपस्थित रहीं। मंच का संचालन प्रदेश मीडिया सहप्रभारी हिमांशु दुबे ने किया।

सपा नेत्री गीता सिंह सहित अन्य दलों से आए नेताओं का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

▸▸ **उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सपा, बसपा व कांग्रेस छोड़कर आए नेताओं को दिलाई सदस्यता**

## रालोद ने गठित की चुनाव समन्वय समिति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **समिति में भाजपा के पदाधिकारी भी होंगे शामिल**

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए रालोद ने लोकसभा चुनाव समन्वय समिति गठित की है। इस समिति में रालोद और भाजपा के पदाधिकारियों को शामिल किया गया है।

रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने शुक्रवार को बताया कि समन्वय समिति में भाजपा के प्रदेश महामंत्री व पश्चिम क्षेत्र के प्रभारी सुभाष यदुवंश, क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सीसौदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व ब्रज क्षेत्र के प्रभारी संतोष सिंह, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल शामिल हैं। इसके अलावा रालोद से स्वयं के साथ ही राष्ट्रीय महामंत्री मुंशीराम पाल, शामली से विधायक प्रसन्न चौधरी को शामिल किया गया है। तय कार्यक्रम के तहत समिति के सदस्य एनडीए प्रत्याशियों के क्षेत्र में चुनावी सभाओं के साथ ही विधानसभा स्तर पर बैठकें करेंगे और अधिक से अधिक मतदान कराने की कोशिश करेंगे।

## व्यापारियों की सुरक्षा के लिए न जमा कराएं शस्त्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष ने संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था से मांगी छूट**

अमृत विचार : चुनावी दौर में व्यापारियों और कारोबार की सुरक्षा के लिए दिए गए लाइसेंसी असलहे न जमा कराए जाएं। व्यापारियों की मांग पर लखनऊ व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र शुक्रवार को संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र कुमार अग्रवाल से मिले और व्यापारियों की इस अहम समस्या से जुड़ा मांगपत्र सौंपा।अमरनाथ मिश्र ने बताया कि व्यापारियों के पास जो शस्त्र लाइसेंस हैं वह अपने सुरक्षा के साथ-साथ व्यापार और धनराशि की सुरक्षा के लिए हैं। अगर आपराधिक प्रवृत्ति का न हो तो उसके शास्त्र लाइसेंस न जमा कराये जायें। इस दौरान बाजारों में पुलिस की भी उपलब्धता कम हो जाती है। ऐसे में चोर और लुटेरे सक्रिय हो जाते हैं। व्यापारी दिन भर माल बेच कर रात्रि में दुकान बंद कर अपने साथ नगदी घर ले जा रहा होता है तो उसकी सुरक्षा के लिए लाइसेंसी शस्त्र होना आवश्यक है। इसे देखते हुए व्यापारियों को शस्त्र न जमा करने की छूट प्रदान की जाए। पूर्व में भी ऐसी व्यवस्था थी जिसके लिए एक निर्धारित फार्म पर आवेदन किया जाता था और उस पर पुलिस की आख्या के अनुसार छूट प्रदान की जाती रही है।

मंजरी जरुहर को सम्मानित करते डीजीपी प्रशांत कुमार। अमृत विचार

## डीजीपी ने पूर्व विशेष महानिदेशक सीआईएसएफ मंजरी जरुहर को सम्मानित किया

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस मुख्यालय में शुक्रवार को पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने सीआईएसएफ की विशेष महानिदेशक रही मंजरी जरुहर (सेवानिवृत्त) का स्वागत करते हुए सम्मानित किया। महानिदेशक ने कहा कि महिलाओं के लिए प्रकाश स्तंभ मंजरी जरुहर का स्वागत करते हुए सम्मानित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने विभिन्न क्षमताओं में अनुकरणीय नेतृत्व प्रदर्शित किया है। जरुहर जी सरलता और नेतृत्व की एक उल्लेखनीय यात्रा का प्रमाण हैं।

## पदोन्नति को लेकर एकत्रित होंगे पीएसी और सशस्त्र पुलिस कर्मी

**अमृत विचार, लखनऊ:** सिविल पुलिस के सापेक्ष सशस्त्र पुलिस और पीएसी में प्रोन्नति की विषमताओं के निराकरण को लेकर आज शनिवार को बर्लिंग्टन चौराहा स्थित ओसीआर भवन में सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की गई है।

इस बैठक में सशस्त्र पुलिस और पीएसी से जुड़े कार्मिक शामिल होंगे। कार्मिकों की ओर से प्रेसनोट जारी कर बताया गया कि मुख्यमंत्री के बार-बार आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में ही सिविल पुलिस के सापेक्ष पीएसी और सशस्त्र पुलिस में चल रही पदोन्नति की भारी विषमताएं बनी हुई हैं। उप निरीक्षक सशस्त्र पुलिस एवं प्लाटून कमांडर के पद तथा निरीक्षक सशस्त्र पुलिस के पद पर समयानुसार पदोन्नति नहीं हो पा रही है।

# आज समाप्त होगा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा की 99 प्रतिशत उत्तर पुस्तिकायें शुक्रवार को चेक हो गई हैं। बाकी शेष 30 मार्च को बची हुई एक प्रतिशत कॉपियों का भी मूल्यांकन हो जायेगा।

इस बारे में माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि अब तक 99 प्रतिशत कॉपियां चेक हो गई है। अब 25 जनपदों में कुल 2,40,221 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन बाकी रह गया है जिसे 30 मार्च को पूरा कर लिया जायेगा। सचिव ने बताया कि 31 मार्च तक मूल्यांकन की अंतिम तिथि निर्धारित थी लेकिन शिक्षकों ने इसे समय से पहले ही पूरा कर लिया है ये राहत की बात है। उन्होंने कहा कि मूल्यांकन के बाद परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जायेगी।

### रहें सावधान

वहीं सचिव परिषद दिब्यकांत शुक्ला ने अमृत विचार से बातचीत में कहा कि छात्र-छात्राओं को किसी भी तरह से दलाल के चुंगल में नहीं फंसना है। कोई भी पास कराने के नाम पर यदि कोई शुल्क मांग करता है तो इसकी सूचना जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यलय पर दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि यूपी बोर्ड में परीक्षा से लेकर परिणाम तक पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है किसी भी प्रकार की गुंजाइश नहीं होगी।

# फेक व पेड न्यूज पर निर्वाचन आयोग की नजर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव की सुचिता बरकरार रखने और आदर्श आचार संहिता अनुपालन में निर्वाचन आयोग की नजर प्रदेश की फेक न्यूज व पेड न्यूज पर है। इसके लिए नामांकन तिथि के साथ ही निगरानी करने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये गये हैं।

राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान फेक न्यूज तथा पेड न्यूज की पहचान व त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसओपी तैयार की गई है। राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग की मॉनीटरिंग की जा रही है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रानिक मीडिया पर विज्ञापन प्रसारित करने के लिए एमसीएमसी की अनुमति लेना जरूरी कर दिया गया है। इसके लिए सभी प्रत्याशियों को अवगत करा दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि धर्म, जाति, भाषा के आधार पर किसी भी समुदाय को आहत करने वाले विज्ञापन को प्रसारित करने की अनुमति नहीं दी जायेगी। साथ ही प्रचार सामग्री पर प्रिन्टिंग प्रेस व पब्लिशर की जानकारी होनी जरूरी है, ऐसा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

▸▸ **इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर विज्ञापन प्रसारित करने के लिए एमसीएमसी की अनुमति लेना जरूरी**

### माननीय बनाने वाले मतदाताओं को भी मिले सुविधा व सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकतंत्र के महापर्व का ऐलान भारत निर्वाचन आयोग द्वारा किया जा चुका है। हर भारतीय की ये जिम्मेदारी है की इस लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा ले और इसे सम्पूर्ण कामयाब बनाने में भारत निर्वाचन आयोग की हर संभव मदद करे। आगामी लोकसभा चुनाव में 85 वर्ष से अधिक के एवम दिव्यांग मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष सुविधा प्रदान करने का जो ऐलान किया है वह सराहनीय है। हम ये उम्मीद करते हैं की इससे मतदान में फायदा होगा। ये विचार समाजसेवी हाजी शिराजउद्दीन ने व्यक्त किए। उन्होंने भारत निर्वाचन आयुक्त को एक दस सूत्रीय सुझाव पत्र लिखा है। जिसकी एक कापी प्रमुख राजनीतिक पार्टियों के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी भेजी है। जिसमें उनका कहना है जिस जनता के एक वोट से एक आम नेता माननीय बनते हैं उस जनता को मतदान केन्द्र पर मतदान के समय कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

## मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन का अनुदान फंसा

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत चयनित लाभार्थियों को अनुदान का भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसके लिए संबंधित मंडलीय जिलों से लाभार्थियों के अनुदान वितरण की संस्तुति नहीं मिली है। इधर, वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने वाला है। इससे पहले इस वित्तीय वर्ष में अनुदान का भुगतान करने के लिए नंद बाबा दुग्ध मिशन निदेशक ने अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट एग्जीक्यूटिव कमेटी से लाभार्थियों को अनुदान वितरण के लिए संस्तुति मांगी है। योजना के तहत मंडलीय जिलों में लाभार्थियों का चयन किया गया है। गाय खरीद कर इकाई लगाई जाएगी।

# पुलिस कर्मियों के ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण की तैयारियां शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **निरीक्षक, उपनिरीक्षक, मुख्य आरक्षी सहित कई पदों पर कार्यरत कर्मियों के होंगे तबादले**

**अमृत विचार:** पुलिस मुख्यालय की ओर से पुलिस कर्मियों के ग्रीष्मकालीन स्थानांतरण की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मुख्यालय की ओर से समस्त जोनल एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसएसपी को जारी किए गए पत्र के मुताबिक निरीक्षक, उपनिरीक्षक, उपनिरीक्षक विशेष श्रेणी, मुख्य आरक्षी नागरिक पुलिस, मुख्य आरक्षी विशेष श्रेणी और आरक्षी नागरिक पुलिस के स्थानांतरण की तैयारियां करनी हैं। निर्देश दिया गया है कि स्थानांतरण विषयक सूचनानाएं निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल 2024 तक पुलिस स्थापना बोर्ड के समक्ष पहुंचाई जाए।

निर्देश है कि अनुकंपा के आधार पर स्थानांतरण चाहने वाले कर्मियों के प्रार्थनापत्रों में अंकित समस्याओं का परीक्षण करके सत्य पाए जाने की स्थिति में ही भेजी जाए। जनपद और इकाई से संबंधित कर्मी की नियुक्ति अवधि की गणना के लिए कट ऑफ डेट 30 अप्रैल 2024 नियत की गई है। निर्धारित समयावधि पूर्ण करने वाले कार्मिकों पर ही विचार किया जाएगा।

# 10 सालों में हर क्षेत्र में बढ़ी ताकत: अनुराग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केंद्रीय सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि दस सालों में भारत की ताकत हर क्षेत्र में बढ़ी है। भारत अभी दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश है और तीन सालों में इसके तीसरे नंबर पर पहुंचने की उम्मीद है। गांव, गरीब और किसान पर फोकस कर रोजगार के अवसर तैयार किए और विकास के मॉडल से ग्राणीण मजबूत हुआ है। अनुराग ठाकुर शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित प्रधानमंत्री के विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम के तहत बने एम्बेसडर मीट को संबोधित कर रहे थे।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

उन्होंने कहा कि दस साल पहले यहां एक से बढ़कर एक घोटाले के चलते देश की अर्थव्यवस्था रुक गई थी। विकास कार्य ठप था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से अब भारत दुनिया में चमक रहा है। उन्होंने कहा पिछली सरकार में 320 बिलियन की एफडीआई आई और हमारे 10 साल में 640 बिलियन की एफडीआई आई है। प्रधानमंत्री ने साल 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए लोगों को जागरूक करना पड़ेगा।

देश का रेलवे सेक्टर और एयरलाइंस सेक्टर दोनों विकास की नई राह पर आगे बढ़ रहे हैं। एक्सप्रेस-वे,नेशनल हाई-वे की संख्या लगातार बढ़ रही है। पहले बैंको का एनपीए पहले 15 फीसदी था, अब चार फीसदी हो गया है। उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में गरीबी हटाने की बात तो होती थी, लेकिन उस दिशा में कोई प्रयास नहीं होता था। इसके चलते एक बड़ी आबादी गरीबी रेखा के नीचे पहुंच गई थी। आज नीतियां तेजी से बनती हैं और निर्णय भी तेजी से लिए जाते हैं। 10 साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से ऊपर लाए गए हैं। गरीब के हाथ में जितना पैसा आएगा तो रोजगार बढ़ेगा। काम के अवसर मिलेंगे।

▸▸ **तीन साल में 5वीं से दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा भारत**

## मतदाताओं को जागरूक करेंगे कांग्रेस कार्यकर्ता

**अमृत विचार, लखनऊ :** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करेंगे। यह बात शनिवार को श्रम प्रकोष्ठ की बैठक में चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता गठबंधन प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा को जिताने के लिए घर-घर जाकर लोगों को भाजपा सरकार में हो रही समस्याओं से लोगों को अवगत कराएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में बेरोजगारी की संख्या निरंतर बढ़ती ही जा रही है। महंगाई अपने चरम पर है। रोजाना खाद्य वस्तुओं के दाम बढ़ते जा रहे है। किसानों को उनका हक नहीं मिल रहा है जिसकी वजह से किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। इस बैठक में प्रचार-प्रसार विभाग के राज मिश्रा, अमित सिन्हा, राम सेवक आदि उपस्थित रहे।

# सफाईकर्मियों की रखवाली के लिए बीबीएयू की किट तैयार

## राजधानी के विभिन्न स्थानों पर 400 लोगों के बीच किया गया प्रयोग, सफल परीक्षण के बाद कराया पेटेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सफाईकर्मियों और कूड़ा बीनने वालों की सेहत का ध्यान रखने के लिए बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय ने एक विशेष किट तैयार कर ली है। इसके सहारे कूड़ा- कचरा बीनने वालों की सेहत का ध्यान रखा जाएगा। आधुनिक किट पूरी तरह से बैक्टीरिया प्रूफ है।

बीबीएयू के कुलपति प्रोफेसर संजय सिंह बताते हैं कि बनाई गई किट को पेटेंट के रूप में भारत सरकार ने स्वीकृति देते हुए प्रामाणित कर दिया है। विशेष किट विवि की गृह विज्ञान विद्यापीठ की संकायाध्यक्ष प्रो. यूवी किरण एवं डॉ. संतोषी के सहयोग से तैयार की गई है। इसमें विवि के शोधार्थी भी शामिल हैं। विकसित किट के सहारे बिना छुए कोई भी वस्तु बीनने में सहायता मिलेगी। विशेष किट के माध्यम से कचरा बीनने वाले लोग स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अधिक से अधिक मात्रा में कचरा बीनकर व बेचकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। किट की निर्माता प्रो. यूवी किरण के अनुसार, आधुनिक किट कचरा बीनने वालों के स्वास्थ्य संबंधी खतरों को कम करने के लिए विकसित की गई है। किट में एक बहु-कार्यात्मक कूड़ा बीनने वाली छड़ी और एक कचरा बैग शामिल है। इस आविष्कार का उद्देश्य कचरा बीनने वालों को बेहतर सुरक्षा और दक्षता के साथ उनका कार्य करने व आय में वृद्धि करने में मदद करना है।

किट का परीक्षण करता सफाईकर्मी।

डॉ. संतोषी।

प्रो. यूवी किरण।

▸▸ **किट में एक बहु-कार्यात्मक कूड़ा बीनने वाली छड़ी और एक कचरा बैग भी शामिल**

### सस्ती सुविधा देगी राहत

प्रोफेसर यूवी किरण बताती हैं कि नई सुविधा जल्द ही बाजार में उपलब्ध होगी। इसके सहारे आमजन को राहत मिलेगी। सफाईकर्मी भी निश्चित होकर अपना कार्य पूरा कर सकेंगे। देखा गया है कि कई बार कूड़ा- कचरा के संपर्क में रहने वाले लोग बीमार हो जाते हैं।

### पूरी तरह रहा सफल

कचरा बीनने वालों के बीच स्वास्थ्य संबंधी खतरे से आधुनिक किट कैसे निपटेगी, इसको लेकर लखनऊ में अलग - अलग स्थानों पर काम करने वाले 400 लोगों के बीच परीक्षण किया गया। हस्तक्षेप अध्ययन शोधार्थी डॉ. संतोषी बताती हैं कि उन्होंने व्यक्तिगत रूप से लोगों का साक्षात्कार किया। किट का उपयोग परीक्षण के दौरान पूरी तरह से सफल रहा।

### वॉटर बॉटल भी है

रैग पिकिंग स्टिक और गार्बेज बैग के सहारे कूड़ा उठाने वालों के लिए आधुनिक व्यवस्था तैयार की गई है। इसमें एल्यूमिनियम, केबल, स्प्रिंग, टार्च, सिलिकॉन, सहित अन्य सुविधाएं हैं। विशेष किट में वॉटर बॉटल भी लगाई गई है। जो स्प्रे का कार्य करेगी।

# अंगुली की सर्जरी से बच्चे की हुई मौत, देना होगा 1.43 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ **सर्जरी से पहले एलर्जी आदि की नहीं की गई थी जानकारी**

**अमृत विचार :** गाजियाबाद में एक बच्चे की अंगुली की लापरवाही से की गई सर्जरी से मौत हो गई। राज्य उपभोक्ता आयोग ने मामले की सुनवाई कर चिकित्सक व हास्पिटल पर 65 लाख रुपये हर्जाना लगाया है। जो ब्याज समेत कुल 1.43 करोड़ रुपये अदा करेंगे।

आर्य नगर, गाजियाबाद निवासी अनिल शर्मा ने नौ वर्षीय बेटे देव को हाथ की अंगुली में दर्द होने पर डॉ. एसएस भगत (सर्जन) को उनके भगत हास्पिटल में दिखाया। डॉ. भगत द्वारा कराई गई जांच में थोड़ी सूजन बताई। 1 जून 2014 को भर्ती कर अंगुली की सर्जरी की और सफल बताई। इसके बाद भी देव बराबर दर्द से कराहता रहा। जिसे डॉ. भगत ने आम दर्द बताया। इस बीच एक नर्स ने दो इंजेक्शन लगाए। इससे रात में हालत बिगड़ने पर क्रिटिकल केयर यूनिट भेज दिया। जहां देव की मौत हो गई। मौत का कारण एनाफाइलेक्सिस बताया गया। सर्जरी से पहले एलर्जी आदि की जानकारी नहीं की गई। बिना सावधानी बरते सर्जरी और गलत इंजेक्शन दिए गए। अनिल ने यह लापरवाही का आरोप लगा राज्य उपभोक्ता आयोग में शिकायत की। इस मामले की सुनवाई पीठासीन जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की। उन्होंने पूछा कि लगातार दो इंजेक्शन देने की क्या आवश्यकता पड़ी जो स्पष्ट नहीं कर पाए। सर्जरी और सेवा में लापरवाही पर डॉ. भगत और आरोग्य हास्पिटल पर पुत्र हानी, मानसिक यंत्रणा, चिकित्सीय उपेक्षा पर 65 लाख रुपये हर्जाना 12 प्रतिशत ब्याज के साथ मुत्यु के दिन से देने का आदेश दिया। इस तरह से कुल 1.43 करोड़ रुपये डॉ. भगत व आरोग्य हास्पिटल मिलकर या फिर कोई एक अदा करेगा। आदेश में यह कहा कि जिस राशि तक बीमा हुआ है तो हर्जाना की प्रतिपूर्ति कर सकते हैं

शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:-
Morning : 11am-2pm,
Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

**19वां रोजा**

**शिया**
सहरी : 4:27 बजे
इफ्तार : 6:34 बजे

**सुन्नी**
सहरी : 4:33 बजे
इफ्तार : 6:25 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज

- गोमती नगर स्थित मो. शाहिद हॉकी स्टेडियम में खेलो इंडिया महिला हॉकी के मुकाबले - 8:00 बजे।
- इंदिरा नगर स्थित सिद्ध शक्तिपीठ सत्य मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन - 9:00बजे।
- कैफ़ी आजमी अकादमी में सेतु प्रकाशन समूह की ओर से सेतु संवाद में पुस्तकों का विमोचन व चर्चा - 3:30 बजे।
- रौजा-ए-काजमैन स्थित मस्जिद-ए-कूफा से गिलीम का ताबूत - 4:30 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में आकांक्षा थियेटर आर्ट्स की ओर से तीन दिवसीय नाट्य समारोह का समापन - 6:30 बजे।
- इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स व पंजाब किंग्स के बीच आईपीएल मैच - 7:30 बजे।

## एक नजर

### शार्ट सर्किट से प्लाईवुड फैक्ट्री में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थाना अंतर्गत गोपालखेड़ा की प्लाई वुड फैक्ट्री में गुरुवार देर रात आग लग गई। लपटें देख कर्मचारी शोर मचाकर बाहर भागे। सूचना पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियां ने चार घंटे में आग पर काबू पाया। बिना फायर एनओसी के संचालित फैक्ट्री में आग से बचाव के इंतजाम नहीं थे। अग्निशमन विभाग की ओर से जल्द ही नोटिस जारी की जाएगी। रायबरेली रोड गोपाल खेड़ा में मुकेश जिन्दल की प्लाई पत्ता फैक्ट्री है। गुरुवार देर रात वहां मजदूर काम कर रहे थे। रात तीन बजे मशीन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। फैक्ट्री में बड़ी मात्रा में सूखी प्लाई होने से आग तेजी से फैल गई। कुछ ही देर में आग की लपटें निकलने लगी। कर्मचारियों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बढ़ती देख सभी भागकर बाहर भागे। सूचना पर कुछ देर में एफएसओ पीजीआई मामचन्द बडगूजर तीन दमकल के साथ पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। एफएसओ के मुताबिक तीन माह पहले निरीक्षण कर फैक्ट्री मालिक को अग्निशमन व्यवस्था दुरुस्त कराने के लिए कहा गया था। इसके बाद भी आग से बचाव के कोई इंतजाम नहीं किए गए। जल्द ही फैक्ट्री मालिक को नोटिस जारी की जाएगी।

# अकबर नगर : परिवार बड़ा, दो कमरे में कैसे होगा गुजारा

## शिविर में आए विस्थापितों ने शहरी आवास बताए छोटे, परिवार में कई सदस्य, आवास आवंटन एक को

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अकबर नगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण की तरफ से शुक्रवार को आयोजित विशेष शिविर में आवास के पंजीयन कराने की होड़ रही। प्रथम व द्वितीय में लगे दोनों शिविरों में भीड़ रही।

ज्यादातर विस्थापितों ने शहरी आवास के लिए पंजीयन कराए तो कुछ बड़े परिवारों ने प्राधिकरण की तरफ से मिल रहे दो कमरे के फ्लैट को छोटा बताया। उनका कहना था कि परिवार में पांच से 10 सदस्य हैं। जो यहां बड़े मकान या फिर ऊपर-नीचे बनाकर रहते हैं। फ्लैट भी एक परिवार को एक मिल रहा है।

ऐसे में दो कमरों में गुजारा करना मुश्किल होगा। शिविर में अधिकारियों व कर्मचारियों ने नियम व कोर्ट के आदेश का हवाला दिया। फिर भी ऐसे परिवारों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उच्च अधिकारियों से बात करने को कहा। अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि कोर्ट का आदेश है कि जितने घर हैं, उतने ही आवास देना है। इसका पालन कर रहे हैं।

**31 तक खाली करना है क्षेत्र :** कुकरैल नदी और बंधे की जमीन पर करीब 1200 बड़े-छोटे मकान व 100 से अधिक शोरूम कब्जा कर बनाए गए हैं। जिन्हें लखनऊ विकास प्राधिकरण नदी का पुर्नोद्धार करने के लिए पूरी तरह से ध्वस्त करेगा। इससे पहले ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई थी। लेकिन कोर्ट के आदेश पर कार्रवाई रोकते हुए 31 मार्च तक विशेष शिविर लगाकर विस्थापितों को शहरी आवास दिए जाने लगे। पंजीयन के साथ 31 मार्च तक हर हाल में मकान व दुकानें भी खाली कराना है। इसके बाद एलडीए किसी भी समय फिर से बुलडोजर चलाएगा।

अकबर नगर में लगे शिविर में आवास के लिए पंजीयन कराते विस्थापित। अमृत विचार

### 255 विस्थापितों ने कराया आवास पंजीयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** अकबर नगर प्रथम व द्वितीय में कुकरैल नदी व बंधे के प्रधानमंत्री आवास आवंटित करने के लिए आयोजित विशेष पंजीकरण शिविर में भीड़ रही। सुबह से शाम तक कुल 255 विस्थापितों ने पंजीकरण कराया। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अकबर नगर के विस्थापितों को आवास आवंटित करने के लिए न्यायालय के आदेश पर विशेष पंजीकरण शिविर संचालित है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों को योजना व पंजीकरण के संबंध में अधिकारियों व कर्मचारियों ने जानकारी दी। शिविर में अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा भी मौजूद रहे। उन्होंने भी लोगों को प्रक्रिया बताई। इस दौरान अकबर नगर प्रथम के 134 व द्वितीय के 121 विस्थापितों ने दस्तावेजों के साथ एक हजार रुपये शुल्क जमा कराकर आवास का पंजीयन कराया। अब तक कुल 686 विस्थापितों ने प्रधानमंत्री आवास के लिए पंजीकरण कराया है। शिविर 31 मार्च तक रहेगा।

### कलेक्ट्रेट में सेल तैयार सोमवार से रखेगी नजर

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर कंट्रोल रूम से नजर रखी जाएगी। कलेक्ट्रेट परिसर में खास निगरानी सेल बनाई गई है। यह गठित सेल सोमवार से हर गतिविधियों की निगरानी करेगी। खासकर सोशल मीडिया पर नजर रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने सेल का नोडल अधिकारी एसडीएम हनुमान प्रसाद को नामित किया है।

सेल में प्रत्याशी, राजनीति दल और समर्थकों को रखा गया है। इस कार्य का संबंधित को प्रशिक्षण दिया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर के कक्ष संख्या 56 में निगरानी सेल और एमसीएमसी बनाया गया है। जो कम्प्यूटर, इंटरनेट और सीसीटीवी आदि से लैस है। यह टीम सोमवार से सक्रिय होगी। वहीं, आचार संहिता का पालन कराने के लिए शहर में 21 हजार बैनर-पोस्टर हटाए गए हैं। सबसे ज्यादा कार्रवाई सरोजनी नगर, बीकेटी, मलिहाबाद और मोहनलालगंज में प्रशासन ने की है।

# 31 और 1 को चलेंगी सात जोड़ी विशेष ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होली के यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे विशेष ट्रेनें चलाने जा रहा है। ये ट्रेनें 31 मार्च और 1 अप्रैल को गोरखपुर, दिल्ली, राजकोट, मऊ आदि शहरों से चलेंगी। यात्री इन ट्रेनों से दिल्ली, गुजरात, पंजाब जैसे महानगरों तक आसानी से सफर कर सकेंगे। यह सभी ट्रेनें लखनऊ होकर आवागमन करेंगी। इन ट्रेनों में पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन विभिन्न स्टेशनों से सीटों की बुकिंग खोल दी है।

**किस ट्रेन का संचालन कब**

- ट्रेन नंबर 05023 गोरखपुर से आनंद विहार टर्मिनल के लिए 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05531 रक्सौल से आनंद विहार टर्मिनल के लिए 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05045 लालकुआं से राजकोट के लिए 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 09196 मऊ से वडोदरा के लिए 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05538 दौराई से दरभंगा के लिए 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 04062 दिल्ली से बरौनी के लिए 31 मार्च को
- ट्रेन नंबर 05024 आनंद विहार टर्मिनल से गोरखपुर के लिए 01 अप्रैल को
- ट्रेन नंबर 05532 आनंद विहार टर्मिनल से रक्सौल के लिए 01 अप्रैल को
- ट्रेन नंबर 05046 राजकोट से लालकुआं के लिए 01 अप्रैल को
- ट्रेन नंबर 04061 बरौनी से दिल्ली के लिए 01 अप्रैल को
- ट्रेन नंबर 05052 सिकंदराबाद लिए 01 अप्रैल को
- ट्रेन नंबर 05977 गोरखपुर डिब्रुगढ़ के लिए 01 अप्रैल को
- ट्रेन नंबर 05778 न्यू जलपाईगुड़ी से गोरखपुर के लिए 01 अप्रैल को
- ट्रेन नंबर 06092 मऊ से पोत्तनूर के लिए 01 अप्रैल को

### जम्मू जाने वाली सभी ट्रेनें फुल

अमृत विचार, लखनऊ : नवरात्रि पर जम्मू जाना आसान नहीं होगा। नौ अप्रैल से 17 अप्रैल तक इस बार नवरात्र का त्योहार है। ऐसे में वैष्णो देवी दर्शन के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। जम्मूतवी की नियमित ट्रेनों में लंबी वेटिंग पहुंच गई है। लखनऊ होकर वैष्णो देवी के लिए विभिन्न शहरों से आठ ट्रेनें चलती हैं। इनमें दो ट्रेनों का संचालन नियमित होता है। अन्य चार ट्रेनें सप्ताह में एक दिन ही चलती हैं। एक ट्रेन दो दिन और एक तीन दिन चलती है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रेल मंत्री से अनुरोध कर गोमतीनगर कटरा के बीच नई ट्रेन की घोषणा की थी लेकिन ट्रेन शुरू होने का इंतजार खत्म नहीं हुआ। विभागीय अधिकारियों के बाद अब चुनाव के बाद ट्रेन का संचालन शुरू हो सकता है।

**लखनऊ से गुजरने वाली जम्मू की ट्रेनें- ट्रेन चलने का दिन**

बेगमपुरा एक्सप्रेस -प्रतिदिन
कोलकाता-जम्मूतवी प्रतिदिन
अर्चना एक्सप्रेस- मंगलवार, शनिवार
अमरनाथ एक्सप्रेस- सोमवार
अमरनाथ एक्सप्रेस- सोमवार
गाजीपुर-वैष्णो देवी एक्सप्रेस- शुक्रवार
हमसफर एक्सप्रेस- मंगलवार
लोहित एक्सप्रेस- मंगलवार

### किराए का भुगतान यूपीआई से कर सकेंगे यात्री

**अमृत विचार, लखनऊ :** यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर से जनरल टिकट खरीदना अब आसान हो गया है। इन टिकटों के लिए वह ऑनलाइन भुगतान कर सकेंगे। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल ने डिजिटलीकरण की दिशा में कदम बढ़ा कर यात्रियों को यह राहत दी है। अब ट्रेन के अनारक्षित टिकटों की खरीद पर यात्री यूपीआई से ऑनलाइन किराये का भुगतान कर सकेंगे। टिकट काउंटर पर मौजूद क्यूआर कोड स्कैन कर भुगतान की सुविधा शुक्रवार से लखनऊ, बनास, प्रयागराज और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशनों पर शुरू कर दी गई है। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि यह सुविधा मंडल के कुल 19 स्टेशनों पर जल्द ही शुरू हो जाएगी। वर्तमान में मंडल के चार स्टेशनों पर यह सुविधा शुरू कर दी गई है। लखनऊ मंडल के 15 स्टेशनों में अकबरपुर, अमेठी, अयोध्या कैंट, बाराबंकी, भदोही, जंघई, जौनपुर, जौनपुर सिटी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, निहालगढ़, उन्नाव, प्रयागराज, रायबरेली, शाहगंज और सुल्तानपुर में जल्द शुरू किया जाएगा।

# नीति आयोग करेगा भूजल और आपूर्ति की मॉनीटरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 100 आकांक्षात्मक ब्लॉकों की प्रगति का करेगा अनुश्रवण
- नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति का लिया विवरण, मिलेगी रैंकिंग

अमृत विचार : नीति आयोग प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति को भी शामिल कर पोर्टल से विवरण लिया गया है। जिसका अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित की जाएगी।

नीति आयोग एस्पिरेशनल ब्लॉक प्रोग्राम (एबीपी) के तहत महत्वाकांक्षी जिलों के आकांक्षात्मक विकास खंडों की प्रगति का अनुश्रवण करेगा। इसमें अन्य विभागों की योजनाओं के साथ नमामि गंगे के तहत भूगर्भ जल स्तर व ग्रामीण जलापूर्ति के हर घर जल कनेक्शन शामिल हैं। केंद्र के पोर्टल, डैशबोर्ड व वेबसाइट से ऑनलाइन विवरण प्राप्त कर व प्रगति का अनुश्रवण कर त्रैमासिक रैंकिंग निर्धारित की जाएगी। इससे प्रगति का पता चलने के साथ बेहतरी आएगी। शासन ने संबंधित विभाग के अधिकारी को जल्द से जल्द प्राथमिकता से कार्य कराने के निर्देश दिए हैं। इससे आगे किसी तरह की समस्या नहीं आएगी और अनुश्रवण से सुधार आएगा।

# कई क्षेत्रों में आज प्रभावित रहेगी विद्युत आपूर्ति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शनिवार को जानकीपुरम, इटौंजा और बीकेटी में सुबह से शाम तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी। इस दौरान आरडीएसएस योजना के तहत खुले तार के स्थान पर एबीसी केबल लगाने का कार्य किया जाएगा। ऐसे में 10 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

इंजीनियरिंग कॉलेज जानकीपुरम में सेक्टर एच-2, सेक्टर एच-4, सिकंदरपुर, सेक्टर जी, जानकी वाटिका, सेक्टर आई जानकीपुरम में माड़ियाव, 60 फिट रोड, जानकी विहार, जानकीपुरम विस्तार उपकेंद्र में सेक्टर 9, कचनार पार्क सेक्टर नौ, सेक्टर 2, सेक्टर 4, 5 की सप्लाई बाधित रहेगी। यह जानकारी रहीम नगर के अधिशासी अभियंता ने दी। सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक बक्शी का तालाब के सभी फीडर की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस बीच स्विच यार्ड में मरम्मत का काम किया जाएगा।

### चालक ब्लैक लिस्टेड परिचालक कार्यमुक्त

**अमृत विचार, लखनऊ :** यात्री से मारपीट के आरोप में अनुबंधित बस चालक को ब्लैक लिस्ट किए जाने के साथ ही परिचालक को कार्यमुक्त कर दिया गया है। ब्लैक लिस्ट किए गए चालक को अब दोबारा अनुबंधित बसों की स्टेयरिंग थामने का मौका नहीं दिया जाएगा। इस पूरे मामले में पुलिस और एआरएम की जांच की जा रही है, रिपोर्ट आने पर मुख्यालय स्तर से कार्रवाई की जाएगी। गुरुवार को कैसरबाग बस अड्डे पर बस ड्राइवर और यात्री के बीच मारपीट के दौरान कान काटने का वीडियो वायरल हुआ। इसकी जांच शुरू की जा रही है। बस रोकने को लेकर यात्री और चालक के बीच हुई झड़प की फुटेज खंगाली जा रही है। कैसरबाग बस अड्डे से सीतापुर जा बस संख्या यूपी 34 टी 9813 के बस चालक रियाज और परिचालक शरण मिश्रा को पुलिस गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है। कैसरबाग डिपो के एआरएम अरविंद कुमार ने बताया कि मामला गंभीर है। इससे रोडवेज की छवि धूमिल हुई है। इस मामले को मुख्यालय ने संज्ञान लिया है। सोमवार को जांच रिपोर्ट मुख्यालय को सौंप दी जाएगी। इसके आधार पर क्षेत्रीय प्रबंधक आगे कार्रवाई करेंगे।

# खुद करेंगे मतदान और वोट देने के लिए लोगों को लाएंगे साथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** झूलेलाल जयंती की तैयारियों पर शुक्रवार को झूलेलाल मंदिर इंदिरा नगर में चेट्टी चंद मेला कमेटी के पदाधिकारियों ने बैठक की और निर्णय लिया है कि 10 अप्रैल को झूले लाल वाटिका में होने वाले आयोजन में मुंबई के सिंधी कलाकार सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

- सिंधी समाज ने लिया वोट के लिए लोगों को प्रेरित करने का संकल्प
- झूलेलाल जयंती की तैयारियों पर आयोजित हुई बैठक में लिया गया निर्णय

वाटिका में 60 से ज्यादा सिंधी व्यंजनों के स्टॉल लगाए जाएंगे। इन पर सिंधी में बोल कर कूपन द्वारा ही सामान दिया जायेगा इसके अलावा शोभा यात्रा में इस बार ड्रेस कोड में सिंधी महिलाएं कलश यात्रा भी निकालेंगी। यह जानकारी संगठन के प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने दी। उन्होंने बताया कि मतदान में सिंधी समाज बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेगा। अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, सतीश आडवानी, सुरेश छबलानी, मुरलीधर आहूजा, श्याम कृष्नानी, नानक चंद लखमानी, किशन चंद बम्बानी समेत समाज के लोगों ने मतदान हर हाल में करने और परिवारीजनों एवं अन्य लोगों को साथ लाकर वोट कराने की शपथ ली। प्रवक्ता ने बताया कि झूलेलाल जयंती में दो दिन सिंधी समाज व्यापारी खरीदारी पर छूट भी देंगे।

जागरूकता अभियान के तहत मतदान को लेकर संकल्प लेते व्यापारी। अमृत विचार

# आईपीएल मैच आज, शहीद पथ पर आवाजाही से बचें

## दोपहर 3 से रात 12 बजे तक लागू रहेगा डायवर्जन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में इंडियन प्रीमियम लीग का पहला मैच शनिवार को खेला जाएगा। मैच के दौरान यातायात और सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार खुद कमान संभाले हैं। मैच के दिन दोपहर 3 बजे से रात 12 बजे तक शहीद पथ और स्टेडियम के आसपास के मुख्य मार्गों पर डायवर्जन लागू रहेगा। स्टेडियम के आसपास रहने वाले लोगों से शाम 6 से 8 बजे तक आवाजाही से बचने की अपील भी की गई है। जरूरी होने पर वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

### रोडवेज और निजी बसों की नहीं होगी आवाजाही

- शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज और निजी बस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक रूट से वाहन निकाले जाएंगे। निजी वाहनों, किराये की टैक्सी और कार पर रोक नहीं होगी।
- सुल्तानपुर रोड पर वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे। अर्जुनगंज, कैंट की तरफ से आने वाले वाहन कटाई पुल से मुड़ेंगे।

**सिटी बसें**

- मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया और सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच में नहीं रुकेंगी। ये सड़क की दाई ओर ही चलेंगी।

**ऑटो व ई-रिक्शा**

- ई-रिक्शा और ऑटो शहीद पथ और सर्विस रोड पर नहीं चलेंगे।
- अर्जुनगंज से आने वाले ई रिक्शा और ऑटो अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होकर जी-20 तिराहा से गोमतीनगर की ओर जाएंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा बाएं मुड़कर लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर एरिया में सवारी उतारी व बैठाई नहीं जाएंगी।

**कैब की यह रहेगी सुविधा**

- सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर कैब चालक सवारी नहीं बैठाएंगे।
- एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे।
- अर्जुनगंज की ओर से आने वाले वाहन अहिमामऊ से बाएं मुड़कर पीएचक्यू, यूपी- 112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे और पीएचक्यू के सामने से जी-20 तिराहे से गोमतीनगर की ओर जाएंगे।

### मैच के दौरान ये रहेगी वाहन पार्किंग व्यवस्था

- पास वाले वाहन अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियो होते हुए चिन्हित पार्किंग में खड़े किए जाएंगे।
- जिनके पास वाहन पास नहीं हैं। वह अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियो मॉल में पार्किंग दी जाएगी। प्लासियो मॉल की पार्किंग भरने पर वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग सुविधा रहेगी।

**दो पहिया वाहन यहां किए जाएंगे पार्क**

- दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुए प्लासियो माल के पीछे पार्क कराए जायेंगे।
- वीवीआईपी और वीआईपी के साथ आने वाले स्कार्ट स्टेडियम से वापस मॉल और पीएचक्यू के पीछे वाली सड़क पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास वाहन पार्क नहीं होंगे।

- प्लासियो माल के सामने या स्टेडियम के सामने ईधर-उधर अवैध पार्किंग करने पर गाड़ी टो कर ली जायेगी।

**टिकट के क्यूआर कोड पर दिखेगा पार्किंग स्थल का मैप**

- टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा, जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप के साथ में दिखेगा।
- पीआईपी के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों को स्टेडियम में जाने की अनुमति बिना पास नहीं होगी।
- बिना हार्ड कॉपी के टिकट के स्टेडियम में एंट्री नहीं होगी। मैच के दिन कोई काउंटर नहीं खुलेगा।
- मैच शुरू होने से तीन घंटे पहले तक प्रवेश दिया जाएगा। अंतिम प्रवेश मैच की दूसरी पारी के बीच तक दिया जाएगा।
- स्टेडियम से निकलने के बाद दोबारा आने की अनुमति नहीं रहेगी।
- पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एंड ड्राप स्टैंड होगा। यहां निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार सकेंगे, बैठा सकेंगे।
- कोई व्यक्ति बिना ड्यूटी कार्ड या टिकट के स्टेडियम में प्रवेश नहीं करेगा, पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

**स्टेडियम में ये सामग्री ले जाना प्रतिबंधित**

- खेल प्रेमी स्टेडियम के अंदर सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ आदि आईसीसी व बीसीसीआई के निर्देशानुसार नहीं ले जा सकते हैं।

### डॉक्टर पर लगाया यौन शोषण का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुड़म्बा थाने में एक युवती ने निजी अस्पताल के डॉक्टर पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। युवती का कहना है कि डॉक्टर उसे झांसा में लेकर अपने फ्लैट में लेकर गया। वहां उसने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर डॉक्टर उससे शादी करने का झांसा देकर सात माह तक शारीरिक शोषण करने लगा। गर्भवती होने पर गर्भपात करा दिया। प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, मूलरूप रायबरेली जनपद की युवती गुड़म्बा के एक अपार्टमेंट में रहती है। युवती ने बताया कि बाराबंकी के कोठी थाना निवासी डॉ. तपन से उनका परिचय हुआ। अगस्त 2022 को डॉ. तपन उसे फिल्म दिखाने के लिए मॉल लेकर गया। फिर बीमारी को बहाना कर अयोध्या मार्ग स्थित अपने फ्लैट पर लेकर पहुंचा, जहां उसने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी करने का झांसा देकर सात माह तक शारीरिक शोषण करता रहा। गर्भवती होने पर आरोपी ने दवा खिला कर गर्भपात कर दिया। तबीयत बिगड़ने पर युवती ने डॉक्टर के खिलाफ गुड़म्बा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## एक नजर

### अभी तक प्रकाशकों की सूची नहीं हो सकी जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** माध्यमिक शिक्षा परिषद की ओर से अभी तक सस्ती दरों पर पाठ्य पुस्तकें मुहैया कराने के लिए प्रकाशकों के नाम तक नहीं तय किए जा सके हैं। नया शैक्षिक सत्र 1 अप्रैल से शुरू हो जायेगा। एनसीईआरटी की किताबें महंगी दरों पर बाजार में पहले ही आ गई हैं। ऐसे में यदि विभाग की लापरवाही इसी तरह से बनी रही तो अभिभावक महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर रहेंगे। इस बार निजी प्रकाशकों ने किताबों पर रेट भी बढ़ा दिए हैं जिससे अभिभावकों को ज्यादा कीमत भी चुकानी होगी। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव की ओर से पूर्व में दावा किया गया था कि जो माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रकाशकों का नाम सत्र शुरू होने से पहले ही चयन कर लिया जायेगा। अभी तक इसकी कोई जानकारी परिषद की ओर से जिला विद्यालय निरीक्षकों को नहीं भेजी गई है। हालांकि इस बारे में सचिव परिषद दिक्कांत शुक्ला का कहना है कि जल्द ही विभाग की ओर से अधिकृत प्रकाशकों की सूची जारी कर दी जायेगी।

# 8 ग्रुपों के सहारे मिलेंगे 31 विषयों के विकल्प

## लविवि में शुरू हुई आवेदन प्रक्रिया, विषय चयन को लेकर पहली बार मिली सहूलियत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नई व्यवस्थाओं के सहारे लखनऊ विश्वविद्यालय की आवेदन प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू हो गई। बीए नैप से जुड़े छात्रों को 31 विषयों में किसी भी विषय का चयन करने की सुविधा दी गई है। विवि की वेबसाइट ने 8 ग्रुपों के रूप में इसे जोड़ा है।

लखनऊ विवि और उसे संबद्ध महाविद्यालयों में बीए नैप में प्रवेश को लेकर आवेदन आरंभ हो गए हैं। विषय चयन को लेकर विवि प्रशासन ने इसे पुनर्धारण कर दिया है। विषयों को ए से लेकर एच तक ग्रुपों में बांटते हुए छात्रों को सुविधा प्रदान की जा रही है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव कहते हैं कि ग्रुपों के सहारे 31 विषयों का चयन बीए नैप से जुड़ने वाले छात्र कर सकते हैं। प्रत्येक ग्रुप में एक ही विषय का चयन किया जा सकता है। मेजर के रूप में आवंटित विषय को माइनर के रूप में नहीं लिया जा सकता। सांख्यिकी विषय को माइनर के रूप में तब ले सकते हैं, जब अभ्यर्थी ने गणित विषय मेजर के रूप में लिया हो। सांख्यिकी के साथ गणित विषय लेना अनिवार्य है।

**इस व्यवस्था से हुआ विषयवार चयन :** ग्रुप ए में हिंदी, लिंगेस्टिक्स, फंक्शनल हिंदी और उर्दू को शामिल किया गया है। ग्रुप बी में इग्लिश, मैथमेटिक्स, फंक्शनल संस्कृत, संस्कृत विषय हैं। ग्रुप सी में एंशियंट इंडियन हिस्ट्री, एशियन कल्चर, और हिस्ट्री विषय हैं। ग्रुप डी में एकोनॉमिक्स, ज्योतिर्विज्ञान, फ्रेंच, अरब कल्चर, एरॉबिक, पर्शियन है। ग्रुप ई में जियोग्राफी, होम साइंस, फिजिकल एजूकेशन, स्टेटिक्स और फिलॉस्फी है। ग्रुप एफ में पॉलिटिकल साइंस, डिफेंस स्टडीज, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन, ट्रैवेल एण्ड टूरिज्म मैनेजमेंट विषय हैं। वहीं ग्रुप जी में सोशियोलॉजी, सोशल वर्क, एथ्रोलॉजी को जोड़ा गया है। जबकि ग्रुप एच में साइकोलॉजी और एनसीसी शामिल हैं।

### लीजिए यूजी और प्रोफेशनल प्रोग्राम की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय स्नातक एवं स्नातक प्रोफेशनल पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश आरंभ करने जा रहा है। आवेदन के साथ छात्रों के लिए 4250 सीटों की व्यवस्था की गई है। महाविद्यालयों की सीटों का भी प्रवेश विवि के सापेक्ष ऑनलाइन रहेगा।

स्नातक यूजी एवं स्नातक प्रोफेशनल प्रोग्राम पाठ्यक्रमों के लविवि ने आवेदन आरंभ कर दिये हैं। अभ्यर्थियों को आवेदन के दौरान एलयूआरएन का पंजीकरण कराना अनिवार्य रहेगा। प्रवेश प्रक्रिया के लिए अभ्यर्थी एडमीशन पेज के यूजी प्रोग्राम में जाकर लिंक कर सकते हैं। यूजी व्यवस्था में जनरल, ओबीसी, एससी एसटी को सुविधा दी गई है। यूजी प्रोफेशनल बीबीए और बीसीए के अन्तर्गत भी पूर्ववत सुविधाएं दी जाएंगी। बीएलएड में आवेदन करने के दौरान छूट भी मिलेगी। लविवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया में शामिल होने की व्यवस्था पिछले वर्ष की तरह ही रहेगी।

**▸▸ बीए के छात्रों को मिलीं सबसे अधिक सीटें**

बीए पाठ्यक्रम के लिए विवि ने 1350 सीटों का निर्धारण किया है। बीएससी बॉयोलॉजी में 280 सीटें हैं। बीएससी में मैथ में 470, बीकॉम ऑनर्स में 180 और बीकॉम नैप में 450 सीटों की सुविधा दी गई है। इसके अलावा बीकॉम सेल्फ नैप में 240, एलएलबी 160, बीसीए 120, बीबीए 300 सीटें उपलब्ध हैं।

**▸▸ 11 विषयों में सीटें 100 से कम**

बीएफए इन टेक्सल डिजाइन में 10 सीटें, बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट में 14 और 5 के अलावा बीबीए, बीबीए टूरिज्म और डीफार्मा में 60-60 सीटें निर्धारित की गई हैं। बीए, बीएससी योगा में 60 सीटों का निर्धारण हुआ है।

## मैनेजर ने फंदा लगाकर की खुदकुशी

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाना अंतर्गत कमता में केशव (35) ने शुक्रवार को फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक मूलरूप से मधुबनी बिहार निवासी केशव चिनहट के कमता शिवपुरी कॉलोनी में किराए के मकान पर रह रहा था। वह एक निजी संस्थान में मैनेजर के पद पर कार्यरत था। शुक्रवार रात को केशव ने कमरे में फंदा लगा जान दे दी। परिवार को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

# क्लासीफाइड

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 2263759 वर्ष 2010 वास्तव में कहीं खो गया है। **शाहिला राशिद पुत्री अब्दुल राशिद सदर बाजार करनैलगंज गोंडा**

**सूचना**

सूचित हो कि मैं भावना भट्ट तिवारी पत्नी मनोज कृष्ण तिवारी निवासी 8/54 a-3 अशोक विहार कॉलोनी, इंदिरानगर लखनऊ, मैंने अपने पुत्र का नाम Avyukt Tiwari से बदलकर Anshuman Tiwari रख लिया हैं, आज से उसे Anshuman Tiwari के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र सह प्रमाणपत्र अनुक्रमांक 212627168 वर्ष 2021 वास्तव में कहीं खो गया है। **मोहम्मद एहतिशाम पुत्र अनीस अहमद ग्राम परशरामपुर थाना पखरपुर बहराइच**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सम्पत्ति/भूखण्ड संख्या- सी-27, स्थित माधव ग्रीन, लखनऊ से सम्बन्धित मूल विक्रय विलेख पंजीकृत दिनाकं - 29-11-2014, बही संख्या-01, जिल्द संख्या- 16148 के पृष्ठ संख्या- 235 से 260 तक क्रमांक संख्या-20068 उप निबन्धक कार्यालय, द्वितीय, लखनऊ में पंजीकृत है, जो कि मेसर्स अर्षा इन्फ्रा डेवलपर्स प्रा0लि0 द्वारा निदेशक, मथुरेश श्रीवास्तव द्वारा श्रीमती सुषमा यादव पत्नी श्री सुनील के पक्ष में निष्पादित है, वास्तव में कहीं खो गया है, जो कि बहुत खोजने के बाद भी नहीं मिला। सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर में ऋण हेतु आवेदन किया गया है। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा किसी भी प्रकार का दावा अथवा आपत्ति किया जाता है तो वह अपना दावा/आपत्ति 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी अथवा बैंक आफ बड़ौदा, शाखा- शहजादपुर, अम्बेडकरनगर के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। सूचना प्रकाशन के 15 दिनों उपरान्त किसी भी व्यक्ति/संस्था का दावा उक्त सम्पत्ति के विरूद्ध उक्त मूल बैनामा के आधार पर मान्य नहीं होगा।

प्राथिर्नी (हेमलता वर्मा) पता- 1/43, विकास नगर, सेक्टर-1, लखनऊ। मो0नं0- 7007914933

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाईस्कूल का अंकपत्र सहप्रमाणपत्र वर्ष 2022 अनुक्रमांक 1222367663 वास्तव में खो गया है। **महेश पुत्र श्री पप्पू ग्राम धरमपुर पोस्ट पातुपुर थाना रानीपुर जिला बहराइच, पिन कोड 271872**


# रैंकिंग में लखनऊ विवि को 91 वां स्थान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ स्किमागो इंस्टीट्यूशंस की रैंकिंग में हुई बढ़ोतरी**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्किमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग 2024 में सफलता हासिल की है। कुलपति का कहना है कि एक वर्ष के भीतर रैंकिंग में काफी बदलाव हुआ है। जो आंकड़ों के रूप में दर्शा रहा है।

स्किमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग जारी होते ही रैंकिंग में भाग लेने वाले 324 भारतीय संस्थानों में से लखनऊ विश्वविद्यालय को 91वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2023 में विवि 181वें स्थान पर था। लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बताया कि स्किमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग अकादमिक का एक वर्गीकरण है।

इसमें अनुसंधान-संबंधित संस्थानों को एक समग्र संकेतक द्वारा क्रमबद्ध किया जाता है, जो अनुसंधान प्रदर्शन, नवाचार आउटपुट और उनकी वेब दृश्यता (वेबसाइट से) द्वारा मापे गए सामाजिक प्रभाव के आधार पर संकेतकों के तीन अलग-अलग सेटों को जोड़ता है। बताते हैं कि सामाजिक प्रभाव श्रेणी में विवि को 21वीं रैंकिंग हासिल हुई है। वर्ष 2023 में विवि की 139 वीं रैंक थी।

### अनुसंधान और प्रकाशनों की बढ़ी गुणवत्ता

लखनऊ विश्वविद्यालय वैश्विक शैक्षणिक रैंकिंग में आगे आया है। नीतिगत निर्णयों के कारण शिक्षा, अनुसंधान और प्रकाशनों की गुणवत्ता बढ़ी है। अनुसंधान उत्कृष्टता और अकादमिक अखंडता की संस्कृति को भी बढ़ावा मिला है। शिक्षा और नवाचार के माध्यम से सकारात्मक सामाजिक प्रभाव ने भी रैंकिंग को आगे बढ़ाया है।

लखनऊ डायट पर एनईपी 2020 के तहत प्रशिक्षण पाने वाले माध्यमिक शिक्षक प्रमाण पत्र के साथ। अमृत विचार

# एनईपी के तहत माध्यमिक शिक्षकों को मिला प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ नये सत्र से कॉलेजों में सुधरेगी शैक्षिक गुणवत्ता**

**अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति 2020 (एनईपी) के क्रम में माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से संचालित कॉलेजों में शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने की पहल जारी है। एनईपी के तहत राजधानी के कॉलेजों के शिक्षकों को जिला एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण की शुरूआत उप शिक्षा निदेशक डॉयट प्राचार्य अजय कुमार सिंह ने की। संयोजक के रूप में वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ बिजेंद्र सिंह और संदर्भ दाताओं गगन पाण्डेय रहे। वन्दना तिवारी की ओर से प्रशिक्षण के अलग-अलग सत्रों का संचालन किया गया। जिला समन्वयक संतोष मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के सन्दर्भ में माध्यमिक शिक्षकों व प्रधानाचार्यों के उन्मुखीकरण संबन्धित तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण में एनईपी के तहत राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2023 से संबंधित अलग-अलग प्रावधानों पर विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। इनसे संबंधित जिज्ञासाओं पर चर्चा की गई। इस प्रशिक्षण का समापन शुक्रवार को हुआ। डॉयट प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण किया।


अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/वाराणसी निम्नलिखित कार्य हेतु **आनलाईन (ई - टेन्डरिंग) के माध्यम से** "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. (1)** कार्य का नाम : विधुत विभाग के लिए छपरा डिपो में एच. टी. /एल.टी. पैनल रूम के प्रावधान और छपरा में पार्सल कार्यालय, मालगोदाम के सुधार और पाथवे के प्रावधान के बचे हुए कार्य से संबंधित सिविल कार्य।, ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2023-248, अनुमानित लागत (₹) : 52,22,500/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 1,04,500/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 23.04.2024, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह। **क्र.सं. (2)** कार्य का नाम : सीसेइ(पीवे) / पूर्व / सिवान के अधिकार क्षेत्र के तहत ट्रॉली रिफयूजी स्टैडराइजेशन और मेकिंग।, ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2023-249, अनुमानित लागत (₹) : 46,16,181/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 92,300/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 24.04.2024, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह। **क्र.सं. (3)** कार्य का नाम : छपरा-भटनी खण्ड में अनाधिकार / प्रवेश/सुरक्षा/ समपार स्थान पर बाड़ लगाने का प्रावधान।, ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2023-250, अनुमानित लागत (₹) : 43,99,600/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 88,000/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 24.04.2024, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 06 माह। **क्र.सं. (4)** कार्य का नाम : गोरखपुर छावनी(छोड़कर) - छपरा खण्ड में परियोजना कार्य के सम्बन्ध में विविध कार्य।, ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2023-251, अनुमानित लागत (₹) : 7,86,226/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 15,700/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 24.04.2024, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 03 माह। **क्र.सं. (5)** कार्य का नाम : बैतालपुर-गौरीबाजार के मध्य समपार सं० 136 कि०मी० 465/713, गौरीबाजार - चौरीचौरा के मध्य समपार सं० 141 कि०मी० 472/522, पर लिमिटेड हाईट सब-वे (एलएचएसडब्ल्यू) का प्रावधान (कुल दो नम्बर)।, ई-निविदा सूचना सं०: एनईआर- बीएसबी-2023-252, अनुमानित लागत (₹) : 12,35,73,473/-, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (₹) : 7,67,900/-, निविदा बन्द होने की तिथि : 24.04.2024, स्वीकृति पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 12 माह। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर- बीएसबी-2023-248 दिनांक 23.04.2024 को 14.30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। ● निविदा सूचना संख्या एनईआर- बीएसबी-2023-249 से एनईआर- बीएसबी-2023-252 दिनांक 24.04.2024 को 14.30 बजे तक आनलाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। ●यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना मे अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

मण्डल रेल प्रबन्धक/(इन्जी०), वाराणसी

मुजाधि/डब्ल्यू- 605

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।


# लखनऊ के एसपी और विकास करेंगे स्कोरिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आईपीएल के सभी मुकाबलों के लिए लखनऊ के एसपी सिंह,विकास पांडेय के साथ कानपुर के एपी सिंह, रामजी तिवारी और प्रयागराज के अखिलेश त्रिपाठी स्कोरिंग का दायित्व निभायेंगे। पहले मैच के लिए बीसीसीआई पैनल के इन पांचों अंतरराष्ट्रीय स्कोररों की शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में मैच रेफरी के साथ औपचारिक मीटिंग हुई। इन पांच स्कोररों में दो ऑफिशियल स्कोरर, एक डीएल मैनेजर और शेष दो मीडिया स्कोरर की भूमिका निभाएंगे।

**... तो होगी रनों की बारिश :** लखनऊ सुपर जायंट्स ने मुकाबले से पहले इकाना स्टेडियम में तकरीबन 10 दिन जमकर अभ्यास किया। इस दौरान दो अभ्यास मैच भी खेले, जिसमें 180 के करीब रन बने। ऐसे में अभ्यास सत्र के दौरान एलएसजी टीम के प्रबंधकों साथ ही खिलाड़ियों ने भी यहां की पिच की तारीफ की। ऐसे में इस बार आईपीएल मुकाबलों के दौरान भी रनों की बारिश होने की संभावना है, जिसका फायदा मैच खेलने वाली दोनों टीमों को मिलेगा।

प्रेसवर्ता करते एलएसजी कोच जस्टिन लैंगर

**राहुल टीम की ताकत : जस्टिन लैंगर :** केएल राहुल हमारे अहम खिलाड़ी है और टीम की ताकत है। वे हमेशा टीम की जीत के लिए ही सोचते हैं। एलएसजी के चीफ कोच जस्टिन लैंगर ने यह जानकारी शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि लखनऊ की पिच बहुत ही शानदार दिख रही है। इसका सीधा असर स्कोर पर पड़ेगा। उन्होंने एलएसजी को पहले मैच में मिली हार को निराशाजनक बताया।

**लखनऊ को घर में हराएंगे : जोशी :** पंजाब किंग्स के चीफ कोच सुनील जोशी ने कहा कि हम लखनऊ में लखनऊ सुपर जायंट्स को हराने को तैयार है। मेहमान टीम होने के बावजूद हम यहां पर जीत हासिल करेंगे और एक नई शुरुआत करेंगे। लखनऊ की पिच को लेकर उन्होंने कहा कि इकाना के मैदान की मुझे बेहतर जानकारी है। मैं अपने खिलाड़ियों को बता सकता हूं कि यहां किस तरह की गेंदबाजी करनी है और बल्लेबाजी के लिए कौन से एरिया चुनने हैं।

कोच सुनील जोशी

### दर्शकों को लखनऊ मेट्रो की सुविधा मध्य रात्रि तक

**अमृत विचार :** लखनऊ मेट्रो ने क्रिकेट प्रेमियों लगातार दूसरे वर्ष सौगात देने जा रहा है। लखनऊ मे खेले जाने वाले सभी आईपीएल मैचों के दौरान यात्रियों की सुविधा के लिए लखनऊ मेट्रो ट्रेन को संचालन मध्यरात्रि तक किया जाएगा। इकाना क्रिकेट स्टेडियम में जाने वाले दर्शकों के लिए लखनऊ मेट्रो ने अपनी आखिरी ट्रेन दोनों टर्मिनल स्टेशन (सीसीएस एवं मुंशीपुलिया मेट्रो स्टेशन) से रात 12:30 बजे रवाना करने का फैसला किया है। लखनऊ मेट्रो ने दर्शकों की सुविधा के लिए ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से इकाना स्टेडियम के बीच आने-जाने के लिए लखनऊ सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेज के साथ मिलकर लो फ्लोर फीडर बस सेवाओं की भी व्यवस्था की है।

**सभी आईपीएल मैचों के दौरान मध्यरात्री तक फीडर बसों की सुविधा :** ट्रांसपोर्ट नगर से इकाना स्टेडियम, इकाना से ट्रांसपोर्ट नगर तक, इकाना स्टेडियम - इंदिरानगर मेट्रो स्टेशन, इंदिरा नगर मेट्रो स्टेशन से इकाना स्टेडियम, रात 9:30 बजे से मध्यरात्रि तक।

**इस दिन मिलेगी देर रात तक मेट्रों सेवा**

| | |
|---|---|
| 30 मार्च | एलएसजी बनाम पीबीकेएस |
| 7 अप्रैल | एलएसजी बनाम जीटी |
| 12 अप्रैल | एलएसजी बनाम डीसी |
| 19 अप्रैल | एलएसजी बनाम सीएसके |
| 27 अप्रैल | एलएसजी बनाम आरआर |
| 30 अप्रैल | एलएसजी बनाम एमआई |
| 5 मई | एलएसजी बनाम केकेआर |

**सेल्फी खीचिंए, मिलेगा ईनाम :** लखनऊ मेट्रो ने हजरतगंज और चारबाग मेट्रो स्टेशनों पर एक-एक मेट्रो एलएसजी स्टैंडी रखी है। एसजी फैन्स को इन मेट्रो स्टेशनों पर रखी स्टैंडी के साथ फो सेल्फी खिंचवा कर यूपीएमआरसी के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडलपर टैग करना होगा। मेट्रो इनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ फोटो को चुनकर विजेताओं को खास एलएसजी उपहार से पुरस्कृत करेगी। यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने कहा कि यह लगातार दूसरा वर्ष है जब हम स्टेडियम में आईपीएल मैच देखने आने वाले प्रत्येक क्रिकेट प्रेमी को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए मिडनाइट मेट्रो की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।

## जयभारत अकादमी ने राजा करन अकादमी को हराया

**अमृत विचार, लखनऊ :** खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग में शुक्रवार को जय भारत अकादमी के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज की। पद्मश्री मो.शाहिद हॉकी स्टेडियम में जय भारत अकादमी ने शुक्रवार को राजा करन अकादमी को 10-0 से हरा कर पूरे अंक हासिल किए। खेलो इंडिया स्टेट एक्सीलेंस सेंटर ने भाई भेलो अकादमी को 3-0 से हराया। नवल टाटा अकादमी और हर हॉकी अकादमी का मुकाबला बराबरी पर छूटा। प्रीतम सिवाच अकादमी और साई बाल टीम का मैच ड्रा हो गया।

जयभारत अकादमी और राजा करन के बीच एकतरफा मुकाबला देखने को मिला। मैच के दौरान राजा करन अकादमी के खिलाड़ी जय भारत के डी तक नहीं पहुंच सके। विजेता टीम से सेनिशा सैनी ने पांच गोल दागे। अन्नू ने तीन गोल किए।


प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

**वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय**

**वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग**

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

**बी.एस.सी. नर्सिंग**

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

**पोस्ट बेसिक नर्सिंग**

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

**जी.एन.एम.**

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

**ए.एन.एम.**

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

**बच्चों का चश्मा हटाए**

GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें

**जन कल्याण आँख का अस्पताल**

ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ

मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में

स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

इस विज्ञापन की पाँच प्रति/कटिंग लाने पर एक व्यक्ति की परामर्श शुल्क (Consultation fee) निःशुल्क


# जय प्रताप फिर बने उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जय प्रताप सिंह (पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार व विधायक) को उत्तर प्रदेश तैराकी एसोसिएशन की शुक्रवार को हुई वार्षिक आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से पुनः अध्यक्ष चुन लिया गया। गोमतीनगर एल्डिको ग्रीन स्थित एफिल क्लब में चुनावों में शिवम कपूर सचिव और शिव शंकर दत्ता कोषाध्यक्ष चुने गए।

केंद्र सरकार के स्पोर्ट्स कोड के अनुसार हुए ये चुनाव उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के पर्यवेक्षक एसके तिवारी (ओएसडी), उत्तर प्रदेश खेल विभाग के पर्यवेक्षक अजय कुमार सेठी (क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी लखनऊ) एवं भारतीय तैराकी संघ के पर्यवेक्षक राज कुमार की मौजूदगी में हुए।

उत्तर प्रदेश स्वीमिंग एसोसिएशन की गठित हुई नई कार्यकारिणी। अमृत विचार

**▸▸ शिवम कपूर सचिव, शिव शंकर दत्ता होंगे कोषाध्यक्ष**

चुनावों में कोई अतिरिक्त नामांकन न होने के चलते सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। चुनाव के बाद रिटर्निंग आफिसर सुधीर शर्मा (पूर्व डिप्टी एसपी) ने परिणाम घोषित किए। नवनिर्वाचित सचिव शिवम कपूर ने बताया कि उत्तर प्रदेश तैराकी चैंपियनशिप का आयोजन सिद्धार्थनगर में किया जाएगा। तिथियों की घोषणा बाद में की जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य चैंपियनशिप के माध्यम से आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए उत्तर प्रदेश टीम चुनी जाएगी।

### कार्यकारिणी इस प्रकार है

**अध्यक्ष :** राजा जय प्रताप सिंह
**सचिव :** शिवम कपूर
**कोषाधयक्ष :** शिव शंकर दत्ता
**उपाध्यक्ष :** डॉ.राजेंद्र कपूर, नीरज मिश्रा, कीर्ति प्रसाद मिश्रा
**संयुक्त सचिव :** सुरेश कुमार दलाल, उमेश यादव
**कार्यकारिणी सदस्य :** शंभू प्रसाद, रवि कुमार शर्मा, पुष्पा मिश्रा, हेमा जोशी अवस्थी, गरिमा कपूर


**VARUN ARJUN UNIVERSITY**

N.H.-24, Banthra, Shahjahanpur

**Pharmacy** PCI Approved

D.Pharm/B.Pharm

VARUN ARJUN MEDICAL COLLEGE & ROHILKHAND HOSPITAL YAMCRH SHAHJAHANPUR Excellence towards profession

We focus on interdisciplinary research though collaboration with industry, medical college & develop students for future endeavors in healthcare We educate student to serve society by take care of challenges Pharmaceutical industry. We prepare our students for various competitions like exit Exam. Experienced and dedicated faculties are the hallmarks of our institute, who are continuously helping student in publishing research & obtaining patent.

Direct Admission Open

Session 2024-25

100% Placement

Admission Helpline:9455113105

SUN LUPIN Pfizer pil Psychotropics India Limited MACLEODS Cenixa Life Sciences

Website:-www.varunarjunmedicalcollege.com, Email ID: varunarjun trust@gmail.com

## एक नजर

### सर्जरी में एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की भूमिका अहम

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्जरी के दौरान सर्जन के साथ ही एनेस्थीसिया विशेषज्ञ की भूमिका बेहद अहम होती है। उसे हर मरीज के हिसाब से मानक तय करने होते हैं। इसीलिए मरीज को अपने बारे में छोटी से छोटी जानकारी एनेस्थीसिया विशेषज्ञ को देनी चाहिए। वहीं, विशेषज्ञ को भी इसका ध्यान देना चाहिए। ये बातें लोहिया संस्थान के एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख प्रो. पीके दास ने दी। वह शुक्रवार को विभाग में आयोजित पीजी रिफ्रेशर कोर्स में जानकारी साझा कर रहे थे। इससे पहले संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह ने कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. दीपक मालवीय समेत देशभर से आए विशेषज्ञों ने भाग लिया। डॉ. प्रवीर कुमार दास ने कहा कि दिल के वॉल्व की समस्या वाले मरीजों की सर्जरी बेहद जटिल होती है। इसमें असावधानी होने पर मरीज की जान को खतरा हो सकता है।

### दो लुटेरे गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिगवां पुलिस ने लूट और चोरी करने वाले दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से अवैध असलहा व कारतूस और अन्य माल बरामद किया गया है। महिगवां थाना प्रभारी शिव मंगल सिंह ने बताया कि तुफैल व जैद को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी तुफैल पर उत्तरी जोन के अलग-अलग थानों में चोरी-लूट के 16 मुकदमे और जैद पर चार मुकदमे दर्ज है।

# केजीएमयू : मरीजों की संख्या सीमित करने की तैयारी

## हॉस्पिटल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में रखा गया मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) की ओपीडी में मरीजों को देखने की संख्या तय करने की तैयारी शुरू गई है।

इस मामले को गुरुवार को आयोजित हॉस्पिटल एडवाइजरी कमेटी की बैठक में रखा गया। जल्द ही इस पर फैसले की उम्मीद है।

केजीएमयू की ओपीडी में छह से सात हजार मरीज रोज देखे जा रहे हैं। सुबह से मरीजों की कतारें लग जाती हैं। मरीजों के दबाव के मुकाबले संसाधनों की कमी है। संस्थान प्रशासन संसाधन बढ़ाने के बजाय मरीजों की संख्या सीमित करने की तैयारी में है। सुपर स्पेशियालिटी व ब्राड स्पेशियालिटी विभागों में ओपीडी मरीजों की संख्या तय की जा सकती है। इसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण भी होगा। इससे काफी हद तक मरीजों की संख्या पर काबू पाने में मदद मिलेगी। हालांकि, ओपीडी में संख्या सीमित होने का खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ सकता है। मरीजों को निजी अस्पतालों की तरफ रुख करना पड़ सकता है।

### क्वीनमेरी में अल्ट्रासाउंड जांच का शुल्क 50 रुपये बढ़ाने की तैयारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) में अल्ट्रासाउंड जांच की कीमतें 50 रुपये बढ़ाने की तैयारी है। अभी जांच 250 रुपये में हो रही है। शुल्क बढ़ाने से सम्बंधित सुझाव गुरुवार को एजेंडा एडवाइजरी कमेटी की बैठक में रखा गया।

क्वीनमेरी में जननी सुरक्षा योजना के तहत भर्ती गर्भवती महिलाओं की जांच निःशुल्क हो रही है। बाकी गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड जांच के एवज में 250 रुपये चुकाने पड़ रहे हैं। इसे बढ़ाकर 300 रुपये करने की तैयारी है। हालांकि, अफसरों का कहना है कि शुल्क बढ़ाने के लिए क्वीनमेरी की तरफ से किसी दूसरे उच्च चिकित्सा संस्थान का तुलनात्मक विवरण नहीं पेश किया गया। कमेटी का कहना है कि उच्च चिकित्सा संस्थान के तुलनात्मक ब्यौरा देने के बाद मामले को केजीएमयू प्रशासन के सामने रखा जाएगा। गर्भवती महिलाओं की दो स्थानों पर जांच होती है, जिसमें क्वीनमेरी और रेडियोलॉजी विभाग शामिल है।

# बेहोशी के डॉक्टरों की कमी से टल रहे ऑपरेशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकबंधु अस्पताल में बेहोशी के डॉक्टरों की कमी दूर होने के बजाय बढ़ती जा रही है। यहां पहले से ही सृजित पदों की अपेक्षा नियुक्ति कम थी। अब दो और डॉक्टरों की वीआईपी ड्यूटी लगा दी गई है। नतीजा अब शेष बचे महज तीन डॉक्टरों पर रोजाना करीब 15 ऑपरेशन करने का जिम्मा आ गया है। इसकी वजह से कई मरीजों के ऑपरेशन टालने पड़ रहे हैं। फिलहाल अस्पताल प्रशासन ने बेहोशी डॉक्टरों की मांग स्वास्थ्य विभाग से की है।

लोकबंधु संयुक्त चिकित्सालय 300 बेड की क्षमता का अस्पताल है। यहां पर हर दिन करीब दो हजार से अधिक मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। अस्पताल में इमरजेंसी ओटी, आईसीयू व गाइनी यूनिट का संचालन 24 घंटे हो रहा है। यहां पर आठ पद बेहोशी के डॉक्टर के सृजित हैं। इसके सापेक्ष यहां पर महज पांच डॉक्टर तैनात थे। इसमें तीन स्थाई व दो पुनर्नियुक्ति पर हैं। बीते दिनों दो बेहोशी के डॉक्टरों को वीआईपी ड्यूटी में लगा दिया गया है। अस्पताल में सीजीरियन प्रसव समेत अन्य ऑपरेशन मिलाकर रोजाना करीब 15 ऑपरेशन किए जाते हैं। ऐसे में यहां पर तीन बेहोशी के डॉक्टर बचे हैं। इससे ऑपरेशन समेत आईसीयू संचालन में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।

**▸▸ लोकबंधु अस्पताल में बेहोशी के महज तीन डॉक्टरों पर रोजाना करीब 15 ऑपरेशन करने का जिम्मा**

> बेहोशी के डॉक्टरों की कमी जरूर है। लेकिन किसी भी मरीज का ऑपरेशन टाला नहीं जा रहा है। जो डॉक्टर मौजूद हैं, वह पूरा काम कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर बेहोशी के डॉक्टरों को तैनात किए जाने की मांग की गई है।
>
> **-डॉ. सुरेश चंद्र कौशल,** निदेशक, लोकबंधु अस्पताल

### आयुष्मान लाभार्थी मरीज को रेफर करने का आरोप

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकबंधु अस्पताल के डॉक्टरों पर आयुष्मान लाभार्थी बुजुर्ग महिला मरीज को केजीएमयू रेफर करने का आरोप लगा है। मरीज के परिजनों का कहना है कि हादसे में घायल मरीज का ऑपरेशन करने की डॉक्टरों ने तारीख तय कर दी। लेकिन जब पता चला कि मरीज आयुष्मान लाभार्थी है तो उसे केजीएमयू रेफर कर दिया। कृष्णानगर की रहने वाली महिला नजमा (60) हादसे में जख्मी हो गई थी। बेटे सैदाब ने बताया कि करीब 15 दिन पहले अस्पताल में भर्ती कराया था। वहां से उसे आर्थोपेडिक विभाग में शिफ्ट किया गया था। बेटे का आरोप है कि डॉक्टर पहले ऑपरेशन को राजी थे, लेकिन आयुष्मान कार्ड दिखाने पर ऑपरेशन में टालमटोल करने लगे। डॉक्टर ने मामला गंभीर बताकर रेफर कर दिया। वहीं, इस मामले में अस्पताल के निदेशक डॉ. सुरेश कौशल ने बताया कि डॉक्टर ने किस वजह से मरीज को रेफर किया गया है। इस बारे में संबंधित डॉक्टर से जवाब तलब किया जाएगा। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।

### विवेकानंद हॉस्पिटल में अब छाती व नसों की होगी सर्जरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कार्डियोवैस्कुलर एवं थोरेसिक सर्जन प्रोफेसर भाबातोष बिस्वास अब लखनऊ के विवेकानंद पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान में छाती एवं नसों से संबंधित गंभीर बीमारियों की सर्जरी करेंगे। इसके लिए शनिवार को सुबह 9 बजे से 2 बजे तक अस्पताल में एक डीलक्स ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है, इसकी जानकारी विवेकानंद अस्पताल के सचिव स्वामी मुक्तिनाथानंद ने दी। प्रोफेसर बिस्वास महीने के हर शनिवार मरीजों को देखेंगे, ऐसे मरीज जो फेफड़े या ग्रास नली के कैंसर से पीड़ित हैं या जिन्हें पुरानी खांसी, बलगम वाली खांसी, सीने में दर्द, सांस लेने में कठिनाई आदि की समस्या है। साथ ही वह मरीज, जिन्हें हाथ पैरों में सुन्न होना, सूजन होना गैंग्रीन, वेरीकोज नसों की बीमारी है, ऐसे मरीज परामर्श लेकर लाभ उठा सकते हैं।

### राजनीति में रुचि रखने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करते थे ज्ञानेंद्र शर्मा : पाठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानेंद्र शर्मा की शोक सभा का आयोजन शुक्रवार को उत्तर प्रदेश प्रेस क्लब में किया गया। शोकसभा में शामिल पत्रकारों ने ज्ञानेंद्र शर्मा को पत्रकारिता का शानदार स्कूल बताया। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि ज्ञानेंद्र शर्मा ने अपने पत्रकारिता जीवन में सदा राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले युवा चेहरों को प्रोत्साहित किया। श्रद्धांजलि सभा में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने ज्ञानेंद्र शर्मा से जुड़े कई संस्मरण सुनाए। उन्होंने बताया कि छात्र जीवन में अपनी खबर को लेकर जब वह उनके पास जाते थे तो वह खबर छापने का केवल आश्वासन ही नहीं देते थे बल्कि उसे सुनिश्चित भी करते थे। वक्ताओं ने कहा कि उनकी विचारधारा स्पष्ट थी। जिसे उन्होंने कभी पत्रकारिता के उसूलों पर नहीं थोपा। वह हिंदी के ऐसे पत्रकार थे, जो अपनी खबर को टाइप करते थे और प्रसंग का बहुत अच्छा रिकॉर्ड रखते थे। शोक सभा में हसीब सिद्दीकी, रविंद्र कुमार सिंह, सुरेश बहादुर सिंह, प्रेमकांत तिवारी, हेमंत तिवारी, मुकेश बहादुर सिंह, शिव शरण सिंह, अजय कुमार, वीरेन्द्र सक्सेना, के. बक्श सिंह, सिद्धार्थ कलहंस, मनोज मिश्रा, नवल कांत सिन्हा, गोविंद पंत राजू, मनीष मिश्रा, प्रदीप कपूर, सुरेंद्र अग्निहोत्री, मनमोहन अग्रवाल, मुदित माथुर, ज्ञानेंद्र शर्मा के पुत्र डॉ. अनुराग एवं अनुपम, छोटे भाई हरेंद्र शर्मा, पुत्रवधू शिल्पी शर्मा तथा डॉ. वीके मिश्रा ने भी विचार व्यक्त किये।

# दो वर्षों में ही रचा इतिहास आगे भी करेंगे अद्भुत प्रयोग

## विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कार्यकाल के पूरे किए दो साल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** नयी नियमावलियों, संसदीय परंपराओं, हाइटेक कार्यवाही जैसे तमाम अद्भुत प्रयोग करने वाले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने अपने कार्यकाल के दो साल पूरे कर लिए हैं। विधान भवन को एक नया स्वरूप देने के साथ विधायी गतिविधियां भी बीते दो साल में न केवल इतिहास में दर्ज हुईं, बल्कि देश की अन्य विधानसभाओं के लिए उदाहरण भी बन चुकी हैं।

इस मौके पर शुक्रवार को विधानभवन के तिलक हॉल में विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और राजधानी के पत्रकार आमने-सामने रहे। अपने खुशमिजाज अंदाज के साथ महाना ने जो किया, उसे गिनाया तो जो आगे करेंगे, उसपर भी चर्चा की। पत्रकारों के सवालों के जवाब दिए तो उनके सुझावों को भी गौर से सुना। सतीश महाना ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए अनुभव, उपलब्धियां, भावी योजनाएं और सुझाव साझा किए। इस दौरान उन्होंने बताया कि कुछ वर्षों से यह अनुभव किया जा रहा था कि विधायिका के संचालन में व्यावहारिक कठिनाइयां आ रही हैं, व्यवधान हो रहे हैं। अध्यक्ष के रूप में कार्यभार ग्रहण करने के बाद पिछले दो सालों में यह प्रयास किया है कि विधायिका का संचालन सुचारू रूप से हो और उसकी गरिमा बनी रहे। इस दिशा में कदम उठाये गये हैं, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहा है।

सतीश महाना ने बताया कि वह लगभग 33 वर्षों से लगातार इस सदन के सदस्य हैं। ऐसे में उन्हें पक्ष में, विपक्ष में, विभिन्न समितियों में, मंत्री के रूप में एवं वर्तमान में अध्यक्ष के रूप में कार्य करने का मौका मिला। इसी अनुभव का प्रयोग करते हुए वर्ष 1958 में बनी नियमावली के जो कतिपय नियम उपयोगी नहीं रह गए हैं अथवा कुछ विशिष्ट नियम जोड़े जाने चाहिए, उसे किया गया। इतना ही नहीं, कार्य संचालन एवं प्रक्रिया नियमावली की जटिल भाषा को भी सरल किया गया, जिससे नये सदस्यों को नियमावली को समझने में सुविधा रहे।

पत्रकारों को जानकारी देते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना। अमृत विचार

**▸▸ नयी नियमावलियों, संसदीय परंपराओं, हाइटेक कार्यवाही जैसे प्रयोग अन्य विधानसभाओं के लिए बने उदाहरण**

### सदस्यों का होगा विविध विषयों के विशेषज्ञों से संवाद

निकट भविष्य में विभिन्न विधाओं के जानकार जैसे नामचीन चिकित्सक, इंजीनियर, विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं प्रोफेसर, कॉरपोरेट समूह के प्रतिनिधियों के साथ विधानसभा के सदस्यों का संवाद होना है। इसके पीछे मंशा विभिन्न क्षेत्रों में चल रहीं नयी गतिविधियों, समय की मांग को समझते हुए भविष्य की कार्ययोजना तैयार की जा सके। वहीं, युवाओं का लोकतांत्रिक प्रणाली में विश्वास और मजबूत करने के उद्देश्य से भी उन्हें विधायिका के वास्तविक ज्ञान से परिचित कराने के लिये युवा संसद का आयोजन किया जायेगा।

जुमे की नमाज पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बड़े इमामबाड़े के बाहर तैनात सीआरपीएफ जवान व पुलिस कर्मी।

# संवेदनशील इलाकों में कड़ी सुरक्षा के बीच हुई जुमे की नमाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएए (नागरिकता संशोधन कानून) की नोटिफिकेशन जारी होने और सजायाफ्ता माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद राजधानी पुलिस सक्रिय हो चुकी है। जुमे की नमाज को लेकर शहर के संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा एजेंसियों के अलावा भारी मात्रा में पुलिस बल मस्जिदों के बाहर मुस्तैद रहा। कड़ी सुरक्षा के बीच जुमे की नमाज संपन्न हुई।

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश कुमार के मुताबिक, पश्चिम जोन में करीब 30 संवेदनशील क्षेत्रों पर पुलिसकर्मी कड़ी निगरानी करते रहे। मिश्रित आबादी और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में पुलिसकर्मियों की टुकड़ियां तैनात रहीं। नमाज से पूर्व संवेदनशील इलाकों में आरआरएफ के साथ पुलिसकर्मी मार्च करते रहे। माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद सोशल मीडिया पर पुलिस भ्रामक सूचनाओं और अफवाहों की भी निगरानी करती रही।

**▸▸ मस्जिदों के बाहर तैनात रहा भारी पुलिस बल**

### पूर्व में भड़की थी हिंसा

दिसम्बर 2019 में सीएए के विरोध में जुमे की नमाज के बाद ही अचानक हिंसा भड़क गई थी। इसको ध्यान में रखते हुए जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखाई दिया। साथ ही ड्रोन के जरिए भी कड़ी निगरानी की गई।

गोमती नगर के एक होटल में फिल्म जागृति के मुहूर्त कार्यक्रम में उपस्थित कुमकुम रॉय चौधरी, साथ में फिल्म की टीम।

### आज मनाया जाएगा रंग पंचमी का पर्व

**अमृत विचार, लखनऊ :** चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को रंग पंचमी का पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 30 मार्च (शनिवार) को रंग पंचमी का पर्व मनाया जाएगा। इस दिन धन की देवी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है और देवी-देवता को गुलाल लगाया जाता है। स्वास्तिक ज्योतिष केन्द्र अलीगंज के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने बताया कि प्राचीन काल में होली के त्योहार को कई दिनों तक मनाया जाता था। चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की पंचमी तिथि को होली का अंतिम दिन माना जाता था। मान्यता है कि इस दिन सभी देवी और देवता पृथ्वी पर होली का पर्व मनाने आते हैं। रंग पंचमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण राधा रानी के साथ होली खेला करते थे। इस दिन राधा-कृष्ण के साथ सभी देवी-देवताओं को अबीर गुलाल लगाना चाहिए। कहते हैं कि ऐसा करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

# महिला खिलाड़ी को जांच के लिए लगवाए चक्कर

## सीटी स्कैन के लिए प्रमुख अस्पतालों में चार दिनों तक पढ़ाया गया नियमों का पाठ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में बुधवार को छेड़छाड़ के विरोध में जानलेवा हमले की शिकार हुई महिला खिलाड़ी को सीटी स्कैन जांच के लिए चार दिनों तक अस्पतालों के चक्कर काटने पड़े। खिलाड़ी को नियमों का हवाला देकर एक से दूसरे अस्पताल दौड़ाया गया। शासन में कार्यरत एक अधिकारी की फटकार के बाद शुक्रवार देर शाम केजीएमयू में उसकी जांच हो सकी।

दरअसल, राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता और प्रदेश के सर्वोच्च खेल पुरस्कार लक्ष्मीबाई अवार्ड से सम्मानित वेट लिफ्टर से 25 मार्च की शाम सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में छेड़छाड़ की घटना हुई थी। विरोध में उस पर जानलेवा हमला किया गया था। घटना के बाद खिलाड़ी ने निजी अस्पताल में इलाज कराया। इस मामले में पुलिस ने 26 मार्च को खिलाड़ी की तहरीर पर आरोपित के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस मेडिकल के लिए उसे गोसाईंगंज सीएचसी लेकर गई। खिलाड़ी के मुताबिक, यहां डॉक्टर न होने का हवाला देकर लौटा दिया गया। अगले दिन 27 मार्च को उसे सीएचसी से सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया। सिविल जाने पर उसे देर से आने के कारण अगले दिन सुबह बुलाया गया। 28 मार्च को जाने पर सिविल के डॉक्टरों ने सिटी स्कैन के लिए बलरामपुर अस्पताल भेज दिया। साथ ही यह भी बताया कि इसके लिए उसे सीएचसी से बलरामपुर अस्पताल और सिविल के लिए अलग-अलग रेफर लेटर बनवाना होगा। शुक्रवार को रेफर लेटर के साथ बलरामपुर जाने पर उसे केजीएमयू का रास्ता दिखा दिया गया।

वहीं, खिलाड़ी का आरोप है कि केजीएमयू जाने पर पीआरओ ऑफिस से उसे सीएमओ का पत्र लाने को कहकर टरका दिया गया। गुड फ्राइडे होने से सीएमओ ऑफिस में भी कोई नहीं मिला। हताश होकर खिलाड़ी ने शासन में कार्यरत एक अधिकारी से गुहार लगाई। जिसके बाद देर शाम केजीएमयू में उसकी जांच हो सकी।

**▸▸ सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में छेड़छाड़ के विरोध में खिलाड़ी पर हुआ था जानलेवा हमला**

> हमारे यहां सीटी की जांच निजी कंपनी द्वारा की जाती है। जो मेडिको-लीगल में मान्य नहीं है। यही वजह है कि खिलाड़ी को दूसरे अस्पताल से जांच कराने की सलाह दी गई थी।
>
> **-डॉ. राजेश श्रीवास्तव,** सीएमएस, सिविल अस्पताल

### खाते को आधार कार्ड से लिंक कराते ही निकल गए रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर जालसाजों ने आधार कार्ड को पैन कार्ड से लिंक कराने का झांसा देकर हजारों रुपये ठग लिये। इंदिरानगर प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक, राजीवनगर निवासी सैय्यद शकील परवेज ने पैन और आधार कार्ड लिंक कराने के लिए गूगल से कस्टमर केयर नम्बर लिया। संपर्क करने पर जालसाज ने बैंक सम्बन्धी जानकारी हासिल कर खाते करीब चार लाख रुपये से ज्यादा रकम पार कर दिया।

# सशक्त महिला की तस्वीर दिखाएगी फिल्म जागृति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमती नगर के एक होटल में शुक्रवार को फिल्म जागृति का मुहूर्त कुमकुम रॉय चौधरी ने क्लैप देकर किया। फिल्म की पूरी टीम इस मौके पर मौजूद रही। फिल्म के निर्देशक हरीश कुमार ने बताया कि अक्सर हमारी बॉलीवुड फिल्मों में यही देखने को मिलता है कि क्राइम हो जाने के बाद ही पुलिस प्रशासन सक्रिय होता है। यही हाल पीड़ित के साथ भी होता है, अपराध हो जाने के बाद ही पीड़ित इंसाफ पाने के लिए कोर्ट पुलिस और आला अधिकारियों की शरण में जाता है, लेकिन फिल्म जागृति एक ऐसी फिल्म है, जो एक निडर लड़की के उस संघर्ष की कहानी है, जो क्राइम होने की भनक मिलते ही संघर्ष शुरू करती है और सत्ता में बैठे पावरफुल लोगों, पुलिस और अपराधियों के खिलाफ ऐसा संघर्ष किया, जिसमें जीत इसी लड़की की हुई।

फिल्म की शूटिंग मई के महीने में शुरू होगी। फिल्म में लीड किरदार निभा रहे अभिनेता रजनीश दुग्गल ने बताया कि लखनऊ में पहले भी कई फिल्मों की शूटिंग कर चुका हूं। उत्तर प्रदेश अपराध मुक्त हो चुका है। ऐसे में इसी विषय पर फिल्म का निर्माण बड़ी बात होगी।

आस्कर में एंट्री पाने वाली और फिल्म न्यूटन में अहम किरदार निभा चुकी अभिनेत्री अंजलि पाटिल ने बताया कि वह लखनऊ पहली बार आई हैं, लेकिन साहित्य में लखनऊ को खूब पढ़ा है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म समसामयिक मुद्दों पर है और यह फिल्म लखनऊ के नाम को भी बड़ा करने का काम करेगी। इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू से अंत तक लखनऊ के गोमती नगर की अलग-अलग लोकेशन पर होगी। फिल्म के लेखक पुष्कर तिवारी के अनुसार, यह फिल्म नारी शक्ति की गाथा है, जो डर कर हार न मानने और संघर्ष करने का संदेश देती है। यह फिल्म महिलाओं को एक ऐसा संदेश देगी, जो उनके अंदर पुलिस और न्याय व्यवस्था के प्रति निगेटिव नहीं पॉजिटिव सोच का संदेश देगी। फिल्म में वकील का किरदार निभा रहे कलाकार का मकसद पीड़ित को हर हाल में न्याय दिलाना है।

**▸▸ फिल्म की शूटिंग भी राजधानी के गोमती नगर की अलग-अलग लोकेशन पर होगी**

**▸▸ फिल्म का मुहूर्त कुमकुम रॉय चौधरी ने क्लैप देकर किया**

**जानकारी** शरीर में विटामिन डी की कमी से रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है : डॉ. अर्चना

# बदलते मौसम में बीमारी यानी विटामिन डी की कमी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यदि आप जल्दी बीमार पड़ जाते हैं, मौसम के बदलाव शरीर पर बहुत जल्दी असर डालते हैं तो यह विटामिन-डी की कमी हो सकती है। यह कहना है डॉ. अर्चना श्रीवास्तव का।

उन्होंने बताया कि अनियमित जीवनशैली से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। डेनमार्क के शोधकर्ताओं के अनुसार, विटामिन-डी शरीर की टी-कोशिकाओं की क्रियाविधि में वृद्धि करता है, जो किसी भी बाहरी संक्रमण से शरीर की रक्षा करती हैं। इसकी मानव प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने में मुख्य भूमिका होती है। टी-कोशिकाओं को सक्रिय होने के लिए भी विटामिन-डी आवश्यक होता है। डॉ. अर्चना ने बताया, दिल्ली एम्स ने सर्वेक्षण में पाया कि जिन बच्चों में विटामिन-डी की कमी होती है, उनमें श्वसन तंत्र से जुड़े संक्रमण अधिक होते हैं।

डॉ. अर्चना

**▸▸ देश में 75 प्रतिशत महिलाएं और 70 प्रतिशत पुरुष विटामिन डी की कमी से जूझ रहे**

### नींद न आना

डॉ. अर्चना के मुताबिक, विश्व स्वास्थ संगठन के अनुसार विटामिन-डी की कमी से ठीक से नींद न आना, बार-बार नींद टूटने जैसी समस्या हो सकती है। जब हमारे शरीर में विटामिन-डी की कमी होने लगती है, तो शरीर में मेलाटोनिन नामक रसायन का बनना कम हो जाता है, जिसकी वजह से हमें ठीक से नींद नहीं आती है।

### हाथ, पैर, कमर में दर्द

विटामिन-डी कैल्शियम को अवशोषित करने में मदद करता है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं। ऐसे में विटामिन-डी की कमी शरीर में कैल्शियम की कमी का भी कारण बनता है। बीएमसी मस्कोस्केलेटल डिसऑर्डर में प्रकाशित अध्ययन में पाया गया कि विटामिन-डी की कमी से लगातार कमर दर्द की समस्या हो सकती है।

### ऐसे करें पूर्ति

-रोज सुबह की धूप 20 मिनट तक जरूर लें।

-नाश्ता में अनाज, दूध, बादाम का दूध, सोया दूध, संतरे का रस, दलिया इत्यादि को शामिल करें।

# मौसम बदलने से बढ़े खांसी, बुखार के मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के बीच राजधानी के सरकारी व निजी अस्पतालों में गले में इंफेक्शन के कारण खांसी व सर्दी-जुकाम के साथ ही वायरल बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। अस्पतालों में ऐसे मरीजों की संख्या में 30 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। हालांकि चिकित्सकों का मानना है कि थोड़ी सी जागरूकता से हम इन बीमारियों से बच सकते हैं।

हजरतगंज स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल के फिजिशियन डॉ. कुलदीप वर्मा ने बताया कि दरअसल जब भी मौसम में परिवर्तन होता है तो वायरल बुखार के मरीज बढ़ जाते हैं। इस समय सुबह-शाम तो ठंड है, लेकिन दिन का पारा गर्मी का एहसास करा रहा है। अभी लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है। साथ ही बच्चों का विशेष ध्यान रखना है। रात को और सुबह हल्के गर्म कपड़े जरूर पहनें, ठंडी चीजें खाने से परहेज करें, धूप से आने पर ठंडे पानी का सेवन बिल्कुल न करें। अभी एसी न चलाएं।

**▸▸ बुखार और गले में इंफेक्शन के मरीज 30 फीसदी बढ़े : डॉ. कुलदीप वर्मा**

## एक नजर

### बेटी को अगवा करने और पिता की हत्या की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैसरबाग इलाके में युवक द्वारा मोबाइल पर फोन कर युवती को घर से उठाने व उसके पिता की हत्या करने की धमकी देने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत रहने वाली पीड़ित महिला ने बताया कि उनके संग घर में बेटियां रहती हैं। नदीम नामक युवक उनके नंबर पर काल कर गाली गलौज करता है। विरोध करने पर घर में घुस मारपीट की और बेटी को अगवा करने की धमकी दी। पति ने समझाने का प्रयास किया तो उन्हें पीटने के बाद हत्या करने की धमकी देकर आरोपी भाग निकला। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने बताया आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### कुर्सी पर बैठे मजदूर पर लाठी से हमला

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थाना अंतर्गत बड़ागांव निवासी गोविन्द लोधी रंगोत्सव की शाम करीब 5 बजे घर के सामने कुर्सी पर बैठे थे। आरोप है कि पुराने विवाद को लेकर गांव के रहने वाले अमित उर्फ पंडित और कुंवारे उसने अभ्रदता करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने उन पर अचानक लाठी से हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### सर्राफ के 24 लाख रुपये हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा कोतवाली में सर्राफ ने दूसरे सर्राफ पर 24 लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। राजाजीपुरम सेक्टर-ई निवासी सर्राफ विवेक गुप्ता ने बताया राजाजीपुरम में ही रहने वाले महेंद्र कुमार सोनी की नीलम ज्वैलर्स के नाम से दुकान है। वर्ष 2023 में आरोपी ने विवेक से 24 लाख रुपये के गहने खरीदे थे। जिनका भुगतान चेक से करने की बात कही। आरोपी ने 24 लाख के तीन चेक दिये थे। जो बैंक में बाउंस हो गए।

# आम आदमी पार्टी का पूर्व जिलाध्यक्ष गिरफ्तार

## सरोजनीनगर पुलिस ने पकड़ा, फर्जी दस्तावेज तैयार कर बेचे करोड़ों के फ्लैट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** सरोजनीनगर पुलिस ने जालसाजी कर करोड़ो रुपये हड़पने वाले आरोपी आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे रोहित श्रीवास्तव को जेल भेज दिया। रोहित जिस कंपनी में नौकरी करता था। वहां के मालिकों को फर्जी दस्तावेज तैयार कर करोड़ों के फ्लैट बेच रुपये हड़प लिये थे।

पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज स्वरूप ने बताया रोहित शारदानगर एलडीए कालोनी आशियाना का रहने वाला है। वह मेसर्स रेडिएंट बिल्डकान प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में कई सालों से नौकरी करता था। कंपनी मालिकों को विश्वास में लेकर करीबी बना था। एडीसीपी शशांक सिंह ने बताया भरोसा करने का लाभ उठा रोहित ने बोर्ड रेजुलेशन मीटिंग का फर्जी प्रपत्र तैयार किया। फिर मेसर्स रेडिएंट बिल्डकान कंपनी से संबंधित मरीना हाइट्स अपोजिट किला चंडीगढ़ खरड रोड में कई फ्लैट, शोरूम और भूखंड बेच दिए। यह संपत्ति बेच करोड़ों रुपये हड़प अपनी पत्नी और साथी अंकित श्रीवास्तव की मदद से ठिकाने लगा दिये। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि कंपनी मालिकों द्वारा उसे डिजिटल हस्ताक्षर करने समेत अन्य अधिकार दिए गए थे। इसी का लाभ उठा गड़बड़ी की।

रोहित श्रीवास्तव

### समर्थन में सभा करने आये थे केजरीवाल

रोहित जब सरोजनीनगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी का प्रत्याशी था तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी लखनऊ में उसके पक्ष में वोट मांग जनसभा को संबोधित किया था।

### कार्यालय से चुराये थे दस्तावेज और मोहरें

इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि रोहित ने अमौसी में कंपनी के कार्यालय में फर्म से संबंधित मरीना हाइट्स परियोजना की मूल प्रतियां और कुछ मोहरें चोरी की थी। उसी से फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी की थी। कंपनी मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई थी। तब से आरोपी फरार था। गुरुवार को नदरगंज चौकी प्रभारी सुमित बालियान ने टीम के साथ उसे गिरफ्तार कर लिया।

### फर्जीवाड़ा कर कराया बैनामा, गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज पुलिस ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन का बैनामा करने वाली महिला समेत दो को गिरफ्तार किया। नगराम निवासी रामदुलारे ने बीते जुलाई में उनकी जमीन को फर्जी दस्तावेज तैयार बैनामा कराने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने इस मामले में खुजौली निवासी मंजू और नगराम के करोरा निवासी राजेश कुमार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### बम से हमला करने वाले गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर पुलिस ने घर पर सुतली बम से हमला करने वाले दो आरोपी हरिविजय सिंह और शिवांस सिंह को गिरफ्तार जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया कि दोनों ने पीड़ित की कार को तोड़ कर घर पर बम से हमला किया था। आरोपियों के खिलाफ पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

# व्यापारी को नशीला पदार्थ सुंघा नकदी व मोबाइल लूटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- एक सप्ताह बाद मानकनगर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** बाराबिरवा चौराहे पर तीन युवकों मोरंग व्यापारी से लिफ्ट लेकर रास्ते में नशीला पदार्थ सुंघा एक्सप्रेस-वे पर कार व पर्स लूट ली थी। तब मानकनगर पुलिस ने जहरखुरानी व चोरी का मामला दर्ज किया है।

इंस्पेक्टर मानकनगर अजीत सिंह ने बताया पारा के जेएस सिटी डाक्टर खेड़ा निवासी राजेश सिंह मोरंग बालू सप्लायर हैं। 22 मार्च की रात डेढ़ बजे कार से घर जा रहे थे। बाराबिरवा चौराहे पर तीन युवकों खुद को टोल प्लाजा कर्मी बता लिफ्ट ली। रास्ते में कार में बातचीत के दौरान दोस्ती गांठ नशीला पदार्थ सुंघा दिया। आगरा एक्सप्रेसवे आउटर रिंग रोड पर बेहोशी की हालत में कारोबारी की कार से 25 हजार नकदी और दो फोन लेकर फरार हो गए। अगले दिन सुबह होश आने पर पीड़ित किसी तरह स्थानीय लोगों की मदद से घर पहुंचा। इसके बाद पारा पुलिस से शिकायत की, लेकिन यहां जांच के नाम पर कारोबारी को टरका घटना दूसरे थाना क्षेत्र की बता पल्ला झाड़ लिया। शुक्रवार को मानक नगर थाने में कारोबारी ने घटना की लिखित शिकायत की है। सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# बर्खास्तगी आदेश वापस लेने का डाला दबाव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अनियमितता के आरोप में इंस्पेक्टर को किया गया था बर्खास्त
- अप्रत्यक्ष कर की सहायक आयुक्त ने विभूतिखंड थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** विभूतिखंड थाने में अप्रत्यक्ष कर कार्यालय में तैनात रहे बर्खास्त इंस्पेक्टर के खिलाफ विभाग के सहायक आयुक्त ने लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। सहायक आयुक्त का आरोप है कि सेवा से हटाए जाने पर इंस्पेक्टर ने प्रधान आयुक्त पर बर्खास्ती आदेश वापस लेने का दबाव डाला। इंकार करने पर राष्ट्र रक्षक समूह के सदस्य की मदद से धमकी दी है।

### अनियमित्ता के आरोप में हुआ था बर्खास्त

प्रभारी निरीक्षक सुनील सिंह के मुताबिक, अप्रत्यक्ष कर भवन सहायक आयुक्त रश्मिकांत ने लिखित शिकायत देते हुए बर्खास्त इंस्पेक्टर अभिजीत श्रीवास्तव, देवाशु मेहता और उनके साथियों के खिलाफ जीएसटी के प्रधान आयुक्त को धमकाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में सहायक आयुक्त ने बताया कि निरीक्षक पद पर तैनात अभिजीत श्रीवास्तव के खिलाफ अनियमितता की शिकायत मुख्यालय को मिली थी। प्रधान आयुक्त के निर्देश पर विभागीय जांच किए जाने पर आरोप सही पाए गए। जिसके आधार पर अभिजीत श्रीवास्तव की सेवा समाप्त की गई है। इसके बाद से इंस्पेक्टर बर्खास्ती आदेश वापस लेने का दबाव बनाने लगा।

गत 12 मार्च को अभिजीत के सहयोगी देवाशुं मेहता ने प्रधान आयुक्त को फोन किया था। आरोपी ने धमकी देते हुए कहा कि अगर अभिजीत का बर्खास्तगी आदेश वापस नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। देवांशु ने प्रधान आयुक्त पर भ्रष्टाचार में शामिल होने का मिथ्या आरोप भी मढ़ा था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

### फरार चल रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज पुलिस ने हत्या व मारपीट के मामले में कई वर्षों से फरार चल रहे तीन आरोपियों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। इंस्पेक्टर विक्रम सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपी गौतमपल्ली निवासी राकेश कहार, नरही निवासी पिंटू और सरताज अहमद हैं। कहा तीनों को जेल भेज दिया गया है।

### छेड़खानी के आरोपी को भेजा जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** आशियाना पुलिस ने महिला के साथ छेड़खानी के आरोपी वीरेंद्र सिंह सोनू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि महिला ने शिकायत की थी कि वीरेन्द्र कई महीनों से परेशान कर उसे देख इशारे करता है। अपशब्द बोलने के साथ उनकी फोटो खींचता है।

# प्रॉपर्टी डीलर ने धोखाधड़ी कर किसान की बेची पुश्तैनी जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जेसीपी लॉ एंड आर्डर के निर्देश पर मोहनलालगंज पुलिस ने की कार्रवाई
- पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर समेत छह लोगों पर दर्ज की नामजद रिपोर्ट

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज कोतवाली में एक किसान ने प्रॉपर्टी डीलर समेत छह लोगों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़ित किसान का कहना है कि प्रॉपर्टी डीलर ने धोखाधड़ी कर उसकी पुश्तैनी जमीन बेच दी है। हालांकि, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एंव व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस ने कार्रवाई की है।

मोहनलालगंज के जैतीखेड़ा गांव निवासी लव सिंह मृतक आश्रित कोटे से डीएवी इंटर कॉलेज में सहयोगी के पद पर नौकरी करते हैं। इसके अलावा वह पुश्तैनी जमीन पर खेतीबाड़ी भी करते हैं। लिखित शिकायत में पीड़ित का आरोप है प्रॉपर्टी डीलर मोहित, धीरज सिंह और राजकुमार उर्फ लाल चन्दन उसकी जमीन कब्जाने की कोशिश करते थे। जालसाजों ने उसकी जगह पर दूसरे व्यक्ति को खड़ा कर फर्जी आधार कार्ड के सहारे प्रीति शर्मा को जमीन बेच दी। जिसमें जालसाजों ने आदित्य कुमार व मोहित कुमार को बतौर गवाह बनाया। जानकारी होने पर पीड़ित ने विरोध किया तब जालसाज धमकाने लगे। इसके बाद पीड़ित ने सम्बन्धित थाने में तहरीर दी, बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। जिसके बाद पीड़ित ने संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल से मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर मोहनलालगंज पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक आलोक राव ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कैसरबाग बस स्टैंड पर धक्का लगाकर बस को चालू करने का प्रयास करते लोग। अमृत विचार

# आने का वादा कर हमेशा के लिए चली गई सौम्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कोटा में नीट छात्रा ने लगाया था फंदा, होली के दिन हुई थी बात

**अमृत विचार :** कोटा में फंदा लगा जान देने वाली नीट छात्रा सौम्या का शव शुक्रवार को गोसाईंगंज स्थित घर पहुंचा। मां रो-रोकर बार-बार सौम्या से कह रही थी, परीक्षा के बाद आने का वादा किया था, लेकिन तुम तो हमेशा के लिए चली गई।

रहमतनगर निवासी दिलीप वर्मा उर्फ कल्लू की बेटी सौम्या के फंदा लगाने की सूचना बुधवार को गांव पहुंचते ही मातम पसर गया। शुक्रवार सुबह से ही लोग शव का इंतजार करने लगे। शव पहुंचते ही लोग परिवार को सहारा देने पहुंच गये। मां जानकी और बाबा को सौम्या की मौत की जानकारी मिली। तो मां बेहोश होकर गिर गई। लोगों ने सहारा दिया तो फफक कर कहने लगीं कि होली के दिन बात हुई थी। तब कहा था कि परीक्षा के बाद घर आएगी, लेकिन वह हमेशा के लिए छोड़कर चली गई।



सौम्या (फाइल फोटो)

### यह है मामला

सौम्या घर से कोटा नीट की तैयारी करने एक वर्ष पहले गई थी। मंगलवार रात सौम्या ने फंदा लगा लिया। बुधवार सुबह जानकारी पर परिजन कोटा निकले थे। शुक्रवार सुबह करीब तीन बजे बेटी का शव लेकर गांव पहुंचे तो कोहराम मच गया।

### पूरे गांव की दुलारी थी सौम्या

सौम्या दो भाईयों में अकेली बहन थी। एक भाई की बीमारी से मौत हो चुकी थी। सौम्या का अंतिम संस्कार खेत में किया गया। चाचा नंदू चिता में आग लगाते फफक पड़े। सौम्या ने किन हालात में यह कदम उठाया इसका जवाब हर कोई जानना चाहता था।

## सार-संक्षेप

### मां से ज्वैलरी छीनने का प्रयास, बहनों पर कैंची से हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** पीजीआई थाने में एक महिला ने बेटे के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। कैसरबाग के दरबारी लाल का हाता निवासी सरोज ने बताया कि बेटा अमन रावत शराब पीकर आए दिन पारिवारिक सदस्यों से मारपीट करता है। उनका आरोप है कि नशे की तलब को पूरा करने के लिए रुपयों की मांग करता है। इंकार करने पर कई बार उसने मारपीट भी कर चुका है। बेटे से परेशान होकर वह होली पर बेटी रीमा और मोनी को लेकर पीजीआई के तेलीबाग स्थित मायके आ गई थीं। सोमवार तड़के करीब 4 बजे बेटा अमन मायके पहुंचा और गाली-गलौज कर उनके कुंडल छीनने लगा।चीख पुकार सुन मदद को दौड़ी बेटी मोनी और रीमा पर अमन ने कैंची से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। हमले में मोनी गंभीर रूप से घायल हो गई। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र तिवारी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज की गई है।

### डीजे पर डांस करने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**अमृत विचार, काकोरी :** दुबग्गा थाना अंतर्गत बेगरिया गांव में होलिका दहन पर डीजे पर डांस करने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। प्रभारी निरीक्षक अभिनव वर्मा के मुताबिक, बेगरिया गांव निवासी सुमन कश्यप ने पड़ोसी अभिषेक, गोलू और सूरज गौतम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में महिला ने बताया कि होलिका दहन की रात करीब 12 बजे उनके घर के पास डीजे पर कुछ लोग नाच रहे थे। बेटा शिव कश्यप वहां पहुंची तभी हर्ष बेटे के मोबाइल से बजाने लगा। बैट्री खत्म होने पर बेटा घर जाने लगा तब अभिषेक, गोलू और सूरज गौतम ने उससे अभद्रता कर बुरी तरह से पीट दिया। महिला का आरोप है कि बेटे की पिटाई करने के बाद पड़ोसियों ने जलती आग की लकड़ी से उसे झुलसाने का प्रयास किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला नशेबाजी से जुड़ा है। फिलहाल, मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### फिल्म निर्माता के घर का ताला तोड़ कब्जा करने की कोशिश

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज थाने में फिल्म निर्माता ने परिचितों के खिलाफ मकान कब्जाने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक श्रीकांत राय ने बताया कि शीश महल हुसैनाबाद निवासी फिल्म निर्माता शहाब शाहजहां शमसी ने परिचित मो .असद अब्बास, जफर अब्बास, इंशा और रक्शी के खिलाफ गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में फिल्म निर्माता ने आरोप लगाया है कि परिचितों ने उनके बंद मकान का ताला तोड़ फर्जी दस्तावेज के आधार पर विद्युत कनेक्शन भी अपने नाम से करा लिया। परिचितों की करतूत पता चलने पर पीड़ित ने विरोध किया तो वह धमकाने लगे। जिसके बाद पीड़ित ने ठाकुरगंज थाने में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। फिर फिल्म निर्माता ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर मदद की गुहार लगाई। जिनके निर्देश पर ठाकुरगंज पुलिस ने गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले की गहनता से जांच कर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर महिलाओं से छेड़खानी, हमला

**अमृत विचार, लखनऊ :** विकासनगर थाना अंतर्गत सेक्टर-पांच में रंगोत्सव पर दो गाड़ियां आपस में टकरा गई। जिसके बाद दोनों एक दूसरे से झगड़ने लगे। इसी बीच एक तीसरा शख्स बीच-बचाव करने पहुंचा। तब आरोपी चालक ने साथियों की मदद से पीड़ित की पिटाई कर घर की महिलाओं से छेड़खानी की और उन पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह के मुताबिक, सेक्टर पांच की रहने वाली महिला ने बताया कि रंगोत्सव की दोपहर 2 बजे वह पारिवारिक सदस्यों के संग रंग खेल रही थी। तभी उनके घर के पास दो गाड़ियां आपस में टकरा गई। गाड़ी में सवार महिलाएं एक दूसरे से झगड़ने लगी। इतने में महिला का भतीजा दोनों पक्षों में बीच-बचाव कराने लगा। तभी कुछ स्कूटी सवार वहां पर पहुंचे और बिना सोचे-समझे भतीजे से मारपीट करने लगे। महिला का आरोप है कि भतीजा घर की तरफ भगा तब आरोपी भी घर में घुस आए। इस दौरान घर में घुसे दबंगों ने महिलाओं से छेड़खानी कर उन पर हमला कर दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### महिला से 14 हजार रुपये छीने, विरोध पर पीटा

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाका थाना अंतर्गत हंसखेड़ा निवासी शिखा जायसवाल ने चार लोगों पर मारपीट कर रुपये छीनने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह भाई राजेश की गाड़ी का किराया लेने संतोष के यहां गई थी। जहां संतोष व परिजन ने किराया देने से इनकार किया। विरोध करने पर उसके पास रखे 14 हजार रुपये छीन कर आरोपियों ने परिजन के साथ लात घूसों से पीट दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। आसपास के लोगों के आने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। इंस्पेक्टर वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया संतोष, विशाल और सरिता समेत चार नामजद व कुछ अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### निगोहां समेत दर्जनों गांवों की बिजली गुल

**अमृत विचार, निगोहां :** 33 हजार लाइन में फाल्ट होने से निगोहां समेत दर्जनों गांवों के उपभोक्ताओं को शुक्रवार को बिजली संकट से जूझना पड़ा। निगोहां विद्युत उपकेंद्र की 33 हजार लाइन में शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे ब्रेकडाउन हो गया। इससे कस्बा सहित पावर हाउस से जुड़े गांवों की बिजली गुल हो गई। अवर अभियंता निगोहां सचिन श्रीवास्तव ने टीम के साथ निगोहां से बछरावां तक पेट्रोलिंग कराई। अंडरग्राउंड केबिल में फाल्ट मिला। फाल्ट दुरुस्त करने में कर्मचारी जुटे रहे। शाम तक लाइन चालू नही हो सकी। उपभोक्ताओं ने बताया कि निगोहां सबस्टेशन को 33 केवी लाइन बछरावां से मिलती है। दूरी अधिक होने के कारण अक्सर फाल्ट होते रहते हैं। उपखंड अधिकारी समेसी उपेंद्र पटेल ने बताया कि अंडर ग्राउंड केबिल के कटने से आपूर्ति ठप्प हुई है। अवर अभियंता सहित लेसा टीम मरम्मत में जुटी है।

# दो समुदायों में विवाद और पथराव, 32 पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- नाका थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर मोहल्ला का मामला

**अमृत विचार :** नाका इलाके में गुरुवार देर रात मामूली बात को लेकर दो समुदाय के लोग आमने-सामने आ गये थे। विवाद बढ़ने पर दोनों पक्ष से एक दूसरे पर पथराव किया गया था। मामले में पुलिस ने दोनों पक्ष के 32 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

राजेंद्र नगर के चमार टोलिया निवासी सुप्रिया ने पुलिस को दी तहरीर में बताया रात करीब 10 बजे उसका भाई आकाश दुकान पर सामान लेने गया था। जहां बिना वजह सफीक, सलीम, सलमान समेत करीब 12 लोगों ने आकाश को लातघूसों से पीट दिया। दूसरे पक्ष से तकिया अंगारा निवासी शफीक ने दी तहरीर में बताया वह दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान आकाश बिना वजह गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर उसने सावन, नोडी, अभिषेक और करीब आठ अज्ञात को बुला कर उसे पीट दिया। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात दोनों पक्षों में विवाद होने के बाद एक दूसरे पर जमकर पथराव किया था। इंस्पेक्टर नाका वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया दोनों पक्ष से 14 को नामजद और 18 अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# साथियों संग चौकीदार ने शिक्षिका से की थी लूट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मदेयगंज पुलिस ने 24 घंटे में वारदात का किया खुलासा, चार गिरफ्तार
- कुछ साल पहले अमेरिका से आई थी शिक्षिका, चोरी में पुलिस ने दर्ज की थी रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मदेयगंज की तुलसी विहार कॉलोनी में शिक्षिका तलत फातिमा सिद्दीकी को बंधक बना लूट उनके घर की रखवाली करने वाले चौकीदार ने तीन अन्य साथियों संग की थी। गुरुवार देर रात पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया था। डीसीपी मध्य रवीना त्यागी ने शुक्रवार को वारदात का खुलासा किया।

डीसीपी ने बताया शिक्षिका 27 मार्च की दोपहर वृद्धा के घर में लूट करने वाला मास्टर माइंड घर की सुरक्षा में तैनात चौकीदार ही निकला। घटना वाले दिन तलत फातिमा सिद्दीकी पत्नी उस्मान अहमद सिद्दीकी निवासी तुलसी विहार कॉलोनी ने पुलिस को सूचना दी। 26 मार्च को दोपहर करीब डेढ़ बजे दो अज्ञात ने घर में घुस बंधक बना अलमारी में रखे जेवरात, रुपये व मोबाइल लूट लिये। वारदात का खुलासा करने दो टीमें लगीं थी। सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की पहचान कर 28 मार्च को डालीगंज क्रासिंग हिरासत में लिया। पूछताछ में सामने आया कि घटना वाले दिन चौकीदार करन रावत व छोटू निगरानी कर रहे थे। गुफरान व करन गौतम ने गमछा से शिक्षिका को बंधक बना तमंचा के बल पर लूट की थी। सामान बांट लिया था। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

### लूट में ये थे शामिल

गुफरान सलीम शेख पुत्र सलीम शेख निवासी बाड़ी, थाना सिधौली, सीतापुर, करन रावत उर्फ अईया निवासी तिलक विहार कालोनी सीतापुर रोड, करन गौतम निवासी शिव लोक कालोनी, त्रिवेणीनगर तृतीय और जियाउद्दीन उर्फ छोटू निवासी असल कुचलई गोपालपुर भट्ठा, सीतापुर के रूप में हुआ। गुफरान ई-रिक्शा चलाता था। उसके खिलाफ चार मामले दर्ज हैं। करन रावत चौकीदार था। करन बेरोजगार है। वहीं जियाउद्दीन ड्राइवर था। आरोपियों के पास से तमंचा व लूट का सामान बरामद किया गया।

# डेढ़ माह बाद दर्ज हुई पीड़िता की रिपोर्ट

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** कैंटीन संचालिका व उसकी पुत्रियों से मारपीट के मामले में डेढ़ माह बाद रिपोर्ट दर्ज की गई। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई थी।

मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम चतुरीखेड़ा सिरगामऊ निवासी कैंटीन संचालिका रामकुमारी ने बताया 10 फरवरी को गांव के द्वारिका न परिजन के साथ घर में घुस उसे उसकी दो नाबालिग पुत्रियों अंकिता व सीता पिटाई कर दी थी। शिकायत मलिहाबाद थाने पर कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा था। अब डेढ़ माह बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

**समस्या** कानपुर रोड स्थित बंथरा के हनुमान मंदिर के पास सड़क पर हो गए हैं गड्ढे

# जलभराव से जाम, चोटिल हो रहे बाइक सवार

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** लखनऊ - कानपुर एलिवेटेड रोड निर्माण में लगी पीएनसी कंपनी की लापरवाही से बंथरा में हनुमान मंदिर के पास कानपुर रोड से गुजरने वाले राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यहां पर आए दिन दोपहिया वाहन सवार सड़क किनारे बने भयंकर जल भराव में गिरकर चोटिल होते रहते हैं।

पीएनसी कंपनी कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण कार्य करा रही है। कंपनी ने कानपुर रोड पर डिवाइडर के दोनों ओर लोहे की टिन युक्त बैरिकेडिंग लगा रखी गई है। इससे रास्ता संकरा हो गया है। राहगीरों को दिक्कत ना हो इसे ध्यान में रखकर ज्यादातर जगहों पर सड़क के दोनों किनारों को चौड़ा कर दिया गया है।

कानपुर-लखनऊ पर बंथरा में रामचौरा मोड़ स्थित हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे चौड़ाई नहीं बढ़ाई गई। यहां रोड के किनारे घरों और दुकानों से निकला पानी भरा रहता है। जलभराव और गड्ढे होने से यहां रास्ता काफी संकरा हो गया है। इससे अक्सर जाम लग जाता है। पानी से भरे गड्ढों में गिरकर दोपहिया वाहन सवार चोटिल हो रहे हैं। पीएनसी न ही जलभराव वाले स्थान पर मिट्टी डलवा रही है और न ही जलभराव का इंतजाम ही कर रही है। हनुमान मंदिर से बंथरा बाजार तक एक किलोमीटर तक बेरिकेटिंग में कट भी नहीं है। इससे उल्टी दिशा से भी वाहन आते हैं, ऐसे में जाम की समस्या और बढ़ जाती है।

सरोजनी नगर क्षेत्र में सड़क के किनारे भरा पानी। अमृत विचार

# खुलेआम ढाबों में चल रहे अवैध मयखाने

संवाददाता,बख्शी का तालाब

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग 24 लखनऊ - सीतापुर के किनारे खुले ज्यादातर ढाबों में शराब परोसी जाती है। इन ढाबों पर चल रहे अवैध मयखानों को पुलिस का संरक्षण होने का आरोप है। ये ढाबे बीकेटी, इटौंजा व सैरपुर थानों की सीमा में हैं।

लखनऊ- सीतापुर हाईवे मात्रा में ट्रकों के अलावा लंबी दूरी के वाहनों का आवागमन रहता है। मुसाफिर खाने पीने के लिए ढाबों पर रुकते हैं। मड़ियांव से इटौंजा तक 20 से अधिक ढाबे हैं। इनमें से अधिकतर में शाम ढलते ही जाम टकराने लगते हैं। राजधानी के करीब होने के कारण शहर के शौकीन लोग भी यहां पहुंच जाते हैं। लग्जरी गाड़ियों वाली मंडली में बहुत से आपराधिक प्रवृत्ति के लोग रहते हैं। बहुत से युवा साथियों संग पार्टी मनाने भी आते हैं। मड़ियांव, भिठौली, छठामील, बीकेटी व इटौंजा के कुछ मशहूर ढाबों में तो दिन में भी शराब पिलाई जाती है। क्षेत्रीय पुलिस की क्यूआरटी जीपें ढाबों के बाहर देर रात तक खड़ी रहती हैं। उनके सामने से ही ढाबे से नशे में लड़खड़ाते लोग निकलते हैं। पुलिस द्वारा इन ढाबों से मुफ्त में चाय, नाश्ता और खाना लेने के साथ माहवारी भी वसूल करने के भी आरोप हैं।

> हाईवे किनारे के ढाबों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। अगर अवैध तरीके के कृत्य पाये जाते हैं तो ढाबा संचालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।
>
> – अभिजीत आर शंकर
> डीसीपी उत्तरी

## एक नजर

### समाचार पत्र वितरक के पिता का निधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक सेंटर के वितरक सूरज के पिता राधेश्याम का लंबी बीमारी के कारण होली के दिन दोपहर में अचानक हार्ट अटैक पढ़ने से तबीयत खराब हो गई। आनंन फानन में परिवार वालों ने नजदीकी अस्पताल में ले गए जहां डॉक्टरों ने इलाज के कुछ ही घंटे बाद मृत घोषित कर दिया। जिससे परिवार में शोक की लहर दौड़ गई करीब 20 वर्षों से अखबार वितरण का कार्य कर रहे थे।

### वाहन की टक्कर से युवक घायल

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार युवक घायल हो गया। जिसे ट्रामा सेंटर रेफर किया है। माल कस्बा निवासी बाइक सवार अकील ( 22) को मसीढ़ा गांव पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने एम्बुलेंस से उसे सीएचसी पहुंचाया। जहां सिर में गहरी चोट होने से डॉक्टरों ने ट्रामा भेज दिया।

### प्लाट पर नहीं दिया कब्जा

**अमृत विचार, लखनऊ :** रायबरेली के कनकपुर निवासी पवन कुमार मिश्रा ने दाखिल खारिज के बाद भी जमीन पर कब्जा न देने वाले कान्हा उपवन वैली में एच के इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंधक निदेशक विनोद उपाध्याय व प्रमोद उपाध्यायपर मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस कार्रवाई कर रही है।

### तीन बूथों पर महापौर होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरोजनीनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ संख्या 334 पर बूथ अध्यक्ष अमरीश मौर्य, बूथ संख्या 375 पर मंजेश तिवारी तथा 454 शारदा नगर द्वितीय वार्ड के मीरा बिहार कालोनी, चरन भट्ठा रोड लखनऊ में कामता सिंह के घर पहुंचकर महापौर सुषमा खर्कवाल जाकर मोदी परिवार होली मिलन कार्यक्रम में शिरकत किया।

# कार्यक्रमों में अब पुलिस बल मांगा तो आपको ढीली करनी पड़ेगी जेब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस आयुक्त ने जारी किया निर्देश, 1 अप्रैल से लागू होगी व्यवस्था
- आयोजक को पुलिस बल के प्रत्येक दिन का वेतन करना होगा भुगतान

**अमृत विचार:** राजधानी में अब निजी कार्यक्रमों में पुलिस बल की मांग आयोजक को जेब डीली करनी पड़ेगी। आयोजक को प्रत्येक पुलिसकर्मी को जितने दिन ड्यूटी करेंगे, वेतन का भुगतान करना पड़ेगा। पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर ने इस संबंध में निर्देश जारी किये हैं।

आयुक्त का कहना है कि राजधानी में निजी आयोजनों की संख्या वर्ष दर वर्ष बढ़ रही है। पुलिस रेगूलेशन व शासनादेशों में निजी कार्यक्रम में दिये जा रहे पुलिस बल के लिए शुल्क निर्धारित है। जो आयोजकों से लिया जाना है। ऐसे में निजी कार्यक्रमों के लिए पुलिस व्यवस्था का अब भुगतान लिया जायेगा। विभिन्न निजी कार्यक्रमों में पुलिस व्यवस्था दिये जाने पर पुलिस बल की दरों को निर्धारित किया जा रहा है। आयोजक को कार्यक्रम में लगे पुलिस बल का एक दिन का औसत वेतन देना होगा। एक से अधिक दिन पुलिस बल लगाने पर हर दिन के हिसाब से वेतन देना होगा। यह व्यवस्था नये वित्तीय वर्ष पर एक अप्रैल से लागू होगी।

### इन आयोजनों में देना होगा पुलिस को वेतन

- मनोरंजन कार्यक्रम मे।
- मैराथन दौड़ में।
- साइकिल, बाइक, कार रैली, यात्रा में।
- स्कूलों, शैक्षिक संस्थानों के निजी कार्यक्रम में।
- निजी व्यक्तियों, संगठनों के वैवाहिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम में।
- निजी संस्थाओं की प्रदर्शनी में।
- मॉल, होटल, गेस्ट हाउस में होने वाले निजी कार्यक्रम में ।
- आरडब्ल्यूए एवं अन्य निजी संस्थाओं में होने वाले चुनावी कार्यक्रम में।
- गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा आयोजित खेल व कार्यक्रमों में।

गुड फ्राइडे पर हजरतगंज स्थित कैथिड्रल चर्च में निकले जुलूस में शामिल ईसाई समुदाय के लोग। अमृत विचार

# खुम्स अदा न करने वाला सादात और इमाम का हक मारने वाला कहलाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- शिया हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक पूछ सकते हैं सवाल

**अमृत विचार :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उजमा सैय्यद सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से जारी हेल्प लाइन पर रोजेदारों ने आज 18 रमजान को तमाम धार्मिक मुद्दों पर सवाल पूछे जिनका जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए।

शिया हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क किया जा सकता है। महिलाओं की हेल्पलाइन का नम्बर 6386897124 है। इस हेल्पलाइन पर एक रोजेदार ने पूछा कि यदि कोई व्यक्ति अपनी बचत से खुम्स नहीं देता है, तो उसके लिए क्या हुक्म है ? इस सवाल के जवाब में कहा गया कि खुम्स वाजिब है। अगर कोई शख्स इसे अदा नहीं करेगा तो उसका माल पाक नहीं होगा और वह सादात और इमाम का हक मारने वाला कहलाएगा।

एक रोजेदार ने पूछा कि अगर रोज़ेदार जानबूझकर अल्लाह, रसूल या अहलेबैत की तरफ कोई गलत हदीस मनसूब करने के बाद तुरंत कहे कि मैंने गलत कहा है और अपने शब्द वापस ले लेता है, तो क्या उसका रोजा सही है ? इसके जवाब में कहा गया कि उसका रोजा सही नहीं है, लेकिन रोजे की कजा करना जरूरी है।

एक सवाल आया कि यदि कोई व्यक्ति शबे कद्र के आमाल अपने मृत माता-पिता की तरफ से करता है, तो क्या यह संभव है ? इसके जवाब में कहा गया कि शबे कद्र में अगर मरहूम मां-बाप की तरफ से आमाल किया जाए तो बेहतर है।

### तीन के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई

**अमृत विचार, लखनऊ।** चिनहट पुलिस ने शुक्रवार को जमीन पर कब्जा कर आर्थिक लाभ लेने वाले वकील अजीत कुमार, उनकी पत्नी रुपम सिंह व उसके साथी छेदालाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई भी की। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि अजीत कुमार पेशे से वकील हैं। अजीत पत्नी व साथी छेदालाल के साथ मिलकर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीनों पर कब्जा करते थे। धोखाधड़ी कर उन्हें बेचना और उससे आर्थिक लाभ का फायदा लेते थे। तीनों के खिलाफ कई लोगों ने धोखाधड़ी समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था। तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया।

# याद किया गया ईसा मसीह का बलिदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**गुड फ्राइडे**

**अमृत विचार :** पूरी दुनिया को शांति और प्रेम का संदेश देने वाले ईसा मसीह का बलिदान दिवस शुक्रवार को गुड फ्राइडे के रूप में गिरजाघरों में मनाया गया। आज ही के दिन ईसा मसीह को सलीब पर चढ़ाया गया था। ईसा मसीह के बलिदान को याद करते हुए पुरोहितों और पादरियों ने विशेष प्रार्थना और आराधना की। गिरजाघरों में ईसाई समुदाय के लोगों की बड़ी भीड़ उमड़ी। इस दौरान धार्मिक गीतों के माध्यम से यीशु के बलिदान को याद किया गया।

हजरतगंज स्थित कैथेड्रल चर्च (सेंट जोसफ कैथेड्रल) में विशेष प्रार्थना सभा हुई। शाम चार बजे क्रॉस का रास्ता का आयोजन किया गया। इस दौरान बिशप जेराल्ड जॉन मैथियास ने कैथेड्रल चर्च के प्रांगण की परिक्रमा की। इसके बाद परम प्रसाद का वितरण किया गया। उधर अलीगंज स्थित असेंबली ऑफ बिलीवर्स सर्च में गुड फ्राइडे की आराधना हुई। ऑसविन ने जो क्रूस पे जाती है वो मेरी राह है, जो क्रूस पर कुर्बान है वो मेरी मसीहा है। जैसे गीतों को गाकर यीशु के बलिदान को याद कर आंखें नम कर दीं।

पादरी मारिस कुमार में ईसा मसीह द्वारा सलीब से कहे सात वचनों के बारे में बताया। क्रूस का मंजर लघु नाटिका का मंचन किया गया। लालबाग स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च में गुड फ्राइडे परंपरागत रूप से आस्था के साथ मनाया गया। दोपहर में यहां प्रार्थना के बाद प्रवचन में रेवरन डॉ. मनोज सिंह व रेवरन विवेक काशीनाथ ने प्रभु यीशु द्वारा क्रूस से कही गई सात महावाणियों पर प्रकाश डाला।

ईस्टर का जुलूस 31 मार्च को लालबाग स्थित सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च से शाम 4:30 बजे निकलेगा और सेंट जोसेफ कैथेड्रल पर समाप्त होगा। ईस्टर प्रोसेसन कमेटी के सुनील डगलस ने बताया कि जुलूस सेंट्रल मेथोडिस्ट चर्च से कैसरबाग चौराहा, विश्वेसरनाथ मार्ग, नूर मंजिल, नावेल्टी सिनेमा होते हुए हजरतगंज कैथेड्रल चर्च परिसर में प्रवेश करेगा।

कार्यक्रम के दौरान नव अंशिका फाउंडेशन द्वारा सम्मानित की गईं महिलाएं। अमृत विचार

# नव अंशिका फाउंडेशन ने दिया महिलाओं को सर्वश्री सम्मान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के तहत नव अंशिका फाउंडेशन की ओर से मनाये जा रहे महिला माह की अंतिम कड़ी में शुक्रवार को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। निराला नगर के जेसी गेस्ट हाउस में हुए समारोह में संस्कृति विभाग के सहयोग से सामाजिक संदेश सेवा संस्थान द्वारा प्रस्तुत फूलों की होली की आकर्षण का केन्द्र रही।

आज के समारोह में उन महिलाओं का सम्मान किया गया जो पुरुषों के क्षेत्र में काम करती हैं। इसी वजह से इस सम्मान को नव अंशिका सर्वश्री सम्मान नाम दिया गया। जौनपुर स्वास्थ्य विभाग की आशा संगिनी सरिता पाण्डेय, उन्नाव की वरिष्ठ पुलिस उपनिरीक्षक रीना पाण्डेय मिश्रा, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रुचि खरे, भारतीय रेलवे की राजपत्रित अधिकारी मंजू चक्रवर्ती, किंग कन्स्ट्रक्शन की संजना सिंह संजू, सैस हुंडई की ब्रांच हैड चंचला सचदेवा, वाहन चालक अंजू और रेल विहार कालोनी की समाजसेवी रेखा शर्मा को सम्मानित किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के सहयोग से सामाजिक संदेश सेवा संस्थान की ओर विशाल-अरुण के दल ने होली खेलो तू जमकर घूंघट वाली पर फूलों की होली का सजीव नजारा उपस्थित कर दर्शकों को जोश से भर दिया। वहीं श्वेता की दिलकश प्रस्तुति के बाद शिक्षा अग्रवाल ने भी मधुर होली गीत पर कथक नृत्य की प्रभावी प्रस्तुति दी।

भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की डॉ. रुचि खरे के निर्देशन में पद्मविभूषण पंडित बिरजू महाराज द्वारा रचित और स्वरबद्ध कृष्ण पर आधारित भजन श्री कृष्ण निरतत थुंगा थुंगा पर कनक कुलश्रेष्ठ और वैभवी मिश्रा ने नृत्य प्रस्तुत किया। श्रोताओं के आग्रह पर अपर्णा यादव ने ले चले हम राष्ट्र की और गीत सुनाकर सबका दिल जीत लिया।

नव अंशिका फाउंडेशन संस्था की अध्यक्ष नीशू त्यागी ने बताया कि मार्च माह के सभी पांचों शुक्रवारों को मिशन शक्ति को समर्पित प्रेरक कार्यक्रम द ग्रेट शक्तिस्वरूपा उत्सव के तहत आयोजित किये गए।

# नमाज पढ़ने गए युवक के मकान में चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गोमतीनगर थाना अंतर्गत विजयखण्ड में नमाज पढ़ने गए युवक के घर चोरों ने हाथ साफ कर दिया।

मूलरूप से गोंडा जनपद महारानीगंज घोसियाना निवासी आकिल टाटा कंसलटेंट सर्विस कंपनी में काम करता है। पीड़ित व उसके साथी ओवैश, सैफी, सरफराज, सहनियाल उजरियांव विजयखण्ड गोमतीनगर लखनऊ में किराये पर मकान लेकर साथ में ही रहते हैं। बीतें दिनों अकील व उसके साथी नमाज पढ़ने के लिए समय करीब 8बजे गये हुये थे। पीड़ित के खाला की लड़की अपने रूम में सो रही थी। जब पीड़ित व उसके साथी वापस अपने रूम पर आये तो देखा कि उनके कमरे से 3मोबाइल फोन, 2लैपटाप और एक बैग जिसमें 2300/-रूपये नगद रखे हुये थे को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया।

### मकान का मेनगेट तोड़कर पार की ज्वैलरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** तालकटोरा इलाके में महिला के मकान का मेन गेट तोड़कर चोरों ने किया लाखों की चोरी। मुनेश्वर पुरम बादशाहखेड़ा आलमनगर निवासी अनामिका वर्मा बीते दिनों सपरिवार पैतृक गांव गई थी। गुरुवार रात चोरों ने घर के मेनगेट का ताला तोड़कर कमरे रखे बक्शे से सोने- चांदी के गहने व मोबाइल फोन को चोरी कर लिया है।

# बुंदेलखंड में गेहूं कटाई के साथ खरीद शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महोबा में दो व ललितपुर में एक किसान ने दो केंद्रों पर बेचा 15 मीट्रिक टन गेहूं
- 50 फीसद तक कट गई फसल 1 अप्रैल से ज्यादातर केंद्रों पर हो सकती है बोहनी

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड में गेहूं की कटाई के साथ सरकारी खरीद शुरू हो गई है। गुरुवार को सबसे पहले महोबा में एक केंद्र पर ग्राम पुन्नियां खरेला निवासी योगेंद्र सिंह व देवेंद्र कुमार ने कुल 9 मीट्रिक टन गेहूं बेचा। जबकि ललितपुर में एक केंद्र पर ग्राम बरयो में भगत सिंह ने 6 मीट्रिक टन गेहूं बेचकर सरकारी खरीद की बोहनी कराई है। क्षेत्र में अन्य फसलों के साथ 50 फीसद तक गेहूं की फसल कट चुकी है। त्योहार बाद किसान क्रय केंद्रों का रुख करने लगे हैं। संभावना है कि 1 अप्रैल से अधिकांश केंद्रों पर गेहूं खरीद होने लगेगी। जबकि बुंदेलखंड के अलावा अन्य क्षेत्रों में अभी फसल तैयार नहीं है। इस कारण केंद्रों पर सन्नाटा है। 15-20 अप्रैल के आसपास खरीद शुरू होगी।

### एक माह पहले खुले थे केंद्र

इस बार प्रदेश में किसानों की सुविधा और अधिक से अधिक गेहूं खरीदने के लिए 1 मार्च से केंद्र संचालित किए गए थे। प्रस्तावित 6500 केंद्रों में 5981 क्रय केंद्र संचालित हैं। इसमें दो केंद्रों पर गेहूं खरीद शुरू हुई है। जबकि पिछले वर्षों में 1 अप्रैल से केंद्र संचालित होते थे। कहा, यह भी जा रहा कि तेज धूप के कारण फसल इस बार जल्द पककर तैयार हो रही है। ऐसी स्थिति में खरीद भी जल्द होगी।

### 60 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य, 1.95 लाख किसान पंजीकृत

प्रदेश को 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदने का लक्ष्य मिला है। कुल 1,95,427 किसानों ने पंजीयन कराया है। इसमें ललितपुर में एफसीआई व पीसीएफ ने गेहूं खरीद की शुरुआत की है। इधर, पिछले दो वर्ष से बाजार भाव अधिक होने के कारण सरकारी खरीद नहीं हो पा रही है। ऐसे हालात दोबारा न बने इस पर जोर दिया जा रहा है।

### पिस्ता फलूदा में कीड़े निकले एफएसडीए ने दिया नोटिस

**अमृत विचार, लखनऊ :** लूलू मॉल के फलूदा नेशन स्टॉल के केसर पिस्ता फूलदा में कीड़ा निकले के मामले में शुक्रवार को एफएसडीए टीम ने स्टाल का निरीक्षण किया। एफएसडीए अधिकारी जेपी सिंह ने बताया कि सूखे मेवे जिन डिब्बों में रखे थे उनके ढक्कन खुले हुए थे, प्रयोग के बाद उन्हें तुरंत एयर टाइट डिब्बों में रखने का निर्देश दिया गया। वाशिंग एरिया में कूड़ेदान खुली अवस्था में रखा था ।तत्काल ढक्कनदार डस्टबीन प्रयोग करने का निर्देश दिया गया। नमूना लेकर जांच हेतु प्रेषित किया गया। निरीक्षण में पाई गई उपरोक्त कमियो केआधार पर खाद्य कारोबरकर्ता को नोटिस प्रेषित किया जा रहा है।

# बिना परमिट के फर्राटा भर रहे टैंपो

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अवैध वाहनों के संचालन के कारण यातायात होता है बाधित

**अमृत विचारः** सवारियां भरने के लिए नियम ताक पर रखकर ऑटो-टैंपो वाले अपनी मनमानी कर रहे है। ऑटो-टैंपो चालक बिना मार्ग परमिट के सवारियां बैठा रहे है। यह ऑटो-टैंपो चालक यातायात को बाधित करके जबरदस्ती सवारियों को बैठाते है और जब इनसे नियमतः सवारियां बैठाने वाले ऑटो-टैंपो चालक मना करते है तो ऑटो चालक लड़ाई पर अमादा हो जाते है।

चारबाग नत्था तिराहे पर अनगिनत टैंपो-टैक्सी बिना मार्ग परमिट के सवारियां बैठा रहे है। जहां एक ओर यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया जा रहा है जिससे चारबाग में जाम न लगे। वहीं ये टैंपो-टैक्सी वाले बिना किसी की परवाह किए यातायात को बाधित करके जबरदस्ती सवारियां भर रहे है। इनसे वह टैक्सी-टैंपो वाले प्रभावित हो रहे है जो नियमतः सवारियां भरने का इंतेजार करते रहते है।

इन टैंपो-टैक्सी वाहन चालकों को राकेश सोनकर, हरीश सोनकर, अज्जू सोनकर व अन्य द्वारा संरक्षण प्राप्त है। जिसकी वजह से यह ऑटो-टैंपो अधिकृत न होने के बावजूद जबरन सवारियां बैठाते है। इनके द्वारा अवैध वसूली व अवैध संचालन किया जा रहा है। जो चालक नियमत: वाहन चला रहे है उनको डरा धमका कर संचालन करने से रोका जा रहा है जिसकी वजह से ऑटो रिक्शा का सुव्यवस्थित संचालन नहीं हो पा रहा है। 100 से अधिक ऑटो-टैंपो का संचालन नत्था तिराहे से प्रतिदिन हो रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रभारी निरीक्षक नाका थाना को उचित कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है।

**-पंकज दीक्षित, अध्यक्ष- टैम्पो टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा संयुक्त मोर्चा**

### चार वारंटी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी पुलिस ने शुक्रवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। आशियाना पुलिस ने सोनू लालवानी को गिरफ्तार किया। सोनू के खिलाफ कोर्ट में एनआई एक्ट का मुकदमा विचाराधीन चल रहा है। वहीं, बंथरा पुलिस ने रसूलपुर भटगांव निवासी संतोष कुमार , नाका पुलिस ने फतेहगंज गल्ला मंडी निवासी महेश कुमार और गुडम्बा पुलिस ने फूलबाग कालोनी निवासी मो. हनीफ को गिरफ्तार किया। संतोष के खिलाफ मारपीट व धमकी, महेश और मो. हनीफ के खिलाफ धोखाधडी, मारपीट, गाली-गलौज का कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। सभी काफी दिनों से कोर्ट में हाजिर नहीं हो रहे थे। कोर्ट ने सभी के खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी किया है।

# किराये के मकान की समस्या को उजागर कर गया नाटक ऊपर की मंजिल खाली है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से नाट्य संस्था आकांक्षा थियेटर आर्टस के तत्वावधान में चल रहे तीन दिवसीय नाट्य समारोह की दूसरी संध्या में शुक्रवार की शाम संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक ऊपर की मंजिल खाली है का मंचन किया गया। आत्माराम सावंत द्वारा लिखित, श्रीधर जोशी द्वारा नाट्य रूपांतरित और अशोक लाल द्वारा निर्देशित इस नाटक ने किराए के मकान की समस्या को उजागर करने की कोशिश की।

नाटक के मंचन से पहले मुख्य अतिथि राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अशोक कुमार, निबंधक प्रदीप कुमार और बीएन ओझा ने दीप प्रज्जवलित किया। नाटक ऊपर की मंजिल खाली है ने शहरों में किराये के मकान की समस्या को उजागर कर परिस्थितिजन्य हास्य के साथ दर्शकों को हंसा-हंसा कर लोटपोट कर गया।

नाटक में शराफत हुसैन विवाहित है और दूसरे शहर में नौकरी करने आया है। उस शहर में किराये का मकान ढूंढते हुए एक ऐसा मकान किराये पर लेता है जहां का मकान मालिक नवाब साहब की शर्तों के अनुसार जो कुंवारा व्यक्ति होगा उसी को मकान में किरायेदार के तौर पर रहने दिया जायेगा। मकान मालिक की एक बेटी जिसका नाम पम्मी है उससे शादी करके वह उसे अपना घर जमाई बनाना चाहता है।

शुक्रवार की शाम संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

शराफत हुसैन अपने को कुंवारा बताकर उस मकान में रहने लगता है। एक दिन शराफत मियां की पत्नी शमीम जो उस शहर में अपने पति शराफत का पता लगाते हुए आ जाती है। शराफत मियां की बीबी को इस झूठ का पता नहीं रहता बस मुसीबत यहीं से शुरू हो जाती है एक ओर मकान मालिक से मकान खाली कराये जाने का डर से शराफत मियां अपनी बीबी को बहन के रूप में मकान मालिक से परिचय कराता है। तो दूसरी ओर मकान मालिक मन ही मन पम्मी की शादी शराफत हुसैन से कराने की सोचता है।

नवाब साहब खुद विधुर थे और शमीम के आशिक हो जाते हैं और उससे शादी करने का सपना देखते हैं। कई दिलचस्प घटनाओं के बाद शमीम के पिता मीर साहब अपने बेटे इमरान के साथ वहां आ धमकते है। अन्त में बड़े ही नाटकीय परिस्थितियों में सम्पूर्ण घटना का रहस्योद्घाटन होता है। नाटक में अशोक लाल, जारा हयात, तारिक इकबाल, अनमोल कुमारी सिंह, मोहित यादव, सौरभ सिंह और आनन्द प्रकाश शर्मा ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

# दिगंबर विद्रोहिणी अक्क महादेवी का विमोचन और चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सेतु प्रकाशन समूह की ओर से कैफ़ी आजमी अकादमी में शुक्रवार को तीन दिवसीय सेतु संवाद की शुरुआत हुई। सेतु प्रकाशन की ओर से अमिताभ राय ने प्रकाशन के बारे में जानकारी दी। उद्घाटन वक्तव्य देते हुए चर्चित कवि नरेश सक्सेना ने लेखकों से कठिन समय में अभिव्यक्ति के खतरे उठाने के लिए आगे आने को कहा।

प्रथम सत्र में सुभाष राय की पुस्तक दिगंबर विद्रोहिणी अक्क महादेवी के विमोचन और चर्चा का कार्यक्रम हुआ। विमोचन के बाद लेखकीय वक्तव्य देते हुए सुभाष राय ने पुस्तक के लिखे जाने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि शुरू में अक्क भक्त की तरह दिखती हैं लेकिन आगे चलकर प्रेमी के रूप में नजर आती हैं। वे शिव के प्रेम में थीं। उन्होंने अक्क के दर्जनों अनुवादों को दर्जनों बार पढ़ने के बाद यह पुस्तक तैयार की है। सुभाष राय ने अक्क के कई वचनों और कुछ छाया कविताओं का पाठ भी किया।

लेखिका प्रीति चौधरी ने कहा कि अक्क अपनी यौनिकता को लेकर मुखर हैं। सोचने की बात है कि उस समय उन्हें कितनी मुश्किलों का सामना करना पड़ा होगा।

## एक नजर

### पुलिस ने 68 कुख्यात अपराधियों को दिलाई सजा

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी पुलिस के स्तर पर 2020 से 68 कुख्यात अपराधियों को चिन्हित कर उनके मुकदमें में पैरवी लगातार की जा रही है। पुलिस ने विचाराधीन मुकदमों में विशेष पैरवी कराकर 54 अभियोगों में 25 चिन्हित अपराधियों व 44 सह अपराधियों (गैंग सदस्यों) को दोष सिद्ध कराया है। जिसमें दो को मृत्युदंड की सजा तथा अन्य अपराधियों को आजीवन कारावास और सश्रम कारावास जैसे दंड दिया है। जिन अपराधियों को सजा मिल चुकी है उनमें मुख्तार अंसारी (मृत) के अलावा विजय मिश्रा, अतीक अहमद (मृत), योगेश भदौड़ा, मुनीर, सलीम, रुस्तम, सोहराब, अजीत सिंह उर्फ हप्पू, आकाश जाट, सिंहराज भाटी, सुंदर भाटी, मुलायम यादव, ध्रुव कुमार सिंह उर्फ कुंटू सिंह, अमित कसाना, एजाज, अनिल दुजाना, याकूब, कुरैसी, बच्चू यादव, धर्मेंद्र कीर्ठल, रणदीप भाटी, संजय सिंह, अनुपम दुबे, विक्रांत उर्फ विक्की और ऊधम सिंह जैसे अपराधी शामिल हैं।

# मुख्तार ने जिनकी हत्या कराई, उनके परिजन खुश

## अलका राय ने बेटे के साथ किया बाबा विश्वनाथ का दर्शन-पूजन, कहा- हम बहुत खुश हैं, बाबा की कृपा है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अब नहीं है, उसकी मौत का एक-एक पल कितना दर्दनाक रहा होगा, कल्पना करना परिवार और समर्थकों को पीड़ा से भर देता है। लेकिन, मुख्तार की वजह से जिन महिलाओं के सुहाग उजड़े, बच्चों से बाप का साया छिना, उनके लिए मुख्तार की मौत की खबर सुकून देने वाली रही।

19 साल पहले ताबड़तोड़ गोलियों से छलनी किए गए भाजपा विधायक कृष्णानंद राय की पत्नी अलका राय और बेटे पीयूष राय ने शुक्रवार को काशी विश्वनाथ मंदिर के दर्शन किए। इस मामले में भी मुख्तार बरी हो चुका था। अलका राय ने कहा कि हम बहुत खुश हैं। बाबा की कृपा है। महाराज योगी जी का आशीर्वाद मिला है। ये भगवान का न्याय है। विपक्ष कुछ भी कह सकता है, कोई फर्क नहीं पड़ता। पंजाब की जेल में रहकर वह अपराध करता था, लेकिन यूपी आकर न्याय मिला है। वह अत्याचारी था, उसका अंत हो गया। वहीं, पीयूष ने कहा कि आज का दिन उनके लिए खुशी का दिन है और ये दिवाली से कम नहीं है। मैं गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा, उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर, मैं बस इतनी सी बात कहूंगा, 'कर्म के दायरे से उतरोगे, तो उसकी सजा तुम्हें तड़पने तक नहीं छोड़ेगी।

माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने पहुंचे कृष्णानंद राय की पत्नी और पुत्र। अमृत विचार

मुख्तार की मौत की खबर मिलने के बाद बेटे विकास ने पिता मन्ना सिंह की फोटो पर पहली बार माला चढ़ायी, वहीं पत्नी के भी आंसू छलक आए। अमृत विचार

**▸▸ विकास ने पिता मन्ना की फोटो पर पहली बार चढ़ायी माला**

ऐसा ही माहौल मऊ में ठेकेदार मन्ना सिंह उर्फ अजय प्रकाश सिंह और उनकी हत्या के गवाह राम सिंह मौर्य और गनर की 2009 में दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या की घटना में भी बरी हुए मुख्तार की मौत को लेकर है। मन्ना सिंह के बेटे विकास सिंह ने पिता की फोटो पर पहली बार माला और फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही परिवार वाले खुशी के आंसू रोए।

## प्रतिक्रिया

आज का दिन मेरे लिए खुशी का है और होली-दिवाली से कम नहीं है। मैं बाबा विश्वनाथ और गोरखनाथ भगवान का बहुत शुक्रिया कहूंगा। उनका बहुत आशीर्वाद है हम लोगों पर। जो जैसा करता है, उसका फल उसे मिलता है।

**-पीयूष राय (पुत्र स्व. कृष्णानंद राय)**

इलाज के नाम पर प्रशासन ने ड्रामा ही किया है। दो दिन पहले भी इलाज के नाम पर खानापूरी कर पिता को जेल की तन्हाई में डाल दिया गया था। जहर देने का आरोप हमारी ओर से नहीं बल्कि पिता की ओर से ही लगाया गया था, जो अब इस दुनिया में नहीं रहे। मुझे प्रशासन पर नहीं, न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है।

**-उमर अंसारी (पुत्र मुख्तार अंसारी)**

गाजीपुर की अवाम ने अपने चहेते बेटे और भाई को खो दिया। मुख्तार ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाया था कि उन्हें जहर दिया गया है, बावजूद इसके सरकार ने उनके इलाज पर ध्यान नहीं दिया जो कि निंदनीय और अफसोसजनक है।

**-असदुद्दीन ओवैसी (एआईएमआईएम प्रमुख)**

मेडिकल जांच हो चुकी है, न्यायिक जांच होगी। आज कल 25-35 साल के लोगों को हार्ट अटैक आ जाता है। जो भी हुआ है वो सच सामने आ जाएगा। सपा, कांग्रेस और बसपा बताए उन्हें कौन संरक्षण देता था, ऐसी घटनाओं पर राजनीति नहीं करनी चाहिए।

**-अनुराग ठाकुर (केंद्रीय मंत्री)**

लोग जो संदिग्ध हालात में मौत की बात कहते हैं, वो जांच का विषय है। जांच में सत्यता के आधार पर बयान करना चाहिए। आज के दिन विज्ञान पर भरोसा करना चाहिए। फॉरेंसिक रिपोर्ट पर ही विश्वास किया जा सकता है। किसी की मौत पर राजनीति नहीं होनी चाहिए।

**-संजय निषाद (कैबिनेट मंत्री)**

सभी को मुख्तार की मौत से जुड़ी अफवाह से बचना चाहिए। मेरे डीजीपी रहते हुए भी मुख्तार को लेकर ऐसी मनगढ़ंत कहानियां बनाई जाती थीं। वो पहले भी बीमार रहता आया है। राज्य में इस समय शांति का माहौल है, उसे किसी को भंग करने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

**-ओपी सिंह (पूर्व डीजीपी)**

मुख्तार की जिन परिस्थितियों में मृत्यु हुई, वह अत्यधिक चिंताजनक है। उन्होंने न्यायालय में अर्जी देकर पहले ही जहर देकर अपनी हत्या की आशंका व्यक्त की थी। मौजूदा व्यवस्था में तो न जेल में कोई सुरक्षित, न पुलिस कस्टडी में और न अपने घर में। प्रशासनिक आतंक का माहौल पैदा करके लोगों को मुंह बंद रखने को विवश किया जा रहा है।

**-रामगोपाल यादव (सपा नेता)**

पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की सांस्थानिक हत्या हुई है। कानून, संविधान, नैसर्गिक न्याय को दफन कर देने जैसा है।

**-पप्पू यादव (कांग्रेस नेता)**

# मुख्तार की मौत के बाद शुरू हुई वोट बैंक की राजनीति

## सपा, बसपा व कांग्रेस मुसलमानों को साधने में जुटी, हिंदू वोट सहेज रही भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद वोट बैंक मजबूत करने के लिए सियासत भी तेज हो गई है। सबसे पहले सवालों की बौछार सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शुरू की, देखते ही देखते बसपा प्रमुख मायावती, कांग्रेस समेत तमाम दलों और नेताओं की ओर सरकार पर आरोप और जांच की मांग शुरू हो गई। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष ने जैसे ही मुसलमान वोट साधने की कवायद तेज की, भाजपा ने मुख्तार की जरायम की दुनिया गिनाने के साथ मारे गए लोगों की संवेदनाओं के जरिए हिंदू वोट बैंक सहेजना शुरू कर दिया है।

माफिया मुख्तार अंसारी उत्तर प्रदेश की बांदा जेल में सजा काट रहा था। गुरुवार देर शाम हार्ट अटैक से उसकी मौत हो गई थी। पोस्टमार्टम के बाद शव को पुश्तैनी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी शुरू हो गई है। जुमा की नमाज की वजह से प्रदेश में हाई अलर्ट रहा। मुख्तार अंसारी की मौत ऐसे समय में हुई है जब लोकसभा चुनाव की तपिश तेज है। मुख्तार की मौत के सहारे विपक्षी दलों की कोशिश मुस्लिम वोटों के विश्वास को जीतना है, क्योंकि मुख्तार मुस्लिम समुदाय से आते हैं। पूर्वांचल के कई जिलों में मुस्लिम वोटर बड़ी संख्या में हैं।

अखिलेश यादव से लेकर मायावती तक मुस्लिम वोटों को सियासी संदेश देने के लिए ही मुख्तार की मौत पर सवाल खड़े कर सरकार को घेर रहे हैं। इसके बहाने यह बताने की कोशिश हो रही है कि मुख्तार अंसारी की मौत स्वाभाविक नहीं है बल्कि एक साजिश के तहत उसे मारा गया। ऐसा मुस्लिम समुदाय के लोग मान भी रहे हैं, जिसे समझते हुए विपक्षी दल सरकार को घेर रहे हैं।

सरकार ने न्यायिक और मजिस्ट्रेटी दोनों जांच को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर तमाम मंत्री और नेता मुख्तार की मौत को स्वाभाविक बताते हुए विपक्ष के आरोपों को राजनीतिक करार दे रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी से लेकर बड़े नेता विपक्ष के गढ़े जा रहे नैरेटिव को तोड़ने के बजाय खामोशी अख्तियार किए हैं। चुप रहते हुए बहुसंख्यकों को राजनीतिक मैसेज दिया जा रहा है। मगर सोशल मीडिया में खूब सियासी दांव-पेच चल रहे हैं।

### 19 साल जेल में रहते हुए मुख्तार ने लड़े तीन चुनाव

मुख्तार को सियासत विरासत में मिली है। उनके दादा डॉ. मुख्तार अहमद अंसारी स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन के दौरान 1926-27 में इंडियन नेशनल कांग्रेस के अध्यक्ष थे। महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर उस्मान मुख्तार उन के नाना थे। मुख्तार के पिता सुब्हानउल्लाह अंसारी कम्युनिस्ट नेता थे। इतना ही नहीं पूर्व उप राष्ट्रपति हामिद अंसारी मुख्तार के रिश्ते में चाचा लगते हैं। मुख्तार अंसारी के बड़े भाई अफजाल अंसारी ने पिता की तरह कम्युनिस्ट पार्टी से सियासी पारी शुरू की थी, लेकिन मुख्तार ने बसपा के हाथी पर सवारी कर सियासत में कदम रखा। पहली बार 1996 में बसपा के टिकट पर जीतकर विधानसभा पहुंचे थे। 2002, 2007, 2012 और फिर 2017 में भी मऊ से जीत हासिल की। 19 साल से अलग-अलग जेल में रहते हुए आखिरी तीन चुनाव जीते। बाद में मऊ की विरासत बेटे को सौंप दी। पूर्वांचल की राजनीति में मुख्तार अंसारी का उतना ही असर है जितना कि बिहार की राजनीति में शहाबुद्दीन का हुआ करता था। 2005 में बिहार की सत्ता के बदलते ही शहाबुद्दीन के बुरे दिन शुरू हो गए थे, वैसे ही उप्र. में 2017 में सत्ता बदलते ही मुख्तार अंसारी पर शिकंजा कसने लगा था।

### जहां दफन हैं कई पीढ़ियां, वहीं सुपुर्द-ए-खाक होगा मुख्तार

गाजीपुर के कालीबाग कब्रिस्तान में मुख्तार अंसारी के परिवार में अब तक जितने भी पूर्वजों का इंतकाल हुआ है, सभी को दफनाया गया है। मुख्तार को भी इसी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया जाएगा। विधायक मन्नू अंसारी ने शुक्रवार को कब्रिस्तान पहुंच कर साफ-सफाई कराई। वे फोन पर उस जगह के लिए सांसद अफजाल अंसारी से दिशा निर्देश ले रहे हैं, जहां मुख्तार के शव को दफनाया जाएगा।

### ऊपर वाला जरूर बदला लेगा : सिबगतुल्लाह अंसारी

मुख्तार अंसारी के बड़े भाई सिबगतुल्लाह ने कहा कि रात में मुख्तार की हालत खराब होने की सूचना हम लोगों को मिली थी। वह अपने पतन का एहसास करते रहे। सबको बताते रहे, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया, क्योंकि यह सब एक साजिश के तहत हो रहा था। मुख्तार के शरीर को आप देखेंगें, कोई नहीं कहेगा कोई बीमार इंसान पड़ा है। लगेगा कोई सो रहा है। उन्होंने कहा, हमारे सामने कोई खड़ा न हो पाए, उसे पहले मिटा दो.. ये राजनीति हो रही है आजकल। अब कोई जेल में भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि ऊपर वाला बदला जरूर लेगा।

**▸▸ माफिया को 'मुजाहिद' बताते थे समर्थक, देश-विदेश के मौलानाओं से था रिश्ता**

# मुन्ना बजरंगी की तरह मुझे मारने का हो रहा षड़यंत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ उप राज्यपाल मनोज सिन्हा भाजपा विधायक व पुलिस अधिकारियों पर लगाए आरोप**

**▸▸ सपा, बसपा और कांग्रेस ने व्यवस्था पर सवाल उठा सरकार को कठघरे में खड़ा किया**

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के दूसरे दिन शुक्रवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ पत्र चर्चा का विषय बन गया। मुख्तार अंसारी ने 21 मार्च को यह पत्र मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (एमपी-एमएलए) को लिखा गया था। पत्र में मुख्तार ने जम्मू एंड कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, भाजपा समर्थित एमएलसी बृजेश सिंह, भाजपा विधायक सुशील सिंह, एसटीएफ मुखिया अमिताभ यश और प्रमुख सचिव गृह पर जेल में मरवाने की साजिश रचने का आरोप लगाया है।

मुख्तार अंसारी ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को लिखे पत्र में कहा कि शासन ने प्रेम प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी को जेल में ही गोली से मरवाया था। यही नहीं भाजपा सरकार ने कई लोगों को जेल में मरवा दिया। मुन्ना बजरंगी की तर्ज पर मुझे भी जेल में ही मारने की साजिश चल रही है। पत्र में मुख्तार ने लिखा था कि उक्त सभी लोग साजिशकर्ता हैं। सरकार के निर्देश पर मुझे मारने की साजिश चल रही है। अतः मेरी प्राणरक्षा के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाएं।

वायरल पत्र को विपक्ष के कई नेताओं ने सोशल मीडिया पर शेयर कर मुख्तार की मौत के मामले की न्यायिक जांच कराने की मांग उठाई है। समाजवादी पार्टी, कांग्रेस और बसपा के कई नेताओं ने सरकार से सवाल पूछे और व्यवस्था को कठघरे में खड़ा किया।

## रमजान में अतीक और मुख्तार का अंत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 2023 में 22वें रोजे पर अतीक और अशरफ की हुई थी हत्या**

**अमृत विचार :** रमजान के पाक महीने में दो बड़े माफियाओं का अंत हुआ। इसे कुदरत का न्याय कहें या कुछ और। पर, सच यही है कि दोनों का अंत रमजान माह में हुआ। 2023 के 22वें रोजा को प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की पुलिस कस्टडी में हत्या की गई। इस साल 17वें रोजा को मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। दोनों माफियाओं की मौत में कई समानताएं भी हैं। दोनों की मौत जेल में बंद रहने के दौरान हुई। उमेश पाल हत्याकांड के मुख्य आरोपी माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या 15 अप्रैल 2023 की तीन हमलावरों ने प्रयागराज के काल्विन अस्पताल में गोली मारकर हत्या कर दी। उस वक्त दोनों भाई पुलिस रिमांड में थे। उनका चिकित्सकीय परीक्षण कराने के लिए अस्पताल लाया गया था। मुख्तार अंसारी भी पिछले ढाई साल से बांदा जेल में बंद था। दो दिन पहले तबियत खराब होने पर उसे बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। इलाज के बाद उसे बांदा जेल भेज दिया गया। गुरुवार को रमजान का 17वां रोजा था। इसी दिन दोपहर जेल में मुख्तार की तबियत बिगड़ी, जेल अस्पताल में उसका इलाज शुरू हुआ। देर शाम को हालत नाजुक होने पर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहां देर रात उसकी मौत हो गई।

# वरिष्ठ अधिकारी सड़क पर, एडीजी लेते रहे अपडेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी की मौत के बाद शुक्रवार को पूरे यूपी में अलर्ट रहा। प्रयागराज, कानपुर, गोरखपुर और लखनऊ में पैरामिलेट्री फोर्स ने फ्लैगमार्च किया। मऊ, गाजीपुर और बांदा में धारा 144 लागू कर दी गई। प्रदेश के लगभग सभी बड़ी मस्जिदों के आसपास फोर्स तैनात कर दी गई।

लखनऊ के चौक इलाके में आरएएफ की तैनाती रही। मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सुबह ही पुलिस तैनात कर दी गई थी।

पूरे प्रदेश में पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था को लेकर सक्रिय थे। देर शाम तक किसी भी तरह की अनहोनी की कोई सूचना नहीं थी। जुमे की नमाज भी सकुशल संपन्न हुई।

**- अमिताभ यश, एडीजी कानून-व्यवस्था**

प्रयागराज में पुलिस ने जुमे की नमाज से पहले धर्मगुरुओं से बातचीत कर शांति पूर्वक नमाज पढ़ाकर वापस घर भेजने का अनुरोध किया। यहां पूरे जोन जोन और कमिश्नरेट में अलर्ट जारी किया गया था। एडीजी भानु भास्कर ने पुलिस कर्मियों को लगातार भ्रमणशील रहने के निर्देश दिए और लगातार पल-पल की अपडेट लेते रहे। आगरा में जुमे की नमाज से पहले जामा मस्जिद के पास पुलिस ने फ्लैग मार्च किया गया। इसके अलावा मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में लगातार पुलिस की मुस्तैदी बनी रही। कानपुर के बिरहाना रोड पर सुबह से ही पुलिस ने पैदल मार्च करना शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने गंदे पड़े सीसीटीवी को भी साफ कराया।

**▸▸ कई जिलों में तैनात रही आरएएफ, मस्जिदों के आसपास पूरे दिन निगहबानी**

अलीगढ़ में आईजी रेंज शलभ माथुर स्वयं एसएसपी के साथ शहर का भ्रमण करते रहे। वाराणसी में पुलिस ने डीआईजी ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया। राजधानी लखनऊ में कमिश्नरेट पुलिस पूरे दिन सक्रिय रही जबकि मऊ, गाजीपुर और बांदा में जिलाधिकारी और एसएसपी लगातार कानून व्यवस्था को लेकर मोर्चा संभाले रहे।

**राजनीति** बसपा-भाजपा गठबंधन में पहली बार विधायक बने मुख्तार पर चढ़ा था सत्ता का नशा

# मुख्तार को डॉन बनाने में कई दलों की सरकारों का रहा हाथ

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**▸▸ योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री न बनते तो माफिया पर लगाम कसना होता बहुत कठिन**

**अमृत विचार :** मुख्तार अंसारी को माफिया डॉन बनाने में कई दलों की सरकारों का हाथ रहा है। अब योगी आदित्यनाथ ने दबंग और माफियाओं के प्रति सत्ता का रुख पूरी तरह बदल दिया , वरना एक दौर वह भी था, जब भाजपा के समर्थन से बनी मायावती सरकार में पहली बार बसपा विधायक बने मुख्तार अंसारी पर सत्ता का नशा का चढ़ा था। तब विहिप नेता नंद किशोर रुगंटा का अपहरण करके उनके शव को टुकड़ों में काटकर उसने ऐसा गायब किया था कि आज तक पता नहीं चला। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के भाई अवधेश राय को गोली से उड़ा दिया। ऐसे तमाम जरायम का हिसाब लेने वाली ऐसी सरकारें नहीं थीं। पुलिस तो उसके आगे-पीछे घूमा करती थी।

बनती-बिगड़ती सरकारों में मुख्तार की तूती कभी कम नहीं हुई। योगी आदित्यनाथ जैसे मुख्यमंत्री न होते तो, आज भी मुख्तार पर लगाम कसना बहुत कठिन होता। हालांकि शुरुआत में मुख्तार के आपराधिक कृत्यों से परिवार हमेशा खफा रहा। इसीलिए उसके राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत बड़े भाई अफजाल अंसारी की लताड़ से शुरू हुई थी। लेकिन गाजीपुर से लेकर मऊ, वाराणसी, जौनपुर और सोनभद्र, लखनऊ, गोरखपुर या यूं कहें कि पूरा प्रदेश और बाद में हरियाणा, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, मप्र, बिहार आदि राज्यों तक उसका काली कमाई पर राज चलने लगा था। विरोध करने वालों को उसके शूटर कहीं भी निपटाने में देर नहीं करते थे।

कोयला कारोबार पर वर्चस्व को लेकर विहिप नेता रूंगटा की हत्या और ब्रजेश सिंह से कोयला-शराब, टैक्सी स्टैंड, मछली आदि कारोबार को लेकर दुश्मनी से वह खुद को मुसलमानों के बीच मुजाहिद की छवि पेश करने लगा। मुख्तार की एक जिद शुरू से अंत तक रही कि जो कोई भी उसके कमाई में रोड़ा बनेगा, चाहे वह कितना ही खास हो, मौत जरूर मिलेगी। कृष्णानंद राय के बाद ठेकेदार मन्ना, उनके मुनीब राम सिंह मौर्य रहे हों, या उसके पहले कि अनगिनत हत्याओं के पीछे एक जैसी कहानी है। इनमें कुछ तो ऐसे थे जिनके यहां मुख्तार पारिवारिक जुड़ा था।

**भाई ने सुधारने के लिए मऊ से चुनाव लड़वाया :** मुख्तार को सुधारने के लिए ही उसके बड़े अफजाल नें बसपा सुप्रीमो मायावती से बात करके मऊ से विधायक नसीम खान का टिकट कटवाकर उसे चुनाव लड़वाया। सांसद अफजाल अंसारी अक्सर मुख्तार के सामने इस बात को दोहराते थे कि जबसे वह जवान हुआ, आए दिन मारपीट की शिकायतों से परिवार परेशान रहता था। मेरे फाटक की इज्जत दादा मुख्तार अंसारी और नाना ब्रिगेडियर उस्मान से होती थी। पुलिस की हिम्मत नहीं होती थी कि सैल्यूट मारने के अलावा कभी किसी को पकड़ने यहां आए। वे कई बार खुद के जेल में बंद होने के पीछे मुख्तार को वजह मानते थे और समझाते भी थे। जबकि मुख्तार अंसारी को खुद के जेल में रहने से ज्यादा कष्ट तब महसूस करता था, जब अफजाल सलाखों के पीछे बंद होते थे।

### राजनीतिक आकाओं ने हमेशा दिया संरक्षण

मुख्तार को राजनीतिक दलों के सरंक्षण पर बात होगी तो, भाजपा समेत सभी दलों का नाम आएगा। उसे सत्ता दल का नशा भाजपा-बसपा गठबंधन सरकार में ही पहली बार मिला था। वह 1996 में पहली बार विधायक बना था बसपा-कांग्रेस गठबंधन से। बाद में उसने भाजपा सरकार को निर्दल विधायक रहते भी समर्थन का पत्र दिया था। एक दौर ऐसा आया कि बड़े भाई अफजाल सपा की राजनीति में और मुख्तार बसपा की राजनीति में दोनों का सत्ता सुख भोग रहे थे। एक दौर वह भी था जब पांच बार के विधायक रहे मुख्तार ने कौमी एकता दल बनाकर सपा-बसपा दोनों को पूरे पूर्वांचल में एक भी सीट न जीतने देने के लिए ललकारा था। लेकिन सत्ता संभालने वाले तमाम बड़े नेताओं का मुख्तार को संरक्षण था, वह उनके साथ उठता-बैठता और जरूरत पर मदद करता था।

# मुख्तार के काफिले से उड़ गया डर नाम का पंछी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**▸▸ कोयला व्यवसायी की हत्या कर मुख्तार ने अपराध की दुनिया में कमाया था नाम**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल में खौफ का दूसरा नाम था मुख्तार अंसारी, लेकिन वह अपनी सुरक्षा को लेकर बेहद सतर्क रहता था। गिरफ्तारी के बाद पेशी या दूसरी जेल ले जाते समय पुलिस की सुरक्षा के साथ मुख्तार के साथियों की गाड़ियां भी दौड़ती थीं। पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान मुख्तार ने अपने लिए एम्बुलेंस खरीद ली थी। बाराबंकी परिवहन कार्यालय में पंजीकृत निजी एम्बुलेंस मुख़्तार को लाती ले जाती थी। मुख्तार ने अपनी सुरक्षा के हर संभव उपाय कर रखे थे।

कोयला व्यवसायी नन्द किशोर रूंगटा का अपहरण कर रंगदारी वसूलने के बावजूद हत्या कर दी गई थी। इसके बाद अपराध की दुनिया का मुख्तार बड़ा नाम बनकर उभरे। मुख्तार ऐसे पहले माफिया विधायक थे जिनकी जेल में समानांतर सरकार चलती थी। जेल में दरबार सजाने वाले मुख़्तार से मिलने क्षेत्र के 50 से ज्यादा लोग रोज आते थे। मुख्तार सबकी समस्याएं सुनकर किसी के लिए चिट्ठी लिखते थे तो किसी के लिए अधिकारी से फोन करते थे।

जेल में उसके लिए घर जैसी सुविधाएं की जाती थी। लखनऊ की जिला जेल में तो उसके लिए बैडमिंटन कोर्ट बनाया गया था। टीवी के लिए जेल के बाहर से केबिल कनेक्शन कोरेंटाइन बैरक तक लगाया गया था। एक डीआईजी मुख्तार के साथ जेल में काजू और कोल्डड्रिंक की दावत करते थे। इस मुद्दे पर जेल अधीक्षक और डीआईजी के बीच कहासुनी भी हुई थी। जेल अधीक्षक ने डीआईजी की शासन से लिखित शिकायत की थी। शायद यह पहला और आखिरी मौका रहा हो कि जेल अधीक्षक ने जेल में डीआईजी की इंट्री बंद करा दी थी। मुख्तार को खाने का बड़ा शौक था इसलिए रोजाना शहर के कई होटलों से खाना आता था। करीब 50 लोगों के लिए रोजाना खाना और पानी की बोतलें जेल पहुंचाई जाती थीं। जेल के सभी अधिकारी जानते थे कि विधायक जी का खाना आया है।

मुख्तार बहुत धीरे बोलता था, हर किसी से मुस्कुराकर बात करता था। भईया संबोधन उसकी जबान पर रहता था। कोई भी मदद मांगता तो वह हाजिर रहता। जेल अधीक्षक आरके तिवारी की राजभवन के पास हुई हत्या के बाद मुख़्तार ने न किसी पर वारदात में शामिल होने की आशंका जताई और न जांच अधिकारियों की कोई मदद की। इस घटना ने साफ़ कर दिया था कि भले ही मुख्तार कितना ही मददगार रहा हो लेकिन विश्वसनीय नहीं था। आरके तिवारी जैसे जांबाज जेल अधिकारी की हत्या के बाद लखनऊ जेल के कैदियों ने थालियां बजाकर अपनी खुशी का इजहार किया था। मुख्तार ने इस मामले के खुलासे में कोई दिलचस्पी नहीं ली जबकि वह तिवारी को भईया ही कहा करते थे।

लखनऊ जेल में छापे में मिली मुख्तार अंसारी की डायरी पुलिस अधीक्षक ट्रांसगोमती अपने साथ ले गए थे। इस डायरी में दर्ज नम्बरों पर फोन मिलाकर पुलिस ने तमाम लोगों से पूछताछ की थी। कई लोगों को बगैर लिखापढ़ी के कई दिन तक हिरासत में रखा गया था। जानकारी होने पर मुख्तार ने एसपी को फोन कर कहा था कि नई डायरी में आपका और आपके परिवार का नाम भी लिख लिया है।

## एक नजर

### वाराणसी-कटरा के लिए चल रही विशेष ट्रेन

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** आरामदायक यात्रा और रेलयात्रियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा 04085/04086 वाराणसी-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-वाराणसी स्पेशल ट्रेन संचालित कर रहा है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी दीपक कुमार ने दी है।

### युवती से जबरन निकाह करने वाला गिरफ्तार

**तंबौर/सीतापुर, अमृत विचार :** थाना इलाके में हिन्दू लड़की को मुस्लिम युवक द्वारा धर्म छिपाकर भगा ले जाकर विवाह करने के प्रयास को असफल कर दिया गया। पुलिस ने युवती को बरामद कर परिजनों को सुपुर्द करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। भाई विपिन ने बताया उसकी बहन पंजाब में नौकरी करती थी। वहां तंबौर के छतांगुर का रहने वाला मोहम्मद अजीम पुत्र जमील अपना नाम जाति छिपाकर अपना नाम अमित बता कर उसकी बहन को भगा लाया और रातों रात लड़की का जबरदस्ती धर्म परिवर्तन करके जुमे को निकाह करने जा रहा है।

# मुख्तार की मौत के बाद आजम खां की बैरक की ली गई तलाशी

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार:** बांदा जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद जिला कारागार में बंद आजम खां की बैरक सहित जेल का जिला जज सहित डीएम-एसपी ने औचक निरीक्षण किया। जेल के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने आजम खां की बैरक समेत अन्य बंदियों की बैरिक की जमा तलाशी ली। निरीक्षण में जेल में कोई आपत्तिजनक वस्तु न मिलने पर राहत की सांस ली।

जिला कारगार में शुक्रवार की शाम अचानक जिला जज मनोज कुमार तृतीय सहित जिलाधिकारी अनुज सिंह व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा पुलिस बल के साथ पहुंचे। जेल में दाखिल होने के बाद अफसरों ने जेल में बंद सपा नेता आजम खां सहित अन्य बंदियों की तलाशी ली। निरीक्षण के दौरान अफसरों ने बंदियों से वार्ता कर जेल मैनुअल से मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी की। पुरुष बैरकों के निरीक्षण के दौरान अफसरों ने महिला बंदियों से वार्ता कर जेल में मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी हासिल की।

निरीक्षण कर जेल से बाहर आते जिला जज मनोज कुमार, डीएम और एसपी।

### अधिकारियों ने आजम का जाना हाल

जेल सूत्रों की मानें तो बांदा जेल में मुख्तार अंसारी की हालत बिगड़ने पर मौत के बाद जिला जिला कारागार में बंद पूर्व मंत्री व सपा नेता आजम खां का अफसरों ने हाल जाना है। इस दौरान आजम को मिलने वाले जेल मैनुअल का भी अफसरों ने बारीकी से निरीक्षण कर आजम के स्वास्थ्य की भी जानकारी असफरों ने ली है। हालांकि जेल से निकलने के बाद निरीक्षण करने पहुंचे अफसर गाड़ियों से रवाना हो गये।

### भाजपा का आउटडोर मीडिया अभियान सक्रिय

**नई दिल्ली, अमृत विचार :** भाजपा ने पीएम मोदी की गारंटी के साथ राज्यों में अपने आउटडोर मीडिया अभियान को सक्रिय कर दिया है। बिलबोर्ड (इश्तहार) पिछले 10 वर्षों में भारत के प्रधानमंत्री के रूप में पीएम नरेन्द्र मोदी की उपलब्धियों के साथ-साथ बेहतर भविष्य की गारंटी पर भी प्रकाश डालते हैं। होर्डिंग पर अलग-अलग तरह के संदेश देखे जा सकते हैं। जैसे- चार करोड़ गरीबों को पक्का घर मिल गया है और यह जारी रहेगा। इसी तरह लोगों को 5 लाख रुपये का मुफ्त इलाज मिलता रहेगा। वंदे भारत, मेट्रो और बुलेट ट्रेन का विस्तार होगा। विभिन्न राज्यों में भाजपा के होर्डिंग चंद्रयान के साथ अंतरिक्ष मिशन की सफलता का जश्न मनाते हुए लगाए गए हैं और 2047 तक पीएम मोदी के विकसित भारत के दृष्टिकोण को भी बता रहे हैं। दिल्ली के होर्डिंग्स और बस स्टॉप पर लगे बैनरों को एक विशिष्ट क्षेत्रीय स्पर्श दिया गया है, जिसमें भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करने के पीएम मोदी के संकल्प का संदेश साफ तौर पर झलकता है। होर्डिंग पर लोग विपक्ष के पाखंड पर गुस्सा दिखाते हुए और पीएम मोदी को आशीर्वाद देते नजर आ रहे हैं।

# मृत्युकालीन कथन मानकर एफआईआर दर्ज की जाए

**मुख्तार की मौत का मामला**

- सीसीटीवी व वाल कैमरे की फुटेज सुरक्षित रखने की मांग

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

**अमृत विचार:** माफिया मुख्तार अंसारी के अधिवक्ता रणधीर सिंह सुमन ने शुक्रवार को गैंगस्टर मामले की पेशी के दौरान एमपी-एमएलए कोर्ट नंबर 4 में प्रार्थना पत्र देकर मुख्तार अंसारी की मौत मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश पारित करने की मांग उठाई। उन्होंने प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि बीती 21 मार्च की पेशी के दौरान मुख्तार की तरफ से दिये गये प्रार्थना पत्र को मृत्युकालीन कथन मानकर एफआईआर दर्ज की जाए। सुमन ने कहा कि उस प्रार्थना पत्र में मुख्तार अंसारी ने बीती 19 मार्च को खाने में विषाक्त पदार्थ खिलाने का जिक्र किया था। इसलिये बांदा जिला कारागार के सभी सीसीटीवी और वॉल कैमरे फुटेज सुरक्षित की जाए। साथ ही निरीक्षण के नाम पर जेल में रात को आने वाले सभी अधिकारियों की एंट्री को भी संरक्षित किया जाए। पेशी के दौरान बांदा जेल अधीक्षक वीरेश राज शर्मा वर्चुअली पेश हुए और उन्होंने मुख्तार की मौत की पुष्टि की।

उन्होंने मुख्तार की मौत को नेचुरल डेथ बताया जबकि अधिवक्ता ने इस दावे को गलत बताया। जज कमलकांत श्रीवास्तव ने जेल अधीक्षक को 4 अप्रैल को डेथ सर्टिफिकेट जमा कराने का निर्देश दिया।

### मुख्तार का बाराबंकी कनेक्शन

- 21 मार्च 2013 को एंबुलेंस बाराबंकी एआरटीओ ऑफिस में फर्जी दस्तावेज से पंजीकृत कराई गई।
- 31 मार्च 2021 को यह एंबुलेंस मुख्तार द्वारा पंजाब की रोपड़ जेल में बंद रहने के दौरान प्रयोग की गयी।
- 2 अप्रैल 2021 को जिले के तत्कालीन एआरटीओ पंकज सिंह ने मऊ की डॉ. अलका राय के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज कराया।
- 4 जुलाई 2021 को पुलिस ने इस मामले में मुख्तार अंसारी, डॉ. अलका राय समेत दर्जनभर लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया।
- 24 मार्च 2022 को डीएम ने मुख्तार अंसारी के गैंगचार्ट पर अनुमोदन दिया।
- 25 मार्च 2022 को शहर कोतवाली में मुख्तार अंसारी समेत 13 लोगों के खिलाफ गैंगस्टर का केस दर्ज हुआ।
- दोनों मुकदमों का बाराबंकी कोर्ट में चल रहा ट्रायल, वर्चुअली होती थी मुख्तार की पेशी।

# भक्तों के लिए भक्ति पथ पर बिछाई जाए चटाई

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार :** श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर शुक्रवार को हनुमानगढ़ी परिसर में प्रबंधन से जुड़े संतों और पुलिस अधिकारीयों की पंचायत हुई। इसमें श्रद्धालुओं की राह में आ रही दिक्कतों पर चर्चा हुई। मंदिर प्रबंधन की ओर से बदले हालात में किये जा रहे अतिरिक्त इंतजाम की जानकारी दी गई।

संयुक्त रूप से तैयारियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण भी हुआ और भावी कार्ययोजना पर चर्चा की गई। संतों ने एक सप्ताह में श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाओं की मांग की गई। ऐसा न होने पर बड़ी पंचायत के आयोजन की चेतावनी दी गई है।

पंचायत में मौजूद संतों का कहना था कि रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद रामनगरी में श्रद्धालुओं का आगमन कई गुना बढ़ा है। श्रद्धालु पहले हुनमानगढ़ी में दर्शन करते हैं और फिर रामलला का दर्शन करने के लिए जाते हैं। गर्मी और तपिश बढ़ गई है। मंदिर प्रबंधन की और से परिसर में श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए अतिरिक्त इंतजाम किए जा रहे हैं। डॉ. महेश दास व संजय दास ने कहा कि भक्तों को सुरक्षित और सुचारु दर्शन की व्यवस्था प्रशासन की जिम्मेदारी है।

## 18 बोरी सरकारी राशन पकड़ा गया

**करनैलगंज, अमृत विचार :** कादीपुर के पास स्थित मनोज धर्मकांटा में रखा 18 बोरी सरकारी खाद्यान्न शुक्रवार को एसडीएम के निर्देश पर राजस्व व पुलिस टीम ने छापेमारी कर पकड़ लिया।

उक्त धर्म कांटा पर सरकारी गल्ला रखे होने की सूचना पर एसडीएम भारत भार्गव ने नायब तहसीलदार अल्पिका वर्मा को मौके पर भेजा। जहां धर्म कांटा के भीतर रखा 18 बोरी राशन पाया गया। जब इसके बारे में जानकारी की गई तो धर्म कांटा पर मौजूद व्यक्ति ने करीब चार दिन पूर्व राशन पहुंचाने वाले ठेकेदार द्वारा यह राशन रखवाने की बात कही गई।

**जुगाड़ का सफर** रस्सी से बांधकर खराब कार को खींचकर ले जाते बुलेट सवार युवक। यह नजारा बाराबंकी शहर के पटेल तिराहे के पास का है। अमृत विचार

# बोरे में भरा टुकड़ों में मिला लापता महंत का शव

**सीतापुर/हरदोई, अमृत विचार:** मिश्रिख़ कोतवाली इलाके में छह दिनों से लापता महंत का शव टुकड़ों में बोरे में भरा हुआ मिला। महंत का क्षत-विक्षत शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त कराई और शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। मामले की छानबीन शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पहुंची एफएसल टीम ने भी साक्ष्य संकलन कर अहम दस्तावेज को संकलित किया है। महंत के पास मौजूद पुलिस फ़ोन भी घटनास्थल से बरामद नही हुआ है। परिजन गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराने के बाद परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

हरदोई जनपद के थाना बेनीगंज के ग्राम गिरधरपुर निवासी महंत मनिरामदास नैमिषारण्य से शुरू हुई 84 कोषीय परिक्रमा में शामिल हुए थे। महंत के भतीजे टाई पुत्र आत्माराम ने बताया कि उसके चाचा से अंतिम बार 24 मार्च को फ़ोन पर बात हुई थी, तब उन्होंने पंचकोसी परिक्रमा कर घर वापस आने की बात कही थी। बावजूद इसके 26 मार्च तक घर न पहुंचने पर भतीजे ने महंत के फोन पर सम्पर्क किया तो फ़ोन बंद मिला। काफी खोजबीन के बाद कहीं पता न चलने पर परिजनों ने मिश्रिख़ कोतवाली में महंत की गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराई।

# आदिज्योति सेवा समिति ने मनाई होली

**लखनऊ, अमृत विचार :** आदिज्योति सेवा समिति की पूरी टीम होली मिलन समारोह के उपलक्ष्य में सरोजनीनगर स्थित सार्वजनिक शिक्षोनयन संस्थान द्वारा संचालित वृद्धाश्रम पहुंची।

समिति के सदस्य व छात्र छात्राएं यहां बुजुर्गों के बीच प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मिठाइयां, फल, जूस, बिस्कुट, गुझिया, नमकीन, मठरी आदि कई जरूरत के सामान वितरित कर होली के गीतों पर बुजुर्गों संग खूब थिरके और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर धूमधाम से होली मनाई। वृद्धाश्रम के बुजुर्गों ने पूरी टीम और छात्र छात्राओं को खूब आशीर्वाद दिया। बुजुर्गों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आप सभी दीर्घायु हो, हमेशा ऐसी सच्ची भावना से सेवा का कार्य करते रहें, अपने क्षेत्र में सफलता हासिल करें, हम सभी ईश्वर से यही कामना करते हैं। इसी क्रम में टीम आज बक्शी का तालाब स्थित सोनवा गांव पहुंची वहां भी जरुरतमंद बच्चों को फल, जूस, बिस्कुट, गुझिया, नमकीन, मठरी, पिचकारी एवं पढ़ाई के लिए जरूरी सामान वितरित किए और पूरी टीम ने बच्चों संग होली खेली व खूब मस्ती की, यहां से भी पूरी टीम को भरपूर प्यार व सम्मान मिला। इस आयोजन में जलोटा एकेडमी की डायरेक्टर शिवांगी बाजपई, हितेन एवं आदिज्योति सेवा समिति की अध्यक्ष ज्योति एवं समिति सदस्य दीपा त्रिलोकानी, बीना वर्मा, आयुषी वर्मा, हरीश, कल्पना आदि शामिल थे।

बच्चों और बुजुर्गों के साथ होली मनाते आदिज्योति सेवा समिति के सदस्य। अमृत विचार

## 80 साल की महिला से किया दुष्कर्म

**बिल्हौर, (कानपुर), अमृत विचार:** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार की रात एक नशेड़ी युवक ने 80 साल की बुजुर्ग महिला के साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट की और एक दांत तोड़ डाला।

वारदात के समय वृद्धा चीखती-चिल्लाती रही, मगर रात के सन्नाटे में उसकी मदद के लिए कोई नहीं पहुंचा। बाद में खंडहर में छिपे आरोपी युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# प्रदर्शनी में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**लखनऊ, अमृत विचार :** बप्पा श्री नारायण वोकेशनल जूनियर हाईस्कूल में शुक्रवार को कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि त्रिलोकीनाथ मिश्रा, विमला मिश्रा, प्रधानाचार्य पूनम वाजपेयी, कोषाध्यक्ष सन्मय शुक्ला एवं प्रीति शुक्ला ने दीप जलाकर किया। कला प्रदर्शनी में छात्र और छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखायी। मुख्य अतिथि ने सभी बच्चों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अर्पणा सेंगर, चित्रा जायसवाल, जितेंद्र शुक्ला, सोनम जायसवाल, रोशनी पाण्डेय, अनुप्रिया अवस्थी, सौम्या शुक्ला, इसिका चंद्रा, डिम्पल साहू, नेहा यादव, प्रज्ञा केसरवानी, मीनाक्षी शुक्ला, सोमा, शिवानी आर्या, श्वेता साहू, वैशाली दयाल आदि रहीं।

कार्यक्रम में मौजूद विद्यालय की प्रबंधिका विमला मिश्रा व अन्य। अमृत विचार

# शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा

**देवा, (बाराबंकी), अमृत विचार :** कोतवाली देवा पुलिस ने शुक्रवार को एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 16 निर्मित, 5 अर्द्धनिर्मित शस्त्र, कारतूस और बड़ी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए। इस सफलता पर एसपी ने पुलिस टीम को 10 हजार रुपये का पुरस्कार देने की घोषणा की।

पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चला रही है। जिसके क्रम में जिले की देवा कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार को 16 निर्मित व पांच अर्ध निर्मित शस्त्र, कारतूस व भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण के साथ एक शातिर आरोपी कालिका निवासी ग्राम कोहना थाना सदर जनपद लखीमपुर खीरी को गिरफ्तार किया।

## वर्ग पहेली-24

**बाएं से दाएं**

2.1. कला पूर्ण शारीरिक मुद्रा 2. स्त्रियों के हाव-भाव या कोमल चेष्टाएं 3. कुटिलता, वक्रता।

4.1. पद्म, कमल 2. स्वर्ण, सोना 3. कनक, धतूरा 4. तांबा 5. सारस पक्षी 6. एक प्रकार का वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में एक नगण

5.1. दुश्मन या शत्रु होने की अवस्था या भाव, वैमनस्य 2. किसी बात पर होने वाली कहासुनी, अनबन 3. शरीर आदि को अस्वस्थ करने वाली शारीरिक प्रक्रिया, रोग।

6. सुपाड़ी, पुंगीफल।

8.1. बुड्ढा, बूढ़ा, वृद्ध 2. दुर्बल।

9.1. सच्चे होने की अवस्था या भाव, सत्यता 2. किसी बात को सही बतलाना या ठहराना 3. उक्त के पक्ष में स्वीकृति देना, समर्थन 4. प्रमाणित, पुष्टि 5. गवाही।

**ऊपर से नीचे**

1.1. ज़मीन की दूरी नापने का एक मान जो 220 गज़ के बराबर होता है 2. मील का आठवां भाग, 1/8 मील अथवा 201.168 मीटर।

3.1. मिलकियत 2. मालिक या स्वामी होने का भाव 3. धन-दौलत, जायदाद।

5. वह जो नल लगाता

7. उर्दू उच्चारणानुसार वर्तनी (दे. फ़कत)।



## वर्ग पहेली -23 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 ठा | 2 कु | री | | 3 जु | आँ |
| | | सु | | 4 औ | | |
| 5 अ | | मां | | ढ | | 6 म |
| 7 मि | ज़ा | ज | दा | र | | नो |
| ता | | लि | | 8 दा | दु | र |
| | | | | नी | | मा |
| 9 अ | प | ना | ना | | | |

## सुडोकू-103

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | | 5 | | 2 | | |
| 4 | | | | 9 | | | 1 | |
| | 2 | | | | 6 | 8 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | | 1 |
| | 8 | | | | | 9 | 7 | |
| 6 | | | 9 | | | 3 | | |
| 7 | | 1 | 8 | | | | 3 | |
| | 4 | | | 7 | | | | 9 |
| | | 5 | | 4 | | | 2 | |

## सुडोकू -102 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 2 | 8 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 |
| 5 | 7 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 |
| 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 8 |
| 8 | 9 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 |
| 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 9 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 5 | 6 | 3 | 2 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 6 | 7 | 4 | 1 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 21.13 तक तत्पश्चात षष्ठी।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-अनुराधा 22.03 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** — आज दोपहर बाद स्थितियां धीरे-धीरे अनुकूल होगी। मन में डर का भाव रहेगा। लोग आपको नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर सकते हैं। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलने से प्रसन्नता होगी। अपने विचारों को लोगों से साझा न करें।

**वृष** — आज भविष्य की योजना बना सकते हैं। बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। आपके अधिकार और प्रसिद्धि बढ़ेगी। साझेदारी वाले व्यापार में लाभ प्राप्त होगा। आप किसी गंभीर मामले को लेकर साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन काफी शुभ रहने वाला है। अपनी पुरानी गलतियों से सबक लेंगे। किसी पर भी अपने विचारों को लेकर ज्यादा दबाव न बनाएं। आपकी भूमिका समन्वय करने वाले व्यक्ति के रूप में होगी।

**कर्क** — आज मन में विरक्ति का भाव रहेगा। ट्रैफिक नियमों का कड़ाई से पालन करें। पुराना रोग उभरने की संभावना है। व्यवसाय में कुछ नुकसान की आशंका है। घर के सदस्यों के बीच आपसी तालमेल अच्छा रखें।

**सिंह** — आज मन में विरक्ति का भाव उत्पन्न होगा। माताजी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। कार्यों में बदलाव करने के प्रयास उचित नहीं है। अपरिचित जनों पर ज्यादा भरोसा न करें। पेट में जलन की समस्या हो सकती है। किसी के साथ वाद-विवाद न करें।

**कन्या** — आज आप दूसरों का हित करने का प्रयास करेंगे जिसके कारण आपकी प्रशंसा होगी। व्यवसाय में नए साझेदार बन सकते हैं। आय के स्रोतों में वृद्धि हो सकती हैं। आपको कोई शुभ सूचना मिलने की संभावना बन रही है। परिवार में कोई बड़ा आयोजन हो सकता है।

**तुला** — आज विवादों का निपटारा करने का प्रयास करें। आलस्य को अपनी जीवनशैली से दूर रखें। लोग आपके अधिकारों पर प्रश्न चिन्ह लगा सकते हैं। धन के उधार लेन-देन नुकसानदेह सिद्ध हो सकता है। छोटे बच्चों की परवरिश को लेकर थोड़े चिंतित रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज नई तकनीक का प्रयोग सीखना उचित होगा। परोपकार के कार्यों में आप भाग लेंगे। विवेक पूर्ण लेने से आपको करियर में उत्तम लाभ मिल सकता है। व्यापार वृद्धि के अच्छे योग बन रहे हैं। अपनी सोच को सकारात्मक रखने का प्रयास करें।

**धनु** — आज आपको शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। काम की अधिकता के कारण परिवार को समय नहीं दे पाएंगे। किसी नजदीकी व्यक्ति को लेकर मन दुखी हो सकता है। व्यावसायिक यात्रा कर सकते हैं।

**मकर** — आज नए बिजनेस अनुबंध आपको प्राप्त होने की संभावना है। लोग गंभीर विषयों पर आपसे परामर्श ले सकते हैं। मन में बेचैनी का भाव रहेगा, लेकिन आपके सभी काम बनते हुए नजर आएंगे। प्रेम संबंधों को लेकर काफी संवेदनशील हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज परिवार में आपकी प्रशंसा होगी। नई तकनीक का प्रयोग सीखने का प्रयास करेंगे। आप मित्रों के साथ गंभीर विषयों पर चर्चा कर सकते हैं। भावनाओं के बहकर निर्णय न लें। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

**मीन** — आज व्यापार के लिए आपको उधार धन लेना पड़ सकता है। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न रहेगा। मन में बेचैनी का भाव हो सकता है। खर्चों के मामलों में आपको सावधान हो जाना चाहिए। सेहत से जुड़े हुए मामलों में धन खर्च करेंगे।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- एक और एक ग्यारह — सुबह : 11.17
- धड़कन — रात : 07.00

**&pictures**
- सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.51
- बुलंदी — शाम : 05.01

**SONY PIX**
- ब्राइटबर्न — सुबह : 11.42
- वेनम — रात : 07.30

**ZEE CINEMA**
- बच्चन पांडे — सुबह : 08.40
- सिंबा — रात : 08.20

**colors CINEPLEX**
- हिडिंभा — सुबह : 10.51
- रथथम — शाम : 04.18

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.20 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक-बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई, सांता डरते-डरते बोला- हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पति और पत्नी जब दुकान से निकले तो एक फकीर ने कहा-ऐ हुस्न की मल्लिका, अंधे को पांच रूपए दे दे। पति ने पत्नी की तरफ देखा और कहा- दे दे, बिचारा वाकई अंधा है।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दण्ड : स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह संधि नकुर्य्यात्॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं,जैसे सुखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती है। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

## संपादकीय

# अफस्पा हटाने की योजना

केंद्र शासित जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा का चुनाव होगा। सरकार की योजना केंद्र शासित प्रदेश से सैनिकों को वापस बुलाने और कानून व्यवस्था को अकेले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर छोड़ने की है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सैनिकों की वापसी के लिए पहले ही एक रोडमैप तैयार कर लिया है और यह प्रक्रिया चुनाव के बाद शुरू की जाएगी। एक मीडिया ग्रुप से मंगलवार को उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर पुलिस पर भरोसा नहीं किया जाता था, लेकिन आज के समय में वो केंद्रीय सुरक्षा बलों के साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही है। साथ ही आतंकवाद विरोधी अभियानों का नेतृत्व कर रही है। यानी अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में सामान्य होती स्थिति के बीच केंद्रीय गृहमंत्री शाह द्वारा अफस्पा हटाने का संकेत दिए जाने का स्वागत किया जाना चाहिए। आज राज्य में लोकतांत्रिक प्रक्रिया प्रारंभ करने के लिए अनुकूल वातावरण बनता दिख रहा है। जानकारों के मुताबिक सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम यानी अफस्पा हटाने का कदम राज्य में विधानसभा चुनाव के अनुरूप राजनीतिक गतिविधियां आरंभ करने में सहायक साबित हो सकता है।

गौरतलब है कि अफस्पा को 1942 में तत्कालीन ब्रिटिश शासकों ने भारत छोड़ो आंदोलन पर अंकुश लगाने के लिए बनाया था, लेकिन देश की आजादी के बाद भी सरकार ने इसे बनाए रखा और साल 1958 में इसे एक अधिनियम के तौर पर अधिसूचित कर दिया गया। 11 सितंबर,1958 को बने इस कानून को पहली बार नागा पहाड़ियों में लागू किया गया था, जो तब असम का ही हिस्सा थीं। उग्रवाद के पांव पसारने के साथ इसे धीरे-धीरे पूर्वोत्तर के तमाम राज्यों में लागू कर दिया गया। इस विवादास्पद कानून के तहत सुरक्षा बल के जवानों को किसी को भी गोली मार देने का अधिकार है। सेना किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के हिरासत में लेकर उसे अनिश्चित काल तक कैद में रख सकती है। सशस्त्र बलों के संचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए अफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत घोषित किया जाता है। जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर राज्यों में विभिन्न संगठनों और व्यक्तियों की ओर से अफस्पा को हटाने की मांग की जाती रही है। गृहमंत्री शाह ने पहले कहा था कि पूर्वोत्तर राज्यों में 70 प्रतिशत क्षेत्रों में अफस्पा हटा लिया गया है, हालांकि यह जम्मू-कश्मीर में लागू है। अब जब उच्चतम न्यायालय जम्मू-कश्मीर में सितंबर से पहले विधानसभा चुनाव कराने का निर्देश दे चुका है, अफस्पा हटाने का विचार जम्मू-कश्मीर के लोगों के बीच बेहद सकारात्मक प्रभाव डालेगा। नागरिक अधिकारों की बहाली से सरकारी तंत्र व नागरिकों के बीच भरोसा बढ़ेगा।

# हैजा पर शोध में भारतीय वैज्ञानिकों का बड़ा काम

रणवीर सिंह फोगाट

सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है।

हैजा अर्थात् विसूचिका की विभीषिका से भारत के लोग आदिकाल से जूझ रहे हैं। पहले यह व्यापक होता था। अब वैसा नहीं है। मीडिया के लिए रिसर्च करते समय अपने देश से संबद्ध डेटा और अपने देश में प्रकाशित होने वाली कुछ नामी वैज्ञानिक शोध संचार पत्रिकाओं जैसे कि इंडियन जर्नल ऑफ मेडिकल रिसर्च में और इस बारे में शासकीय रिपोर्ट्स, जोकि सन् 1860 के बाद से ही उपलब्ध हैं, जानकारी और कमेंट्रीज उपलब्ध हैं।

कलकत्ता स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ कॉलरा एंड एंटेरिक डिजीजेज इस पर समर्पित रूप से जीवाणु विज्ञान, बायो केमिस्ट्री, क्लिनिकल मेडिसिन, एपिडेमियोलॉजी, इम्मुनोलॉजी, पैरासाइटोलॉजी और पैथोफिजियोलॉजी शाखाओं में काम कर रहा है। संस्थान में सूक्ष्म जीवाणुओं की रचना और इनके व्यवहार को समझने के लिए संस्थान में इलेक्ट्रान माइक्रोस्कोप की सुविधा भी है। संस्थान ने कॉलरा जीवाणु की जैविकी और जीवन चक्र, संक्रमण के वाहक और स्रोत, वैक्सीन और ड्रग डेवलपमेंट, क्लिनिकल ट्रायल्स, जीवाणु की संततियों या विभेदों की लिस्टिंग और इनके जेनेटिक-मेकअप का ऐतिहासिक डेटा-बेस बनाने और महामारी जैसी स्थिति पैदा होने पर इसे नियंत्रित करने की व्यूह रचना करने में ही नहीं,बल्कि किस मौसम में कैसी वातावरणी परिस्थितियों में भारत में मनुष्यों में हैजा कहां फैल सकता है इसकी मैपिंग करने और चेतावनी सेवा देने में भी अग्रणी रहा है। जैसा कि बीएमसी 'इन्फेक्शस डिजीजेज' में सन् 2023 के सितंबर महीने के अंक में प्रकाशित लेख 'सीजनेबिलिटी ऑफ कॉलरा इन कोलकाता एंड द इन्फ्लुएंस ऑफ़ क्लाइमेट' शोध-समीक्षा पत्र से जाहिर होता है।

इस पर्चे में कोलकाता में सन् 1999 से 2000 तक के 21 सालों में हैजा के प्रकोप से की जानकारी इकट्ठा की गई और इस प्रसंग में यह देखा गया कि महानगर क्षेत्र के लिए वर्ष के किस अरसे में मौसमी अवस्थाओं को प्रभावित करने वाले घटक यथा तापक्रम, वर्षा की मात्रा और इसका पैटर्न एवं कोलकाता के निकट बंगाल की खाड़ी में समुद्र की सतह का तापमान क्या रहा, कैसे इन घटकों में बदलाव होता रहा और हैजा के प्रकोप से इसका

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं।

क्या संबंध हो सकता है, या नहीं भी हो सकता। मालूम हुआ कि कोलकाता में हैजा का चक्र द्विवर्षीय है। शोध कर्मियों ने यह स्थापित किया कि गर्मी की ऋतु में महानगर की सैंकड़ों छोटी-बड़ी झीलों में और गड्ढों में हैजा के जीवाणु की संख्या और घनत्व बढ़ता है। इसी तर्ज़ पर एक अध्ययन उक्त पर्चे के शोधकर्मियों ने तीन और नए लोगों के साथ मिलकर किया जिससे कलकत्ता में सन् 1897 से लेकर सन 1947 तक के पचास वर्षों में हैजा के प्रकोप और मौसम से इसके संबंध की जांच की गई। इस पर्चे का प्रकाशन 'गट पैथोजेंस' जर्नल के सितंबर 2023 के अंक में हुआ,जो व्यक्ति कोलकाता महानगर के भूगोल से परिचित हैं वे जानते हैं कि शहर में भीतर के इलाकों में तालाबों की बड़ी संख्या है।

उदाहरण के लिए सन् 1999 से 2000 के बीच देश के विभिन्न हिस्सों में हैजा फैल जाने के बाद, खासतौर से कलकत्ता और उड़ीसा में,जहां इसका प्रकोप अधिक था,अनेक स्थानों से सैंपल लेकर खालिस जीवाणु को निकाल कर यह मालूम किया गया कि यहां विभेद-0139 ने इसे फैलाया। सन् 2001 के जनवरी महीने में अहमदाबाद में हैजा का प्रकोप तीव्र था,लेकिन यहां से लिए गए सैंपल की जांच से एक अजीब बात यह मालूम हुई थी कि इस बारे यह एक सहवर्ती (कांकोमीटेंट) जीवाणु 'एशिरीशिया कोली' जोकि हमारे उदर में एक मित्र माईक्रोब की तरह निवास करता है, के एक विभेद और विब्रियो-कॉलरी 0139 की मिलीभगत थी। बाद में इन जीवाणुओं की आनुवंशिकी का परीक्षण किया गया तभी विषाक्तता पैदा करने वाले जीन के एक टुकड़े को पढ़ा गया और इसकी भूमिका को जाना गया। इस अध्ययन को 'जर्नल ऑफ़ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' (अमेरिका) के सितंबर 2001 के अंक में प्रकाशित किया गया था। इतना जान लेने के बाद शरीर में पैदा किए जाने वाले टॉक्सिन या विषाक्तता के लिए कौन सी एंटीबायोटिक असरदार होगी यह इस संस्थान ने बताया। कॉलरा के सभी विभेदों के प्रति कारगर हो सके ऐसी वैक्सीन का विकास एक चुनौती है,क्योंकि इसके लिए कौन सा तरीका अपनाना है, यह लंबे समय तक चलने वाले शोध और क्लिनिकल ट्रायल्स से ही मालूम होता है।

कॉलरा के पुराने और नए स्ट्रेन्स अर्थात् विभेदों और इनकी जैविकी पर अनेक तरीके से और नए इनवेस्टिगेटिव टूल्स अपनाकर भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने देश की प्रयोगशालाओं में सूझ-बूझ से मौलिक शोध में बड़ा काम किया है। कॉलरा पर भारतीय और विदेशी मूल के सांइसदानों के पर्चे बायो-मेडिकल रिसर्च जर्नल्स 'लांसेट', 'ब्रिटिश मेडिकल जर्नल' और इन्फेक्शस डिजीजेज पर शोधपत्र एवं निबंध प्रकाशित करने वाली पत्रिकाओं जैसे कि 'जर्नल ऑफ क्लिनिकल माइक्रोबायोलॉजी' के अलावा 'नेचर' जर्नल ने अनेक बार प्रकाशित किए हैं। भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा हैजा और आंत्रशोथ पर ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण काम हुआ है जिसका जिक्र इंडियन रिसर्च फंड एसोसिएशन एवं इसके आधुनिक रूपांतरित नाम भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद् के सन् 1948 से लेकर 1964 तक निदेशक रहे डॉ.सीजी पंडित (चिंतामणि गोबिंद पंडित) ने 'माय वर्ल्ड ऑफ़ प्रिवेंटिव मेडिसिन' नाम से प्रकाशित आत्मकथा में जगह-जगह पर किया है।

बायो-मेडिकल साइंस में शोधकार्य को व्यापक रूप से देखने की प्रवृत्ति अभी नॉन-सांइस कम्युनिकेटर्स' में विकसित नहीं हुई है इसमें बहुत मेहनत होती है और समय लगता है। भारतीय वैज्ञानिकों ने देश में संक्रामक रोगों के प्रकट होने, इनका बड़े स्तर पर असर दिखाने और महामारियों में बदल जाने के ऐतिहासिक अध्ययन प्रकाशित किए तभी हैजा पर राष्ट्रीय स्तर के पब्लिक हैल्थ उपायों और शोध संस्थानों के काम की वजह से यह आज नियंत्रण में नजर आता है। हमारे वैज्ञानिकों के काम के प्रति उपेक्षा से 'पब्लिक ट्रस्ट' भी कभी बन नहीं पाता और मीडिया द्वारा महत्व दिए बिना एक आम धारणा कि हमारे वैज्ञानिक विश्वस्तरीय काम नहीं करते हैं, कैसे टूटेगी? शोधकार्य जारी रखने के लिए 'इंस्टिट्यूशनल फ्रेमवर्क' के भीतर जो धनराशी और सुविधाएं इन्हें दी जाती हैं, उनका वे भरपूर इस्तेमाल करते हैं, इसका भरोसा कैसे होगा? देश में सैनिटेशन को बढ़ावा देकर हैजा, सालमोनेला और शिगेला की रोकथाम के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया था, लेकिन अपर्याप्त सहयोग के कारण इसके नतीजे वैसे नहीं निकल रहे जैसे अपेक्षित थे। संक्रामक रोगों के बने रहने की असली वजह दूषित वातावरण, पानी और दूषित खाद्य-पदार्थ हैं।

कॉलरा जीवाणु चालाकी करके अपने अंदर एंटीबायोटिक्स को नहीं घुसने देता ताकि अपनी जेनेटिक संरचना में तोड़-फोड़ से खुद को बचा सके और निष्क्रिय न हो पाए। इसने अपनी सूक्ष्म काया के भीतर ऐसा 'आयन-पंप' इजाद कर लिया है जो दवा के मॉलिक्यूल्स को बाहर धकेल देता है। यही ड्रग रेजिस्टेंस है। कॉलरा जीवाणु के नए विभेद पहले वाले 01 -विभेद से अधिक खतरनाक हैं। इनका तोड़ ढूंढा जा रहा है। इसी सिलसिले में वैज्ञानिक डॉक्टर शंभूनाथ डे ने कलकत्ता मेडिकल कॉलेज में शोध करके कॉलरा टॉक्सिन की खोज सन 1946 में की थी। टॉक्सिन को निरस्त या बे-असर करने के लिए आगे जो कुछ हुआ उसकी नींव इन्हीं के काम पर रखी गई है। बेंगलुरु की इंडियन अकादमी ऑफ़ साइंसेज ने अपने 'करंट साइंस' जर्नल का जुलाई, 1990 का एक अंक डॉक्टर शंभूनाथ दे और कॉलरा टॉक्सिन की खोज और संबंधित सामग्री के प्रकाशन के लिए समर्पित किया था।

अब तो जेनेटिक इंजीनियरिंग तकनीक से शोध की दिशा ही बदल गई है जिसके इस्तेमाल से सब-यूनिट वैक्सीन और अधिक कारगर एंटीबायोटिक्स बनाई जा रही हैं। कुछेक पर क्लिनिकल ट्रायल किए जा चुके हैं और अन्य संभावित नए मॉलिक्यूल्स पर भी परीक्षण चल रहे हैं। ऐसा इसलिए कि वर्तमान में उपलब्ध वैक्सीन दीर्घकाल तक हैजा फैलाने वाले विषाणु के सभी विभेदों के विरुद्ध इम्युनिटी प्रदान नहीं करती।

## प्रसंगवश

# गुड फ्राइडे: ईसा को याद करने और खुद को तराशने का दिन

उन्होंने कहा कि अपने ही कंधों पर इस सलीब को खींचकर ले चलो। वह अपने कंधों पर नंगे पैर इस सलीब को खींचकर ले जाने लगे, नंगे पांव को नुकीले कंकर और कांटे चूमने लगे। उन्हें सलीब पर बांधा गया। हथेलियों को कीलों से सलीब पर रोका गया। फिर सलीब को खड़ा किया गया। वह शरीर जो सलीब से टांक दिया गया था, हवा में झूल उठा। उनके सिर पर कांटों का मुकुट पहनाया गया और यह सब करने वाले उन पर हंस रहे थे।

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे।

उनकी मृत्यु को हल्का किया जा सके,उसे त्याग की श्रेणी में रखा न जाए,इस योजना के तहत उनके दोनों तरफ दो चोरों को भी सूली पर लटकाया गया,ताकि यह केवल राजदंड लगे और तीनों अपराध की श्रेणी में आए मगर हुआ क्या।

सूली पर बीच में झूलता शरीर आखिरी बार बुदबुदाया। ईश्वर से प्रार्थना की,इन्हें माफ कर देना, यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं और आंखें बंद होने लगीं। उस सलीब पर से खून से रिसते होठों से जो प्रार्थना निकली, उसने पूरी राजशाही के ही नहीं,बल्कि पूरी सभ्यता के पांव उखाड़ दिए और दुनिया को संदेश दे दिया कि विचार के लिए मृत्युदंड नहीं,बल्कि पुरस्कार है। सत्य, न्याय और भाईचारे के मार्ग पर चलना,मृत्यु को अपना दोस्त मानकर चलना है, इन विचारों को जिंदा रखने के लिए मरना पड़ता है।

हफीज किदवई

लेखक

वह दिन तो गुड फ्राइडे या कहिए ग्रेट फ्राइडे था। अब बताइए दो चोरों के साथ उस शरीर को मिटा देने वालों ने कभी सोचा था कि उनके शहर से हजारों किलोमीटर दूर,जंगलों में,पहाड़ों में, रेगिस्तानों में, बर्फ में, भयंकर गर्मी में,भयंकर बारिश में भी उस ईसा को आज भी याद किया जाएगा और उनको कष्ट देने वालों का नाम लेवा भी नहीं होगा,जो भी उन्हें याद करेगा,बदबख्त कहकर याद करेगा और ईसा को,ईसा तो घर-घर पहुंच गए।

मैं अक्सर सोचता हूं कि यदि उस दिन ईसा के समर्थकों ने भयंकर विरोध करके ईसा को बचा लिया होता। रोते हुए वह मंजर चुपचाप न देखा होता,तो क्या होता। तब दुनिया कैसे मृत्यु के महान को पाती,तब कैसे विचारों के लिए त्याग के नए दरवाजे खुलते। ईसा मसीह ने बतला दिया कि यदि विचार शुद्ध, सत्य और न्यायसंगत हैं और मानवता के कल्याण के लिए है तो अपनी मृत्यु की चिंता मत करना,बल्कि उन विचारों को फैलाना, क्योंकि ईश्वर की यही मंशा है।

गुड फ्राइडे ईसा के त्याग को याद करने का दिन और खुद को तराशने का दिन है। तुम मृत्यु से मत डरो,तुम दंड से मत डरो,तुम मुंह फेरती भीड़ से मत डरो,तुम अपने समर्थकों की खामोशी से मत डरो, तुम अकेलेपन से मत डरो, तुम बदनामी से मत डरो, तुम डरो, खूब डरो की कहीं प्रेम मार्ग, कहीं न्याय मार्ग,कहीं अहिंसा मार्ग, कहीं मानवता,कहीं संवेदनशीलता के मार्ग से डिग न जाओ, इससे डरो।

ईसा कहते हैं,"बुराई की चपेट में आने से डरो। अच्छाई के रास्ते के लिए तो निडर ही बनो,भले मिट जाओ"। गुड फ्राइडे बताता है,जो मृत्यु है,वही तो विस्तार है। ईसा के इस मार्ग पर हमेशा चलेंगे। भले ही वह बहुत कम लोग हों,मगर यह रास्ता तो अब नहीं छूटने का,गुड फ्राइडे का मंत्र तो अब जीवनपर्यंत रहना है...

# चुनौती बनता मानसिक अवसाद

सीमा अग्रवाल

मेरठ

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव,हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार स्वास्थ्य का अर्थ केवल बीमारी न होना और शारीरिक सेहत से नहीं होता,बल्कि स्वास्थ्य सामाजिक, मानसिक और शारीरिक तीनों से जुड़ा है। इन तीनों में जहां भी व्यक्ति कमजोर है वहां वो अस्वस्थ माना जाता है। उसे सेहतमंद नहीं कह सकते। अच्छी सेहत वाला व्यक्ति वो है,जो इन सभी मानकों पर खुश है और हर स्तर पर अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभा रहा है,जो जीवन में सामान्य तनावों का सामना करने में सक्षम है। उत्पादक तरीके से काम करता है। अपने समुदाय में योगदान देने में तैयार है। दरअसल मानसिक स्वास्थ्य का संबंध इंसान के भावनात्मक पहलू से है,जो उसके सोचने, समझने, कार्य करने की शक्ति को प्रभावित करता है।

यूं तो मानसिक विकार कई तरह के होते हैं। मसलन डिमेंशिया,तनाव, चिंता, भूलना, अवसाद, डिस्लेसिया आदि,लेकिन इन सभी में अवसाद ऐसा मनोविकार है जिससे पूरी दुनिया त्रस्त है। हर आयु-वर्ग का व्यक्ति आज मानसिक अवसाद के दौर से गुजर रहा है। इस अवसाद के तमाम कारण सामने आ रहे हैं। डब्लूएचओ के अनुसार पिछले एक दशक में तनाव और अवसाद के मामले में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। भारत की करीब 6.5 प्रतिशत से 7.5 प्रतिशत आबादी मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही है।

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने भी मेंटल हेल्थ के मुद्दे के प्रति न्यायपालिका को संवेदनशील होने पर जोर देते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को वनसाइज फिट फॉर ऑल के दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। अच्छी मेंटल हेल्थ हर व्यक्ति का मानवाधिकार है जिससे उसे वंचित नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि मेंटल स्ट्रेस आनुवांशिक,सामाजिक,आर्थिक, पारिवारिक हर तरह की हो सकती है। इस अवस्था से किसी इंसान को बाहर निकालना आज के समय में सबसे बड़ी चुनौती है जिससे डॉक्टर और विशेषज्ञ भी परेशान हैं।

देखा गया है कि कई बार प्रारंभिक जीवन के बुरे अनुभव, हादसे और घटनाएं मन को इतना प्रभावित करती हैं कि उनके असर से इंसान मानसिक बीमार हो जाता है। एक प्रकार के मनोविकारों का शिकार हो जाता है। ये मनोविकार और नकारात्मकता उसके मन व सेहत दोनों को खराब करती जाती है।

मानसिक अवसाद का बड़ा कारण बेरोजगारी और गरीबी भी है। 2011 की जनगणना के अनुसार देखें तो आंकड़े बताते हैं कि मानसिक रोगों से ग्रस्त करीब 78.62 प्रतिशत लोग बेरोजगारी से जूझ रहे हैं। ये आंकड़े इशारा करते हैं कि युवाओं में तेजी से मानसिक अवसाद फैल रहा है। डब्लूएचओ ने 2013 में मानसिक स्वास्थ्य को शारीरिक स्वास्थ्य के बराबर महत्व देते हुए वर्ल्ड हेल्थ एसेंबली में एक व्यापक मानसिक स्वास्थ्य कार्ययोजना को मंजूरी दी थी,जो 2013-2020 तक के लिए थी। इस कार्ययोजना में सभी देशों ने मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कसम खाई थी। भारत ने भी इस कार्य योजना को अपने यहां लागू किया था,लेकिन आज भी भारत में मानसिक स्वास्थ्य के हालात भयावह हैं। डब्लूएचओ के अनुसार साल 2011 में भारत में मेंटल इलनेस से पीड़ित प्रत्येक एक लाख रोगियों के लिए 0.301 मनोचिकित्सक और 0.07 मनोवैज्ञानिक थे। यह हालत पिछले दस सालों में बहुत बेहतर नहीं हुई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2017 में भारत की विशाल जनसंख्या के लिए मात्र पांच हजार मनोचिकित्सक और 2000 से भी कम मनोवैज्ञानिक थे।

पिछले दिनों डब्लूएचओ ने आगाह किया कि 2024 तक भारत की 20 प्रतिशत से भी अधिक आबादी मानसिक रोगों से पीड़ित होगी। आश्चर्यजनक बात यह है कि मानसिक रोगियों की इतनी बड़ी संख्या के बाद भी भारत में इसे एक रोग के रूप में पहचान नहीं मिल पाई है। यही इसके निदान में चुनौती है। मानसिक विकारों के प्रति भारत में जागरूकता की बहुत कमी है। जागरूकता के इसी अभाव और अज्ञानता के कारण लोगों द्वारा किसी भी प्रकार के मानसिक स्वास्थ्य विकार से पीड़ित व्यक्ति को मंदबुद्धि मान लिया जाता है।

भारत में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी विकारों से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां भी एक बड़ी चुनौती है। भारत में यदि कोई व्यक्ति एक बार किसी मानसिक रोग से ग्रसित हो जाता है तो जीवनभर उसे समाज में बड़े मुश्किल माहौल, हालातों में जीना पड़ता है। उसका समाज की मुख्यधारा में जुड़ना बहुत कठिन हो जाता है। बहरहाल मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर स्थिति में लाने के मार्ग में बहुत चुनौतियां हैं,पर एक सही जागरूकता अभियान से इस स्थिति को सुधारा जा सकता है।

## सोशल फोरम

# निडर बनाता है प्रेम

मेरा अपना अनुभव है कि जीवन में सबकुछ पहले से निश्चित होता है, वरना अगर मैं गांधी से पहले भगत सिंह को पढ़ी होती तो कम से कम मेरी जीवन यात्रा कुछ और होती। खेतों में पौधे रोपते हुए नन्हें भगत से जब उनके पिता ने पूछा 'क्या कर रहे हो भगत?'तो उन्होंने जवाब दिया कि 'बंदूकें बो रहा हूं पिताजी।'ये बात एक छोटे से अध्याय में बचपन में हम सभी ने पढ़ी थी। इससे ज्यादा कुछ उनके विचारों के बारे में मैंने न जाना न जरूरत समझी,जब तक कि एक उन पर लिखी वो एक किताब नहीं पढ़ी थी। पढ़ते हुए उनकी संवेदनशीलता से परिचय हुआ।

रश्मि त्रिपाठी

गोरखपुर

मुझे भगत सिंह से इतना प्रेम हो गया था कि मैं उनसे संबधित जो भी मिले सब पढ़ना चाहती थी और पढ़ा भी। 'सीने पर जो जख्म है,सब फूलों के गुच्छे हैं।/ हमें पागल ही रहने दो, हम पागल ही अच्छे हैं।' भगत सिंह की ये पक्तियां मुझे उन पर सटीक लगती थीं। किताब में कहीं नहीं लिखा था कि उनके और दुर्गा भाभी के बीच कोई संबंध था,पर मुझे उसे पढ़कर ये महसूस हुआ कि ये प्रेम तो बेहद सहज और आवश्यक था। वो लोग बेहद नजदीक थे,प्रेम जब दो विचारवान लोगों के बीच होता है तो ज्यादातर उनके मिशन एक ही होते हैं और इस बहाने वे एक दूसरे का साथ पा लेते हैं,करीब रहने के बहाने ढूंढ लेते हैं।

उनका हैट वाला लुक भी उन्हें दुर्गा भाभी ने दिया था। दरअसल सांडर्स को मारने के बाद भगत सिंह और राजगुरु दो दिन के लिए भूमिगत हो गए। दो दिनों बाद वे लोग छिपते-छिपाते लाहौर में दुर्गा भाभी के घर पहुंचे। वहां ही योजना बनी कि उन्हें कलकत्ते भेज दिया जाए, क्योंकि पुलिस हर चप्पे पर थी,इसलिए दुर्गा भाभी ने उनका लुक चेंज करवाया। सूट और हैट में किसी बड़े अधिकारी की तरह और अपने बेटे के साथ उनकी पत्नी बनकर साथ में गईं और राजगुरु नौकर बनकर सामान लेकर गए। उन्हें पढ़ते हुए मैं बेहद आश्चर्य में रहती थी कि इतनी कम उम्र में किसी के पास इतना ज्ञान कैसे हो सकता है? वास्तव में ज्ञान ही हमें प्रेम करना सिखाता है,प्रेम का अर्थ बताता है कि प्रेम सच में एक इंसान की कमजोरी है,अगर वो सच में इंसान है तो प्रेम अवश्य जानता होगा और प्रेम भी हमें निडर बनाता है।

-फेसबुक वॉल से

# गोविंदगढ़ अखाड़ा और ब्रज संगीत की विदाई की बेला

प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी

कोलकाता

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन।

मथुरा में चतुर्वेदियों में उनकी जाति संस्कृति में ब्रज रचा-बसा है। समूची जाति ब्रजभाषा में सोचती है, उसके संस्कारों और आदतों में डूबी रहती है। इस संस्कृति का सबसे शानदार पहलू है होली के बाद तकरीबन एक सप्ताह तक चलने वाला अखाड़ा संगीत। इस संगीत के आयोजन ढोल फूल के मेले तक आगामी दो-तीन दिन तक चलेंगे।

होली के बाद के पहले सप्ताह में जो भी परिवार बुलाता है ये लोग उसके दरवाजे पर जाकर गली में खड़े होकर गाते हैं। सुनने वाले गली और ऊपर की मंजिल से छतों-खिड़कियों में खड़े होकर इसका आनंद लेते हैं। इस संगीत में कोई स्टेज नहीं बनती। बिना स्टेज के कार्यक्रम होता। स्टेज या मंच को कब उन लोगों ने गली के जरिए अपदस्थ कर दिया यह ठीक से बताना मुश्किल है,लेकिन स्टेज का अंत सबसे बड़ा सामंती व्यवस्था विरोधी कदम था। पहले स्टेज और पर्दे दो बहुत बड़ी चीजें थीं,जो कलाओं की प्रस्तुति के समय नजर आती थी।

चौबों में मोहन बाग,गिरधर वाली,गोविंदगढ़, बुद्उआ,चौबच्चा,चूढ़ागढ़ ये अखाड़े थे। इनमें से अधिकांश खत्म हो गए हैं। अब सिर्फ गोविंदगढ़ अखाड़ा बचा है। होली के बाद तीन दिनों तक चौपाइयां चलती हैं। इसे स्ट्रीट संगीत कहना समीचीन होगा। अखाड़ा गायन संस्कृति (चौपाई) वस्तुतः ब्रज का स्ट्रीट संगीत है। होली के बाद इस संगीत की टोलियां चौबिया पाड़े में निकलती हैं और उनके यहां कार्यक्रम पेश करती हैं जिनके घर कोई शुभ कार्य हुआ है। मसलन जिनके शुभ कार्य हुआ है,वे लोग उनको निमंत्रित करते हैं और आमंत्रित व्यक्ति के घर पूरी टीम के साथ आते हैं,उसके दरवाजे के बाहर ब्रज के स्वरचित गीतों को गाते हैं।

इस गायन मंडली और गायनशैली की विशेषता है कि उसमें कार्यक्रम गली में ही खड़े-खड़े सुनना होता है। गाने वाले और सुनने वाले खड़े रहते हैं। आसपास के स्त्री-पुरुष-युवा सभी इसमें शिरकत करते हैं, सुनते हैं। आम तौर पर गायन का दर्शकगण अनुकरण करते हैं। इसमें मुख्य टीम में एक सूत्रधार रहता है,जो टीम का नेतृत्व करता है। प्रतिदिन दो से तीन कार्यक्रम यह टीम पेश करती है। इस टीम का सबसे शानदार पक्ष ब्रजभाषा और ब्रज के गीत का शास्त्रीय और अर्द्ध-शास्त्रीय रूप है। नगाड़ा, ढोलक और मंजीरा इन तीन वाद्ययंत्रों का कलात्मक-पेशेवर ढंग से उपयोग करते हैं। ये लोग हर साल कुछ नए गीत जरूर लिखते हैं। यह काम तकरीबन 150 से अधिक सालों से कर रहे हैं। इनके सभी गीत ब्रज के लोकगीत हैं। ये सभी मौलिक होते हैं। इनकी धुनें भी मौलिक होती हैं। इनकी रचनाएं सामूहिक सृजन हैं। कहने को कोई एक व्यक्ति लिखता है,लेकिन ये अपने गीतों को सामूहिक रचना के तौर पर,अखाड़े के नाम से पेश करते हैं। इनके गीतों पर फिल्मी संगीत और लय का कोई असर नजर नहीं आएगा। इस अर्थ में ये फिल्मी पैरोडी के प्रभाव से ब्रज के लोक संगीत और गीतों को बचाए हुए हैं। जबकि हकीकत यह है कि अधिकांश ब्रज का लोक संगीत फिल्मी असर में आकर विकृतिकरण और बेसुरेपन का शिकार हो चुका है। बड़ी संख्या में कान फोड़ु ब्रज संगीत और बेसुरे गायकों की टोलियां फल-फूल रही हैं।

अनेक संस्कृति विशेषज्ञ भी थैला उठाए बाजारु बेसुरे ब्रज संगीत के प्रचार में लगे हैं। इस सबसे भिन्न है गोविंदगढ़ अखाड़े का संगीत और उसका प्रदर्शन। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अखाड़ा संगीत पूरी तरह धर्मनिरपेक्ष संगीत है। गीतों में कृष्ण, राधा आदि का जिक्र मिलेगा,लेकिन संगीत में,कला में धर्म का रुपांतरण उसे धर्म नहीं रहने देता। ब्रज संगीत-गीत के धर्मनिरपेक्ष चरित्र की बुनियादी विशेषता है,पूंजीवादी और धार्मिक तर्कों का कला में अस्वीकार। अखाड़ा संगीत का कोई संरक्षक नहीं है। इसका न तो कोई धर्म-संत-महंत संरक्षक है,न कोई सामंत संरक्षक है और न कोई अमीर संरक्षक है और न ही कोई राजनीतिक दल ही इनका संरक्षक है। इस संगीत के सर्जक और संरक्षक हैं अखाड़े के कला सर्जक गायक-संगीतकार आदि। अखाड़ा संगीत की गायन मंडली पैसे के लिए,राजनीतिक प्रचार के लिए, धार्मिक प्रचार के लिए संगीत पेश नहीं करती,बल्कि इसकी रुचि है ब्रज संगीत-गीत की मौलिक सृजन परंपरा को बनाए और बचाए रखना।

अखाड़ा संगीत के कलाकारों को आमतौर पर मीडिया में कोई खास कवरेज नहीं मिलती,इनके कार्यक्रमों में गली-मुहल्ले में रहने वाले सैंकड़ों सामान्यजन जिनमें अधिकतर चतुर्वेदी ही होते हैं। वे श्रोता के रूप में भाग लेते हैं। इन दिनों पर चौपाई परंपरा अपनी अंतिम सांसें ले रही है। अधिकतर अखाड़े खत्म हो गए हैं। अखाड़ों के खत्म होने पर चौबों को कोई तकलीफ भी नहीं है,क्योंकि अधिकतर लोग पूंजीवादी उद्यमशीलता और पूंजीवादी मूल्यबोध की गिरफ्त में आ चुके हैं। इसने इनके अंदर की सांस्कृतिक भूख और उसे पूरा करने के भावबोध को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

# बाघ देखकर रोमांचित हुए तेंदुलकर

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** भारत रत्न व पूर्व क्रिकेटर सचिन रमेश तेंदुलकर कॉर्बेट पार्क के ढिकाला क्षेत्र में बाघ के दर्शन कर रोमांचित हो उठे। सफारी के दौरान सचिन को केवल एक ही बाघ के दर्शन हो पाए, जबकि दूसरी जिप्सी में सवार उनके साथियों ने दो बाघ देखे। भ्रमण के दौरान ढिकाला चौड़ में रामगंगा नदी के समीप हाथियों के झुंड, हिरन के झुंड और नाचते मोर को देखकर सचिन काफी उत्साहित नजर आए।

बता दें कि सचिन शुक्रवार को ताज रिसोर्ट से निकलकर कॉर्बेट नेशनल पार्क पहुंचे। जहां उनकी आगवानी कार्बेट के निदेशक डॉ. धीरज पांडे व उप निदेशक दिगन्त नायक ने की। सचिन कॉर्बेट के खिनानौली विश्राम गृह में रुके। प्रकृति के शांत वातावरण में सकून के दो पल बिताने से वह काफी प्रसन्न दिखाई दिए।

खिनानौली फारेस्ट रेस्ट हाउस में वन अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ सचिन तेंदुलकर।

कॉर्बेट पार्क की जैव विविधता के वह कायल तो हुए ही साथ उन्होंने वन्य जीव संरक्षण को लेकर कॉर्बेट प्रशासन के कार्यों की जमकर प्रशंसा भी की। इस बीच उन्होंने ढिकाला में कुछ वन कर्मियों से बात चीत की। साथ ही उन्हें अपना ऑटोग्राफ भी दिया और उनके साथ फोटो भी खिंचवाई। उन्होंने कॉर्बेट के बेहतर प्रबंधन के लिए निदेशक डॉ. धीरज पांडे व समस्त वन कर्मियों की खुलकर प्रशंसा की। कहा कि खुले आसमान के नीचे अकूत वन संपदा के बीच स्वछंद विचरण करते वन्यजीवों के दृश्य वास्तव में दिल को छू देने वाले हैं।

# बाबा तरसेम सिंह की अंतिम विदाई पर आंखें नम

## दिल्ली डेरा कार सेवा के प्रमुख ने दी मुखाग्नि, बड़ी संख्या में लोगों ने किए अंतिम दर्शन, पुलिस बल रहा तैनात

संवाददाता, नानकमत्ता/खटीमा

**अमृत विचार:** गुरुद्वारा श्री नानकमत्ता साहिब डेरा कारसेवा के जत्थेदार बाबा तरसेम सिंह की गुरुवार को बाइक सवार शूटर्स ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। जिनका पार्थिव शरीर लोगों के दर्शन के लिए रखा गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें भारी संख्या में संगत शामिल हुई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस बल तैनात रहा।

बता दें कि बाबा तरसेम सिंह का पार्थिव शरीर संगत के अंतिम दर्शन के लिऐ डेरा कार सेवा में रखा गया था। शुक्रवार सुबह 10 बजे गुरुद्वारा दूध वाले कुएं के प्रांगण में अरदास के साथ उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया। दिल्ली डेरा कार सेवा के प्रमुख बाबा बचन सिंह ने बाबा तरसेम सिंह की चिता को मुखाग्नि दी। इस मौके पर नानकपुरी टांडा के बाबा गुरजंट सिंह, दिल्ली के बाबा सुरेंद्र सिंह, करनाल के बाबा सुक्खा सिंह, फतेहगढ़ साहिब पंजाब के बाबा गुलजार सिंह, लुधियाना पंजाब के बाबा निर्मल सिंह, काशीपुर के बाबा लक्खा सिंह, कुरियालघाट के बाबा पाल सिंह, रीठा साहिब के बाबा श्याम सिंह, बाबा रेशम सिंह, विधायक यशपाल आर्य, भुवन कापड़ी, गोपाल सिंह राणा, शिव अरोड़ा, डॉ. प्रेम सिंह राणा, नारायण पाल, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह पुरना, राजू भंडारी, श्रीपाल राणा, किसान आयोग के उपाध्यक्ष राज्यपाल सिंह, सुरेश गंगवार, डेरा कार सेवा के सेवादार दारा सिंह, निरवैर सिंह के अलावा स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारी मौजूद रहे।

नानकमत्ता में बाबा तरसेम सिंह की चिता को मुखाग्नि देते दिल्ली डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा बचन सिंह। ● अमृत विचार

# एक वोट कर्फ्यू लगा देता था, वही अब कांवड़ यात्रा निकलवाता है : योगी

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा/बिजनौर

**अमृत विचार :** लोकतंत्र में एक-एक वोट की बड़ी अहमियत है। एक वोट जहां कर्फ्यू लगा देता था, वहीं एक वोट कांवड़ यात्रा भी निकलवाता है। 2014 से पहले देश में अराजकता का माहौल था, देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। अब देश की तस्वीर बदल रही है। आतंकवाद का सफाया हुआ है, देश का इंफ्रास्ट्रक्चर बदल रहा है। शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अमरोहा के रजबपुर में आयोजित प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। कहा कि 2014 से पहले सपा, बसपा और कांग्रेस अपने परिवार का विकास करते थे। देश में

**▸▸ मुख्यमंत्री ने अमरोहा व बिजनौर में प्रबुद्ध सम्मेलन को किया संबोधित**

आतंकवाद फैला था। आम व्यक्ति सुरक्षित नहीं था, देश की सीमाएं असुरक्षित थीं। लेकिन 2014 के बाद आपके एक-एक वोट ने देश की तस्वीर बदली। केंद्र की भाजपा सरकार में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। वह पूरे देश को अपना परिवार मानकर कार्य कर रहे हैं। किसान, महिला, मजदूर सबका सम्मान बढ़ा है। जहां पहले अमरोहा से दिल्ली जाने के लिए चार घंटे लगते थे अब मात्र दो घंटे में दिल्ली पहुंचा जा सकता है। इस दौरान उन्होंने भाजपा प्रत्याशी कंवर सिंह तंवर के लिए लोगों से वोट की अपील की। उधर बिजनौर के जेवीएम बैंक्वेट हॉल में प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यहां के प्रबुद्धजनों की भूमिका प्राचीन ऋषि-मुनियों जैसी है, जो अलग-अलग क्षेत्र में समाज का नेतृत्व करते हैं। प्रबुद्धजन समाज के ओपीनियन लीडर हैं, समाज का मार्गदर्शन और नेतृत्व करते हैं।

## अनियोजित विकास के कारण अपना अस्तित्व खो चुकी है झील, अब झेल रही आबादी का भार

# भीमताल में एक और झील होने के प्रमाण

राकेश सनवाल, भीमताल

**अमृत विचार :** नगर में भीमेश्वर झील के अलावा एक और झील पाई जाती थी। अनियोजित विकास की भेंट चढ़ी यह झील अब आबादी का भार झेल रही है। इसकी पुष्टि नगर के एक व्यक्ति के पास मिली फोटो के अलावा 1978 में प्रकाशित पुस्तक आइलैंड ऑफ इंडिया में किए गए जिक्र से होती है।

कुआंताल क्षेत्र के बायोटेक भवन के आसपास एक झील हुआ करती थी। जिसे पाट कर अब उसमें आबादी बस चुकी है। झीलों की तस्वीर जॉन स्टेट वर्तमान में जून स्टेट के स्वामी विलियम जॉन ने खींची थी। भीमताल और आसपास के क्षेत्र की मौसमी झील का वर्णन सन 1978 में प्रकाशित पुस्तक हाइलैंड ऑफ इंडिया में है। जिसमें लिखा है कि भीमताल में नल दमयंती ताल डोब और भीमेश्वर ताल के अलावा एक और झील पाई जाती थी। माना जा रहा है कि किताब में इस चौथी झील का जिक्र है। डोब झील जो कि पहले एक मौसमी झील थी आज नियोजित निर्माण के कारण अपना अस्तित्व खो चुकी है। इसके अलावा नल दमयंतीताल की 1920 में मोनी बाबा ने सफाई की थी।

123 वर्ष पूर्व जून स्टेट के मालिक द्वारा खींची गई कुंआताल झील की फोटो। ● अमृत विचार

कुआंताल झील अब पूर्ण रूप से समाप्त हो चुकी है। यह क्षेत्र कुछ वर्ष पूर्व तक एक झील था, लेकिन जैसे-जैसे पानी कम होता गया वैसे-वैसे यहां मैदान बनता गया और लोग बसते चले गए। नतीजा यह है कि अब इस झील का अस्तित्व ही मिट गया है। पर्यावरण विद् पीटर स्मैटाचक चेक बताते हैं कि झील होने का सीधा प्रमाण यह है कि इस क्षेत्र में काफी कम गहराई में अब भी पानी मौजूद है।

# धर्मांतरण अधिनियम वैवाहिक प्रकृति वाले सभी रिश्तों के लिए जरूरी : कोर्ट

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका पर सुनवाई करते हुए अपने महत्वपूर्ण आदेश में कहा कि उत्तर प्रदेश धर्मांतरण अधिनियम न केवल विवाह के उद्देश्य के लिए आवश्यक है, बल्कि यह विवाह की प्रकृति के सभी रिश्तों में भी आवश्यक है, इसलिए विवाह या लिव-इन रिलेशनशिप की प्रकृति में संबंध पर धर्मांतरण अधिनियम लागू होगा।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने अंतर धार्मिक जोड़े द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को खारिज करते हुए पारित किया। उन्होंने अपने आदेश में आगे कहा कि जोड़े ने उक्त अधिनियम के प्रावधानों के तहत किसी भी धर्मांतरण के रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदन नहीं किया। मालूम हो कि वर्ष 2021 में उपरोक्त अधिनियम ने अंतर धार्मिक जोड़ों के लिए इसके प्रावधानों के अनुसार धर्म परिवर्तन करना अनिवार्य कर दिया है। वर्तमान मामले में याचियों ने अधिनियम की धारा 8 और 9 के अनुसार धर्म परिवर्तन के लिए आवेदन नहीं किया। मामले के अनुसार मुस्लिम महिला और उसके साथी हिंदू पुरुष ने इस साल के जनवरी माह में आर्य समाज के अनुष्ठानों के अनुसार शादी कर ली, लेकिन उनकी स्वतंत्रता और जीवन के लिए विपक्षी खतरा उत्पन्न कर रहा था, जिससे सुरक्षा की प्रार्थना करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई।

**▸▸ अंतर धार्मिक जोड़े की हाई कोर्ट ने खारिज की याचिका**

# देहरादून में नशीली दवा के तीन तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** देहरादून पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से भारी मात्रा में नशीली दवा बरामद की हैं। उनके पास से 384 नशीले कैप्सूल 390 टेबलेट मिले हैं। पुलिस ने तस्करों की कार भी सीज कर दी है।

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले भर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना क्लेमेंटाउन पुलिस टीम आशारोड़ी बैरियर पर चेकिंग कर रही थी। तभी वहां आई स्विफ्ट डिजायर कार को चेकिंग के लिए रोका गया। कार में तीन लोग थे। तलाशी में कार से 384 एसपीएस-परविओन प्लस कैप्सूल और 390 एलप्राजोलम नशीली टेबलेट बरामद की गई। उनके पास से 95000/- रुपये भी मिले। इसके बाद तीनों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया गया। तीनों आरोपी देहरादून के निवासी हैं। इनमें टी स्टेट अर्काडिया ग्रांट बनियावाला के अकरम अली पुत्र अख्तर वाहिद (32) व शौकीन पुत्र मोहम्मद फकीर (32) और मरकाम ग्रांट तेलीवाला के आमिर खान पुत्र अब्दुल कयूम (28) शामिल हैं। तीनों के विरुद्ध थाना क्लेमेंटाउन में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कराया गया।

# बदायूं : मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से गिरकर मरीज की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल के वार्ड की खिड़की से गिरकर मानसिक रोगी की मौत हो गई। मरीज के खिड़की से कूदने की चर्चा होती रही। बहरहाल परिजनों ने किसी तरह का आरोप नहीं लगाया। पोस्टमार्टम के बाद वे शव लेकर चले गए।

जिला कासगंज के थाना सोरों क्षेत्र के कस्बा मानपुर नगरिया निवासी संजू (35) पुत्र भीकम कई दिनों से मानसिक बीमार थे। 16 मार्च को हैंडपंप से पानी भरने के दौरान फिसल गए थे जिससे सिर में चोट आई थी। 18 मार्च को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। उन्हें चौथी मंजिल पर बने मानसिक रोग वार्ड में भर्ती किया गया था। साथ में परिजन भी रुके थे। गुरुवार रात लगभग 12 बजे उनकी पत्नी सतानो, बहन रज्जो और भतीजा राजकुमार वार्ड के बाहर परिसर में सो गए। रात लगभग डेढ़ बजे किसी के गिरने की तेज आवाज आई तो तीमारदार जाग गए। अफरा-तफरी मच गई। वार्ड में संजू नहीं दिखे तो परिजनों ने खिड़की से झांका। नीचे संजू का खून से लथपथ शव पड़ा था। मेडिकल कॉलेज प्रशासन की सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच-पड़ताल की। संजू के खिड़की से कूदने की चर्चा होती रही। हालांकि परिजन इस पर कुछ नहीं बोले। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि मौत के कारण की जांच की जा रही है। परिजनों ने तहरीर दी तो कार्रवाई की जाएगी। राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एनसी प्रजापति ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतक संजू।

**▸▸ 18 मार्च को मानसिक रोग विभाग में किया गया था भर्ती**

# ईडी ने दर्ज किया था मनी लॉड्रिंग का केस

**लखनऊ, अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी पर ईडी ने विधायक निधि का दुरुपयोग करने के मामले में मार्च 2020 में मनी लॉड्रिंग का केस दर्ज किया था। इसमें मुख्तार पर आरोप था कि विधायक निधि का 25 लाख रुपये ऐसे विद्यालय के नाम ट्रांसफर किया है, जो वास्तव में संचालित ही नहीं हो रहा था। इस मामले में 2021 में मऊ के सरायलखन्सी थाने में निधि के दुरुपयोग करने की एफआईआर दर्ज कराई गई थी। आरोप था कि मुख्तार अंसारी की विधायक निधि से ग्राम सरवां में एक उच्च माध्यमिक विद्यालय के नाम पर 20 लाख रुपये व पांच लाख रुपये की दो किस्तें दी गई थीं। इस खेल में मुख्तार का करीबी संजय सागर व आनंद यादव शामिल थे। जिस भूमि पर विद्यालय बनाए जाने की बात कही गई थी, उस पर खेती हो रही थी।

पुलिस जांच में सामने आया था कि कोई विद्यालय बन ही नहीं रहा था। विधायक निधि का उपयोग कहां किया गया था। इसे लेकर ईडी ने अपनी पड़ताल शुरू की है। कई खातों का ब्यौरा भी खंगाला जा रहा है। वहीं मुख्तार अंसारी की ओर से ईडी कोर्ट में अर्जी देकर उसके विरुद्ध चल रही ईडी की कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए उसे बरी किए जाने की मांग की थी। ईडी कोर्ट ने उसकी याचिका को खारिज कर दिया था। ईडी की जांच में मुख्तार अंसारी की कंपनी विकास कंस्ट्रक्शन के माध्यम से करोड़ों रुपये के घोटाले की बात सामने आई। इसके कई प्रमाण भी मिले। मैसर्स विकास कंस्ट्रक्शन में मुख्तार अंसारी की पत्नी अफ्शा व उसके साले आतिफ रजा की हिस्सेदारी है।

# मुख्तार ने राजधानी में फैला रखा था सूदखोरी और अवैध कब्जों का जाल

**▸▸ पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर खड़ा किया था मजबूत नेटवर्क**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** माफिया मुख्तार अंसारी ने राजधानी में पेशेवर अपराधियों को संरक्षण देकर मजबूत नेटवर्क खड़ा किया था।

सूदखोरी, नकली नोटों का कारोबार, प्रापर्टी पर कब्जा और विरोध में आवाज उठाने वालों का मुंह बंद करने के लिये हत्या कौन सा गुर्गा करेगा...माफिया ने सबकी जिम्मेदारी तय कर रखी थी। गुर्गों के दम पर ही मुख्तार ने अपराध की दुनिया में खास मुकाम हासिल कर लोगों में दहशत पैदा की थी।

### मुख्तार को गुरु बताने वाला सूदखोर जुगनू वालिया

मुख्तार अंसारी को गुरु बताने वाला जुगनू वालिया मुख्तार का सूदखोरी का अवैध कारोबार संभालता था। उसने 27 अक्टूबर 2021 में आलमबाग के रेस्तरां संचालक जसविंदर सिंह उर्फ रोमी की हत्या कराई थी। हत्याकांड में जुगनू का नाम सामने आया। एसटीएफ ने जुगनू को पंजाब के मोहाली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उसके खिलाफ लखनऊ के कई थानों में मामले दर्ज हैं। वालिया ने आलमबाग, मानक नगर, कृष्णा नगर, सरोजनीनगर समेत कई इलाकों में सूद के साथ प्रॉपर्टी का कारोबार फैला रखा था। महानगर में दर्ज अवैध शस्त्र के मामले में शिकंजा कसने पर अब्बास अंसारी को सुरक्षित ठिकानों पर पहुंचाने में जुगनू की अहम भूमिका रही थी।

### जाफरी बंधु को होटल व प्रापर्टी पर कब्जे की जिम्मेदारी

मुख्तार अंसारी ने होटल व प्रापर्टी पर कब्जे का जिम्मा जाफरी बंधु शाहिद जाफरी व उसके भाई नामवर जाफरी को सौंप रखा था। 2013 में मजलिस के दौरान युवक की हत्या और दंगा भड़काने के आरोपी शाहिद को भगोड़ा घोषित किया गया था, जो मुख्तार की मेहरबानी से पुलिस की आंखों के सामने खुलेआम घूमता रहा था। जब उसे हजरतगंज में गोली मारी गयी, तब पुलिस ने ट्रॉमा सेंटर से उसे गिरफ्तार किया था। वह मुख्तार अंसारी का सारा अवैध कारोबार संभालता था।

### रुतबा घटने लगा तो सीरियल किलर भाइयों को दी सरपरस्ती

माफिया मुख्तार अंसारी का जब राजधानी में रुतबा कम होने लगा तो उसने नेटवर्क को मजबूत करने की कोशिशें शुरू कीं। वहीं, लखनऊ में सीरियल किलर भाइयों सलीम, सोहराब व रुस्तम का भी रसूख कुछ कम होने लगा। तीनों जेल में बंद थे। मुख्तार और सीरियल किलर भाई एक दूसरे की जरूरत और समय की नजाकत समझकर एक हो गए। इसके बाद लखनऊ का नेटवर्क सीरियल किलर भाइयों के जरिए मजबूत होने लगा। इसी की आड़ में सीरियल किलर भाइयों ने नकली नोटों का काला कारोबार भी शुरू कर दिया। 2004 में सलीम, सोहराब, रुस्तम के सबसे छोटे भाई शहजादे की हुसैनगंज में हत्या कर दी गई थी। बदला लेने के लिए तीनों ने भाइयों ने तत्कालीन एसएसपी आशुतोष पांडे को पहले फोन कर वारदात की सूचना दी थी। इसके बाद तिहरे हत्याकांड को अंजाम दिया। इसके बाद तीनों सीरियल किलर भाई के नाम से कुख्यात हो गये।

**▸▸ एक-दूसरे की जरूरत समझ साथ आने पर हुए रजामंद**

# अतीक व मुख्तार की शुरुआत और अंत लगभग एक जैसा

**▸▸ अतीक ने राजू पाल तो मुख्तार ने करायी थी कृष्णानंद राय की हत्या**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अतीक अहमद और मुख्तार अंसारी की शुरुआत और अंत लगभग एक जैसा हुआ। दोनों ने अपराध की गलियों से होते हुए राजनीतिक गलियारे में जगह बनाई। वहीं जेल से ही अपने नेटवर्क का संचालन किया। दोनों को अपने राजनीतिक रसूख पर जब सवाल खड़े हुए तो भाइयों को विधानसभा चुनाव हराने वालों की हत्या करवा दी। अतीक ने अशरफ को हराने वाले राजू पाल पर बम व गोलियां बरसाकर मौत के घाट उतारा। वहीं, मुख्तार ने अफजाल अंसारी को हराने वाले कृष्णानंद राय की हत्या के लिए 500 गोलियां बरसाईं थी। दोनों की मौत भी हुई तो पुलिस की निगहबानी में। अतीक को गोली मारी गई तो जेल में बंद मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हुई।

मुख्तार अंसारी | अफजाल अंसारी
अतीक अहमद | अशरफ अहमद
कृष्णानंद राय | राजूपाल

### अंतिम दर्शन से महरूम रहे पत्नी व बेटा

अतीक व अशरफ के शव का अंतिम दर्शन न तो बेटा कर सका और न ही पत्नी मातम मना सकी। कुछ यही हाल मुख्तार अंसारी का भी है। विधायक बेटा जेल में बंद है। वहीं, पत्नी पर भी पुलिस ने इनाम घोषित किया है। दोनों के अंतिम दर्शन के लिए पहुंच पाने की उम्मीद न के बराबर है।

### अशरफ चुनाव हारा तो राजू पाल की करवाई हत्या

2004 में हुए लोकसभा चुनाव में अतीक फूलपुर से सपा के टिकट पर सांसद बना तो इलाहाबाद पश्चिमी सीट विधानसभा सीट खाली हो गई। दिसंबर 2004 में उपचुनाव हुआ। इसमें सपा ने अतीक के भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ को प्रत्याशी बनाया तो बसपा ने राजू पाल को। परिणाम आया तो अतीक की परंपरागत सीट अशरफ हार गया। चुनाव परिणाम अतीक के लिए खुली चुनौती बन गई। अतीक ने रंजिश में 25 जनवरी 2005 को राजू पाल की दिनदहाड़े हत्या करवा दी।

### मुहम्मदाबाद सीट जीतने पर गंवानी पड़ी जान

उधर, मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी मुहम्मदाबाद से लगातार विधायक रहे। यह सीट अंसारी परिवार का गढ़ माना जा रहा था। लेकिन 2002 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कृष्णानंद राय को प्रत्याशी बनाया। परिणाम भाजपा के खाते में आ गया। अंसारी भाइयों को यह बात नागवार लगी। करीब तीन साल बाद अक्तूबर 2005 को कृष्णानंद राय को चारों तरफ से घेरकर गोलियां बरसाई गईं। इसमें सात लोगों की मौत हुई। हमलावरों ने 500 राउंड फायरिंग की थी।

# वसूली के लिए मिल्की मुसलमानों को किया स्थापित

**▸▸ मुख्तार के साथ होने से कई मुसलमान बन गए बड़े बिल्डर हथियाई बेशकीमती जमीनें**

विनय शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : माफिया मुख्तार अंसारी की मौत के बाद भले ही आतंक का एक अध्याय का खात्मा हो गया है। पर, सच यह है कि लखनऊ के लोगों में मुख्तार की दहशत अभी भी बरकरार है। लखनऊ में अपना नेटवर्क मजबूत करने और अवैध वसूली के लिए मुख्तार ने मिल्की मुसलमानों को स्थापित किया। मिल्की मुसलमान मुख्तार के जमीन से जुड़े अवैध कारोबार में मददगार साबित हुए। माफिया के नाम का प्रयोग कर देखते ही देखते कई मिल्की मुसलमान बड़े बिल्डर बन गए।

रिटायर्ड डीजीपी बृजलाल ने बताया कि माफिया मुख्तार अंसारी के पास हर तरह की सुविधाएं उपलब्ध थीं। वर्ष 1996 में बसपा (बहुजन समाजवादी पार्टी) से विधायक बनने के बाद वह बड़े राजनेताओं और कुछ अधिकारियों के साथ उठने-बैठने लगा। प्रशासनिक अधिकारियों को अपने घर बुलाता था। धन उगाही के मकसद से माफिया ने मिल्की मुसलमानों को लखनऊ में स्थापित किया। यह बाद में बड़े बिल्डर के रूप में काम करने लगे। इस कड़ी में शाइन सिटी इंफ्रा कंपनी के सीएमडी राशिद नसीम, शाहिद सिद्दीकी सोहरामऊ उन्नाव, राजे सिद्दीकी, एफआई बिल्डर अरशद और वाहिद सिद्दीकी लखनऊ में बड़े बिल्डर के रूप में स्थापित हो गये। इन बिल्डरों ने जनता को आशियाना दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये ठगे हैं। शाइन सिटी का सीएमडी राशिद नसीम निवेशकों के हजारों करोड़ रुपये लेकर विदेश भाग गया है।

### राजधानी में गुर्गों पर गिरी गाज

सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी राजेश पाण्डेय ने बताया कि वर्ष 2009 में मऊ में ठेकेदार मन्ना सिंह और उसके साथी राजेश राय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। भाई हरेंद्र सिंह की लिखित शिकायत पर मऊ कोतवाली में मुख्तार अंसारी, हनुमान पांडे, अनुज कनौजिया, कल्लू सिंह, उमेश सिंह, संतोष सिंह, रजनी सिंह, शंकर सिंह, जामवंत कनौजिया उर्फ राजू, अमरेश कनौजिया और अरविंद यादव को आरोपी बनाया गया था। अगस्त 2023 में मुख्तार के गुर्गे उमेश सिंह और उसके भाई राजन सिंह के गोमतीनगर विस्तार के रिवर व्यू बेतवा अपार्टमेंट में स्थित फ्लैट को कुर्क किया जाएगा।

### दिन दहाड़े तड़तड़ाई थी गोलियां

वर्ष 2004 में कैंट के कटाई पुल के पास मुख्तार और कृष्णानंद के गिरोह आमने-सामने आ गए थे। दोनों के बीच जमकर गोलियां चली थीं। गोलीकांड में कोई हताहत नहीं हुआ था। इस गैंगवार ने मुख्तार को काफी नुकसान पहुंचाया था। दोनों पक्षों की तरफ से कैंट पुलिस ने एफआईआर दर्ज की थी।

# मुख्तार की मौत की हो निष्पक्ष जांच : माकपा

लखनऊ, अमृत विचार : कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के राज्य सचिव हीरालाल यादव ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि बांदा जेल में विभिन्न आरोपों में कैद पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मौत सरकार और प्रशासन को कठघरे में खड़ा करती है। मुख्तार अंसारी और उनके भाई अफजाल अंसारी ने बार-बार कहा था कि जेल में उन्हें स्लो प्वाइजन (धीमा जहर) दिया जा रहा है और उनकी जान को खतरा है, लेकिन उनकी इस बात को सरकार द्वारा नजरअंदाज किया गया। अंततः मुख्तार अंसारी की मौत हो गयी। इससे हत्या की साजिश की आशंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। सीपीएम राज्य सचिव मण्डल ने घटना को दुखद बताते हुए उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की और कहा कि पोस्टमॉर्टम में मुख्तार के परिवार की सहमति के डाक्टरों को भी रखा जाना चाहिए।

## कमाल का चुनाव

- इलेक्शन किंग के नाम से मशहूर के. पद्मराजन इस बार 2024 का लोकसभा चुनाव तमिलनाडु के धर्मपुरी से नामांकन करने जा रहे हैं। वे अब तक 238 बार चुनाव में हार चुके हैं। उन्हें अपनी असफलता को लेकर कोई ग़म नहीं हुआ वह लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की तैयारी में लग गए हैं। पद्मराजन 65 वर्ष के हैं और वह टायर मरम्मत करने की दुकान करते हैं। उन्होंने अपना पहला चुनाव 1988 में तमिलनाडु के मेट्टूर से लड़ा था। सर्वाधिक बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड भी उन्हीं के नाम है। वह 4 प्रधानमंत्रियों, 11 मुख्यमंत्रियों, 13 केंद्रीय मंत्रियों और 15 राज्य मंत्रियों के खिलाफ चुनाव लड़ कर हार चुके हैं।

# कौशल किशोर के मुकाबले गठबंधन ने बिछाई मजबूत वोट बैंक की बिसात

## मोहनलाल गंज लोकसभा सीट : चुनावी मैदान में केन्द्रीय मंत्री कौशल किशोर के सामने गठबंधन के आरके चौधरी हैं उम्मीदवार

जीशान कदीर, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ की मोहनलालगंज सीट पर केन्द्रीय मंत्री व भाजपा से दो बार सांसद रहे कौशल किशोर के खिलाफ इस बार सपा-कांग्रेस से आरके चौधरी चुनावी मैदान में हैं। सियासी चौसर में गठबंधन ने प्रत्याशी के सहारे यादव-मुस्लिम और दलित वोट बैंक का सहारा लिया है। यहां दो बार से भाजपा का दबदबा कायम है, लेकिन विपक्ष की चुनौती भी किसी से कम नहीं दिख रही है।

### रणनीति

लखनऊ से सटी मोहनलाल गंज सीट हमेशा से खास रही है, क्योंकि इसकी पांच विधानसभा सीटें बक्शी का तालाब, मोहनलालगंज, मलिहाबाद और सरोजनीनगर के अलावा सीतापुर जनपद की सिधौली सीट को भी जोड़ती है। दो जनपदों को जोड़ने वाली आरक्षित लोकसभा की तीन विधानसभा सीटें भी सुरक्षित हैं। ऐसे में दलित, यादव और मुस्लिम वोट बैंक निर्णायक भूमिका में है। आंकड़ों पर गौर करें तो यहां 6 लाख दलित मतदाता है। 2.50 लाख के करीब यादव और 1.50 लाख से अधिक मुस्लिम वोटर है। 4 लाख की आबादी से जुड़ी पासी समाज की इस लोकसभा सीट पर कौशल किशोर खुद भी इसी जाति के है। लेकिन दलित समाज से जुड़े आरके चौधरी भी इस सीट पर पहले अपना प्रभाव दिखा चुके हैं। 2009 में आरके चौधरी को आरएसबीपी से 1,44,731 वोट मिले थे। बसपा प्रत्याशी के रूप में 2014 में 3,09, 858 मत प्राप्त हुए।

2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में इन्हें 60,069 वोट पाकर संतोष करना पड़ा। ऐसे में भाजपा के लिए इस बार का चुनाव खासी चुनौती भरा दिखता नजर आ रहा है। गठबंधन उम्मीदवार और उनके समर्थक जातिगत गुणा-गणित के सहारे सियासी चौसर बिछाने में लगे हुए हैं।

कौशल किशोर

आरके चौधरी

### 15 चुनावों में 8 बार बनीं महिला सांसद

मोहनलालगंज सीट प्रदेश की उन खास सीटों में से है, जिसने 15 चुनावों में 8 बार आधी आबादी को संसद भेजने का मौका दिया। यह सीट वर्ष 1962 में अस्तित्व में आई थी। पहले चुनाव में कांग्रेस की प्रत्याशी गंगा देवी सांसद चुनी गईं थीं। दो बार सांसद रहने के बाद तीसरी बार गंगा देवी को 1977 में हार का सामना करना पड़ा। जनता पार्टी के रामलाल कुरील ने हराया। वर्ष 1980 कांग्रेस की इस सीट पर फिर वापसी हुई और ये सिलसिला 84 तक चला। इस सीट पर दो बार रीना चौधरी और फिर सुशीला सरोज भी सांसद बनीं हैं।

### जातिगत समीकरणों से चार बार दौड़ी साइकिल

वर्ष 1998 में जब लखनऊ से अटल बिहारी वाजपेयी चुनकर दिल्ली पहुंचे और प्रधानमंत्री बने। ऐसे में लखनऊ से सटी इस सीट पर सपा की रीना चौधरी ने जीत हासिल की। जातिगत समीकरणों का ताना-बाना यहीं पर खत्म नहीं हुआ। दूसरी बार भी जनता ने इन्हें संसद तक पहुंचाया। फिर जयप्रकाश रावत सांसद चुने गए। इसके बाद सुशीला सरोज ने लोकसभा का प्रतिनिधित्व किया।

### पिछले चुनावों में मिले वोट

**2019**
कौशल किशोर, भाजपा : 6,29,999
सीएल वर्मा, बसपा : 5, 39,795
आरके चौधरी, कांग्रेस : 60,069

**2014**
कौशल किशोर, भाजपा : 4,55,274
आरके चौधरी, बसपा : 3,09, 858
सुशीला सरोज, सपा : 2, 42, 366
नरेंद्र गौतम, कांग्रेस : 52, 598

**2009**
सुशीला सरोज, सपा : 2,56, 397
जयप्रकाश, बसपा : 1, 79, 772
आरके चौधरी, आरएसबीपी : 1,44,731
रंजन कुमार चौधरी, बसपा : 82, 435

### तो लाभार्थी वोट बैंक का सत्ता को मिलेगा लाभ

मोहनलाल गंज की इस सीट पर बीकेटी व सरोजनी नगर का एक बड़ा हिस्सा शहरी आबादी को जोड़ता है। ऐसे में योजनाओं को लेकर तमाम से लाभ आमजन को मिले हैं। इससे लाभार्थी वोट बैंकों में विस्तार हुआ है। उधर 2 लाख ब्राह्मण, 1.75 लाख ठाकुर, 1.70 लाख लोधी, मौर्य सहित अन्य अति पिछड़ी जातियों के मतदाता भी हैं, जो कहीं न कहीं भाजपा के वोट बैंक को मजबूती दे रहे हैं।

# गांधी परिवार को अमेठी में दो बार मिल चुकी है शिकस्त

## राहुल गांधी से पहले संजय गांधी को भी अमेठी में करना पड़ा था पराजय का सामना

अतीत के झरोखे से

नीरज श्रीवास्तव ,परशदेपुर, रायबरेली

**अमृत विचार:** राजनीतिक रूप से देश की सबसे चर्चित सीट अमेठी कई दिलचस्प इतिहास खुद में समेटे है। अमेठी के लोकसभा चुनावों में गांधी परिवार को अब तक दो बार शिकस्त का सामना करना पड़ा है। राहुल गांधी से पहले संजय गांधी भी अमेठी में पराजय का स्वाद चख चुके हैं। गांधी परिवार के करीबी सतीश शर्मा को भी अमेठी में हार का सामना करना पड़ चुका है। कुल मिलाकर अब तक अमेठी तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है।

भाजपा द्वारा स्मृति इरानी को लगातार तीसरी बार चुनावी मैदान में उतारने के बाद राहुल गांधी के अमेठी से लड़ने या न लड़ने को लेकर पूरे देश में चर्चा है। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली अमेठी में राहुल गांधी को 55,120 वोटों से पराजित किया था। राहुल गांधी से पहले अमेठी में गांधी परिवार के संजय गांधी को भी अमेठी में पराजय का सामना करना पड़ा था। 1967 में अस्तित्व में आई अमेठी सीट को 1977 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के छोटे पुत्र संजय गांधी ने लोक सभा का चुनाव लड़ने के लिए चुना था। मुख्यमंत्री एन डी तिवारी सहित कई बड़े नेताओं के साथ संजय गांधी 1 मई 1976 को पहली बार अमेठी आये। संजय गांधी के पांच सूत्रीय कार्यक्रम थे नियोजन, श्रमदान, वृक्षारोपण, प्रौढ़ शिक्षा और दहेज उन्मूलन।

इमरजेंसी के बाद संजय गांधी के सामने मुकाबले के लिए आपातकाल की यातनाएं भुगत कर निकले तेज-तर्रार नेता रवीन्द्र प्रताप सिंह थे। उस समय संजय गांधी के सामने खड़े होने के लिए काफी हिम्मत की जरूरत थी। रवीन्द्र प्रताप जनता पार्टी के उम्मीदवार थे। पार्टी तो नाम मात्र की थी लेकिन उस समय का चुनाव जनता लड़ रही थी। संजय गांधी के पक्ष में प्रचार करने फिल्म अभिनेता दारा सिंह भी अमेठी आए थे, लेकिन आपातकाल के कारण पूरे देश में सरकार विरोधी लहर के कारण संजय गांधी को अमेठी में हार का सामना करना पड़ा। चुनाव में जहां रवीन्द्र प्रताप सिंह को 1,76,410 वोट मिले वहीं संजय गांधी 100566 वोट पाकर 75844 वोटों से पराजय का सामना करना पड़ा था। हालांकि हार के सबक और सत्ता से दूर संघर्षों के अनुभवों से परिपक्व होकर संजय गांधी ने 1980 में दोबारा अमेठी से चुनाव लड़ा। इस बार उन्हें 1,86,990 और रवीन्द्र प्रताप सिंह को सिर्फ 58,445 वोट मिले थे।

### 1998 में पहली बार अमेठी में खिला 'कमल'

1998 के लोकसभा चुनाव में गांधी परिवार के करीबी कैप्टन सतीश शर्मा के सामने थे भाजपा से अमेठी राज परिवार के डॉ. संजय सिंह। अमेठी में पहली बार जीत दर्ज करते हुए भाजपा के डॉ. संजय सिंह ने कांग्रेस के कैप्टन सतीश शर्मा को 23,270 वोटों से हरा दिया। डॉ. संजय सिंह को 2,05,025 वोट जबकि कैप्टन सतीश शर्मा को 1,81,755 वोट मिले थे।

▸▸ अब तक तीन बार 'हाथ' का 'साथ' छोड़ चुकी है अमेठी

# बृजभूषण शरण सिंह से क्यों दूरी बना रही है भाजपा

## पार्टी के वरिष्ठ नेता होने के बावजूद टिकट पर बरकरार है संशय

उमानाथ तिवारी, गोंडा

**अमृत विचार:** कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में से एक हैं। वह अब तक 6 बार लोकसभा के लिए चुने जा चुके हैं। पांच बार भाजपा तो एक बार समाजवादी पार्टी से भी सांसद रहे हैं।

वर्ष 1999 से वह अजेय हैं। इस दो दशक में वह कोई चुनाव नहीं हारे हैं। कैसरगंज लोकसभा सीट से वह 2914 व 2019 में जीत दर्ज कर चुके हैं और मौजूदा समय में वह कैसरगंज से ही भाजपा सांसद हैं। बृजभूषण शरण सिंह की राम मंदिर आंदोलन में भी महती भूमिका रही है और वह बाबरी विध्वंस के आरोपी भी रहे हैं। इन सबके बावजूद इस बार भाजपा से उनकी दावेदारी अधर में फंस गयी है। पार्टी ने अभी तक उन्हे टिकट देने का ऐलान नहीं किया है। जिससे उनकी दावेदारी को लेकर संशय खड़ा हो गया है। राजनैतिक जानकारों का कहना है कि पार्टी इस बार उन्हें टिकट नहीं देना चाहती। टिकट वितरण में हो रही देरी ने एक सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या भाजपा बृजभूषण शरण सिंह से दूरी बना रही है। आखिर क्या कारण हैं कि पार्टी इस बार बृजभूषण को टिकट नहीं देना चाहती यह सवाल हर किसी के जेहन में कौंध रहा है। न केवल कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र बल के आस पास के सभी जिलों में सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट को लेकर कयास लगाये जा रहें हैं। इन्ही कारणों को लेकर पड़ताल करती यह रिपोर्ट...

### बाबा रामदेव से हुआ विवाद

**अमृत विचार :** कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के टिकट पर संशय का एक बड़ा कारण उनका योग गुरू बाबा रामदेव से हुआ विवाद है। पिछले वर्ष सांसद ने पतंजलि के कई उत्पादों पर सवाल उठाया था और उन्हे मिलावटी बताया था। इसको लेकर महीनों तक सांसद व बाबा रामदेव के बीच तनातनी रही। सांसद बृजभूषण ने महिला पहलवानों के आंदोलन के पीछे भी बाबा रामदेव का हाथ बताया था। बाबा रामदेव की भाजपा के शीर्ष नेताओं से नजदीकी जगह जाहिर है। ऐसे में इस विवाद को लेकर भी भाजपा सांसद से दूरी बनाना चाहती है।

| विधानसभा | कुल मतदाता | महिला | पुरुष | अन्य |
|---|---|---|---|---|
| पयागपुर | 387399 | 204829 | 18254 | 16 |
| कैसरगंज | 389690 | 206010 | 183676 | 04 |
| कटरा बाजार | 396936 | 211098 | 185825 | 13 |
| कर्नलगंज | 334203 | 177854 | 156327 | 22 |
| तरबगंज | 371773 | 198148 | 173607 | 18 |
| योग- | 1880001 | 997939 | 881989 | 73 |

### 2009 में सांसद ने खुद उतार फेंकी थी केसरिया पगड़ी

**अमृत विचार :** सांसद बृजभूषण शरण सिंह वर्ष 2009 में खुद ही भाजपा से अलग हो गए थे। उस समय वह बलरामपुर सीट से भाजपा सांसद थे। संसद में न्यूक्लियर डील पर मतदान होना था और कांग्रेस को सरकार बचाने के लिए कुछ सांसदों का समर्थन चाहिए था। उस समय सांसद सपा के साथ खड़े नजर आए थे और कांग्रेस के पक्ष में वोट कर मनमोहन सरकार को बचाने में अहम भूमिका निभाई थी। इसके बाद उन्होंने केसरिया पगड़ी उतार लाल पगड़ी पहन ली थी और समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए थे। हालांकि पांच वर्ष में ही उनका सपा से मोहभंग हो गया था और वर्ष 2014 में वह फिर से भाजपा में शामिल हो गए थे।

कैसरगंज में खत्म नहीं हो रही बाहुबली की प्रतीक्षा

### महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

**अमृत विचार :** कैसरगंज सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट न देने के पीछे उनका महिला पहलवानों संग हुए विवाद को माना जा रहा है। देश की पदक विजेता पहलवान विनेश फोगाट, बबिता फोगाट व साक्षी मलिक ने सांसद पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाकर दिल्ली में मामला दर्ज करा रखा है। इस मामले की सुनवाई चल रही है। महिला शक्ति को आगे रखकर चुनाव लड़ रही भाजपा ऐसे किसी व्यक्ति को टिकट नहीं देना चाहती। जिससे आगे चलकर पार्टी को शर्मिंदगी उठानी पड़े। इसलिए पार्टी का शीर्ष नेतृत्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह को टिकट देने के मूड में नहीं है।

### पंचायत चुनावों में भाजपा उम्मीदवारों का विरोध

**अमृत विचार :** सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पंचायत चुनाव के दौरान कई जगहों पर पार्टी के घोषित प्रत्याशियों का विरोध किया और उनके खिलाफ अपने उम्मीदवारों को खड़ा कर दिया। चाहे वह नवाबगंज नगर पालिका परिषद या चुनाव रहा हो या फिर मुजेहना ब्लाक प्रमुख का चुनाव। हर बार वह पार्टी लाइन के खिलाफ खड़े नजर आए। अब लोकसभा चुनाव में पार्टी का विरोध उनके टिकट में बाधा बना है।

### योगी सरकार पर साधते रहे हैं निशाना

**अमृत विचार :** कैसरगंज से बीजेपी सांसद होने के बावजूद बृजभूषण शरण सिंह प्रदेश की योगी सरकार पर कई बार निशाना साध चुके हैं। पिछले वर्ष बाढ़ के दौरान उन्होंने राहत और बचाव कार्य पर सवाल उठाया था, और कहा था कि इस तरह का दौर उन्होंने कभी नहीं देखा। ढेमवा घाट पुल निर्माण को लेकर भी सरकार से उनका नाराजगी सामने आई थी। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा या निमंत्रण न मिलने पर भी उनका दर्द छलका था। प्रदेश सरकार पर किया गया उनका यह अपरोक्ष हमला भी टिकट पर संशय का बड़ा कारण माना जा रहा है। इसका नमूना पिछले दिनों मुख्यमंत्री के दौरे में उस वक्त दिखजब सरकारी विज्ञापनों से सांसद बृजभूषण शरण सिंह का नाम हटा दिया गया। सीएम के कार्यक्रम में सांसद शामिल भी नहीं हुए।

### कैसरगंज से कब कौन बना सांसद

| | | |
|---|---|---|
| 1957 | भगवानदीन मिश्रा | कांग्रेस |
| 1962 | बसंत कुंवरि | स्वतंत्र |
| 1967 | शकुंतला नायर | भारतीय जन संघ |
| 1971 | शकुंतला नायर | भारतीय जनसंघ |
| 1977 | रुद्रसेन चौधरी | जनता पार्टी |
| 1980 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1984 | राणा वीर सिंह | कांग्रेस |
| 1989 | रुद्रसेन चौधरी | भाजपा |
| 1991 | एलएनमणि त्रिपाठी | बीजेपी |
| 1996 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1998 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 1999 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2004 | बेनी प्रसाद वर्मा | सपा |
| 2009 | बृजभूषण शरण सिंह | सपा |
| 2014 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |
| 2019 | बृजभूषण शरण सिंह | भाजपा |

# राजनीतिक अखाड़े की सिरमौर रहीं सुचेता कृपलानी, सुभद्रा जोशी व शकुंतला नायर

अरुण कुमार मिश्र ,गोंडा

महिला सांसदों का सफर

▸▸ गोंडा, कैसरगंज व बलरामपुर में जमाया था पांव

▸▸ स्वतंत्रता आंदोलन से राजनीतिक अखाड़े में पांव जमाकर आजाद देश की पहली मुख्यमंत्री थीं सुचेता कृपलानी

**अमृत विचार:** देश की आजादी के 75 साल बाद जब हम राजनीति में महिलाओं के हक व अधिकार की बात कर रहे हैं। यह तो देश की आजादी के समय से ही शुरू हो गया था। पुरुष प्रधान देश में जिन महिलाओं ने राजनीति में अपने पांव जमाकर देश की महिलाओं को संदेश दे दिया था कि वे किसी से कम नहीं हैं। स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर राजनीति के शिखर तक पहुंची इन वीरांगनाओं ने देश भर की महिलाओं के सामने जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया था। आजाद देश की पहली महिला मुख्यमंत्री से लेकर सांसद बनने तक सफर, देश की पहली हिंदूवादी सांसद बनने का सफर रहा हो या फिर देश के बंटवारे के बाद एक कोने से दूसरे कोने की राजनीति का सफर बहुत ही दिलचस्प रहा है।

25 जून 1908 में जन्मीं सुचेता मजूमदार ने देश की स्वाधीनता आंदोलन में शिरकत की। आचार्य जेबी कृपलानी की पत्नी बनने के बाद उनका नाम सुचेता कृपलानी हो गया और वह उनके साथ स्वतंत्रता आंदोलन में डट गईं। इसके बाद उनका भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में प्रवेश हुआ। पंजाब विश्वविद्यालय से एमए, बी.एड तथा दिल्ली विश्वविद्यालय से हिंदी व अंग्रेजी भाषा की मर्मज्ञ बनने वाली सुचेता कृपलानी को 1948 में कांग्रेस का राष्ट्रीय महासचिव बनाया गया। वह 1960 तक इसी पद पर बनी रहीं। राजनीति की सूक्ष्म से सूक्ष्म परख रखने वाली सुचेता कृपलानी को देश में पहली महिला मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त है। उत्तर प्रदेश के चौथे मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने 1962 में शपथ ली। पांच साल तक मुख्यमंत्री रहीं सुचेता कृपलानी 1952 में दिल्ली से सांसद बनी थीं और नेहरू मंत्रिमंडल में मंत्री बनी थीं।

मुख्यमंत्री की कमान संभालने के बाद वह महिला के अधिकारों को लेकर मुखर थीं और त्वरित समाधान करती थीं। 1967 में उन्हें गोंडा लोकसभा से चुनाव लड़ाया गया। वह कांग्रेस के टिकट पर गोंडा के कौशलेंद्र दत्त राम पांडेय को शिकस्त देकर सांसद बनीं। 17 लोकसभा चुनावों में गोंडा लोकसभा से मात्र दो बार ही महिलाओं को संसद में जनता की रहनुमाई का मौका मिला। पहला 1967 में सुचेता कृपलानी को दूसरा 1996 में केतकी सिंह को।

शकुंतला नायर( फाइल फोटो)।


सुभद्रा जोशी( फाइल फोटो)।

सुचेता कृपलानी( फाइल फोटो)।

पिंक पन्ना

गोंडा लोकसभा के बगल में कैसरगंज लोकसभा से पहली बार पूरे देश में एक मात्र हिंदूवादी महिला शकुंतला नायर ने पहला चुनाव जीत कर महिलाओं के सम्मान को आगे बढ़ाया। 1949 में फैजाबाद के डीएम रहे केके नायर की पत्नी शकुंतला नायर को 1952 में हिंदू महासभा से चुनाव लड़ाया गया और वह जीत गईं। इसके बाद 1967 व 1971 में वह इसी सीट से जनसंघ के टिकट पर चुनाव लड़ीं और जीत गईं। कैसरगंज से तीन बार शकुंतला नायर तो एक बार स्वतंत्र पार्टी से बसंत कुंवरि की नुमाइंदगी रही। इन महिला राजनीतिज्ञों ने महिलाओं के राजनीति में प्रवेश को रास्ता दिखाया।

गोंडा के बगल में बलरामपुर लोकसभा सीट से महादिग्गजों ने अपने राजनीतिक अभियान को गति दी। 1997 से पहले गोंडा जिले में ही समाहित बलरामपुर सीट से पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी, भारत रत्न नाना जी देशमुख ने राजनीति को परवान चढ़ाया तो 1962 में सुभद्रा जोशी ने अटल जी से सीट छीनकर महिला सांसद का खिताब जीत लिया। बलरामपुर सीट से सुभद्रा जोशी को एक मात्र महिला सांसद बनने का गौरव हासिल है। बलरामपुर सीट से उनके अलावा किसी महिला के हाथ में यह सीट नहीं आई।

### तीनों दिग्गज महिलाओं की पृष्ठभूमि बाहर की रही

सुचेता कृपलानी का जन्म हरियाणा के अंबाला में हुआ था, जबकि शकुंतला नायर का जन्म केरल के एलेप्पी में हुआ था। वहीं सुभद्रा जोशी का जन्म सियालकोट( अब पाकिस्तान में) हुआ था। आजादी के पहले जन्मीं इन वीरांगनाओं ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। इसके बाद इनका पदार्पण राजनीति में हुआ। शिक्षित होने के साथ इनका राजनीतिक कद भी महिलाओं को सीख देने वाला रहा है।

# डुमरियागंज लोकसभा सीट पर विपक्ष ने अब तक नहीं खोले पत्ते

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार :** लोकसभा 2024 के चुनाव का डंका बज चुका है, किंतु डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्र में इंडिया गठबंधन और बसपा का पत्ता न खुलने के कारण चुनाव अभी रोचक नहीं हुआ है। अलबत्ता भाजपा के प्रत्याशी जगदंबिका पाल ने अंधाधुंध लोकसभा चुनाव के प्रचार अभियान में अपनी ताकत लगा दी है। सभाओं के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिना रहे हैं। वहीं पर इंडिया गठबंधन की सीट डुमरियागंज लोकसभा में सपा के पाले में है, किंतु अभी तक कोई भी प्रत्याशी चुनावी मैदान में न उतरने के कारण चुनाव रोचक होता नहीं दिखाई दे रहा है। बसपा ने भी अभी तक अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। लोकसभा डुमरियागंज के इटवा के विधायक तथा पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडे से जब इस संबंध में वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि पार्टी की लिस्ट में 8-10 लोगों का नाम है, किंतु अभी तक किसी का नाम फाइनल नहीं हुआ है। पार्टी मुझे लोकसभा डुमरियागंज से चुनाव लड़ने के लिए दबाव दे रही है। किंतु मेरी उम्र 82 साल हो गई है। इस कारण मैंने चुनाव लड़ने से मना कर दिया है। नाम पूछने पर उन्होंने बताया कि कई नाम सामने है। जिसमें आलोक चौधरी, चिंकू यादव, लालजी यादव आदि नाम को उन्होंने गिनाया। उन्होंने कुशल तिवारी का भी नाम लिया कि यह भी उसी लिस्ट में हैं। लेकिन अभी पार्टी ने किसी के नाम की घोषणा नहीं की है। इस प्रकार चुनाव में रोचकता नहीं दिखाई दे रही है।

जगदंबिका पाल

# दांव-पेच और पाला बदलने का बदलापुर बना आजमगढ़

चीनी मिलों वाला पूर्वांचल का है इलाका इस बार

## किसका होगा मुंह मीठा

**मुलायम सिंह और अखिलेश यादव यहां से बन चुके हैं सांसद 2022 के उप चुनाव में भाजपा के दिनेश लाल यादव ने सपा से छीन ली थी सीट**

दिग्विजय सिंह, कानपुर

**अमृत विचार।** खाटी समाजवादियों का गढ़ रही आजमगढ़ संसदीय सीट पर 2022 में हुए उप चुनाव में जीत दर्ज करने वाले दिनेश लाल यादव निरहुआ पर भाजपा हाईकमान ने भरोसा जताते हुए फिर से चुनाव मैदान में उतार दिया है। गांव-गांव घूम रहे निरहुआ पूरे जोश के साथ राम मंदिर की स्थापना और मोदी की गारंटी के गीत गा रहे हैं। इसके जवाब में उनसे एक बार फिर मुकाबला करने उतरे सपा नेता धर्मेंद्र यादव लोगों को हार का बदला लेने के लिए सौगंध दिला रहे हैं। उन्हें इस बार जीत का भरोसा है, तो उसकी वजह भी है। पिछले चुनाव में उनकी हार की प्रमुख वजह बने थे बसपा उम्मीदवार गुड्डू जमाली। लेकिन अब गुड्डू जमाली सपा में शामिल हो चुके हैं। इस सीट पर 18 लाख से ज्यादा मतदाता हैं। इसमें मुस्लिम और यादव वोटर सर्वाधिक हैं। इन दोनों का आंकड़ा 40 फीसदी से ज्यादा गिना जाता है।

आजमगढ़ लोकसभा सीट से सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव के इस्तीफा देने के बाद हुए उपचुनाव में बसपा प्रत्याशी गुड्डू जमाली को दो लाख 66 हजार से ज्यादा वोट मिले थे। लगभग इतने ही वोट उन्हें 2014 के लोकसभा चुनाव में भी मिले थे, जब वह मुलायम सिंह यादव के खिलाफ चुनाव लड़े थे। उस बार भी गुड्डू जमाली तीसरे नंबर पर रहे थे। दूसरे नंबर पर भाजपा प्रत्याशी रमाकांत यादव थे, जो अब सपा से विधायक बन चुके हैं। अबकी बार गुड्ड्डू जमाली भी सपा के साथ हैं। सपा ने उन्हें एमएलसी बना दिया है। इस कारण समीकरण बदलने की बात कही जा रही है। लेकिन भाजपा ने मोदी के 400 पार संकल्प के चलते इस सीट पर खास फोकस कर रखा है।

### पिछले तीन लोकसभा चुनावों में राजनीतिक दलों को मिले मत (प्रतिशत में)




**18** लाख से ज्यादा मतदाता इस बार चुनेंगे अपना सांसद

**40%** से ज्यादा मुस्लिम व यादव मतदाता होने से इस सीट पर एमवाई फैक्टर मजबूत

### 1984 के बाद नहीं जीती कांग्रेस

- 1952 से 1971 तक कांग्रेस का यह मजबूत गढ़ हुआ करता था, लेकिन 1977 में आपात काल के विरोध में उपजी लहर के कारण यहां से जनता पार्टी के रामनरेश यादव ने जीत दर्ज की थी। हालांकि जब 1978 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की मोहसिना किदवई ने पुन: परचम लहराया लेकिन यह जीत 1980 के चुनाव में बरकरार नहीं रह पाई तब जनता पार्टी सेक्युलर के चंद्रजीत यादव ने यह सीट छीन ली। हालांकि 1984 में कांग्रेस यहां फिर जीती लेकिन इसके बाद से कांग्रेस के उम्मीदवार जीत के लिए तरस रहे हैं।

### विधानसभा चुनाव में खूब दौड़ी साइकिल

- यहां की सगड़ी विधानसभा सीट पर हृदय नारायण पटेल तो मुबाकरपुर सीट पर अखिलेश यादव, गोपालपुर से नफीस अहमद और आजमगढ़ सदर से दुर्गा प्रसाद यादव विधायक हैं। इसी तरह मेहनगर सुरक्षित सीट से पूजा सरोज सपा की विधायक हैं। संसदीय क्षेत्र की सभी पांच सीटों पर सपा के ही विधायक हैं।

### 2009 में पहली बार जीती थी भाजपा

- कई चुनावों तक यह सीट बसपा और सपा के खाते में जाती रही। 1989 के चुनाव में यहां से बसपा के रामकृष्ण यादव जीते थे लेकिन 1991 यह सीट जनता दल के खाते में चली गई थी। जब 1996 में चुनाव हुआ तो सपा के बाहुबली रमाकांत यादव संसद पहुंचे। हालांकि 1998 में बसपा के अकबर अहमद डंपी को यहां जीत मिली पर 1999 और 2004 के चुनाव में यहां से रमाकांत यादव पुन: जीते। हालांकि उनकी सदस्यता खत्म होने के बाद यहां 2008 में उप चुनाव हुआ और बसपा के अकबर अहमद डंपी फिर जीते। 2009 में रमाकांत भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और पहली बार भाजपा यहां जीत दर्ज करने में कामयाब हुई थी। हालांकि 2014 में जब चुनाव हुआ तो रमाकांत यादव सपा प्रमुख मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए थे।

### जमाली के जरिए मुस्लिमों को साधने की कोशिश

- रियल स्टेट के बड़े कारोबारी गुड्डू जमाली मुबारकपुर सीट से दोबार विधायक रह चुके हैं। गुड्डू के जरिए सपा ने मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। पार्टी यह मानती है कि 2022 के चुनाव में यदि गुड्डू बसपा से मैदान में न आते तो उप चुनाव में धर्मेंद्र को हार का सामना न करना पड़ता।

### अकबर अहमद डंपी को बसपा बना सकती प्रत्याशी

- चर्चा है कि बसपा आजमगढ़ सीट से अपने पूर्व सांसद अकबर अहमद डंपी को प्रत्याशी बना सकती है। डंपी पहली बार 1996 में तिवारी कांग्रेस के टिकट पर आजमगढ़ लोकसभा से चुनाव लड़े थे और हार गए थे। इसके बाद वह बसपा में चले गए। 1998 का लोकसभा चुनाव बसपा के टिकट पर लड़ा। इस चुनाव में डंपी 5365 वोटों से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

### संसदीय क्षेत्र की सभी पांच विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा

- इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इन सभी पर समाजवादी पार्टी का कब्जा है। बसपा छोड़कर सपा में आए शाह आलम उर्फ गुड्डु जमाली की न सिर्फ मुस्लिम मतदाताओं पर मजबूत पकड़ है बल्कि बसपा के परंपरागत मतदाताओं में भी अच्छी खासी पैठ है। 2022 के उप चुनाव में गुड्डू जमाली ने 2,66, 210 वोट पाकर न सिर्फ सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव की जीत में अहम भूमिका अदा की बल्कि बड़े पैमाने पर वे मुस्लिम मतदाताओं को सपा से तोड़ने में कामयाब हो गए थे।
- मुस्लिम मतदाताओं के बड़े वर्ग के बसपा के पाले में जाने से ही निरहुआ जीत गए थे जबकि इससे पहले 2019 में जब लोकसभा का चुनाव हुआ था तो उन्हें सपा प्रमुख अखिलेश यादव के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा था। तब अखिलेश यादव को 6, 21, 578 वोट मिले थे और निरहुआ 3, 61, 704 वोट पर ही सिमट गए थे। 2022 की हार को 2024 में जीत में बदलने के लिए अखिलेश यादव ने गुड्डू जमाली को साइकिल की सवारी देकर एमएलसी बनाया है। अभी बसपा ने इस सीट पर अपने पत्ते नहीं खोले हैं, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि पार्टी यहां किसी मुस्लिम चेहरे पर ही दांव लगा सकती है।

# भाजपा के वोट बैंक और आधी आबादी पर नजर

**मुरादाबाद की सियासत**

- रुचि वीरा को उतार सपा का मुस्लिम व पिछड़ा वर्ग के साथ सवर्ण मतों के ध्रुवीकरण पर जोर
- भाजपा की रणनीति मुस्लिम मतों के बिखराव और हिंदू मतों का ध्रुवीकरण अपने पक्ष में कराने की

विनोद श्रीवास्तव, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद लोकसभा सीट पर चुनावी बिसात में शह और मात के लिए हर जोर आजमाइश में राजनीतिक दलों के दिग्गज व प्रत्याशी जुट गए हैं। एक दूसरे के वोटों में सेंधमारी के साथ ही अपने परंपरागत मतों पर मुस्तैद निगाहें हैं। सपा ने इस बार मुस्लिम चेहरे की बजाय आखिरी क्षणों में रुचि वीरा को उतारकर हिंदू मतों का भाजपा की ओर ध्रुवीकरण रोकने और आधी आबादी को रिझाने की पुरजोर कोशिश की है।

मुरादाबाद लोकसभा सीट में मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। लेकिन, भाजपा के हिंदू वोटरों के एकजुट होने से कई बार खेल का रुख पलट जाता है और जीत का पलड़ा कहीं भी झुक जाता है। भाजपा से लगातार चौथी बार मैदान में उतरे पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश कमल खिलाने में जुटे हैं तो सपा ने पहले अपने वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन को टिकट दिया लेकिन, नामांकन के आखिरी दिन ऐन वक्त पर बिजनौर की पूर्व विधायक रुचि वीरा को पार्टी का सिंबल देकर चुनावी दंगल में उतार दिया। इसके पीछे पार्टी के परंपरागत वोटरों को साधने के साथ ही भाजपा के हिंदू वोटरों में सेंधमारी कर चुनाव को अपने पक्ष में करने की सोच है। वहीं मान्यता प्राप्त दलों में एकमात्र महिला प्रत्याशी होने का लाभ भी सपा लेने में जुटी है। वह आधी आबादी के हक की बात कर उनको रिझाने में जोर लगा रही हैं। ऐसे में रुचि वीरा के आने के बाद दलीय समीकरणों में घालमेल हो गया है। अब सभी एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। सपा की प्रत्याशी ने नामांकन के बाद ही मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में जाने के अलावा मंदिरों में भी मत्था टेकना शुरू कर दिया है। जिससे भाजपा खेमे भी हलचल है। हालांकि भाजपा भी सपा के वर्तमान सांसद डॉ. एसटी हसन का टिकट काटे जाने के बाद उनकी दुखती रग पर हाथ रखकर उनकी नाराजगी का लाभ लेने में पीछे नहीं है। भाजपा मुस्लिम मतों के बिखराव पर जोर दे रही है। सपा के अंदरूनी कलह का लाभ अपने पक्ष में कर कमल खिलाने में भाजपाई रणनीतिकार जुटे हैं। महानगर के अलावा आसपास की विधानसभाओं में भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क में तेजी ला दी है।

### मुस्लिम मतों को जोड़ने में लगी बसपा

- बसपा के प्रत्याशी इरफान सैफी व उनके दल के दिग्गजों की चुनाव लड़ने की रणनीति आक्रामक है। एक तरफ वह पार्टी के परंपरागत वोटरों को सहेज रहे हैं तो दूसरी ओर मुस्लिम मतों खासकर सपा के प्रभाव वाले क्षेत्रों में यह तान छेड़ रहे हैं कि सपा मुस्लिम विरोधी है। ऐसे में बसपा हाथी की चाल को गति देकर चुनाव में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराकर जीत का गणित फिट करने में जुट गई है।

### क्या कहते हैं राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष

सपा के प्रत्याशी बदलने का कोई फर्क भाजपा के अभियान पर नहीं है। हम केंद्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं। जाति, धर्म नहीं केवल विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ा जा रहा है। 400 से अधिक सीटें जीत कर तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प जनता ले चुकी है।

**–आकाश पाल, भाजपा जिलाध्यक्ष**

बहुजन समाज के कैडर वोटरों के अलावा सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की नीति पर बसपा चल रही है। नौ लाख मुस्लिम व 3 .50 लाख दलित मतदाता बसपा के लिए मतदान करेंगे। सपा के प्रत्याशी चयन में अंतर्कलह का लाभ भी बसपा को मिलेगा। इस बार मुरादाबाद सीट से बसपा की जीत होगी।

**–सुनील आजाद, बसपा जिलाध्यक्ष**

जिले में समाजवादी पार्टी की जड़ें मजबूत हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के चेहरे व पार्टी की नीतियों पर चुनाव लड़ रहे हैं। जनता का आशीर्वाद पहले भी सपा को था, आगे भी रहेगा। सपा प्रत्याशी की जीत होगी। भाजपा के कुशासन से जनता ऊब चुकी है।

**–डीपी यादव, सपा जिलाध्यक्ष**

# बिहार में राजद 26, कांग्रेस नौ सीटों पर लड़ेगी चुनाव

- तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल सकी पूर्णिया सीट

चुनाव डेस्क, बरेली

**अमृत विचार।** महागठबंधन के बीच बिहार में सीटों का बंटवारा हो गया है। कांग्रेस जहां नौ सीटों पर लड़ेगी तो राष्ट्रीय जनता दल के खाते में यहां 26 सीटें आईं हैं। पूर्णिया सीट पर कांग्रेस में शामिल हुए पप्पू यादव चुनाव लड़ना चाहते थे लेकिन यह सीट तमाम कोशिशों के बाद भी कांग्रेस को नहीं मिल पायी। यहां से राजद का उम्मीदवार मैदान में होगा। सीटों के बंटवारे पर बात करें तो 40 लोकसभा सीटों में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) 26, कांग्रेस नौ, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) तीन, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) एक-एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

चुनाव के पहले चरण के लिए नामांकन करने के एक दिन बाद महागठबंधन ने सीटों के बंटवारे का एलान किया। संवाददाता सम्मेलन में राजद के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सदस्य मनोज कुमार झा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और भाकपा माले, भाकपा और माकपा के के राज्यस्तरीय नेताओं ने संबोधित किया। बिहार विधानसभा में महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव को इस संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करना था लेकिन वह अनुपस्थित रहे। झा ने बताया कि उम्मीदवारों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया है। महागठबंधन पूरी तरह एकजुट है। राजग को चुनाव में हराएंगे। राजद ने उन सभी चार सीटों गया, औरंगाबाद, जमुई और नवादा पर अपने उम्मीदवार खड़े किए हैं जहां पहले चरण में मतदान होना है। इससे उसके सहयोगी दलों ने नाराजगी जताते हुए इसे एकतरफा कदम बताया था।

### पूर्णिया से बीमा भारती को राजद ने उतारा

भाकपा और माकपा भी क्रमश: बेगूसराय और खगड़िया से पहले ही अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी हैं। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के बीच सीट बंटवारे के फॉर्मूले के अनुसार, राजद ने पूर्णिया सीट भी कांग्रेस से ले ली है। राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद ने महागठबंधन द्वारा औपचारिक घोषणा किए बिना ही जदयू से पाला बदलकर आई बीमा भारती को पूर्णिया से पार्टी का टिकट दिया था। कांग्रेस ने पिछले हफ्ते पूर्णिया से तीन बार सांसद रह चुके पप्पू यादव को पार्टी में शामिल किया था। यादव को इस सीट से टिकट मिलने की उम्मीद थी। उनका दावा था कि इस आशय का आश्वासन उन्हें राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी ने दिया था। पप्पू यादव पूर्णिया से चुनाव लड़ने पर अड़े हैं। कांग्रेस को किशनगंज, कटिहार, पटना साहिब, भागलपुर, सासाराम, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, पश्चिम चंपारण व महाराजगंज सीट मिली है।

# राजस्थान में खरगे व गांधी परिवार के साथ गहलोत, पायलट स्टार प्रचारक

**जयपुर, (भाषा)।** कांग्रेस ने राजस्थान में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। पार्टी के 40 नेताओं के नाम वाली इस सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का भी नाम है। इसके अलावा सूची में राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, सचिन पायलट व कन्हैया कुमार का भी नाम है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची के अनुसार कांग्रेस के स्टार प्रचारकों में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी तथा वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश, हेमाराम चौधरी, रघु शर्मा और हरीश चौधरी शामिल हैं। सूची में सूकई विधायकों के भी नाम हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र छह अप्रैल को यहां जयपुर में आयोजित एक जनसभा में जारी करेगी।

अशोक गहलोत।

सोनिया गांधी।

मल्लिकार्जुन खरगे।

**बनाया माहौल** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चमोली जिले की गढ़वाल सीट से उम्मीदवार के पक्ष में रोड शो किया और जनता से आशीर्वाद मांगा। अमृत विचार

**अनदेखी** जिनको टिकट मिला उन्हें जनता ने नहीं चुना सांसद

# महिला सांसद के लिए तरस रहीं सूबे की 34 सीटें

चुनाव डेस्क

**कानपुर।** लोकसभा में सबसे ज्यादा 80 सीटें रखने वाले उत्तर प्रदेश के लिए कहा जाता है कि दिल्ली का रास्ता यूपी से होकर जाता है, महिलाओं का लोकसभा में प्रतिनिधित्व भी बढ़ रहा है। भाजपा ने हाल ही में नारी वंदन बिल पास करके इस आधी आबादी की आवाज बुलंद करने के काम को आगे बढ़ाया है। लेकिन प्रदेश में 34 लोकसभा सीटें ऐसी हैं, जिन पर आज तक कभी कोई महिला प्रत्याशी सांसद नहीं चुनी गई है।

ऐसा नहीं है कि इन लोकसभा सीटों पर राजनीतिक दलों ने महिलाओं को टिकट नहीं दिया। लेकिन जो भी महिला उम्मीदवार चुनाव लड़ीं उन्हें हार का ही सामना करना पड़ा।

महिलाओं के प्रतिनिधित्व से वंचित सीटों में मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर, अमरोहा, बुलंदशहर, एटा, बागपत, गोरखपुर, बलिया, अकबरपुर, बस्ती, भदोही, देवरिया, फैजाबाद, फर्रुखाबाद, फिरोजाबाद, गाजियाबाद, गौतम बुद्ध नगर, गाजीपुर, घोसी, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, कौशांबी, कुशीनगर, मछली शहर, मुजफ्फरनगर, नगीना, रॉबर्ट्सगंज, सलेमपुर, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, वाराणसी, डुमरियागंज लोकसभा सीटें शामिल हैं।

### कानपुर-बुंदेलखंड में दो महिला प्रत्याशी

- कानपुर-बुंदेलखंड को वीरांगनाओं की धरती कहा जाता है। वीरांगना लक्ष्मीबाई, अजीजन बाई, मैनावती, आजाद हिंद फौज की सेनानी लक्ष्मी सहगल जैसे तमाम नाम इस इलाके में आज भी शौर्य के प्रतिमान हैं। लेकिन महिलाओं की नेतृत्व क्षमता को आगे बढ़ाने में राजनीतिक दलों ने कभी बड़ी दिलचस्पी नहीं दिखाई। यहां तक कि नारी शक्ति वंदन बिल पारित होने के बाद होने जा रहे लोकसभा चुनाव में अभी तक महिलाओं को प्रतिनिधित्व देने में सभी दल पुराने ढर्रे पर ही नजर आ रहे हैं।
- कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की 10 लोकसभा सीटें आती हैं। भाजपा सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। लेकिन महिला प्रतिनिधित्व की बात करें तो फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति को ही टिकट मिला है। गठबंधन में सपा ने जो टिकट दिए हैं, उनमें उन्नाव से अन्नू टंडन का ही नाम सामने आया है। कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र का राजनैतिक इतिहास देखें तो भाजपा, कांग्रेस, सपा और बसपा जैसे सभी प्रमुख दल महिलाओं को लोकसभा प्रत्याशी बनाने में हिचकते ही रहे हैं। यही वजह है कि वर्ष 1952 से अब तक इस क्षेत्र से नौ महिलाएं सावित्री निगम, सुशीला रोहतगी, शीला दीक्षित, अन्नू टंडन (सभी कांग्रेस), सुखदा मिश्रा, साध्वी निरंजन ज्योति, कमल रानी वरुण (सभी भाजपा), सुभाषिनी अली (माकपा), डिंपल यादव (सपा) ही संसद में पहुंच सकी हैं।

# आंध्र में तेलुगुदेशम के सभी 17 सीटों पर प्रत्याशी घोषित

**अमरावती, (भाषा)।** तेलुगुदेशम पार्टी (तेदेपा) ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के उम्मीदवारों की अंतिम सूची की घोषणा की। सूची में वाईएसआरसीपी के एक सांसद का भी नाम है, जो हाल में पार्टी में शामिल हुए हैं। तेदेपा ने अंगुल से एम श्रीनिवासुलु रेड्डी को मैदान में उतारा है, जिन्होंने हाल में सत्तारूढ़ दल युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) छोड़ दी थी। रेड्डी 2019 में वाईएसआरसीपी के टिकट पर अंगुल लोकसभा सीट से निर्वाचित हुए थे। विपक्षी दल तेदेपा ने विजयनगरम से के अप्पलानायडू, अनंतपुर से ए लक्ष्मीनारायण और कडप्पा से सी भूपेश रेड्डी को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। चार नामों की घोषणा के साथ, तेदेपा ने 17 लोकसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नामों को अंतिम रूप दे दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन में शामिल तेदेपा राज्य में 17 लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। तेदेपा विधानसभा की 144 सीट पर चुनाव लड़ेगी। राज्य में विधानसभा और लोकसभा के चुनाव एक साथ 13 मई को होंगे। गठबंधन के तहत, अभिनेता पवन कल्याण की पार्टी जनसेना दो सीट और 21 विधानसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी। भाजपा लोकसभा की छह सीट पर चुनाव लड़ेगी। आंध्र प्रदेश में लोकसभा की कुल 25 सीट और विधानसभा की 175 सीट हैं।

## एक नजर

### अडाणी ग्रीन एनर्जी ने परिचालन शुरू किया

**नयी दिल्ली।** अडाणी ग्रीन एनर्जी ने गुजरात के खावडा में 775 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजनाओं का परिचालन शुरू कर दिया है। अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एजीईएल) ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि परियोजनाओं का परिचालन संबंधित मंजूरियां मिलने के बाद शुरू किया गया है।

### एलआईसी के कार्यालय 30-31 मार्च को खुलेंगे

**नयी दिल्ली।** जीवन बीमा निगम (एलआईसी) करदाताओं को चालू वित्त वर्ष 2023-24 की समाप्ति से पहले कर बचाने की प्रक्रिया पूरी करने की सुविधा देने के लिए 30 मार्च और 31 मार्च को अपने कार्यालय खुले रखेगा। एलआईसी का यह कदम बैंकों की घोषणा के बाद उठाया है।

# 40,000 फ्रेशर्स को नौकरी दे सकती है टीसीएस, छात्रों से प्रार्थना पत्र मांगा

## 2024 में पासआउट छात्रों को मौका मिलेगा, 11 लाख तक सालाना पैकेज का ऑफर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत की टेक कंपनी टीसीएस यानी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज फ्रेशर्स को नौकरी देगी। कंपनी ने 2024 के बीटेक, बीई, एमसीए, एमएससी और एमएस के छात्रों से एप्लिकेशन मांगी हैं। हालांकि, अभी तक इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि फ्रेशर्स के लिए कितनी सीटें उपलब्ध हैं। पिछले साल, यह बताया गया था कि 40,000 तक वैकेंसीज उपलब्ध थीं।

टीसीएस ये हायरिंग तीन कैटेगरी- नींजा, डिजिटल और प्राइम में करेगी। निंजा कैटेगरी को 3.36 लाख, डिजिटल को 7 लाख और प्राइम को 9 लाख से 11 लाख सालाना पैकेज मिलेगा। इन कैटेगरी में जॉब के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख 10 अप्रैल है और टेस्ट 26 अप्रैल को होगा। टीसीएस के मैनेजमेंट ने जनवरी में कहा था कि वित्त वर्ष 2024-25 से लिए फ्रेशर्स की रिक्रूटमेंट प्रोसेस शुरू हो चुकी है। कंपनी अभी कॉलेजों में विजिट कर रही है। कंपनी ने आर्ट, कॉमर्स और साइंस ग्रैजुएट्स के लिए भी हायरिंग शुरू की है। इन्हें बिजनेस प्रोसेसिंग स्पेशलिस्ट के तौर पर हायर किया जा रहा है। टीसीएस वेबसाइट के करियर पेज के अनुसार, सभी आवेदकों को 14 अप्रैल से पहले रजिस्टर होना होगा।

टीसीएस में कर्मचारियों की संख्या तीसरी तिमाही के अंत में 10,669 घटकर 603,305 रह गई थी। टीसीएस 12 अप्रैल को वित्त वर्ष 2024 के लिए अपने चौथी तिमाही के वित्तीय नतीजों की रिपोर्ट जारी करेगी। इसमें एट्रीशन की जानकारी भी शामिल होगी। टीसीएस के चीफ एचआर मिलिंद लक्कड़ ने दिसंबर में कहा था, हमने अगले साल के लिए अपनी कैंपस हायरिंग प्रोसेस शुरू कर दी है और नए लोगों के बीच टीसीएस जुड़ने के लिए जबरदस्त उत्साह देखा है। तब उन्होंने हायरिंग की संख्या नहीं बताई थी। उन्होंने कहा था संख्या बड़ी होगी। भारत की दिग्गज आईटी फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज इस साल 40,000 नई हायरिंग करेगी। कंपनी यह हायरिंग कैंपस प्लेसमेंट के जरिए करेगी। टीसीएस के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर एन. गणपति सुब्रमण्यम ने इस बात की जानकारी दी है।

## एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स को मिली नाम बदलने की अनुमति

**नयी दिल्ली।** एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स (एलटीएफएच) का नाम कंपनी पंजीयक (आरओसी) से अनुमोदन के बाद बदलकर एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एलएंडटी फाइनेंस का मुख्यालय मुंबई में है। इसे पहले एलएंडटी फाइनेंस होल्डिंग्स के नाम से जाना जाता था और यह एक अग्रणी गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी (एनबीएफसी) है, जो वित्तीय उत्पादों और सेवाओं की एक श्रृंखला पेश करती है। एलएंडटी फाइनेंस के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुदीप्त रॉय ने कहा कि चार दिसंबर, 2023 से विलय के बाद कंपनी की नई ब्रांडिंग पहल सरलीकृत 'एकल ऋण इकाई' के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

# आर्थिक सशक्तिकरण को वित्तीय समावेशन जरूरी

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को महिला उद्यमियों से कहा कि वे डिजिटल प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल कर छोटे व्यवसाय को मजबूत बनाने और बदलाव का अगुवा बनने में मदद करें। फिक्की लेडीज ऑर्गेनाइजेशन (एफएलओ) के 40वें वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए ठाकुर ने कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण को प्राप्त करने के लिए वित्तीय समावेशन और डिजिटल होना महत्वपूर्ण है।

ठाकुर ने कहा, "महिलाओं को आर्थिक वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा बनना चाहिए। महिलाओं को सशक्त बनाना, उनकी चिंताओं को दूर करना और उनकी आवाज को उठाना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है।" उन्होंने कहा कि 1.2 लाख स्टार्टअप और 110 यूनिकॉर्न के साथ भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र है। एक अरब डॉलर से अधिक मूल्यांकन वाली स्टार्टअप कंपनी को यूनिकॉर्न कहा जाता है। उन्होंने कहा, "अगले तीन साल में जब भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होगा तो महिलाओं का योगदान कहीं अधिक होगा।" उन्होंने कहा कि छोटे व्यवसायों के डिजिटल होने पर वे बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकेंगे।

## विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर 642.6 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी**

स्वर्ण में बढोतरी होने से 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 करोड़ डॉलर बढ़कर लगातार पांचवें सप्ताह चढ़ता हुआ 642.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.4 अरब डॉलर बढ़कर लगातार चौथे सप्ताह चढ़ता हुआ 642.5 अरब डॉलर पर रहा था।

रिजर्व बैंक की ओर से शुक्रवार को जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 22 मार्च को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 12.3 करोड़ डॉलर की गिरावट के साथ 568.3 अरब डॉलर रह गया। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 34.7 करोड़ डॉलर घटकर 51.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) में 5.7 करोड़ डॉलर की कमी हुई और यह घटकर 18.2 अरब डॉलर रह गया। इसी तरह इस अवधि में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 2.7 करोड़ डॉलर कम होकर 4.7 अरब डॉलर पर आ गया।

## जयश्री दास फिक्की महिला संगठन की अध्यक्ष बनीं

**नयी दिल्ली।** जयश्री दास वर्मा ने उद्योग मंडल फिक्की महिला संगठन के 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला है। एफएलओ दक्षिण पूर्व एशिया का सबसे पुराना महिला केंद्रित कारोबारी संगठन है। वर्मा को इजराइल ने पूर्वोत्तर भारत के लिए अपना मानद वाणिज्यदूत नियुक्त किया है। वह मानव संसाधन फर्म काप्रो मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक भी हैं। उन्होंने कहा, मैं फिक्की एफएलओ का 41वें राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में नेतृत्व करने के लिए सम्मानित महसूस कर रही हूं।

# फोनपे के यूजर अब यूएई में कर सकेंगे यूपीआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा करने वाले फोनपे ऐप के यूजर अब यूपीआई से भुगतान कर सकेंगे। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि मशरेक के नियोपे टर्मिनल पर यूपीआई से पेमेंट कर सकते हैं। ये कई रिटेल स्टोर, डाइनिंग आउटलेट के साथ-साथ पर्यटक और घूमने-फिरने की मशहूर जगहों पर उपलब्ध हैं। आसान और तुरंत पेमेंट करने के लिए, यूजर को सिर्फ़ क्यूआर कोड स्कैन करना होगा।

ये लेनदेन, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफ़ेस (यूपीआई ) के ज़रिए पूरे किए जाते हैं। सभी लेनदेनों की प्रक्रिया भारतीय रुपये में की जाती है। ऐसा पारदर्शिता और भारतीय पर्यटकों को सहूलियत देने के लिए किया जाता है। इसके अलावा, वे प्रवासी भारतीय भी फोनपे ऐप डाउनलोड कर सकते हैं जिनके पास यूएई के मोबाइल नंबर हैं और पेमेंट की सुविधा का इस्तेमाल करने के लिए, वे अपने मौजूदा एनआरई और एनआरओ खाते लिंक कर सकते हैं। इसका उद्देश्य भारतीय प्रवासियों के लिए यूएई में लेनदेन को ज़्यादा आसान और सुविधाजनक बनाना है।

# यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को 15 अप्रैल से बंद करने के निर्देश

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार कंपनियों से 15 अप्रैल से यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग को बंद करने के लिए कहा है। एक आधिकारिक आदेश में यह भी कहा गया कि वैकल्पिक तरीके के जरिये इन सेवाओं को फिर से चालू किया जा सकता है।

मोबाइल फोन के जरिये होने वाली धोखाधड़ी और ऑनलाइन अपराधों पर लगाम लगाने के लिए इस संबंध में एक आधिकारिक आदेश जारी किया गया है। मोबाइल ग्राहक अपने फोन स्क्रीन पर कोई भी सक्रिय कोड डायल करके यूएसएसडी सेवा का उपयोग करते हैं। इस सेवा का इस्तेमाल अक्सर आईएमईआई नंबर और मोबाइल फोन शेष राशि समेत अन्य जानकारी पता लगाने के लिए किया जाता है।

विभाग ने 28 मार्च के एक आदेश में कहा कि उसके संज्ञान में आया है कि एसएसएसडी (अनस्ट्रक्चर्ड सप्लीमेंट्री सर्विस डेटा) आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सुविधा का दुरुपयोग कुछ अनुचित गतिविधियों के लिए किया जा रहा है।

आदेश के मुताबिक, ''इस संबंध में, सक्षम प्राधिकारी ने यह फैसला किया है कि सभी मौजूदा यूएसएसडी आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को 15 अप्रैल, 2024 से अगली सूचना तक बंद कर दिया जाए।'' आदेश में कहा गया है कि सभी मौजूदा ग्राहक जिन्होंने यूएसएसडी-आधारित कॉल फॉरवर्डिंग सेवा सक्रिय की है, उन्हें वैकल्पिक तरीकों से फिर से कॉल फॉरवर्डिंग सेवाओं को सक्रिय करने के लिए कहा जा सकता है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर जोर दिया

**नयी दिल्ली।** भारत ने जी-20 के रोजगार कार्य समूह की बैठक में ग्लोबल स्किल मैपिंग- वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल देते हुए कहा है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रम गतिशीलता के लिए एक प्रणाली विकसित की जानी चाहिए। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि ब्राजील की राजधानी ब्राज़ीलिया में रोजगार कार्य समूह की दूसरी बैठक को संबोधित करते हुए भारत ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण पर बल दिया है। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व केंद्रीय श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता दावरा कर रही हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय से प्रतीक्षित वैश्विक कौशल सामंजस्य की प्राप्ति की दिशा में पहला कदम आईएलओ और ओईसीडी ने वैश्विक कौशल सर्वेक्षण की व्यवहार्यता अध्ययन के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) का मसौदा तैयार करने के साथ उठाया गया है।

### बीरेंद्र सिंह के कांग्रेस में शामिल होने के आसार

**जींद।** हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को छोड़कर कांग्रेस का दामन थामने वाले पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह के बाद उनके पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह के भी कांग्रेस में शामिल होने के आसार हैं। राज्य में होने वाले विधानसभा और लोकसभा चुनाव के मद्देनजर यहां पत्रकारों से बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने दावा किया कि जब वह कांग्रेस में शामिल होंगे तो उनके साथ हरियाणा के दो मौजूदा विधायक भी कांग्रेस में शामिल होंगे। लेकिन ये विधायक कौन होंगे, इस बारे में बताने से इनकार कर दिया।

### शिवराज पाटिल की पुत्रवधू शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी

**मुंबई।** लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष और कांग्रेस के कद्दावर नेता शिवराज पाटिल की पुत्रवधू अर्चना पाटिल चाकूरकर शनिवार को भाजपा में शामिल होंगी। डॉ. अर्चना पाटिल चाकूरकर ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात की। अर्चना ने कहा कि उन्होंने सोमवार को शिवराज पाटिल के करीबी सहयोगी और राज्य के पूर्व मंत्री बसवराज मुरुमकर के साथ भाजपा में शामिल होने की योजना बनाई थी, लेकिन अपनी बेटी की शादी के कारण योजना स्थगित कर दी।

# ईडी केजरीवाल के फोन से आप की चुनाव रणनीति की जानकारियां लेना चाहती है

## आम आदमी पार्टी की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

आम आदमी पार्टी (आप) की वरिष्ठ नेता आतिशी ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राजनीतिक हथियार के तौर पर काम कर रहा है और वह दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का फोन हासिल कर 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति जानना चाहता है। वहीं, भाजपा ने आतिशी के आरोपों पर पलटवार करते हुए पूछा कि केजरीवाल और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया बार-बार फोन क्यों बदलते हैं।

'आप' के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था तथा वह एक अप्रैल तक केंद्रीय जांच एजेंसी की हिरासत में हैं। आतिशी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि ईडी की केजरीवाल के मोबाइल फोन की जांच करने की जिद यह साबित करती है कि एजेंसी भाजपा के ''राजनीतिक हथियार'' के रूप में काम कर रही है।

उन्होंने दावा किया कि यह मोबाइल फोन कुछ महीने पुराना है तथा यह तब नहीं था जब नीति बनायी व लागू की गयी थी। केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा ''दरअसल, यह भाजपा है न कि ईडी जो यह जानना चाहती है कि केजरीवाल के फोन में क्या है।'' उन्होंने दावा किया कि आबकारी नीति 2021-22 में लागू की गयी और मुख्यमंत्री का मौजूदा फोन महज कुछ महीने पुराना है। आतिशी के अनुसार, ईडी ने कहा है कि उस वक्त का केजरीवाल का फोन उपलब्ध नहीं है और अब वह उनके नए फोन का पासवर्ड चाहती है। उन्होंने आरोप लगाया, 'वे इसलिए फोन चाहते हैं क्योंकि वे इसमें 'आप' की लोकसभा चुनाव की रणनीति, प्रचार अभियान की योजनाओं, 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के साथ बातचीत की जानकारियां और मीडिया तथा सोशल मीडिया रणनीति से जुड़ी सूचना ढूंढ लेंगे।''

हुबली में होली के मौके पर रंगों में सरोबार होकर नृत्य करतीं युवतियां। ● एजेंसी

## चुनावी घोषणा के बाद सी-विजिल एप पर मिलीं 79 हजार शिकायतें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

चुनाव आयोग ने सी-विजिल एप को आचार संहिता का उल्लंघन को चिन्हित करने के लिए एक प्रभावशाली उपकरण बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से इस एप के माध्यम से 79 हजार से अधिक शिकायतें मिलीं है। आयोग ने आगे बताया कि 99 प्रतिशत से अधिक शिकायतों का समाधान कर दिया गया है। उनमें से 89 प्रतिशत का समाधान 100 मिनट में किया गया है। आयोग ने बताया कि 58,500 शिकायतें अवैध बैनर होर्डिंग्स को लेकर दर्ज की गई थी, जबकि 1,400 शिकायतें पैसे, उपहार बांटने और शराब वितरित करने के संबंध में थे। वहीं तीन प्रतिशत शिकायतें संपत्ति नष्ट को लेकर थी।

# जब कानून अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं : उपराष्ट्रपति

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष पर स्पष्ट रूप से निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि जो लोग सोचते थे कि वे व्यवस्था से परे हैं, उन्हें अब जवाबदेह ठहराया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कानून जब अपना काम शुरू करता है तो कुछ लोग सड़कों पर उतर आते हैं।

धनखड़ ने आश्चर्य जताया कि कानून का उल्लंघन करने वाला कोई व्यक्ति कैसे 'पीड़ित कार्ड' खेलता है। उनकी टिप्पणी कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को आम आदमी पार्टी (आप) की प्रस्तावित रैली की पृष्ठभूमि में आई है। रैली में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के कई नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। कांग्रेस ने भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को तबाह करने के लिए आयकर विभाग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

## अभद्र भाषा पर सिद्धरमैया के बेटे के खिलाफ निर्वाचन आयोग में शिकायत

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भाजपा ने शुक्रवार को निर्वाचन आयोग में शिकायत दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के बेटे यतींद्र सिद्धरमैया ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला करने के लिए ''अपमानजनक शब्दों'' का इस्तेमाल करके आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है। भाजपा की राज्य इकाई ने निर्वाचन आयोग को लिखे एक पत्र में पूर्व विधायक के खिलाफ आरोप लगाया और कहा कि उन्होंने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। यतींद्र सिद्धरमैया ने पूरी तरह से निंदनीय बयान दिया है और यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निजी हमला है।''

# केजरीवाल की पत्नी ने समर्थन के लिए व्हाट्सएप अभियान आशीर्वाद किया शुरू

**नई दिल्ली, एजेंसी**

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने शुक्रवार को केजरीवाल को आशीर्वाद अभियान की शुरुआत करते हुए लोगों से अपने पति का समर्थन करने की अपील की जो दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी की हिरासत में हैं।

सुनीता ने डिजिटल प्रेस वार्ता में कहा कि उनके पति ने देश में सबसे भ्रष्ट और तानाशाही ताकतों को चुनौती दी है। उन्होंने लोगों से आशीर्वाद और प्रार्थनाओं से दिल्ली के मुख्यमंत्री का समर्थन करने का आग्रह किया। उन्होंने दो व्हाट्सएप नंबर जारी करते हुए कहा कि लोग आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक के लिए संदेश भेज सकते हैं और वह अपने पति तक उन्हें पहुंचा देंगी। सुनीता ने कहा, कल, अरविंद ने अदालत में अपना पक्ष रखा और देश ने सुना। सुनीता ने कहा, यदि कोई किसी तरह का संदेश भेजना चाहता है तो वे भेज सकते हैं। आपने अरविंद को अपना भाई, बेटा कहा है। क्या आप समर्थन नहीं देंगे? मुझे विश्वास है कि हम मिलकर यह लड़ाई लड़ेंगे।

सुनीता ने कहा, सभी को अपने भाई, अपने बेटे अरविंद के लिए कुछ लिखना चाहिए और दिए गए व्हाट्सएप नंबरों का प्रचार भी करना चाहिए। दिए गए नंबरों पर संदेश भेजने पर सुनीता केजरीवाल की ओर से जवाब आता है, केजरीवाल के लिए आपका संदेश मिला। इसके लिए हृदय से आभार। मैं आपके संदेश उन तक पहुंचाऊंगी और आपको सूचित करूंगी।

## कांग्रेस ने नौवीं सूची जारी की

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए शुक्रवार को पांच उम्मीदवारों की नौवीं सूची जारी की, जिसमें सबसे प्रमुख नाम राजस्थान विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष सीपी जोशी का है, जिन्हें भीलवाड़ा से प्रत्याशी बनाया गया है। सूची में राजस्थान के दो लोकसभा क्षेत्र में उम्मीदवार बदले गए हैं। भीलवाड़ा में दामोदर गुर्जर के स्थान पर सीपी जोशी और राजसमंद में सुदर्शन रावत की जगह दामोदर गुर्जर को टिकट दिया गया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की सूची के अनुसार, कर्नाटक के बेल्लारी से ई. तुकाराम, चामराजनगर से सुनील बोस और चिकबल्लापुर से रक्षा रमैया को टिकट दिया गया है।

# भारत-यूक्रेन पारंपरिक मित्र, लेकिन और भी बहुत कुछ किया जा सकता है

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भारत और यूक्रेन को 'दो बड़े मित्र राष्ट्र' करार दिया और कहा कि उनकी अपने भारतीय समकक्ष के साथ द्विपक्षीय संबंधों पर ''निष्पक्ष तथा समग्र'' बातचीत हुई। यूक्रेन के विदेश मंत्री ने कहा कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच सहयोग को रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष से पहले के स्तर पर बहाल करने पर सहमत हुए। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कुलेबा से शुक्रवार को यहां हैदराबाद हाउस में मुलाकात की। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा की भारत यात्रा दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों के बीच हो रही है। कुलेबा भारत की दो दिवसीय यात्रा पर बृहस्पतिवार को यहां पहुंचे थे। बैठक में अपने संबोधन में कुलेबा ने कहा कि भारत और यूक्रेन ''पारंपरिक मित्र रहे हैं, लेकिन मेरा मानना है कि हम न केवल हमारे राष्ट्रों के हित में बल्कि वैश्विक विकास और सुरक्षा परिदृश्य में भी और बहुत कुछ कर सकते हैं और हमें करना चाहिए।'' उन्होंने कहा,'' हम यूक्रेन में रूस के बड़े पैमाने पर आक्रमण करने से पहले जो हमारे बीच मौजूद था उसे दोबारा शुरू करने के लिए उत्सुक हैं...। हम सहयोग के नए क्षेत्रों और परियोजनाओं पर चर्चा के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि मेरा मानना है कि इस संबंध का एक रणनीतिक परिप्रेक्ष्य भी है।''

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.979 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +1.047 |
| राजस्थान रॉयल्स | 02 | 02 | 00 | 00 | 04 | +0.800 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.675 |
| पंजाब किंग्स | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | +0.025 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 03 | 01 | 02 | 00 | 02 | -0.711 |
| गुजरात टाइटंस | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | -1.425 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.528 |
| मुंबई इंडियंस | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | -0.925 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | -1.000 |

# पहली जीत की तलाश में उतरेगी लखनऊ सुपर जायंट्स

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ में आईपीएल के हाईवोल्टेज मुकाबले आज से
- पंजाब किंग्स से इकाना स्टेडियम पर मुकाबला आज

**अमृत विचार:** आईपीएल के इस सत्र में एक मैच खेल चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) की टीम शनिवार को पहली जीत की तलाश में उतरेगी। अटल बिहारी वाजपेई इकाना स्टेडियम पर आज उसकी भिड़ंत पंजाब किंग्स से होगी। पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से एलएसजी को 20 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इकाना स्टेडियम में मेजबान टीम ने तैयारियों को आज अंतिम रूप दिया। दिया। आईपीएल के पहले मुकाबले में दिल्ली के खिलाफ जीत और दूसरे मुकाबले में बंगलूरू से मिली हार के बार पंजाब किंग्स एक बार फिर जीत की लय पाने के लिए मैदान में उतरेंगे। रॉजस्थान रॉयल्स के खिलाफ एलएसजी के गेंदबाजों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। क्रुणाल पंड्या को छोड़कर सभी गेंदबाज फ्लाप साबित हुए।

टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने के दावेदार रवि बिश्नोई कुछ कमाल नहीं कर सके। ओवरसीज प्लेयर नवीन उल हक कोई खास छाप नहीं छोड़ सके। कप्तान केएल राहुल का प्रदर्शन शानदार रहा जिससे टीम प्रबंधन को खासी राहत मिली। चोट से उबरने के बाद 58 रन की शानदार पारी खेली और विकेटकीपर की जिम्मेदारी भी बखूबी निभाई। बल्लेबाजों में क्विंटन डिकॉक, आयुष बडोनी, देवदत्त पडिक्कल को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। मेहमान टीम पंजाब किंग्स को पावरप्ले में तेजी से रन बनाए होंगे। इसके लिए पहले दो मैच में विफल रहने वाले जॉनी बेयरस्टो को अपनी खाई हुई फार्म पानी होगी। साथ कप्तान धवन को भी अपना स्ट्राइक रेट सुधार पाए तो परिणाम शानदार होगा। प्रभसिमरन सिंह अच्छी शुरूआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल सके। हरफनमौला खिलाड़ी सैम करन ने दोनों मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया, लेकिनवेगेंदबाजी में कुछ खास नहीं कर सके। विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा भी टी-20 विश्वकप के लिए टीम में जगह बनाने को जुटे है, लेकिन उन्हें विकेट के पीछे और बल्ले से दमदार प्रदर्शन करना होगा तभी चयनकर्ताओं की नजर इन पर पड़ेगी। गेंदबाजी में कागिसो रबाडा को अर्शदीप सिंह और हर्षल पटेल से सहयोग की उम्मीद है। बायें हाथ के स्पिनर हरप्रीत बरार प्रभावी रहे, जबकि लेग स्पिनर राहुल चाहर को अच्छी गेंदबाजी करनी होगी।

### आमने-सामने

- लखनऊ सुपरजायंट्स की 56 रन से जीत- 28 अप्रैल 2023
- पंजाब किंग्स दो विकेट से जीता- 15 अप्रैल 2023
- लखनऊ सुपरजायंट्स 20 रन से जीता- 29 अप्रैल 2022

**लखनऊ सुपरजायंट्स :** केएल राहुल (कप्तान), आयुष बडोनी, मयंक यादव, अरशद खान, एम सिद्धार्थ, अर्शिन कुलकर्णी, के गौतम, क्रुणाल पंड्या, एशटन, टर्नर, यश ठाकुर, क्विंटन डिकॉक, नवीन उल हक, देवदत्त पडिक्कल, निकोलस, पूरन, रवि बिश्नोई, प्रेरक मांकड, शिवम मावी, अमित मिश्रा, काइल मायर्स, मोहसिन खान, युद्धवीर सिंह, डेविड विली, शमर जोसेफ, मार्कस स्टोइनिस, दीपक हुड्डा।

**पंजाब किंग्स :** शिखर धवन (कप्तान), विश्वजीत सिंह, अर्शदीप सिंह, राहुल चाहर, आशुतोष शर्मा, ऋषि धवन, नेथन एलिस, सैम करन, वी कावेरप्पा, जितेश, शर्मा, अथर्व तायडे, तनय त्यागराजन, प्रभसिमरन सिंह, प्रिंस चौधरी, जॉनी, बेयरस्टो, सुबोध भाटी, सिकंदर रजा, कगीसो रबाडा, राइलो रूसो, मोहसिन खान, लिविंगस्टन, क्रिस वोक्स, शशांक सिंह, हरप्रीत बराड, हरप्रीत सिंह, हर्षल पटेल। **मुकाबला 7 :30 बजे से शुरू होगा।**

## खेल डायरी

### बोपन्ना-इबडेन मियामी ओपन के फाइनल में

**मियामी।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और उनके आस्ट्रेलियाई जोड़ीदार मैथ्यू इबडेन की जोड़ी ने यहां मार्सेल ग्रैनोलर्स और होरासियो जेबालोस पर सीधे सेट में जीत से मियामी ओपन के पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया। बोपन्ना और इबडेन को गुरुवार रात सेमीफाइनल में स्पेन के ग्रैनोलर्स और अर्जेंटीना के जेबालोस की जोड़ी पर 6-1, 6-4 की जीत के दौरान पसीना नहीं बहाना पड़ा। फाइनल में बोपन्ना और इबडेन का सामना क्रोएशिया के इवान डोडिग और अमेरिका के ऑस्टिन क्राजिसेक की जोड़ी से होगा। जिन्होंने दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के केविन क्रावेट्ज और टिम पुट्ज की जोड़ी को मात दी।

### आयरलैंड में तीन टी-20 मैच खेलेगा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को आयरलैंड के साथ तीन टी-20 मैचों की श्रृंखला की तारीखों का ऐलान कर दिया है। पीसीबी की घोषणा के अनुसार तीनों मुकाबले 10 से 14 मई तक डबलिन के कैसल एवेन्यू में खेले जाएंगे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि जुलाई 2020 में दो देशों के बीच टी-20 श्रृंखला निर्धारित की गई थी, लेकिन कोविड-19 महामारी के कारण यह दौरा नहीं हो सका था। पाकिस्तान, अमेरिका और वेस्ट इंडीज में होने वाले आईसीसी पुरुष टी-20 विश्वकप 2024 के लिए अपनी तैयारी के मद्देनजर अपनी फॉर्म को बेहतर बनाने के लिए 12 टी-20 मैच खेलेगा।

### अमेरिका ने कोरी एंडरसन को टीम में किया शामिल

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कनाडा के साथ होने वाली पांच टी-20 मैचों की सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को टीम में शामिल किया है। अमेरिका क्रिकेट के अनुसार सभी मुकाबले सात से 13 अप्रैल तक ह्यूस्टन, टेक्सास में खेले जायेंगे। मोनांक पटेल श्रृंखला में अमेरिका के कप्तान होंगे तथा एरोन जोन्स को उप-कप्तान बनाया गया है। अमेरिका और वेस्टइंडीज के सह-मेजबानी में जून में आयोजित होने टी-20 विश्वकप के मद्देनजर यह श्रृंखला अमेरिकी टीम के लिए महत्वपूर्ण है। इसके अलावा अमेरिका मई में बंगलादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज भी खेलेगा।

### मोंटे कार्लो और म्यूनिख में नहीं खेलेंगे एंडी मरे

**लंदन।** एंडी मरे मियामी ओपन मे लगी टखने की चोट के कारण लंबे समय तक टेनिस से दूर रहेंगे जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन की प्रबंधन टीम ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह मोंटे कार्लो और म्यूनिख में आगामी क्ले कोर्ट टूर्नामेंट में नहीं खेल पायेंगे। मोंटे कार्लो मास्टर्स सात अप्रैल से शुरू होगा जबकि म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू ओपन अगले हफ्ते से खेला जायेगा। मियामी ओपन के एक मैच के दौरान रविवार को उनके बायें टखने की मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था और इस 36 साल के खिलाड़ी ने अगले दिन घोषणा की कि वह लंबे समय तक टेनिस नहीं खेल पायेंगे। मरे रविवार को टोमास माचाक के खिलाफ मैच में टखना मुड़ा बैठे थे और यह मुकाबला 5-7, 7-5, 7-6 (5) से हार गये थे।

### फ्रांस ने पेरिस ओलंपिक के लिए विदेशी सैन्य मदद मांगी

**पेरिस।** फ्रांस का कहना है कि उसने 46 देशों से पूछा है कि क्या वे इन गर्मियों में पेरिस ओलंपिक की सुरक्षा में मदद के लिए दो हजार से अधिक पुलिस अधिकारी मुहैया कराने के लिए तैयार हैं। आयोजक संभावित हमलों के खिलाफ कड़ी सतर्कता बरतते हुए एक सदी में फ्रांसीसी राजधानी के पहले खेलों के लिए सुरक्षा योजना को अंतिम रूप दे रहे हैं। आंतरिक मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि विदेशी सुरक्षा सहायता के लिए अनुरोध जनवरी में किया गया था जिसमें लगभग दो हजार 185 सुरक्षाकर्मियों की मांग की गई थी। मंत्रालय ने कहा कि अधिकारियों से खेलों की सुरक्षा और 'दर्शकों के अनुभव' तथा 'अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने' में मदद मांगी गई है।

### पंकज आडवाणी और डेविड कोजियर अंतिम 16 में

**मुंबई।** भारत के विश्व चैंपियन पंकज आडवाणी और इंग्लैंड के डेविड कोजियर ने लगातार तीसरी जीत के साथ शुक्रवार को यहां अखिल भारतीय सीसीआई बिलियर्ड्स क्लासिक 2024 के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। बेंगलुरू के आडवाणी ने मुंबई के रेयान राजमी को ग्रुप ए मुकाबले में 603-418 से हराया। आडवाणी ने 235 के ब्रेक के साथ शुरुआत की और फिर 90 के ब्रेक के साथ जीत दर्ज की। राजमी ने 93 और 124 के ब्रेक बनाए। राजमी भी दो जीत के साथ अंतिम 16 में पहुंचने में सफल रहे। कई विश्व खिताब जीतने वाले इंग्लैंड के कोजियर ने 203, 124, 160, 152, 162, 93 और 70 के ब्रेक के साथ ग्रुप सी मैच में महाराष्ट्र के महेश जगदाले को एकरफा मुकाबले में 1168-418 से हराया।



वेंकटेश अय्यर

# कोहली का अर्धशतक बेकार आरसीबी की 7 विकेट से हार

## केकेआर के वेंकटेश अय्यर ने 50 और सुनील नारायण ने ताबड़तोड़ 47 रन बनाए

बेंगलुरू, एजेंसी

वेंकटेश अय्यर के अर्धशतक और सुनील नारायण की तूफानी पारी से कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने इंडियन प्रीमियर लीग में शुक्रवार को यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को सात विकेट से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

आरसीबी के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने वेंकटेश (50 रन, 30 गेंद, चार छक्के, तीन चौके) और नारायण (47 रन, 22 गेंद, पांच छक्के, दो चौके) की तूफानी पारियों से 19 गेंद शेष रहते तीन विकेट पर 186 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। नारायण और फिल सॉल्ट (30 रन, 20 गेंद, दो छक्के, दो चौके) ने पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 86 रन जोड़कर टीम को ताबड़तोड़ शुरुआत दिलाई जबकि वेंकटेश ने कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 39 रन, 24 गेंद, दो चौके, दो छक्के) के साथ तीसरे विकेट के लिए 75 रन जोड़कर जीत की राह आसान की। केकेआर इस तरह मौजूदा सत्र में मेजबान टीम को हराने वाली पहली टीम बना। आरसीबी ने इससे पहले कोहली की 59 गेंद में चार छक्कों और चार चौकों से नाबाद 83 रन की पारी की बदौलत छह विकेट पर 182 रन बनाए। कोहली ने कैमरन ग्रीन (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 65 और ग्लेन मैक्सवेल (28) के साथ तीसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी भी की। दिनेश कार्तिक ने अंत में आठ गेंद में तीन छक्कों की मदद से 20 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे केकेआर को नारायण और सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। सॉल्ट ने सिराज के पहले ओवर में दो छक्कों और एक चौके से शुरुआत की जबकि नारायण ने तीसरे ओवर में अल्जारी जोसेफ पर दो छक्के मारे। नारायण ने छठे ओवर में यश दयाल को निशाना बनाते हुए उनके ओवर में दो छक्कों और एक चौके से 21 रन जुटाए। केकेआर ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 85 रन बनाए जो मौजूदा सत्र में शुरुआती छह ओवर में किसी टीम का सर्वाधिक स्कोर है।

**बेंगलोर 182/6** — 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| विराट कोहली नाबाद | 83 | 59 | 4/4 |
| फाफ डुप्लेसी का स्टार्क बो हर्षित | 08 | 06 | 0/1 |
| कैमरन ग्रीन बो रसेल | 33 | 21 | 4/2 |
| ग्लेन मैक्सवेल का रिंकू बो नारायण | 28 | 19 | 3/1 |
| रजत पाटीदार का रिंकू बो रसेल | 03 | 04 | 0/0 |
| अनुज रावत का सॉल्ट बो हर्षित | 03 | 03 | 0/0 |
| दिनेश कार्तिक रन आउट | 20 | 08 | 0/3 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 4-0-47-0, हर्षित 4-0-39-2, अनुकूल 2-0-6-0, नारायण 4-0-40-1, रसेल 4-0-29-2, चक्रवर्ती 2-0-20-0

**कोलकाता 186/3** — 16.5 ओवर, अतिरिक्त : 15

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का ग्रीन बो विशाख | 30 | 10 | 2/2 |
| सुनील नारायण बो डागर | 47 | 22 | 2/5 |
| वेंकटेश अय्यर का कोहली बो दयाल | 50 | 30 | 3/4 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 39 | 24 | 2/2 |
| रिंकू सिंह नाबाद | 05 | 05 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** सिराज 3-0-46-0, दयाल 4-0-46-1, जोसेफ 2-0-34-0, डागर 2.5-0-23-1, विशाख 4-0-23-1

# सिंधू हारीं, सिक्की-सुमित स्पेन मास्टर्स के सेमीफाइनल में

मैड्रिड, एजेंसी

भारत की पीवी सिंधू कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद शुक्रवार को यहां मैड्रिड स्पेन मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में थाईलैंड की सुपानिदा केटथोंग के खिलाफ शिकस्त के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गईं। पिछले साल इस टूर्नामेंट की उप विजेता रहीं सिंधू ने पहले गेम में कई गेम प्वाइंट बचाए लेकिन इसके बावजूद उन्हें थाईलैंड की छठी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने 24-26 21-17 22-20 से हरा दिया।

एन सिक्की रेड्डी और बी सुमित रेड्डी की दंपत्ति जोड़ी ने रेहान नोफल कुशारजंतो और लिसा आयु

कुसुमावती की इंडोनेशिया की चौथी वरीय जोड़ी को कड़े मुकाबले में 14-21 21-11 21-17 से हराकर मिश्रित युगल सेमीफाइनल में जगह बनाई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की तीसरी वरीय महिला युगल जोड़ी को हालांकि क्वार्टर फाइनल में ली चिया सिन और टेंग चुन सुन की चीनी ताइपे की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ 13-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी सुपानिदा के खिलाफ आठ में से पांच मुकाबले जीते हैं और दोनों खिलाड़ियों के बीच पिछले दो साल में कुछ रोमांचक मुकाबले खेले गए हैं। सिंधू की शुरुआती धीमी रही और वह जल्द ही 3-7 से पिछड़ गईं। भारतीय खिलाड़ी ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए स्कोर 14-10 किया लेकिन सुपानिदा ने एक बार फिर लय हासिल की और सिंधू के नेट पर शॉट मारने पर दो गेम प्वाइंट हासिल किए। सिंधू ने लगातार दो स्मैश के साथ बराबरी हासिल की। सिंधू ने इसके बाद गेम प्वाइंट हासिल किया लेकिन नेट पर गलती करके गेम जीतने का मौका गंवा दिया। इसके बाद स्कोर 23-23 और फिर 24-24 हुआ।

# अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान आईपीएल से बाहर

**बेंगलुरु।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के स्पिन गेंदबाज मुजीब उर रहमान चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर हो गए हैं। केकेआर ने मुजीब के हमवतन 16 वर्षीय खिलाड़ी अल्लाह गजनफर को टीम में शमिल किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स ने प्रसिद्ध कृष्णा के स्थान पर दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज को अपनी टीम में किया शामिल है। अफगानिस्तान के गजनफर ने इसी महीने की शुरुआत में आयरलैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया था। हालांकि वह दोनों मैचों में विकेट नहीं मिला।

# चिराग-सात्विक ने तोड़ा साइना नेहवाल का रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन स्टार चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने 10 सप्ताह तक दुनिया की नंबर वन पुरुष युगल जोड़ी रहने के साथ ही एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इससे पहले कोई भी अन्य भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष पर इतने अधिक समय तक कायम नहीं रहा है। चिराग-सात्विकसाईराज ने बैडमिंटन रैंकिंग में शीर्ष पर नौ सप्ताह तक बने रहने के साइना नेहवाल के रिकार्ड को तोड़ दिया है।

एशियाई खेलों के चैंपियन चिराग-सात्विक चाइना मास्टर्स, मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन के फाइनल में पहुंचने के बाद इस साल 23

जनवरी को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (बीडब्ल्यूएफ) विश्व रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर जगह बनाई।

मार्च में फ्रेंच ओपन जीतकर चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शीर्ष पर अपनी जगह और मजबूत कर ली। फिलहाल लीडरबोर्ड पर चिराग और सात्विक के 1,02,303 अंक हैं। वे दूसरे स्थान पर मौजूद दक्षिण कोरिया के कांग मिन ह्युक और सियो सेउंग जे से 5,000 से अधिक अंक से आगे हैं।

## बॉलीवुड हलचल

# 'बिग बॉस 17' फेम फिरोजा खान यानी खानजादी ने किया चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** पॉपुलर रियलिटी शो बिग बॉस 17 काफी चर्चा में रहा है। इस शो के सभी कंटेस्टेंट शो के खत्म होने के बाद भी चर्चा में बने हुए हैं। बिग बॉस हाउस में फिरोजा खान यानी खानजादी ने लोगों काफी पसंद किया था। अभिषेक कुमार के साथ उनकी केमेस्ट्री काफी पसंद की गई। हालांकि खानजादी फिनाले तक पहुंचने से चूक गईं थीं। खानजादी जल्द ही अनुराग डोभाल के साथ एक म्यूजिक वीडियो में नजर आएंगी। वहीं हाल ही में फिरोजा ने कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। रैपर ने बताया है कि उनका किडनैप हो गया था। खानजादी ने अपनी किडनैपिंग को लेकर और क्या कुछ कहा आइए आपको बताते हैं। खानजादी ने हाल ही में बॉलीवुड बबल को अपना एक इंटरव्यू दिया है। इस इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी कुछ बताया है। खानज़ादी ने इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे वह मुंबई शहर में आने और इंडस्ट्री में एंट्री करने के लिए अड़ी हुई थी। जब उनसे पूछा गया कि शहर ने उसके साथ कैसा व्यवहार किया और क्या यह वैसा ही था जैसा उसने सोचा था। इसका जवाब देते हुए खानजादी ने कहा कि "मुझे बोला गया था कि बहुत लोग मिलेंगे। भड़काने की कोशिश करेंगे। तो वैसा ही हुआ। मेरा किडनैप हो गया था।"

# कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को बताया लकी चार्म

**मुंबई, एजेंसी।** हाल में ही कपिल शर्मा ने सुनील ग्रोवर की तारीफ में कहा है कि पूरा शो एक तरफ और इनकी (सुनील) फैन फॉलोइंग एक तरफ। इस दौरान कपिल ने अर्चना पूरन सिंह को खुद का लकी चार्म बताया है। बता दें, कपिल जल्दी ही द ग्रेट इंडियन कपिल शो से वापसी करने वाले हैं। यह शो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस शो की यह खासियत है कि सुनील ग्रोवर 7 साल बाद इसमें वापसी कर रहे हैं। उनके और कपिल के बीच सभी मनमुटाव दूर हो गए हैं। कपिल ने शो के प्रमोशनल इवेंट में कहा, 'वह (अर्चना सिंह) हमारी लकी चार्म हैं। हमने 2013 में शो शुरू किया था। उससे पहले मैंने अर्चना जी के साथ कॉमेडी सर्कस में काम किया था। उनकी खासियत यह है कि वो हर तरह से कॉमेडी को समझती हैं। यह उनकी एक कला है। जब वो हमारे सामने बैठती हैं, तो हमें बहुत मजा आता है। इस शो को 11 साल हो गए हैं। मैं इस शो को इतना प्यार देने के लिए सभी का शुक्रिया अदा करता हूं। इस बार हम और जोश के साथ आ रहे हैं।' इस शो में सुनील ग्रोवर 7 साल बाद वापसी कर रहे हैं। 2017 में कपिल और उनके बीच बहुत कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद से ही दोनों ने साथ काम करना बंद कर दिया था।

# सलमान खान के कहने पर कैटरीना कैफ ने साइन की फिल्म न्यूयॉर्क

**मुंबई, एजेंसी।** कबीर खान की फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना कैफ ने काम किया था। हालांकि शुरुआत में वो इस फिल्म में काम नहीं करना चाहती थीं। उन्होंने फिल्म का ऑफर रिजेक्ट भी कर दिया था। लेकिन सलमान खान के कहने पर उन्होंने इस फिल्म के लिए हामी भरी थी। इस बात का खुलासा खुद फिल्म के डायरेक्टर कबीर खान ने हालिया इंटरव्यू में किया है। उन्होंने यह भी बताया कि उस वक्त सलमान और कैटरीना रिश्ते में थे। एक यूट्यूब चैनल को दिए इंटरव्यू कबीर खान ने कहा- पहली फिल्म काबुल एक्सप्रेस की शूटिंग के दौरान मेरी मुलाकात सलमान खान से हुई थी। इसी मुलाकात के बदौलत मेरी दूसरी फिल्म न्यूयॉर्क में कैटरीना की कास्टिंग हुई। दरअसल, इस फिल्म के लिए कैटरीना पहली पसंद थीं। यह यशराज प्रोडक्शन के साथ उनकी पहली फिल्म होने वाली थी। लेकिन पहली मीटिंग में ही वो कहानी सुनकर निराश हो गई थीं। शायद वो किसी लव स्टोरी वाली फिल्म में काम करना चाहती थीं। उस वक्त वो सलमान खान को डेट कर रही थीं। जब सलमान ने कैटरीना से इस मीटिंग के बारे में बात की तो उन्होंने कहा कि फिल्म की कहानी अच्छी है लेकिन शायद उनके हिसाब की नहीं है। फिर सलमान ने डायरेक्टर का नाम पूछा। जब उन्हें पता चला कि डायरेक्टर मैं हूं तो उन्होंने कहा- आंख बंद करके पिक्चर साइन कर लो। मैं उस लड़के से मिला हूं। उसका काम अच्छा है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# ...उम्मीद है कि भारत में सभी के अधिकार सुरक्षित

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- केजरीवाल की गिरफ्तारी पर अमेरिका-जर्मनी के बाद अब यूएन की टिप्पणी

भारत समेत कई अन्य देशों में इस साल चुनाव होने जा रहे हैं, जिसको देखते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के एक प्रवक्ता ने उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि भारत और जिस भी देश में चुनाव हो रहे हैं, वहां के लोगों के राजनीतिक और नागरिक अधिकारों की रक्षा हो। इसके अलावा, हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम हो।

महासचिव स्टीफन दुजारिक के प्रवक्ता ने ये टिप्पणी गुरुवार को उस समय की जब वह भारत में एक सवाल का जवाब दे रहे थे। उनसे आगामी आम चुनावों से पहले ही दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गिरफ्तारी और विपक्षी कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को फ्रीज करने के मद्देनजर भारत में राजनीतिक अशांति पर सवाल किया गया था। डुजारिक ने कहा, 'हमें बहुत उम्मीद है कि भारत में, जैसा कि चुनाव वाले किसी भी देश में होता है, राजनीतिक और नागरिक अधिकारों सहित सभी के अधिकारों की रक्षा की जाएगी और हर कोई स्वतंत्र और निष्पक्ष माहौल में मतदान करने में सक्षम होगा।' संयुक्त राष्ट्र की यह प्रतिक्रिया केजरीवाल की गिरफ्तारी और कांग्रेस पार्टी के बैंक खातों को जब्त करने पर इसी तरह के सवाल पर अमेरिका द्वारा भी प्रतिक्रिया देने के एक दिन बाद आई है। दरअसल, बुधवार को केजरीवाल की गिरफ्तारी पर टिप्पणी के विरोध में एक वरिष्ठ अमेरिकी राजनयिक को तलब किया गया था। इसके कुछ घंटों बाद, वाशिंगटन ने फिर दोहराया कि यह निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करता है।

अमेरिकी राजनयिक को दिल्ली में तलब किए जाने पर अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा, 'मैं किसी निजी राजनयिक बातचीत के बारे में बात नहीं करने जा रहा हूं। लेकिन निश्चित रूप से हमने सार्वजनिक रूप से जो कहा है, वही मैंने अभी यहां से कहा है, कि हम निष्पक्ष, पारदर्शी, समय पर कानूनी प्रक्रियाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

## जापानः हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत 114 अस्पताल में भर्ती

**टोक्यो।** जापान में हेल्थ सप्लीमेंट लेने से पांच की मौत हो गई, जबकि 114 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोबायासी फार्मास्युटिकल ने पिछले हफ्ते अपने प्रोडक्ट को बाजार से वापस लेने की घोषणा की थी।

आरोप है कि कंपनी मामले में देरी की है। इस हेल्थ सप्लीमेंट को खाकर कुछ लोगों में किडनी संबंधी समस्याएं पैदा हो गई हैं। हालांकि, इसके पीछे के कारण का अबतक पता नहीं चल पाया है। कोबायाशी फार्मास्युटिकल वर्षों से बेनिकोजी उत्पाद बेच रही है। पिछले तीन वर्षों में दस लाख पैकेज बेचे गए हैं, लेकिन 2023 में उत्पादित प्रोडक्ट के साथ यह समस्या सामने आई है। जापान स्वास्थ्य मंत्रालय ने चेतावनी दी है कि और मौतें हो सकतीं हैं।

# गिफ्ट किए शेयर की वैल्यू देने वाले की आय में जुड़ेगी

*बदलते समय के साथ लोगों का निवेश का तरीका बदला है। लोग अब ज्यादा रिटर्न पाने के लिए शेयर बाजार का रुख कर रहे हैं। बढ़ी जागरुकता का ही असर है कि लोग अब गिफ्ट में अपने प्रिय जनों को शेयर भी देने लग गए हैं। संभव है कि आपने भी अपने पार्टनर या परिवार के किसी सदस्य को गिफ्ट में शेयर दिया हो, या फिर ऐसा करने की तैयारी कर रहे हों। तो आइए जानते हैं कि गिफ्ट में शेयर देने के मामले में टैक्स के नियम किस तरह से लागू होते हैं...*

### म्यूचुअल फंड गिफ्ट

म्यूचुअल फंड्स गिफ्ट में देना मुश्किल है। पर आप म्यूचुअल फंड्स की यूनिट खरीदने के लिए पैसा नाबालिग के खाते में ट्रांसफर कर सकते हैं। बता दें, इस तरह जब बच्चे 18 साल के हो जाते हैं तो प्रत्येक बच्चे को निधि का अपना हिस्सा प्राप्त होता है। इसकी खास बात है कि आप किसी भी समय अपने निवेश के विकल्प को बदल सकते हैं।

### 50 हजार तक के गिफ्ट पर टैक्स नहीं

शेयर गिफ्ट में मिलने पर अपने ब्रोकर के पास फॉर्म भरकर परिवार के सदस्य या दोस्त समेत किसी को भी शेयर गिफ्ट कर सकते हैं। यदि गिफ्ट जीवनसाथी, बहू या नाबालिग को दिया जाता है, तो उन शेयरों से हुई आय गिफ्ट करने वाले की इनकम में जुड़ेगी। यदि गिफ्ट किसी रिश्तेदार से मिला है, तो इस पर कोई टैक्स नहीं लगता है। लेकिन यदि शेयर या ईटीएफ किसी गैर- रिश्तेदार से गिफ्ट में मिले है और एक वित्त वर्ष में इसकी मार्केट वैल्यू 50 हजार रुपये से ज्यादा है, तो गिफ्ट का पूरा मूल्य टैक्सेबल होगा।

- एफडी गिफ्ट में मिलने पर एफडी किसी को भी गिफ्ट में दी जा सकती है। लेकिन नाबालिग सीधे तौर पर इसके मालिक नहीं हो सकते। नाबालिग के अभिभावक उसके वयस्क होने तक एफडी मैनेज करते हैं। इस मामले में रिश्तेदारों में गिफ्ट देने वाले व्यक्ति के जीवनसाथी, भाई-बहन, जीवनसाथी के भाई- बहन, माता-पिता के भाई-बहन शामिल हैं। यदि आप अपने एफडी अकाउंट से रिश्तेदार के नाम पर पैसा ट्रांसफर करते हैं, तो इस पर देने वाले और पाने वाले पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। लेकिन एफडी से प्राप्त व्याज गिफ्ट देने वाले की टैक्सेबल इनकम में टैक्स लगेगा।

### इस तरह से होगा कैलकुलेशन

टैक्स होल्डिंग समय के हिसाब से लगता है। अगर लिस्टेड शेयर को खरीद तारीख से 12 महीने से कम रखकर बेचा गया है तो मुनाफे पर 15 फीसदी की दर से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन टैक्स (एसटीसीजी) देना पड़ेगा। 12 महीने के बाद बेचने पर मुनाफे को लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाएगा। एक लाख रुपये से ज्यादा के मुनाफा पर 10 फीसदी टैक्स लगेगा। दोनों मामलों में सेस और सरचार्ज भी देना होगा। अनलिस्टेड शेयर के मामले में 24 महीने से कम में बेचने पर मुनाफे को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन, जबकि 24 महीने रखकर बेचने पर लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन माना जाता है।

## एक नजर

### न्यूजक्लिक मामलाः दिल्ली पुलिस आज दाखिल करेगी आरोपपत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस न्यूजक्लिक के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में आज अरोपपत्र दाखिल कर सकती है। सूत्रों ने शुक्रवार को बताया है कि,न्यूजक्लिक पर चीन समर्थक प्रचार सामग्री को प्रसारित करने का आरोप है। बता दें, दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने पिछले साल इस मामले में आईपीसी के तहत कई मामले दर्ज किए थे। पुलिस ने तीन अक्टूबर, 2023 को न्यूजक्लिक के संस्थापक प्रबीर पुरकायस्थ और अमित चक्रवर्ती को गिरफ्तार किया था। पुलिस के एक सूत्र ने बताया, आरोपपत्र तैयार हो गया है और शनिवार को दाखिल किया जा सकता है। दिल्ली पुलिस ने दिसंबर में तीन माह को और समय मांगा था।

### आत्मघाती हमले की जांच के लिए चीनी टीम पहुंची पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी में हाल ही में हुए आत्मघाती हमले की जांच के लिए चीनी टीम शुक्रवार को पाकिस्तान पहुंच गई है। पाकिस्तान के अशांत पश्चिमोत्तर प्रांत खैबर-पख्तूनख्वा में मंगलवार को विस्फोट से पांच चीनी नागरिकों की मौत हो गई थी। चीनी नागरिक दासू जलविद्युत परियोजना पर काम कर रहे थे। शुक्रवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने चीनी दूतावास में जांचकर्ताओं से मुलाकात की और उन्हें अब तक की जांच के बारे में जानकारी दी। चीन के जांचकर्ताओं की यह यात्रा पाकिस्तान के अधिकारियों द्वारा हमले की अपनी जांच के प्रारंभिक निष्कर्षों को चीनी दूतावास के साथ साझा करने के दो दिन बाद हो रही है।

### बीएसएफ ने अमृतसर से पाकिस्तानी ड्रोन और हेरोइन बरामद की

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब के अमृतसर जिले में एक पाकिस्तनी ड्रोन और एक किलो से अधिक हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि गुरुवार को सतर्क बीएसएफ के सैनिकों ने अमृतसर जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया। खोज के दौरान, उन्होंने अमृतसर जिले के डौके गांव के पास एक खेत से एक छोटे क्वाडकॉप्टर ड्रोन (डीजेआई माविक 3) को बरामद कर लिया। कार्रवाई के दौरान वहीं एक अन्य घटना में एक पैकेट (कुल वजन - 1.140 किलोग्राम) हेरोइन बरामद की है।

### रूस का यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर 99 ड्रोन व मिसाइलों से हमला

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्र पर बड़े पैमाने पर किए गए हमले में 99 ड्रोन और मिसाइल का इस्तेमाल किया। यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने कहा कि देशभर में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है, 10 अलग-अलग क्षेत्रों को निशाना बनाया गया। 60 शहीद ड्रोन और विभिन्न प्रकार के 39 मिसाइल से देशभर में हमले किये गए, जिनमें से 58 ड्रोन और 26 मिसाइल को मार गिराया गया। यूक्रेन के सरकारी ग्रिड संचालक ने कहा ऊर्जा संयत्रों सहित बुनियादी ढांचे को जानबूझ कर निशाना बनाया गया।

# अप्रशिक्षित हाथों में एआई नहीं आना चाहिए, इसके दुरुपयोग का खतरा

## पीएम मोदी और बिल गेट्स की बातचीत का वीडियो रिलीज, कई मुद्दों पर की चर्चा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने हाल ही में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से लेकर स्वास्थ्य, क्लाइमेट और रीसाइक्लिंग समेत कई मुद्दों पर बेहद खास चर्चा की। पीएम मोदी और बिल गेट्स की इस चर्चा का एक वीडियो शुक्रवार को रिलीज किया गया है। इस वीडियो में पीएम मोदी ने भारत में टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और रीसाइक्लिंग को लेकर दिल खोलकर बात की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिल गेट्स को अपने भविष्य के लक्ष्यों के बारे में भी बताया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगाह किया कि अकुशल, अप्रशिक्षित हाथों में एआई जैसी शक्तिशाली तकनीक नहीं आनी चाहिए। इसके एआई का गलत इस्तेमाल हो सकता है। पीएम मोदी ने विस्तार से बताया कि कैसे भारत ने अपने नागरिकों के लाभ के लिए टेक्नोलॉजी का लोकतंत्रीकरण किया है। जीवन में सुधार के लिए डिजिटल की शक्ति को अपनाया है। उन्होंने विश्वास जताया कि देश चौथी औद्योगिक क्रांति में उल्लेखनीय प्रगति करेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत पवन और सौर ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में अपनी नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को बढ़ाने में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भारत परमाणु ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन में तेजी से आगे बढ़ना चाहता है। बिल गेट्स के साथ बातचीत में पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने जो जैकेट पहनी है, वह रिसाइकिल सामग्री से बनी है। इसकी खासियत यह है कि इसमें कपड़े के छोटे-छोटे टुकड़ों और रिसाइकिल प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग किया गया है।

प्रधानमंत्री आवास पर चर्चा करते माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

### बिल गेट्स ने की विकसित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की प्रशंसा

बिल गेट्स ने भारत में विकसित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और इसके व्यापक इस्तेमाल की प्रशंसा भी है। नमो एप पर एक सेल्फी के सहारे प्रधानमंत्री के साथ खींचे गए सभी फोटो को देखकर गेट्स आश्चर्यचकित भी थे। एआई के बेहतर इस्तेमाल का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि जी-20 सम्मेलन के दौरान इसका इस्तेमाल कर विदेशी मेहमानों और स्थानीय ड्राइवरों के बीच सुचारू संवाद सुनिश्चित किया गया था। इसी तरह से उन्होंने काशी तमिल संगम में एआई के सहारे अपने भाषण को रियल टाइम में तमिल में अनुवाद के बारे में बताया।

## भारत की परमाणु घड़ी तय करेगी कंप्यूटर स्मार्टफोन पर समय

**बेंगलुरु।** भारत अपने समय में कोई बदलाव किए बिना घरेलू कंप्यूटरों और स्मार्टफोन को देसी रूबिडियम परमाणु घड़ी के साथ जोड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह घड़ी हमारे कंप्यूटर और स्मार्टफोन पर समय निर्धारित करेगी। इसके साथ ही, भारत ऐसा करने वाले चार अन्य देशों के विशिष्ठ क्लब में शामिल हो जाएगा।

वर्तमान में इंटरनेट पर भारतीय सिस्टम अमेरिका स्थित नेटवर्क टाइम प्रोटोकॉल से जुड़े होते हैं। यही पूरे कंप्यूटर नेटवर्क पर समय को निर्धारित करता है। इस परमाणु घड़ी को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने विकसित किया है। इसका पहली बार इस्तेमाल भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (आईआरएनएसएस) या नाविक में किया गया था। कारगिल युद्ध के दौरान अमेरिका ने जब भारत में जीपीएस पहुंच देने से इनकार किया था, उसके बाद रूबिडियम परमाणु घड़ी को बनाया गया था। 2013 से 2023 के बीच लॉन्च नौ नाविक उपग्रह में आयातित परमाणु घड़ी का इस्तेमाल किया गया था। स्वदेश निर्मित घड़ी का इस्तेमाल पहली बार मई, 2023 में 10वें और नवीनतम संस्करण में किया गया था।

# द. अफ्रीका में श्रद्धालुओं से भरी बस खाई में गिरी, 45 की मौत

खाई में गिरने के बाद जलकर खाक हुई श्रद्धालुओं से भरी बस।

केपटाउन, एजेंसी

- भीषण सड़क हादसे में राहत-बचाव कार्य जारी, एक बच्चा जीवित बचा

दक्षिण अफ्रीका में गुरुवार को ईस्टर उत्सव के लिए श्रद्धालुओं को लेकर जा रही बस एक पहाड़ी दर्रे पर बने पुल से नीचे गिर गई और उसमें आग लग गई जिससे कम से कम 45 लोगों की मौत हो गई। उत्तरी लिम्पोपो प्रांत के प्राधिकारियों ने बताया कि हादसे में केवल आठ साल का एक बच्चा जीवित बचा है जिसका उपचार किया जा रहा है। उसे गंभीर चोट आई है।

लिम्पोपो प्रांतीय सरकार ने बताया कि तलाश अभियान जारी है लेकिन कई शव इतने बुरी तरह जल गए हैं कि उनकी पहचान कर पाना मुश्किल हो गया है और वे अभी बस में ही फंसे हैं। प्राधिकारियों ने बताया कि उनका मानना है कि बस पड़ोसी देश बोत्सवाना से मोरिया शहर जा रही थी जो मशहूर ईस्टर तीर्थस्थल है। उनके मुताबिक ऐसा लगता है कि बस के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और बस खाई में गिर गई।

राष्ट्रीय परिवहन विभाग ने बताया कि परिवहन मंत्री सिंडिसिवे चिकुंगा एक सड़क सुरक्षा अभियान के लिए लिम्पोपो प्रांत में मौजूद थीं और उन्होंने दुर्घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने बताया कि हादसे की वजह का पता लगाया जा रहा है तथा उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ईस्टर की छुट्टियों के दौरान सड़क दुर्घटनाओं के खतरे से अक्सर आगाह करती रहती है।

### हिमस्खलन की चेतावनी...

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (जेकेडीएमए) ने घाटी के चार जिलों के ऊपरी हिस्सों में अगले 24 घंटों के दौरान हिमस्खलन होने की चेतावनी जारी की है। कश्मीर के कुपवाड़ा, बंदीपोरा, गांदरबल और बारामूला की 2400 मीटर से ऊंची चोटियों पर हिमस्खलन होने का अनुमान है। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को हिमस्खलन-संभावित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी गई है। घाटी में कुछ ऊंची चोटियों पर ताजा हिमपात हुआ है। इसे देखते हुए की चेतावनी जारी की है। ● एजेंसी

## अरब सागर में ईरानी पोत पर हमला, भारतीय नौसेना के युद्धपोत तैनात

**नई दिल्ली।** अरब सागर में ईरान के मछली पकड़ने वाले जहाज अल-कंबार पर संदिग्ध हथियारबंद लोगों के हमले को विफल करने के प्रयास में भारतीय नौसेना सक्रिय हो गई है। शुक्रवार को नौ हथियारबंद लोगों ने ईरानी जहाज का अपहरण कर लिया है। माना जा रहा है कि समुद्री डाकुओं के दल ने ईरानी जहाज का अपहरण किया है।

जहाज को बचाने के लिए भारतीय नौसेना ने अपने दो युद्धपोतों को घटना वाले समुद्री क्षेत्र के लिए रवाना कर दिया है। अगले कुछ घंटों में दोनों युद्धपोतों के ईरानी जहाज के नजदीक पहुंचने और कार्रवाई शुरू करने की संभावना है। बता दें, बीते महीनों में भारतीय नौसेना ने लाल सागर में कई जहाजों को सफलतापूर्वक बचाया है।

# लोगों की आकांक्षाएं दल से नहीं देश के बढ़ते कद से जुड़ी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राजनाथ बोले- आज लोगों को एहसास हो रहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ा

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को विश्वास जताया कि भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटों का लक्ष्य हासिल करेगा। उन्होंने कहा कि लोगों की आकांक्षाएं अब किसी पार्टी या व्यक्ति से नहीं बल्कि देश के बढ़ते कद से जुड़ी हैं।

एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री बोले, आगामी चुनावों में राजग बिहार में जीतेगा और महाराष्ट्र में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। आम चुनावों में 400 सीटें जीत वाले अंकगणित पर उन्होंने कहा- आज लोगों को एहसास हो रहा है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत का कद बढ़ा है। आज जब भारत वैश्विक मंचों पर बोलता है तो लोग सुनते हैं। यह बदलाव आया है और मैं इसका श्रेय हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दूंगा। उन्होंने कहा सरकार की नीतियां अब जमीन पर दिखने लगी है। राजनाथ बोले इस बार के आम चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला गठबंधन दक्षिणी राज्यों में 2019 बेहतर आशावादी प्रदर्शन करेगा।

## जम्मू में गहरी खाई में गिरी एसयूवी कार, 10 की मौत

**बनिहाल/जम्मू।** जम्मू संभाग के जिले रामबन में शुक्रवार को एक एसयूवी फिसलकर खाई में जा गिरी। इस हादसे में दस लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि वाहन श्रीनगर से जम्मू की ओर आ रहा था। देर रात करीब सवा एक बजे जिले के बैटरी चश्मा इलाके में एसयूवी 300 फुट गहरी खाई में गिर गई।

अधिकारियों ने बताया कि दस लोगों की मौत हो गई है। पुलिस और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल के जवान मौके पर हैं। भारी बारिश के बीच 10 यात्रियों के शव देखे गए हैं। उन्होंने बताया कि मृतकों में कार चालक जम्मू के अंब घरोटा के बलवान सिंह (47), बिहार के पश्चिमी चंपारण के विपीन मुखिया भैरगंग और संदीप (47) उत्तर प्रदेश के महाराजगंज शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी।

**विज्ञान** एरीज के डॉ. सुवेन्दु रक्षित समेत दुनिया कई वैज्ञानिकों की बड़ी सामूहिक खोज

# सूपर मैसिव ब्लैकहोल की हिचकियों का खुलासा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** पृथ्वी से लगभग 80 करोड़ प्रकाश-वर्ष दूर खगोलविदों ने सूपर मैसिव ब्लैकहोल के हिचकी लेते रहस्य का पर्दाफाश किया है। यह खोज ब्लैकहोलों में अब तक अनदेखे व्यवहार पर प्रकाश डालती है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) के खगोलविद डा सुवेन्दु रक्षित का महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि आकाशगंगा के केंद्र में महाविशाल ब्लैकहोल में हिचकियों के समान व्यवहार देखा गया था। यह हिचकियां हर 8.5 दिनों के अन्तराल में गैस उत्सर्जन के आवधिक विस्फोट के रूप में प्रकट होती देखी गई। 2020 से यह आकाशगंगा बेहद शांत थी। बाद में अप्रत्याशित बदलाव ने इस रहस्य से पर्दा हटाने के लिए विज्ञानियों को मजबूर किया। यह खोज पारंपरिक समझ को चुनौती देती है। खोज के मुख्य विज्ञानी कावली इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स एंड स्पेस रिसर्च के डॉ. धीरज पाशम के अनुसार ब्लैक होल के बारे में हमारी जानकारी आज भी पूरी नही है। यह घटना एक तारे के महाविशाल ब्लैक होल के करीब आने से हुई।

जिसमें प्रचंड गुरुत्वाकर्षण ने तारे के टुकड़े कर दिए। यह ज्वारीय व्यवधान घटना होती है। जिसमें ब्लैक होल की डिस्क को उज्ज्वल कर दिया। इस घटना में चार महीनों तक महाविशाल ब्लैक होल तारे के मलबे को खाता रहा। यह खोज ऑटोमेटेड सर्वे फॉर सुपरनोवा (असास-एसएन) रोबोटिक दूरबीनों के नेटवर्क के अलावा नासा के न्यूट्रॉन स्टार इंटीरियर कंपोज़िशन एक्सप्लोरर (नाइसर) दूरबीन की मदद से हुई।

हिचकियां लेते सूपर मैसिव ब्लैकहोल की तस्वीर।

### कई तारे मौजूद हैं इसके चारों ओर

डॉ. सुवेन्दु रक्षित ने बताया कि इस खोज से पता चलता है कि इसकी डिस्क में ब्लैक होल समेत तारे भी शामिल हैं। एक छोटा ब्लैक होल केंद्र में मौजूद सुपरमैसिव ब्लैक होल की परिक्रमा कर रहा है, जो समय-समय पर सूपरमैसिव ब्लैक होल की गैस की डिस्क को बाधित करता है। जिस कारण एक गैस का गुबार उत्पन्न होता है।

# 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा, 52 दिन चलेगी

- बीआरओ ने दी जानकारी, पहली बार गुफा तक मोटर रोड़, 5जी नेटवर्क जैसी सुविधा मिलेगी

श्रीनगर, एजेंसी

पवित्र अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू हो रही है, जो 52 दिन (19 अगस्त) चलेगी। पिछली बार 1 जुलाई से 60 दिन तक चली थी। इस बार बर्फबारी देर से हुई और अब तक जारी है। गुफा क्षेत्र में 10 फीट से ज्यादा बर्फ है। यात्रा के दोनों मार्ग पहलगाम और बालटाल से गुफा तक 2 से 10 फीट बर्फ में दबे हैं।

इसलिए इसके जून तक पिघलने के आसार कम हैं। ऐसे में सैनिक मार्ग को हर मौसम के हिसाब से तैयार कर रहे हैं। पहली बार दोनों मार्ग पूरी तरह 5जी फाइबर नेटवर्क से लैस होंगे। बर्फ पिघलते ही 10 मोबाइल टावर लगेंगे। 24 घंटे बिजली के लिए ज्यादातर खंभे लग चुके हैं। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने रिपोर्ट जारी कर बताया है कि, बालटाल से गुफा तक का 14 किमी मार्ग 7 से 12 फीट तक चौड़ा हो गया है। ये मोटरेबल रोड है। हालांकि अभी सिर्फ बीआरओ सेना की गाड़ियों को ही अनुमति है। इमरजेंसी में इसी का इस्तेमाल होगा। पिछली बार दोनों मार्गों पर करीब 60 हजार जवान तैनात थे। बीआरओ के अनुसार, इस बार लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर में तैनात होने वाली अर्द्धसैनिक बलों की सभी 635 कंपनियों को वोटिंग के बाद यात्रा में तैनात किया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, पूरे रूट पर खानपान, रुकने और हेल्थ चेकअप की ज्यादा से ज्यादा व्यवस्था की योजना बना रहे हैं। पहले पहलगाम से गुफा तक 46 किमी लंबा मार्ग 3 से 4 फीट तो बालटाल वाला रूट 2 फीट ही चौड़ा था। अब इसे 14 फीट तक चौड़ा किया गया है। बर्फ हटाने के बाद रूट दुरुस्त किया जाएगा। पिछले बार 4.50 लाख श्रद्धालु आए थे। इस बार आंकड़ा 6 लाख तक जा सकता है। यात्रा कम दिनों की है और भीड़ ज्यादा रहेगी, इसलिए इंतजाम भी ज्यादा किए जा रहे हैं। यात्रा के रजिस्ट्रेशन मई से शुरू होंगे। पूरे 52 दिन यात्रा का लाइव टेलीकास्ट होगा, इसलिए फाइबर लाइन डाल रहे हैं, ताकि कनेक्टिविटी न बिगड़े।

## विदेशी राजदूत के आदेश पर काम करते थे पूर्व राष्ट्रपतिः मुइज्जू

**माले।** मालदीव में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को अपने ही देश में विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सैन्य ड्रोन की खरीद मामले में मुइज्जू को विपक्षी आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। दो दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति सोलिह ने उन्हें सलाह दी थी कि उन्हें अपनी जिद छोड़कर भारत जैसे पड़ोसियों से संबंधों को बेहतर बनाना चाहिए।

पलटवार करते हुए मुइज्जू ने कहा है कि उनके पूर्ववर्ती राष्ट्राध्यक्ष 'एक विदेशी राजदूत' के आदेश पर काम करते थे। मुइज्जू ने इब्राहिम सोलिह पर आरोप लगाने के बाद किसी देश का नाम नहीं लिया। उन्होंने यह टिप्पणी पब्लिक सर्विस मीडिया (पीएसएम) के साथ इंटरव्यू के दौरान की है। बता दें कि संसदीय चुनावों से पहले मुख्य विपक्षी-मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) ने अगल-अलग मुद्दों पर मुइज्जू पर हमले तेज कर दिए हैं।